सूर्योदय 5:32 सूर्यास्त 7:23

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 16.5 न्यू | 23 अधि |
| धर्मशाला | 24.5 न्यू | 30 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 82,200 |
| निफ्टी | 25,091 |
| सोना | 98,896 |
| चांदी | 1,13,465 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान



आपदा से 1000 करोड़ का नुकसान : जयराम

पृष्ठ 3 पर

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | मंगलवार, 22 जुलाई 2025 | 7 श्रावण, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 204, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### मुंबई में एयर इंडिया का विमान रनवे से फिसला

**एजेंसी, मुंबई।** मुंबई एयरपोर्ट पर सोमवार सुबह एयर इंडिया का प्लेन लैंडिंग के दौरान रनवे से फिसल गया। यह विमान कोच्चि से मुंबई आया था। मुंबई में भारी बारिश के कारण रनवे पर फिसलन थी, जिससे विमान रनवे से 16 से 17 मीटर दूर चला गया। हादसा सुबह 9:27 बजे हुआ। इस घटना के बावजूद विमान को पार्किंग तक लाया गया, जहां सभी यात्री और क्रू मेंबर्स को उतारा गया। हादसे में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। हालांकि रनवे से बाहर निकलने के दौरान विमान के तीन टायर फट गए हैं। (अनंत ज्ञान)

### केरल के पूर्व मुख्यमंत्री अच्युतानंदन का निधन



**एजेंसी, तिरुवनंतपुरम।** केरल के पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ मार्क्सवादी नेता वीएस अच्युतानंदन का निधन हो गया है। उनकी उम्र 101 वर्ष थी। माकपा के राज्य सचिव एमवी गोविंदन ने यह जानकारी दी। गोविंदन ने पत्रकारों को बताया कि अच्युतानंदन का निधन यहां एक निजी अस्पताल में हुआ, जहां वह करीब एक महीने पहले दिल का दौरा पड़ने के बाद से उपचार करा रहे थे। अच्युतानंदन माकपा के संस्थापक सदस्यों में से थे और जीवनभर मजदूरों के अधिकारों, भूमि सुधार और सामाजिक न्याय की वकालत करते रहे। उन्होंने 2006 से 2011 तक केरल के मुख्यमंत्री के रूप में सेवा दी और सात बार राज्य विधानसभा के लिए चुने गए। वह तीन बार विपक्ष के नेता भी रहे। (अनंत ज्ञान)

### 2006 मुंबई ट्रेन ब्लास्ट के सभी आरोपी बरी


**एजेंसी, मुंबई।** मुंबई में 2006 के सीरियल ट्रेन ब्लास्ट मामले में हाईकोर्ट ने सोमवार को सभी 12 आरोपियों को बरी कर दिया। कोर्ट ने कहा कि प्रॉसिक्यूशन यानी सरकारी वकील आरोपियों के खिलाफ केस साबित करने में नाकाम रहे हैं। हाईकोर्ट ने कहा कि यह मानना मुश्किल है कि आरोपियों ने अपराध किया है, इसलिए उन्हें बरी किया जाता है। अगर वे किसी दूसरे मामले में वांटेड नहीं हैं, तो उन्हें तुरंत जेल से रिहा किया जाए। 11 जुलाई 2006 को मुंबई के वेस्टर्न सबर्बन ट्रेनों के सात कोचों में सिलसिलेवार धमाके हुए थे। इसमें 189 पैसेंजर की मौत हो गई थी और 824 लोग घायल हो गए थे। (अनंत ज्ञान)

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- एनआईटी हमीरपुर को मिला पहला अमेरिकी पेटेंट -पेज 2
- सदन में बहानेबाजी कर चर्चा से भागना विपक्ष की आदत: अनुराग -पेज 3
- हिमाचल के लिए दक्षिण कोरिया से सहयोग की बनी संभावनाएं -पेज 6
- स्वां और सहायक नदियां उफान पर, जनजीवन अस्त-व्यस्त -पेज 10
- आपदा से नहीं लिया सबक, बंद पड़ीं नालियां व नाले -पेज 12

# सीएम सुक्खू ने सांसदों से की हिमाचल को विशेष आपदा पैकेज दिलाने की अपील

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो



**शिमला।** देश की सबसे बड़ी पंचायत संसद का बहुप्रतीक्षित मानसून सत्र सोमवार से शुरू हो गया है। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सभी सांसदों से मार्मिक अपील की है कि वे इस सत्र में राज्य की आवाज बनें और हिमाचल के लिए एक विशेष आपदा राहत पैकेज की पुरजोर मांग करें। मुख्यमंत्री सुक्खू ने अपने बयान में हिमाचल प्रदेश की वर्तमान स्थिति का मार्मिक चित्रण किया। उन्होंने कहा कि देवभूमि इन दिनों इतिहास की सबसे भीषण प्राकृतिक आपदा में से एक से जूझ रही है।

इस त्रासदी में न केवल हजारों लोगों के आशियाने उजड़ गए हैं, बल्कि कई अनमोल जानें भी चली गई हैं।

लोगों की जीवन भर की पूंजी और उम्मीदें मलबे में दबकर रह गई हैं, जिससे प्रदेशवासी गहरे सदमे और पीड़ा में हैं। मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से लोकसभा और राज्यसभा में हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर रहे सांसदों से आग्रह किया कि वे इस मानवीय संकट को संसद के पटल पर रखें और प्रदेश के लिए पर्याप्त केंद्रीय सहायता सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि यह समय राजनीति से ऊपर उठकर मानवता के नाते हिमाचल के साथ खड़े होने का है।

### प्रदेश में बार-बार आ रही आपदा के मूल कारणों की हो खोज

**विशेष** आपदा राहत पैकेज की मांग के साथ मुख्यमंत्री सुक्खू ने एक और महत्वपूर्ण बिंदु पर जोर दिया है। उन्होंने संसद में इस बात पर भी चर्चा करने का आह्वान किया कि आखिर क्यों हिमाचल प्रदेश को बार-बार ऐसी प्राकृतिक आपदाओं का सामना करना पड़ रहा है। उनका मानना है कि इन आपदाओं के मूल कारणों को जानना और उन्हें रोकने के लिए एक ठोस एवं स्थायी पहल करना बेहद आवश्यक है। इस पर गहन चिंतन और रणनीति बनाने की आवश्यकता है, ताकि भविष्य में ऐसी त्रासदियों से बचा जा सके या उनके प्रभावों को कम किया जा सके।

### केंद्र के रुख पर नजर

**मुख्यमंत्री** सुक्खू की यह मार्मिक अपील केवल एक राज्य के लिए आर्थिक मदद की गुहार नहीं, बल्कि यह स्पष्ट संकेत है कि जलवायु परिवर्तन और अनियोजित विकास हिमालयी क्षेत्रों के लिए कितना बड़ा खतरा बन चुके है। संसद में इस मुद्दे पर होने वाली बहस और केंद्र सरकार का रुख यह तय करेगा कि देश ऐसे संकटों से जूझ रहे राज्यों के प्रति कितना प्रतिबद्ध एवं गंभीर है।

# हिमाचल पर फिर बारिश की मार

## चंबा के सूताह में भूस्खलन के मलबे में दबने से नवविवाहित दंपती की मौत

अनंत ज्ञान टीम, शिमला/ चंबा

देवभूमि हिमाचल प्रदेश पर एक बार फिर से कुदरत का कहर टूट पड़ा है। रविवार रात से जारी मूसलाधार बारिश से जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। जगह-जगह भूस्खलन, बाढ़ और बादल फटने की घटनाओं ने भयानक मंजर पेश किया है, जिसने न केवल संपर्क मार्गों को काटा है, बल्कि कई आशियानों को उजाड़ दिया और कुछ जिंदगियों को असमय लील लिया। जिला चंबा की मैहला उपतहसील की ग्राम पंचायत चड़ी के सूताह गांव में सोमवार सुबह एक हृदय विदारक हादसे ने सबको झकझोर कर रख दिया। सुबह करीब 4 बजे मूसलाधार बारिश के चलते अचानक पहाड़ी से भारी चट्टानों और मलबे का सैलाब एक मकान पर आ गिरा। घटना में घर के भीतर सो रहे नवविवाहित दंपती की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इनकी करीब पांच माह पूर्व ही शादी हुई थी। जानकारी के अनुसार, मृतका पल्लू बीते पांच दिन पहले अपने मायके आई थी और दामाद (चंबा के कियानी निवासी) रविवार शाम ही पत्नी को वापस ससुराल ले जाने के लिए आया था, लेकिन नियति को कुछ और ही मंजूर था।



चंबा के सूताह में भूस्खलन के मलबे के नीचे दबने से मौत का ग्रास बने दंपती की फाइल फोटो।

**प्रदेश में 700 सड़कें यातायात के लिए अवरुद्ध**

भारी चट्टानें मकान के ऊपर गिरने से दोनों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि मकान पूरी तरह जमींदोज हो गया। नवविवाहित दंपती की मौत से सूताह में मातम पसरा हुआ है।

उधर, शिमला जिला प्रशासन ने खंड शिक्षा अधिकारियों और सीएसटी को निर्देश दिए हैं कि वे प्राथमिक स्कूलों को बंद रखें और अभिभावकों को भी भारी बारिश की स्थिति में बच्चों को घर पर रहने की सलाह दें। शिक्षकों को ऑनलाइन कक्षाएं संचालित करने के निर्देश दिए गए हैं। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार, सोमवार को हिमाचल में तीन राष्ट्रीय राजमार्ग सहित कुल 700 सड़कें यातायात के लिए अवरुद्ध हो गई हैं, जिससे आवाजाही लगभग ठप पड़ गई है। इस मानसून सीजन में अब तक 131 लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी है। वहीं, 215 लोग घायल हुए हैं और 34 अभी भी लापता हैं।

### पंडोह डैम के पांचों गेट खोले

**मंडी** में लगातार बारिश से जनजीवन प्रभावित हो गया है। पंडोह डैम के पांचों गेट खोलने से ब्यास नदी का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गया है। जिला प्रशासन ने लोगों और पर्यटकों को नदी किनारे जाने से मना किया है। बढ़े जलस्तर में एक गोवंश बह गया था। भयूली में नदी किनारे फंसे गोवंश को नगर निगम की टीम ने स्थानीय लोगों की मदद से बचाया। गोवंश का इलाज किया गया और अब वह सुरक्षित है। वहीं, चंडीगढ़-मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग पर पहाड़ी से पत्थर गिरने के कारण यातायात प्रभावित है। पुलिस ने कुल्लू जाने वाले पर्यटकों को कमांद और कटौला के रास्ते जाने की सलाह दी है। सराज क्षेत्र में नाले उफान पर हैं।

# मानसून सत्र : पहले दिन संसद में संग्राम

## विपक्ष ने ऑपरेशन सिंदूर व सीजफायर पर ट्रंप के दावों पर मांगी चर्चा

एजेंसी, नई दिल्ली

संसद में मानसून सत्र की हंगामेदार शुरुआत हुई। विपक्ष पहलगाम हमले, ऑपरेशन सिंदूर व भारत-पाक सीजफायर पर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के मध्यस्थता के दावों, बिहार में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण, मणिपुर हिंसा जैसे विषयों पर चर्चा के लिए अड़ा रहा। वहीं, सरकार का दावा है कि ऑपरेशन सिंदूर सफल रहा और सरकार हर सवाल का जवाब देने के लिए तैयार है। पहले दिन लोकसभा में सुबह 11 बजे जैसे ही राष्ट्रगान के बाद सदन की कार्यवाही शुरू हुई तो विपक्ष ने शोर-शराबा शुरू कर दिया। इस दौरान लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि सदन चलाना सभी की जिम्मेदारी है। स्पीकर की अपील के बावजूद विपक्षी सांसदों की नारेबाजी जारी रही। इस दौरान स्पीकर बिरला ने सपा मुखिया अखिलेश यादव को फटकार भी लगाई। ओम बिरला ने कहा कि हम देश की जनता की भावनाओं के अनुरूप में उनकी भावनाओं को अभिव्यक्त करें। (अनंत ज्ञान)

### पीएम मोदी बोले- ऑपरेशन सिंदूर में दुनिया ने भारत का सैन्य सामर्थ्य देखा



**पहले** दिन सोमवार को पीएम नरेंद्र मोदी ने संसद परिसर में मीडिया को संबोधित किया। उन्होंने कहा, 'ऑपरेशन सिंदूर कामयाब रहा। हमने 22 मिनट में ऑपरेशन सिंदूर के तहत आतंकी ठिकानों को जमींदोज किया। दुनिया ने भारत का सैन्य सामर्थ्य देखा।' पीएम ने कहा, 'ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत की सेना ने जो लक्ष्य निर्धारित किया था, वह 100 प्रतिशत अचीव किया। हमने सिद्ध करके दिखा दिया। इसमें मेड इन इंडिया सैन्यशक्ति का नया स्वरूप दिखा है।' विश्व के जिन-जिन लोगों से मिलना होता है, उनमें मेड इन इंडिया के प्रति आकर्षण बढ़ रहा है। संसद एक सुर में विजय के भाव से प्रकट करेगी तो देशवासियों को प्रेरणा मिलेगी।

### बिल ऑफ लैडिंग विधेयक 2025 पारित

**मानसून** सत्र के पहले दिन राज्यसभा ने बिल ऑफ लैडिंग विधेयक 2025 को पारित कर दिया। इस विधेयक का उद्देश्य पुराने भारतीय माल लदान अधिनियम, 1856, जो एक पूर्व-संवैधानिक कानून था, को प्रतिस्थापित करके संबंधित प्रावधानों को आधुनिक और सुव्यवस्थित बनाना है।

### जस्टिस वर्मा को हटाने की प्रक्रिया शुरू

**संसद** में न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा को उनके पद से हटाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। लोकसभा में 145 सांसदों ने एक साथ मिलकर न्यायमूर्ति वर्मा को हटाने के लिए नोटिस दिया है। इसमें विपक्ष के नेता राहुल गांधी, भाजपा के रविशंकर प्रसाद और अनुराग ठाकुर, कांग्रेस के केसी वेणुगोपाल और के सुरेश, एनसीपी-एसपी की सुप्रिया सुले, डीएमके के टीआर बालू, आरएसपी के एनके प्रेमचंद्रन और आईयूएमएल के ईटी मोहम्मद बशीर जैसे कई दिग्गज नेताओं के नाम शामिल हैं। वहीं, राज्यसभा में भी 63 सांसदों ने यही मांग उठाते हुए नोटिस दिया है।

# बांग्लादेशी वायुसेना का विमान स्कूल परिसर में गिरा, 19 लोगों की मौत

एजेंसी, ढाका

बांग्लादेशी वायुसेना का एक एफ-7 प्रशिक्षण विमान सोमवार दोपहर लगभग 1:06 बजे उड़ान भरने के तुरंत बाद ही दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान ढाका के माइलस्टोन स्कूल व कॉलेज परिसर में गिरा। हादसे में 19 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में 16 छात्र, 2 शिक्षक और 1 पायलट शामिल है। वहीं, 164 से ज्यादा लोग घायल हैं। 60 से ज्यादा घायलों को बर्न इंस्टीट्यूट रेफर कर दिया गया है। मामूली रूप से घायल कई लोगों का उत्तरा मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है।

हादसे के वक्त माइलस्टोन कॉलेज में बच्चे मौजूद थे। प्लेन क्रैश होने के बाद स्कूल-कॉलेज में अफरातफरी मच गई। मौके पर अग्निशमन और बचाव दलों ने पहुंचकर बचाव कार्य शुरू कर दिया है। नेशनल बर्न इंस्टीट्यूट के अधिकारी प्रोफेसर मोहम्मद सईदुर रहमान ने बताया कि वायुसेना का विमान माइलस्टोन कॉलेज परिसर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इसमें विमान के पायलट सहित कम से कम 19 लोगों की मौत हो गई। हजरत शाहजलाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के एक वरिष्ठ अधिकारी ने भी घटना की पुष्टि की है। सूचना मिलने पर बांग्लादेशी सेना के सदस्य, अग्निशमन सेवा और नागरिक सुरक्षा की आठ गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंचीं और बचाव अभियान शुरू किया। बांग्लादेश में एक दिन का राष्ट्रीय शोक घोषित किया गया है। (अनंत ज्ञान)



## सुप्रीम कोर्ट ने ईडी को लगाई फटकार

# राजनीतिक लड़ाइयां चुनाव में लड़ी जाएं, जांच एजेंसियों के जरिए नहीं

एजेंसी, नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को फटकार लगाते हुए कहा कि राजनीतिक लड़ाइयां चुनाव में लड़ी जानी चाहिए, जांच एजेंसियों के जरिए नहीं। ईडी का इस तरह इस्तेमाल क्यों हो रहा है?

यह टिप्पणी सीजेआई बीआर गवई और जस्टिस के. विनोद चंद्रन की बेंच ने सोमवार को मैसूर अर्बन डेवलपमेंट बोर्ड (मुडा) केस में ईडी की अपील की सुनवाई के दौरान की। सीजेआई ने कहा कि हमारा मुंह मत खुलवाइए, नहीं तो हम ईडी के बारे में कठोर टिप्पणियां करने के लिए मजबूर हो जाएंगे। उन्होंने कहा, 'मेरे पास महाराष्ट्र का कुछ अनुभव है। आप देशभर में इस हिंसा को मत फैलाइए।'

दरअसल, ईडी ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की पत्नी बीएम पार्वती को मुडा केस में समन भेजा था। कर्नाटक हाईकोर्ट ने मार्च में यह समन रद्द कर दिया था। ईडी ने इसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने आखिर में ईडी की अपील खारिज कर दी। (अनंत ज्ञान)




**अटकलें** हिमाचल की शांत पहाड़ियों में इन दिनों एक नई राजनीतिक सुगबुगाहट

# क्या जेपी नड्डा फिर हिमाचल लौट आएंगे?

अरुण डोगरा रीतू, अनंत ज्ञान ब्यूरो



**बिलासपुर।** हिमाचल की शांत पहाड़ियों में इन दिनों एक नई राजनीतिक सुगबुगाहट महसूस की जा रही है। केंद्र में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और बिलासपुर के गौरव जगत प्रकाश नड्डा के राज्य की राजनीति में लौटने की संभावना पर चर्चाओं का दौर फिर तेज हो गया है। हालांकि नड्डा स्वयं अपने राष्ट्रीय दायित्वों में व्यस्त हैं और बार-बार कह चुके हैं कि उनका ध्यान संगठनात्मक कार्यों पर केंद्रित है, फिर भी वर्तमान घटनाक्रम ने इस अटकल को बल दिया है कि भाजपा 2027 के चुनाव में हिमाचल की कमान अपने सबसे विश्वसनीय चेहरे को सौंपने पर विचार कर सकती है।

उल्लेखनीय है कि नड्डा के नेतृत्व में पार्टी ने 2024 में प्रचंड बहुमत से सत्ता हासिल की थी। वे संगठन के मजबूत स्तंभ माने जाते हैं, जिन्हें नरेंद्र मोदी और अमित शाह का पूर्ण विश्वास प्राप्त है। पिछले दिनों की घटनाओं को देखा जाए तो अलग से संकेत मिल रहे हैं। नड्डा ने अप्रैल और जुलाई 2025 में हिमाचल का दौरा किया। इस बार पूर्व मुख्यमंत्रियों प्रेम कुमार धूमल और शांता कुमार से विशेष बैठकें कीं। विभिन्न जिलों में कार्यकर्ताओं को संबोधित कर संगठन को सक्रिय किया। निश्चित रूप से इन मुलाकातों ने नेतृत्व परिवर्तन की संभावनाओं को हवा दी है। इसके साथ ही अपने दौरे में नड्डा ने प्रदेश सरकार पर यह आरोप लगाया कि प्रदेश में 11,800 करोड़ रुपए की केंद्रीय योजनाएं ठप हैं। मेडिकल डिवाइस पार्क, बल्क ड्रग पार्क और अन्य औद्योगिक परियोजनाएं रुकी हुई हैं। यह हमला न सिर्फ विपक्षी भूमिका का संकेत था, बल्कि उनकी प्रदेश में रुचि भी दर्शाता है। नड्डा भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं, पार्टी के भविष्य की रणनीति उन्हीं के कंधों पर है, लेकिन कार्यकर्ताओं और वरिष्ठ नेताओं का मानना है कि 2027 के लिए नड्डा सबसे मजबूत चेहरा हैं।

**2027 के लिए बड़ा दांव खेलने जा रही है भाजपा**

भाजपा आमतौर पर चुनावों में मुख्यमंत्री के चेहरे के बिना उतरती है और चुनाव परिणाम आने के बाद नेतृत्व तय करती है, लेकिन यदि कांग्रेस अपने वर्तमान मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू को मजबूती से प्रस्तुत करती है, तो भाजपा को एक दमदार जवाब की जरूरत होगी और यह भूमिका नड्डा बखूबी निभा सकते हैं। जेपी नड्डा का गृह जिला बिलासपुर आज भाजपा के लिए रणनीतिक रूप से और भी महत्वपूर्ण हो गया है। यहां से निकलकर उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर नेतृत्व किया और आज भी जिला संगठन उनके नाम से ऊर्जा पाता है।

जेपी नड्डा का मुख्यमंत्री बनना फिलहाल अनुमान है, लेकिन राजनीति संभावनाओं का खेल है और भाजपा के पास अगर कोई सबसे विश्वसनीय, स्वच्छ छवि वाला और अनुभवी नेतृत्व विकल्प है तो वह निस्संदेह जेपी नड्डा ही हैं।

### नड्डा का राजनीतिक सफर

- **1993:** पहली बार विधायक निर्वाचित
- **1998-2003 :** वन एवं पर्यावरण मंत्री
- **2007-2012 :** स्वास्थ्य मंत्री, हिमाचल सरकार
- **2014 :** राज्यसभा सांसद और केंद्र सरकार में स्वास्थ्य मंत्री
- **2020 से अबतक :** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष

### मनी लॉन्ड्रिंग : गूगल और मेटा को ईडी ने दोबारा भेजा समन

**एजेंसी, नई दिल्ली।** अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी और जुए के प्लेटफॉर्म को प्रमोट करने से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सोमवार को गूगल और मेटा (फेसबुक) कंपनियों के अधिकारी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सामने पेश नहीं हुए। अब उन्हें फिर से समन भेजा गया है। ईडी इन कंपनियों से यह जानना चाहती है कि अवैध सट्टा और जुए के प्लेटफॉर्म उनके सोशल मीडिया और ऐप्स पर कैसे विज्ञापन चला पा रहे हैं। इसके जरिए कई करोड़ की मनी लॉन्ड्रिंग और टैक्स चोरी भी हो रही है। (अनंत ज्ञान)



## न्यूज ब्रीफ

### हिम आंचल पेंशनर्स संघ के चुनाव स्थगित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिम आंचल पेंशनर्स संघ के प्रदेशाध्यक्ष योग राज शर्मा ने कहा कि गत रात से प्रदेशव्यापी भारी बारिश से बहुत से जिलों में सड़कें बंद होने से आवाजाही प्रभावित हुई है। मौसम पूर्वानुमान से अगले 2-3 दिन भी मौसम ऐसा ही बना रहेगा, जिस वजह से दूरदराज के जिलों से 23 जुलाई को निर्धारित संघ के प्रदेश स्तरीय चुनाव में अन्य दूरस्थ क्षेत्रों से पदाधिकारियों व डैलीगेट्स का हमीरपुर में पहुंच पाना मुश्किल है। इस संबंध में प्रदेश पदाधिकारियों व जिला मुखियाओं से भी फोन पर चर्चा हुई तथा निर्णय लिया गया कि 23 जुलाई को आगामी आदेशों तक स्थगित कर दिया जाए। अतः समस्त प्रदेश कार्यकारिणी सदस्यों व जिला मुखियाओं को सूचित किया जाता है कि इन अपरिहार्य परिस्थितियों में प्रदेश इकाई का चुनाव स्थगित किया जाता है। यह जानकारी शीघ्रता से खंड स्तर में सदस्यों तक पहुंचाई जाए।

### कृष्णा नगर में अधिशाषी अभियंता के घर पर चोरी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** बिजली बोर्ड में कार्यरत अधिशाषी अभियंता हिमेश धीमान के घर पर सेंध लगाकर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। जिस समय यह घटना हुई, उस समय घर पर किरायेदार के अलावा कोई नहीं था। हिमेश के पिता केसरी लाल धीमान का अभी हाल ही में निधन हुआ है, जिसके चलते सारा परिवार गांव में ही था। अधिशाषी अभियंता ने बताया कि सोमवार सुबह उनके किरायेदार का फोन आया कि घर चोरी हो गई है। इस घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर घर जायजा लिया। सदर थाना हमीरपुर में चोरी का मामला दर्ज करवा दिया है। पुलिस घर में लगे सीसीटीवी के डीवीआर को अपने साथ ले गई है। थाना प्रभारी यादेश कुमार ने बताया कि मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### पलाही में निस्वार्थ भाव सेवा संगठन ने रोपे पौधे

**संजीव चौहान, अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** पौधरोपण की निस्वार्थ भाव सेवा संगठन ने पलाही में 20 बिल्व पत्र के पौधे और 15 पीपल के पौधों को जंदरू पंचायत प्रधान सुरेश और मित्तू व अन्य स्थानीय निवासियों को वितरित किया। मॉडल पीएससी जंगल बेरी में डॉक्टर सुरेंद्र सिंह डोगरा और स्टाफ ने अपने प्रांगण में दो बिल्व पौधे लगाए। इस अवसर पर डॉ. डोगरा ने कहा कि यह प्रयास न केवल हमारे पर्यावरण को सुरक्षित करने में मदद करेगा, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी एक स्वच्छ और हरित भविष्य की नींव रखेगा। उन्होंने आह्वान किया कि हम सभी को मिलकर प्रकृति की रक्षा में योगदान करना चाहिए तभी पृथ्वी को एक बेहतर भविष्य की ओर ले जा सकेंगे।

### तकनीकी विवि ने बढ़ाई काउंसिलिंग की तिथि

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर ने बी आर्क, बीटेक (लेटरल एंट्री) और बी फार्मेसी (लेटरल एंट्री) की काउंसिलिंग के लिए आवेदन करने की तिथि 30 जुलाई तक बढ़ाई है। तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलसचिव ने कहा कि अभी डिप्लोमा के परीक्षा परिणाम घोषित न होने के चलते बीटेक और बी फार्मेसी (लेटरल एंट्री) की तिथियां आगे बढ़ाई गई हैं।

### शिव मंदिर डमूई में जागरण, भंडारे का आयोजन

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** प्रसिद्ध शिव मंदिर भोरंज में भव्य जागरण का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। धार्मिक भावनाओं से ओतप्रोत इस कार्यक्रम का आयोजन करयाली गांव के सेवानिवृत्त सैनिक प्रवीण शर्मा के सौजन्य से किया गया। जागरण में स्थानीय और बाहर से आए भजन कलाकारों ने माता और भगवान शिव की महिमा का गुणगान किया, जिससे वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं ने भजनों पर झूमकर अपनी श्रद्धा व्यक्त की। जागरण के उपरांत भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। सेवानिवृत्त सैनिक प्रवीण शर्मा ने कहा कि भविष्य में भी इसी प्रकार के धार्मिक कार्यक्रम करते रहने की उनकी इच्छा है। गांववासियों ने भी इस आयोजन की सराहना करते हुए प्रवीण शर्मा का आभार जताया।

### जॉब ट्रेनी भर्ती बेरोजगारों के साथ भद्दा मजाक : नवीन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम के पूर्व वाइस चेयरमैन नवीन शर्मा ने कांग्रेस सरकार द्वारा लाई गई जॉब ट्रेनी भरती का पुरजोर विरोध करते हुए कहा कि यह युवाओं के साथ बहुत ही भद्दा मजाक है। नवीन शर्मा ने कहा कि कांग्रेस ने प्रदेश में सत्ता हासिल करने के लिए युवाओं के साथ पक्की



नौकरी देने के वादे किए थे जो कि अब वादा खिलाफी सिद्ध हो रहे हैं । उन्होंने कहा की यह परीक्षा प्रणाली नहीं अपितु शोषण प्रणाली को प्रदेश की कांग्रेस सरकार द्वारा लॉन्च किया गया है। उन्होंने कि प्रदेश के लिए बहुत ही शर्म की बात है कि सरकार नौकरी के नाम पर अब वन मित्र, पशु मित्र आदि में अपने ही मित्रों को रख रही है व अन्य युवाओं से धोखा कर रही है। उन्होंने कहा की बेरोजगार युवा सरकार का बहुत उत्पीड़न सह चुका है और अब सड़कों पर उतरने के लिए तैयार है। नवीन शर्मा ने कहा कि सरकार को यह पॉलिसी हर हालत में वापस लेनी ही पड़ेगी।

### हिंद संग्राम परिषद इकाई नादौन की बैठक 24 को

**शशि, सोनल, अनंत ज्ञान, नादौन।** प्रसिद्ध समाजसेवी संस्था हिन्द संग्राम परिषद की इकाई नादौन की बैठक 24 जुलाई को राजेंद्रा पैलेस गगाल में आयोजित की जाएगी। इसमें परिषद की गतिविधियों बारे विस्तार से चर्चा की जाएगी और आपदा प्रभावितों के लिए आर्थिक सहायता व बेसहारा परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता परिषद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पंडित वासुदेव शर्मा करेंगे। यह जानकारी देते हुए परिषद के महासचिव बीडी कौशल व वरिष्ठ सलाहकार गुरदयाल सिंह ने बताया कि बैठक में भी पदाधिकारियों, सदस्यों व समाजसेवियों का आना बहुत जरूरी है। उन्होंने बताया कि परिषद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पंडित वासुदेव शर्मा ने लोगों से आग्रह किया है कि यदि कोई राशन या कोई और सामग्री आपदा प्रभावितों को देना चाहता है तो वे मौका पर भी बैठक में इसे जमा करवा सकते हैं क्योंकि राहत सामग्री लेकर गाड़ी 24 जुलाई को दोपहर 1 बजे मंडी के लिए रवाना होगी।

### आज नादौन क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बंद रहेगी

**अनंत ज्ञान, नादौन।** विद्युत उपमंडल नादौन के अंतर्गत आने वाले 33/11 केवी सब स्टेशन गगाल के अंतर्गत 11 केवी नादौन फीडर की बिजली आपूर्ति अति आवश्यक रखरखाव एवं लाइनों के ऊपर पेड़ों की टहनियों को काटने के कार्य किया जाएगा। इसके चलते प्रातः 8 से सायं 6 बजे तक नादौन बस स्टैंड, कोट, मेन बाजार भगवती अस्पताल, पुराना बस स्टैंड और इसके आसपास के क्षेत्रों की बिजली बंद रहेगी। यह जानकारी देते हुए एसडीओ अक्षय कुमार ने लोगों से सहयोग मांगा है।

### मोटे अनाज से बने पिज्जा, मोमो का आनंद लेंगे बच्चे

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राष्ट्रीय स्तर पर अमर राजा ग्रुप ऐसी बिजनेस पुरस्कार 2024 से सम्मानित यशपाल चंदेल ने मिलेट्स मोटे अनाज की दुकान हमीरपुर के साथ पक्का भरो में एक वर्ष पहले खोली थी, जिसमें लोगों को मिलेट्स श्री अन्न मोटे अनाज के उत्पाद का भरपूर इस्तेमाल किया। उन्होंने बच्चों में पिज्जा, बर्गर और चाउमिन जैसे फास्ट फूड की आदत के मद्देनजर रखते हुए पोषक तत्वों से भरपूर और स्वास्थ्यवर्धक मोटे अनाज से तैयार करने का निर्णय लिया। इस क्षमता को मूर्त रूप देने के लिए सोमवार को हिमाचल बाजार मिलेट्स कैफे का शुभारंभ किया। मिलेट्स कैफे का शुभारंभ सीनियर सिटीजन काउंसिल हमीरपुर के अध्यक्ष विजय कुमार पुरी ने किया। इस अवसर पर सीनियर सिटीजन काउंसिल के सदस्यों ने मोटे अनाज से बनने वाले उत्पाद का मैन्यू भी लांच किया। इस अवसर पर संस्था के सचिव कुलदीप कमल, श्रीधर गुलजार, दीप कुमार, के. रमेश चौहान, गीता प्रचार प्रसार संस्थान के महासचिव भगवान दास शास्त्री, अनिल कुमार व कृषि विभाग से सेवानिवृत्त उपनिदेशक रवि शर्मा, विनय सोनी, कुलदीप पटियाल उपस्थित रहे। कैफे के मालिक यशपाल चंदेल ने बताया कि मोटे अनाज से पिज्जा, नूडल्स, मिलेट्स चाय, बर्गर, सैंडविच, कचौरी, मोमो, पास्ता सस्ते दामों में उपलब्ध करवाए जाएंगे।

### कांग्रेस सरकार बिजली क्षेत्र का निजीकरण करने पर आमादा



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) की राज्य कमेटी प्रदेश सरकार द्वारा बिजली उपभोक्ताओं के पुराने मीटर बदल कर स्मार्ट मीटर लगाने का विरोध करती है। पार्टी आम जनता से आग्रह करती है कि प्रदेश सरकार व केंद्र सरकार के बिजली के स्मार्ट मीटर योजना का प्रत्येक स्तर पर विरोध करने के लिए लामबंद हो और सड़कों पर उतर कर इसका विरोध करें। राज्य सचिव मंडल सदस्य डॉ. कश्मीर सिंह ठाकुर ने कहा कि स्मार्ट मीटर का प्रत्येक उपभोक्ता को 8 से 10 हजार रुपए कीमत अदा करनी पड़ेगी। यह स्मार्ट मीटर केवल 78 वर्ष ही चलेगा, बाद में फिर पैसे जमा करवाने होंगे। स्मार्ट मीटर लगाने से बिजली बोर्ड का निजीकरण होने पर हजारों बिजली बोर्ड के कर्मचारियों की नौकरी से छुट्टी हो जाएगी। पार्टी, अगस्त के पहले हफ्ते से जनता के बीच स्मार्ट मीटर के दुष्प्रभावों को लेकर जन जागरण अभियान चलाएगी, पर्चा वितरण किया जाएगा और सितंबर के प्रथम सप्ताह में ब्लाक व जिला स्तर पर इसके विरोध में प्रदर्शन किए जाएंगे। प्रदेश सरकार भी भाजपा की तर्ज पर बिजली क्षेत्र का निजीकरण करने पर आमादा है। भाजपा की केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश की राज्य सरकार को प्रदेश में स्मार्ट मीटर लगाने के लिए 1800 करोड़ रुपए दिए हैं। पार्टी पूरी ताकत के साथ इसका विरोध करेगी।

# अंकुश ठाकुर सेना ट्रस्ट ने आपदा पीड़ितों को दी राहत सामग्री

**सुनील कुमार, अनंत ज्ञान**



गलवान शहीद अंकुश सेना ट्रस्ट के सदस्य आपदा क्षेत्र में राहत बांटते हुए।

**जाहू।** प्रदेश में हाल ही में आई प्राकृतिक आपदा के दौरान जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। संकट की इस घड़ी में गलवान शहीद अंकुश सेना ट्रस्ट अपने सामाजिक दायित्व का निर्वहन करते हुए आपदा प्रभावित सराज जंजैहली क्षेत्र में पहुंचा। इस कार्यक्रम के अंतर्गत आपदा पीड़ित परिवारों के लिए आवश्यक सामग्री की किटें जिनमें चावल, दाल, आटा, नमक, तेल, मसाले, साबुन, टूथपेस्ट आदि आवश्यक घरेलू सामग्री वितरित की गईं।

इसके साथ ही जरूरतमंदों को कंबल, बिस्तर, जूते, चप्पल, गर्म कपड़े आदि भी प्रदान किए गए। ट्रस्ट की अध्यक्षा उषा रानी ने सेवा कार्य में जुटी टीम को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसमें ट्रस्ट के पदाधिकारीयों के साथ साथ समाज के अनेक छोटे बड़े स्वयंसेवकों ने भी अपनी भूमिका निभाई। यह ट्रस्ट पिछले कई वर्षों से अन्य सामाजिक कार्यों के साथ-साथ रक्तदान शिविरों का आयोजन भी करता रहता है।

वहीं, इस दौरान ट्रस्ट में नए सदस्य सदस्यों के रूप में राजन शर्मा, लवली कुमार, शालू, कुशवाल ने सदस्यता ग्रहण की, जिनका ट्रस्ट में शामिल होने पर भव्य स्वागत किया गया और उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष अनिल कुमार, भागीरथ शर्मा व आदित्य एंड टीम तथा कई स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# एनआईटी हमीरपुर को मिला पहला अमेरिकी पेटेंट

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**अनुसंधान और नवाचार में हासिल की बड़ी उपलब्धि**



सूर्यवंशी निदेशक



डॉ. अर्चना संतोष रजिस्ट्रार

**हमीरपुर।** सूबे के हमीरपुर स्थित एकमात्र राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) ने अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। संस्थान को उसका पहला अमेरिकी पेटेंट प्राप्त हुआ है, जो अकादमिक और शोध उत्कृष्टता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

यह पेटेंट हाई मोबिलिटी ट्रांजिस्टर विद एआईगन बफर लेयर (पेटेंट संख्या **US** 12,356,670 **B1**) शीर्षक के अंतर्गत डॉ. गार्गी खन्ना, डॉ. प्रिया कौशल, और अरिहंत राज सिद्धार्थ को प्रदान किया गया है, जो इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार अभियंत्रण विभाग (इसीइ) से संबंधित हैं। यह नवाचार उच्च गतिशीलता ट्रांजिस्टर प्रौद्योगिकी में महत्त्वपूर्ण योगदान देता है और अगली पीढ़ी के अर्धचालक उपकरणों के विकास में सहायक है।

**उच्च स्तर के शोध कार्य का प्रमाण है यह ऐतिहासिक उपलब्धि : प्रो. हीरालाल :** इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर संस्थान के निदेशक प्रो. हीरालाल मुरलीधर सूर्यवंशी का कहना है कि यह इस संस्थान के लिए अत्यंत गौरवपूर्ण और ऐतिहासिक क्षण है। अमेरिकी पेटेंट प्राप्त करना हमारे संस्थान में हो रहे उच्च स्तर के शोध कार्य का प्रमाण है। यह हमारे संकाय सदस्यों और छात्रों की मेहनत, प्रतिबद्धता और नवाचार क्षमता को दर्शाता है। उन्होंने डॉ. गार्गी खन्ना, डॉ. प्रिया कौशल और अरिहंत राज को इस वैश्विक मान्यता के लिए बधाई दी है, जबकि संस्थान की रजिस्ट्रार डॉ. अर्चना संतोष ननोटी ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह उल्लेखनीय उपलब्धि एनआईटी को उन्नत अनुसंधान और नवाचार के केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है।

अमेरिकी पेटेंट प्राप्त करने के लिए मैं पूरी टीम को बधाई देती हूं। यह घड़ी संस्थान के लिए गर्व का विषय है और हमारे अकादमिक समुदाय के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा।

सीईओ के विभाग अध्यक्ष डॉ. अश्वनी कुमार राणा ने कहा कि यह पेटेंट हमारी विभागीय अनुसंधान संस्कृति और टीम भावना का परिचायक है। मैं डॉ. गार्गी खन्ना, डॉ. प्रिया कौशल और अरिहंत राज सिद्धार्थ को इस असाधारण योगदान के लिए हार्दिक बधाई देता हूं। उनका समर्पण और नवाचार हमारे विभाग के युवा शोधकर्ताओं को प्रेरित करेगा। यह उपलब्धि न केवल तकनीकी उत्कृष्टता को उजागर करती है, बल्कि एनआईटी हमीरपुर को वैश्विक नवाचार मानचित्र पर भी स्थापित करती है। यह संस्थान की अनुसंधान, विकास और बौद्धिक संपदा निर्माण के प्रति बढ़ती प्रतिबद्धता को दर्शाता है। पूरा एनआईटी हमीरपुर परिवार इस गौरवपूर्ण उपलब्धि का उत्सव मना रहा है और भविष्य में कई और ऐसे शोध सफलताओं की आशा कर रहा है।

## अब बरौली में 12 फुट लंबा अजगर किया रेस्क्यू

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** हिमाचल प्रदेश में आजकल भारी बरसात का दौर चला हुआ है तथा हर रोज क्षेत्र में अजगर निकल रहे हैं। पिछले कल समैला में 9 फुट अजगर पकड़ कर सठवीं बीट जंगल में छोड़ दिया गया था। सोमवार को बड़सर के साथ लगते बरौली गांव के पास पिछले चार-पांच दिन से 10 से 12 फुट लंबा अजगर घूम रहा था, जो लोगों को दिन-दिहाड़े खेतों में काम करते समय मिलता था, जिस कारण लोग खेतों में घास काटने के लिए कतरा रहे थे।

बीते दिन रविवार रात को जब यह अजगर बरौली गांव के एक खेत में घूम रहा था, जिसकी सूचना स्नैक कैचर सुदर्शन ठाकुर को दी गई। करीब 1 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद अंजगर को रेस्क्यू किया गया, जिसे पकड़ कर बड़सर के वन विभाग के अधिकारियों के सपुर्द किया गया। वहीं, लोगों ने भी अजगर के पकड़े जाने से राहत की सांस ली है। आपको बता दें कि इससे पहले भी सुदर्शन ठाकुर कोबरा, रैटल स्नेक व अन्य कई किस्मों के सांपों का रेस्क्यू कर चुके हैं।

# भरेड़ी अस्पताल की सुरक्षा दीवार गिरने से बढ़ा खतरा

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

**नए भवन तक मंडराया भूस्खलन का साया**



बारिश के चलते सुरक्षा दीवार हुई क्षतिग्रस्त।

उपमंडल भोरंज के तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भरेड़ी में सड़क किनारे बनी सुरक्षा दीवार भारी बारिश के चलते ढह गई। जानकारी के अनुसार यह दीवार लोक निर्माण विभाग द्वारा नाली निर्माण के लिए की गई खुदाई के बाद अस्थिर हो गई थी। ग्रामीणों ने ठेकेदार को समय रहते खुदाई रोकने की गुहार लगाई थी, लेकिन उनकी एक नहीं सुनी गई। नतीजतन सोमवार को मूसलाधार बारिश के बीच दीवार धराशायी हो गई।

दीवार के गिरने से अस्पताल परिसर की सुरक्षा को गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है। सबसे अधिक चिंता का विषय यह है कि अस्पताल का पुराना भवन, जहां चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी निवास कर रहे हैं, अब सीधे भूस्खलन की जद में आ गया है। यदि शीघ्र सुरक्षा दीवार का पुनर्निर्माण नहीं किया गया तो यह कमरा किसी भी समय ढह सकता है। इसके अलावा अस्पताल की नई इमारत, जो पुराने भवन के साथ सटी हुई है, वह भी खतरे की जद में आ चुकी है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि नाली निर्माण के दौरान लापरवाही बरती गई। ग्रामीणों द्वारा चेतावनी देने के बावजूद ठेकेदार ने काम जारी रखा, जिससे दीवार कमजोर हो गई और बारिश ने उसे पूरी तरह से गिरा दिया। इस संबंध में जब अस्पताल प्रभारी किसी बैठक में व्यस्त होने के कारण उपलब्ध नहीं थे, तो अस्पताल के डॉक्टर विवेक ने स्थिति को गंभीर बताते हुए लोक निर्माण विभाग से जल्द से जल्द सुरक्षा दीवार का निर्माण करवाने की मांग की है। उधर, लोक निर्माण विभाग उपमंडल भरेड़ी के कनिष्ठ अभियंता प्रवीण कुमार ने बताया कि विभाग को मामले की जानकारी मिल चुकी है और शीघ्र ही प्राथमिकता के आधार पर अस्पताल की सुरक्षा दीवार का कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

स्थानीय जनता ने भी प्रशासन से मांग की है कि अस्पताल परिसर की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए तुरंत प्रभावी कदम उठाए जाएं ताकि किसी प्रकार की जनहानि या संरचनात्मक नुकसान से बचा जा सके।

# हमीरपुर जिले में अभी तक हो चुका है 81 .61 करोड़ रुपए का नुकसान

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

**लगातार बारिश के चलते डीसी ने की अपील**

जिले के अधिकांश क्षेत्रों में रविवार रात से हो रही बारिश को देखते हुए उपायुक्त एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष अमरजीत सिंह ने सभी जिलावासियों से ऐहतियात बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि ब्यास नदी के जलस्तर में वृद्धि हो रही है। इसके अलावा लारजी बांध और पंडोह बांध से कभी भी पानी छोड़ा जा सकता है। इसको देखते हुए सुजानपुर और नादौन उपमंडल के निचले क्षेत्रों के लोग ब्यास नदी के पास न जाएं और जिले की अन्य खड्डों और नालों तथा भूस्खलन की आशंका वाले स्थानों से भी दूर रहें। भारी बारिश में घर से बाहर निकलने का जोखिम न उठाएं।

खराब मौसम में पेड़ों के नीचे आश्रय न लें तथा बिजली की तारों से सुरक्षित दूरी बनाएं रखें। उपायुक्त ने किसी भी आपातकालीन स्थिति में स्थानीय प्रशासन या जिला आपदा नियंत्रण कक्ष के टॉल फ्री नंबर 1077 अथवा दूरभाष नंबर 01972-221277 पर संपर्क करने की अपील भी की है। उन्होंने बताया कि इस मानसून सीजन के लगभग एक महीने के दौरान ही हमीरपुर जिले में सरकारी और निजी संपत्ति के नुकसान का आंकड़ा 81.61 करोड़ रुपए से अधिक हो गया है। सोमवार दोपहर तक जिला एमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर (डीईओसी) में प्राप्त नुकसान के आंकड़ों के अनुसार अभी तक मानसून सीजन के दौरान जिले में जलशक्ति विभाग को सर्वाधिक 46.75 करोड़ रुपए, लोनिवि को 32.64 करोड़, बिजली बोर्ड को 74.51 लाख और शिक्षा विभाग को 23.18 लाख रुपए की क्षति हुई है। बागवानी विभाग ने विभिन्न फसलों को हुए 18.06 लाख रुपए और कृषि विभाग ने 1.15 लाख रुपए के नुकसान की रिपोर्ट प्रेषित की है। 4 कच्चे मकान ध्वस्त हुए हैं, जिससे करीब 4.50 लाख रुपए के नुकसान का अनुमान है। 18 अन्य कच्चे मकानों और 9 पक्के मकानों को आंशिक रूप से क्षति पहुंची है, जिससे लगभग 17.61 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। जिले भर में 65 डंगे भी गिरे हैं, जिनमें लगभग 58.61 लाख रुपए की क्षति हुई है। 37 गोशालाओं के ध्वस्त होने से लगभग 21 लाख रुपए का नुक्सान हुआ है।

डीसी ने सभी विभागों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में हुए नुकसान की रिपोर्ट तुरंत भेजें, ताकि प्रभावित लोगों की मदद की जा सके।

## डूबते जहाज का कोई कप्तान नहीं : राणा

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** सुजानपुर के पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने कांग्रेस पार्टी की हिमाचल इकाई की वर्तमान स्थिति को लेकर जोरदार हमला बोला है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हाईकमान पिछले 10 महीनों से न तो नया प्रदेश अध्यक्ष घोषित कर पाया है और न ही पार्टी कार्यकारिणी का गठन हो पाया है। यह स्थिति इस बात का स्पष्ट संकेत है कि डूबते हुए जहाज का स्टेयरिंग थामने को कोई भी तैयार नहीं है।

राणा ने मुख्यमंत्री सुक्खू की कार्यप्रणाली को प्रदेश में कांग्रेस के गिरते जनाधार का प्रमुख कारण बताया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने अपनी नाकाम नीतियों से पार्टी को शून्य पर ला खड़ा किया है और अब कोई भी नेता इस मरे हुए सांप को अपने गले में नहीं डालना चाहता। उन्होंने सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि न तो जनता को अच्छे शासन का अनुभव मिला, न ही सरकार अपने वादे पूरे कर पाई। राजेंद्र ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ने सरकारी खजाना अपने चहेते दोस्तों में लुटा दिया, जिससे आम जनता की उम्मीदें और सरकारी वित्तीय व्यवस्थाएं बुरी तरह चरमरा गई हैं।

# हमीरपुर की सीमा पर पहुंचे कांवड़ जत्थे का सुभाष ढटवालिया ने किया भव्य स्वागत



कांग्रेस नेता सुभाष ढटवालिया ने कांवड़ियों का भव्य स्वागत किया।

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बड़सर।** बड़सर के वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुभाष ढटवालिया ने बड़सर विधानसभा क्षेत्र की सीमा पर कांवड़ यात्रा से वापस आ रहे शिव भक्तों को फ्रूट खिलाकर एवं फूल मालाएं पहनाकर उनका भव्य स्वागत किया।

उन्होंने कहा कि हिमाचल में प्रवेश के समय अगर कोई समस्या कांवड़ियों को आती है, तो इस बारे प्रदेश सरकार को अवगत करवाया जाएगा। यह कांवड़ जत्था लगभग 450 किलोमीटर की यात्रा पैदल करके सोमवार को हमीरपुर जिले की सीमा में प्रवेश कर गया है।

कांवड़िए हरिद्वार से गंगाजल भरकर इस नीचे भी नहीं रखते हैं। रास्ते में अगर आते वक्त कहीं विश्राम करते हैं तो कांवड़ सुरक्षित स्थान पर रखते हैं ताकि गंगाजल सुरक्षित रहे। कांवड़िए आज अपने-अपने घर पहुंच जाएंगे तथा शिवरात्रि के अवसर पर शिव पिंडी पर जलाभिषेक करेंगे।

# नौकरियां ठेके पर कर सरकार ने किया धोखा : विधायक आशीष

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान**

**बोले-दो साल ट्रेनी कर्मचारी रखने के फरमान को लिया जाए वापस**

**हमीरपुर।** एक तरफ बिजली बोर्ड की ज्वाइंट एक्शन कमेटी बिजली बोर्ड प्रबंधन के फैसले का विरोध कर रही है, वहीं विधानसभा क्षेत्र सदर के विधायक आशीष शर्मा ने भी हिमाचल प्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन में ठेके के आधार पर 199 पदों को भरने के लिए टेंडर आमंत्रित करने का विरोध जताया है। बिजली बोर्ड में कर्मचारियों की घटती संख्या के कारण कई कर्मचारी अपनी जान से हाथ धो बैठे हैं।

कर्मचारियों की कम संख्या के कारण बढ़ते काम के बोझ से कई परिवारों के सिर से उनका साया छिन गया है, लेकिन प्रदेश सरकार बिजली बोर्ड में 9 हजार खाली पड़े पदों पर भर्ती शुरू नहीं कर रही है। विधायक ने इस निर्णय को निराशाजनक बताया है। विधायक आशीष शर्मा ने कहा कि नौकरियों को ठेके पर देने का यह निर्णय प्रदेश के युवाओं के साथ सरासर धोखा है। प्रदेश कांग्रेस सरकार ने जहां पांच लाख सरकारी नौकरियों को देने की घोषणा की थी, वहीं यह नौकरियां तो क्या देनी, लेकिन जिन पदों पर नौकरियां निकालीं, वे भी ठेके पर देने के फरमान जारी किए हैं। इससे प्रदेश के लाखों युवाओं के भविष्य को खतरा पैदा हो गया है। इसके अलावा सरकार ने एक और फरमान जारी किया है जिसके तहत दो साल तक प्रदेश में कर्मचारी महज जॉब ट्रेनी के रूप में नियुक्त होंगे और दो साल के बाद उन्हें उसी नौकरी को पाने के लिए टेस्ट देना होगा। इससे युवाओं में भारी रोष है और वह खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं।

प्रदेश की सुक्खू सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है। नौकरियों को ठेके पर देकर उनका निजीकरण करवाना निंदनीय है। जो युवा सरकारी नौकरी पाने के लिए दिन रात मेहनत कर रहे हैं, उन्हें अब सरकार के फरमानों के अनुसार या तो ठेके पर अस्थायी नौकरी मिलेगे या तो उन्हें नौकरी को पाने के लिए पहले जॉब ट्रेनी के रूप में कार्य करना होगा और उसके बाद उसी पद के लिए दोबारा परीक्षा देनी होगी। विधायक आशीष शर्मा ने सरकार को नसीहत दी है कि जो 199 पद ठेके पर देने के लिए टेंडर आमंत्रित किए हैं, उन्हें रद्द कर इन पदों को स्थायी भर्ती के आधार पर भरा जाए और जो दो साल ट्रेनी कर्मचारी रखने के फरमान हैं, उन्हें वापस लेकर अनुबंध आधार पर भर्ती कर कर्मचारियों को भर्ती नियमों के तहत नियमित किया जाए।

आशीष शर्मा ने कहा कि युवाओं के भविष्य के साथ खिलबाड़ मंजूर नहीं होगा। अगर सरकार जल्द इन फरमानों को वापस नहीं लेती है तो पार्टी नेतृत्व के साथ विचार-विमर्श कर सरकार के खिलाफ उचित कदम उठाकर विरोध का रुख अपनाया जाएगा।

**जागरूकता** सोटो हिमाचल ने चलाया अभियान, आयोजित किए अंगदान जागरूकता शिविर

# नौ लोगों ने अंगदान व नेत्रदान के लिए दी सहमति

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**



हमीरपुर मेडिकल कॉलेज के साथ जिले में अंगदान जन संजीवनी अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत शिविर लगाए गए।

सोटो हिमाचल प्रदेश व हमीरपुर मेडिकल कॉलेज की ओर से अंगदान जन संजीवनी अभियान के तहत सोमवार को तीन अलग-अलग जगहों पर शिविर आयोजित किए गए। इनमें उखली पंचायत, करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय, गौतम नर्सिंग कॉलेज शामिल हैं। शिविरों में लोगों एवं छात्राओं को अंगदान व नेत्रदान के बारे में जानकारी दी गई। इन सबका सिलसिला जारी है। कल यानी मंगलवार को सलासी स्थित आईएचएम संस्थान में भी शिविर का आयोजन होगा, अभी तक नौ लोगों ने अंगदान या नेत्रदान के लिए अपनी सहमति दी है।

हमीरपुर मेडिकल कॉलेज के नेत्र रोग विभाग अध्यक्ष डॉक्टर अनिल ने पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन के जरिए लोगों और छात्राओं को अंगदान की बारीकियों के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि नेत्रदान करके दूसरों की जिंदगी में उजाला लाया जा सकता है। मरने के बाद शरीर को जलाया या दफनाया जाता है, ऐसे में व्यक्ति के नेत्र किसी जरूरतमंद मरीज के जीवन को रोशन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि एक ब्रेन स्टेम डेड व्यक्ति आठ लोगों की जिंदगी बचा सकता है।

अंगदान एक नया जीवनदान है जो कि व्यक्ति मरने के बाद दे सकता है। समाजसेवी और अधिवक्ता अमित शर्मा ने कहा एक व्यक्ति जिसकी उम्र कम से कम 18 वर्ष हो, वह स्वैच्छिक रूप से अपने करीबी रिश्तेदारों को देश के कानून और नियमों के दायरे में रहकर अंगदान कर सकता है और अंगदान करने की शपथ ले सकता है। अंगदान से संबंधित सही जानकारी वह भ्रम होने की वजह से अधिकतर लोग अंगदान करने से पीछे हट जाते हैं, इसीलिए अगर लोगों में पहले से अंगदान को लेकर पर्याप्त जानकारी होगी, तभी ऐसे मौके जरूरतमंदों के लिए वरदान साबित हो सकते हैं।

नरेश ट्रांसप्लांट कोऑर्डिनेटर सोटो ने कहा की हिमाचल की ऑफिशल वेबसाइट **www.sottohimachal.in** के तहत अब कोई भी व्यक्ति घर बैठे बैठे अंगदान करने के लिए शपथ पत्र भर सकता है। वेबसाइट पर कर कोड स्कैन कर रजिस्ट्रेशन की औपचारिकता पूरी करते हुए व्यक्ति अंगदान की इच्छा जाहिर कर सकता है। यह प्रक्रिया आधार लिंक पर होगी।

मौजूदा समय में प्रदेश भर से करीब 3000 से अधिक लोगों ने अंगदान का शपथ पत्र भरा है। उन्होंने बताया अंगदान जन संजीवनी अभियान इस महीने पूरे राज्य में लोगों को अंगदान और नेत्रदान के प्रति जागरूक करने के लिए चलाया जा रहा है।

# स्वच्छता सर्वेक्षण टीम ने झनिक्कर में घर-घर जाकर चेक की स्वच्छता

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



सर्वेक्षण टीम के सदस्य।

भारत सरकार की स्वच्छता सर्वेक्षण टीम रविवार को टौणी देवी विकास खंड की बारीं पंचायत के झनिक्कर गांव में पहुंची तथा यहां पर ग्राउंड जीरो पर स्वच्छता का मूल्यांकन किया। टीम के सदस्यों ने सुबह पहुंचकर सबसे पहले पंचायत बारीं के कार्यालय में स्वच्छता समितियां के साथ ही झनिकर गांव के जनसंख्या अनुपात का पूरा विवरण दिया। इसके बाद पंचायत के शौचालयों को जांचा गया।

स्वच्छता टीम को पंचायत सचिव अशोक कुमार व योगेंद्र कुमार ने पूरा ब्योरा प्रदान किया। इसके बाद स्वच्छता सर्वेक्षण टीम झनिक्कर गांव पहुंची, जहां पर दो दर्जन से अधिक परिवारों के शौचालय तथा व्यक्तिगत स्वच्छता को देखा गया। इसके साथ ही सार्वजनिक शौचालय जिसमें मंदिर, स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्र के शौचालय को भी जांचा गया कि इनमें स्वच्छता की क्या स्थिति है। इसके साथ ही गांव में प्लास्टिक व स्वच्छता स्लोगनों को भी देखा गया। सर्वेक्षण टीम में दो सदस्य शामिल हैं तथा यह ऑनलाइन अपनी रिपोर्ट सरकार को प्रेषित कर रहे हैं। विकास टौणी देवी के स्वच्छ भारत मिशन के खंड समन्वयक में एक सुजय कटोच भी इस दौरान मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि विकास खंड टौणी देवी में एक ही पंचायत बारीं को चयनित किया गया था तथा बारीं पंचायत का भी एक ही गांव झनिक्कर इसमें स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए चुना गया था। पंचायत प्रधान रविंद्र ठाकुर, उपप्रधान सुमेश कुमार तथा वार्ड सदस्य पूनम कुमारी स्वच्छता टीम के साथ मौजूद रहे तथा उन्होंने पूरे गांव में स्वच्छता के पैमाने को मापने में पूरा सहयोग किया। देर शाम स्वच्छता सर्वेक्षण टीम पूरा सर्वे करने के बाद रवाना हो गई। पंचायत प्रधान रविंद्र ठाकुर ने बताया कि पंचायत को स्वच्छता में भी आगे ले जाने के लिए निरंतर प्रयास जारी हैं।



# बैजनाथ में सावन मास मेले
## 'बम बम भोले'...और जलहरी से जलाभिषेक






**बैजनाथ।** सावन मास के पहले सोमवार पर ऐतिहासिक शिव मंदिर बैजनाथ में श्रद्धा और व्यवस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। मूसलाधार बारिश भी शिवभक्तों की आस्था को डिगा नहीं सकी। अलसुबह तीन बजे ही मंदिर के कपाट खुल गए थे, लेकिन भक्तजन 'बम बम भोले' के जयकारों के साथ मंदिर द्वार पर 2 बजे ही उमड़ने लगे थे। दिनभर श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखी गईं। देर रात साढ़े नौ बजे तक श्रद्धालुओं में जलाभिषेक को लेकर गजब का उत्साह देखा गया। भीड़ और मौसम की चुनौती को देखते हुए प्रशासन ने इस बार व्यापक इंतजाम किए हैं, जिसे श्रद्धालुओं ने सराहा। इस बार मंदिर के गर्भगृह के बाहर विशेष रूप से एक नई जलहरी स्थापित की गई है, जिससे हर कोई आसानी से शिवलिंग पर जलाभिषेक कर सका। यह जलहरी विधायक किशोरी लाल के निर्देश पर प्रशासन ने लगवाई है। कुल्लू जिले के कलाकार नोक सिंह द्वारा निर्मित 12 फुट लंबी पीतल की इस जलहरी पर लगभग 55,000 रुपए का खर्च आया है। इसके अग्रभाग को गौमुख का रूप दिया गया है, जिससे इसकी सुंदरता और आध्यात्मिक प्रभाव और बढ़ गया।

बैजनाथ के 95 वर्षीय प्रकाश डोगरा ने इसे प्रशासन का बेहद सराहनीय कदम बताया। उन्होंने कहा कि इससे न केवल भक्तों को सुविधा हुई, बल्कि वीआईपी कल्चर पर भी प्रभावी अंकुश लगा है। पंजाब से यहां हर साल आने वाले श्रद्धालु शर्मा दंपती ने प्रशासन को ऐसी व्यवस्था के लिए बधाई दी। इस बार प्रशासन ने गर्भगृह में केवल एक पुजारी और एक न्यासी को ही प्रवेश की अनुमति दी है। एसडीएम संकल्प गौतम और विधायक किशोरी लाल के निर्देश पर यह नियम सख्ती से लागू हो रहा है, जिससे वर्षों से चली आ रही भीड़भाड़ और वीआईपी कल्चर की समस्या पर काबू पाया जा सका। बारिश से बचाव के लिए मंदिर प्रांगण और मुख्य द्वार पर वॉटरप्रूफ टेंट लगाए गए थे। साथ ही खीरगंगा घाट, जिसे मिनी हरिद्वार के रूप में जाना जाता है, पर भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु स्नान करते दिखे। भक्तों की सुरक्षा को लेकर भी इस बार प्रशासन बेहद सतर्क है। डीएसपी अनिल शर्मा के अनुसार, पूर्व में जेब कटने और चैन स्नेचिंग की शिकायतों को देखते हुए सिविल ड्रेस में महिला व पुरुष पुलिस जवानों को मंदिर परिसर में तैनात किया गया है। मंदिर से सटे प्राइमरी स्कूल में भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर ट्रस्टी मुकेश शर्मा के अनुसार, इस बार करीब 80,000 रुपए का चढ़ावा रसीद बुक के माध्यम से एकत्र हुआ है। पूरे आयोजन के दौरान प्रशासन के कई अधिकारी समय-समय पर उपस्थित रहे, जिनमें एसडीएम संकल्प गौतम, तहसीलदार रमन ठाकुर, नायब तहसीलदार गुरमुख सिंह, मंदिर ट्रस्टी घनश्याम अवस्थी, सचिन अवस्थी, मिलाप राणा और मुकेश शर्मा सहित अन्य प्रमुख लोग शामिल रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### पंडोह डैम से छोड़ा जा रहा 42 हजार क्यूसेक पानी



**बालक, अनंत ज्ञान, पंडोह।** लगातार हो रही बारिश ने एक बार फिर से मंडीवासियों की चिंता बढ़ा दी है। पंडोह डैम जलाशय पानी से नहीं गाद से लबालब भरा हुआ है। हालांकि लारजी डैम से 70 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। फिर भी पंडोह डैम से 42 हजार क्यूसेक पानी ही डैम के पांचों गेटों से डाउन-स्ट्रीम से ब्यास नदी में छोड़ गया, जो बरसात के मौसम में सामान्य है स्थिति में रहता है। इसमें चिंता की कोई बात नहीं है। बीबीएमबी पंडोह के अधीक्षण अभियंता चंद्रमणी शर्मा ने बताया कि पिछले 24 घंटों से लगातार बारिश हो रही है। इसलिए छोटी छोटी नदी-नालों में पानी भर गया है। मगर पंडोह डैम में पानी का स्तर सामान्य से थोड़ा ज्यादा है। किसी को भी घबराने की कोई बात नहीं है, मगर ब्यास नदी के किनारे बसे लोगों को सावधान रहने की जरूरत है।

### पोती के साथ यौन शोषण, आरोपी रिमांड पर

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** जिला कांगड़ा विस क्षेत्र फतेहपुर में एक अधेड़ उम्र के व्यक्ति द्वारा रिश्ते में अपने भाई की पोती के साथ यौन शोषण करने का मामला प्रकाश में आया है जिससे रिश्ते भी तार-तार हुए हैं। जानकारी अनुसार रेहतपुर गांव के एक लगभग 65 वर्षीय अधेड़ उम्र के व्यक्ति ने रविवार को रिश्ते में भाई की नाबालिग पोती के साथ यौन शोषण किया है। नाबालिगा ने यह सारी आपबीती अपनी मां को सुनाई जिस पर नाबालिगा की मां ने पुलिस चौकी रे में पहुंचकर शिकायत दर्ज करवाई है। उन्होंने पुलिस से मांग की है कि हमें न्याय दिलाया जाए। डीएसपी जवाली वीरी सिंह ने बताया कि यह घटना रविवार की है। सोमवार को नाबालिगा की मां ने पुलिस चौकी रे में शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकद्दमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया है जिसे सोमवार को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से कोर्ट ने आरोपी को तीन दिन के रिमांड पर भेज दिया है।

### प्रदेश में विश्व स्तरीय उपकरणों से लैस होंगे अस्पताल, पुरानी मशीनों को मिलेगा आधुनिक विकल्प

# डायग्नोस्टिक सेवाओं पर खर्च होंगे 207 करोड़

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने प्रदेशवासियों को विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए एक महत्वाकांक्षी योजना का अनावरण किया है। व्यवस्था परिवर्तन के अपने संकल्प के तहत, राज्य सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र में 606.70 करोड़ रुपए का भारी-भरकम निवेश करने जा रही है, जिसमें से 207.50 करोड़ रुपए विशेष रूप से डायग्नोस्टिक सेवाओं के सुदृढ़ीकरण पर खर्च किए जाएंगे। यह निर्णय इस गंभीर सच्चाई के मद्देनजर लिया गया है कि सरकारी अस्पतालों में पुरानी और अप्रचलित डायग्नोस्टिक मशीनों के कारण मरीजों को त्वरित जांच में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था।

राज्य सरकार ने जानकारी दी है कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के सीधे निर्देशों पर स्वास्थ्य विभाग ने डायग्नोस्टिक सेवाओं के कायाकल्प के लिए एक विस्तृत ब्लूप्रिंट तैयार किया है। यह समझना आवश्यक है कि प्रदेश के अधिकांश चिकित्सा महाविद्यालयों और अस्पतालों में वर्तमान में 15 से 20 वर्ष पुरानी डायग्नोस्टिक मशीनें कार्यरत हैं। ये जीर्ण-शीर्ण उपकरण न केवल चिकित्सकों को बीमारियों का सटीक निदान करने से रोकते हैं, बल्कि रोगियों के लिए भी प्रतीक्षा समय और अनिश्चितता बढ़ाते हैं।



**सीएम ने विस्तृत ब्लूप्रिंट बनाने के दिए निर्देश**

चिकित्सा प्रौद्योगिकी में हुए क्रांतिकारी आधुनिकीकरण को देखते हुए, वर्तमान में कहीं अधिक प्रभावी मशीनें उपलब्ध हैं जो मरीजों को सटीक और शीघ्र उपचार प्रदान कर सकती हैं। मुख्यमंत्री ने अस्पतालों में पुरानी मशीनों को नई, आधुनिक तकनीक से बदलने का सख्त निर्देश दिया है।

### अत्याधुनिक उपकरणों से लैस होंगे प्रदेश के शीर्ष संस्थान

**इस** प्रस्ताव के तहत, प्रदेश के प्रमुख चिकित्सा संस्थानों को आधुनिक डायग्नोस्टिक उपकरणों से सुसज्जित किया जाएगा। इनमें आईजीएमसी शिमला, श्री लाल बहादुर शास्त्री राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय मंडी, डॉ. यशवंत सिंह परमार राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नाहन, राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय चम्बा और एआईएमएसएस चमियाना, शिमला शामिल हैं। इन संस्थानों में हाई-रेजोल्यूशन 1.5 टेसला और 3 टेसला एमआरआई मशीनें स्थापित की जाएंगी।

### राज्य के सभी सात मेडिकल कॉलेजों में भी मिलेगी अत्याधुनिक सुविधाएं

**इसके** अतिरिक्त, राज्य के सभी सात मेडिकल कॉलेजों को दो अत्याधुनिक सीटी इमेजिंग मशीनें, पांच मोबाइल डिजिटल रेडियोग्राफी (डीआर) इकाइयां, दो सीलिंग-सस्पेंडेड डीआर एक्स-रे मशीनें, कलर डॉपलर के साथ दो उच्च-स्तरीय अल्ट्रासाउंड मशीनें, एक मैमोग्राफी यूनिट और एक पिक्चर आर्काइविंग एंड कम्युनिकेशन सिस्टम (पीएसीएस) प्रदान किया जाएगा। मरीजों की सुविधा के लिए शिमला के कमला नेहरू अस्पताल में भी एक पीएसीएस यूनिट स्थापित होगी। प्रत्येक मेडिकल कॉलेज को चार पोर्टेबल अल्ट्रासाउंड मशीनें और 3डी सॉफ्टवेयर से लैस एक रेडियोलॉजी वर्कस्टेशन मिलेगा। इन अत्याधुनिक उपकरणों से स्वास्थ्य संस्थानों की क्षमता में उल्लेखनीय सुधार होगा, जिससे मरीजों को शीघ्र, सटीक और विश्वसनीय स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं सुनिश्चित होंगी।

# सदन में बहानेबाजी कर चर्चा से भागना विपक्ष की आदत : अनुराग

**अनंत ज्ञान, शिमला**

**कहा-प्राकृतिक आपदा पर अध्ययन के लिए कमेटी बनाने का निर्णय अभिनंदनीय**

पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा हिमाचल प्रदेश में प्राकृतिक आपदाओं की पुनरावृत्ति को देखते हुए बहु-क्षेत्रीय केंद्रीय टीम के गठन के निर्णय को अभिनंदनीय बताते हुए इस से आपदा नियंत्रण की दिशा में बल मिलने की बात कही है। साथ ही अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि सदन में बहानेबाजी कर चर्चा से भागना विपक्ष की आदत बन चुका है। अनुराग ने कहा प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार हिमाचल के हर सुख दुख में साथ खड़ी मिलती है। विगत कुछ वर्षों में हिमाचल में प्राकृतिक आपदा की घटनाओं में बड़े पैमाने पर बढ़ोत्तरी देखी गई है। इसके दृष्टिगत केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आपदाओं की तीव्रता को देखते हुए एक बहु-क्षेत्रीय केंद्रीय टीम के गठन के निर्देश दिए हैं। केंद्रीय टीम में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए), केंद्रीय भवन अनुसंधान संस्थान



(सीबीआरआई) रुड़की, भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम) पुणे, एक भूविज्ञानी और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) इंदौर के विशेषज्ञ हिमाचल में बादल फटने, अचानक बाढ़, भूस्खलन और मूसलाधार वर्षा की आवृत्ति और तीव्रता में वृद्धि की घटनाओं का अध्यनन करेंगे।

अनुराग ने कहा कि भाजपा सदन को गरिमापूर्ण तरीके से चलाने व हर विषय पर चर्चा करने के लिए तैयार दिखी और हमारी आगे भी यही मंशा है, मगर विपक्ष ने सदा ही किसी न किसी बहाने से चर्चा से भागने का काम किया है। विपक्ष संसद में सकारात्मक भूमिका निभाते हुए चर्चा की बजाय झूठ, भय व भ्रम की स्थिति बनाकर चर्चा से किनारा करने को अपना कोर एजेंडा बना लिया है।

## देश के युवा नशे की गिरफ्त में : राज्यपाल



संबोधित करते प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** काशी के रुद्राक्ष अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में नशा मुक्त युवा-विकसित भारत विषय पर आयोजित युवा आध्यात्मिक सम्मेलन का समापन काशी घोषणा-पत्र के साथ हुआ। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा आयोजित इस सम्मेलन में 600 से अधिक युवा नेताओं और 120 से अधिक आध्यात्मिक एवं सामाजिक-सांस्कृतिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया, जिसका उद्देश्य वर्ष 2047 तक नशामुक्त समाज का निर्माण करना है।

समापन सत्र में हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने काशी के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डाला और युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने आगाह किया कि यदि देश की युवा आबादी नशे की गिरफ्त में आ गई तो भविष्य पर गंभीर संकट आ सकता है। राज्यपाल ने हिमाचल प्रदेश में चल रहे नशा मुक्त हिमाचल अभियान की भी विस्तृत जानकारी साझा की, जिसमें पंचायत स्तर से लेकर शैक्षणिक संस्थानों तक को शामिल किया गया है।

# आपदा से 1000 करोड़ का नुकसान : जयराम

**अनंत ज्ञान, शिमला**

प्रतिपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में प्राकृतिक आपदा से हुए भारी नुकसान पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने दावा किया कि सराज, करसोग और नाचन क्षेत्रों में 1000 करोड़ से अधिक का नुकसान हुआ है। सोमवार को शिमला में संबोधित करते हुए जयराम ठाकुर ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि वे कैबिनेट बैठक में मंडी जिले के लिए एक विशेष आपदा पैकेज घोषित करें। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में बिजली, पानी और सड़कों की स्थिति बेहद खराब है, और कई स्थान अभी भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। ठाकुर ने प्रदेश सरकार पर सराज क्षेत्र में हुए नुकसान के प्रति असंवेदनशील होने का आरोप लगाया और लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता के हालिया तबादले पर चिंता व्यक्त की।

जयराम ने हिमाचल की कांग्रेस सरकार पर आपदा में अवसर ढूंढने का गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि उनके प्रयासों से उनके विधानसभा क्षेत्र में जो बागवानी कॉलेज खोला गया था, मुख्यमंत्री ने क्षेत्र का दौरा करने के तुरंत बाद शिमला पहुंचकर उसे स्थानांतरित करने का पहला आदेश दिया। इसके अतिरिक्त, उन्होंने ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह के फोन कॉल का भी उल्लेख किया, जिसमें उन्हें सूचित किया गया था कि सराज विधानसभा क्षेत्र से पंचायतीराज प्रशिक्षण केंद्र को भी स्थानांतरित किया जाना है।

ठाकुर ने दृढ़ता से कहा कि सरकार आपदा प्रभावित क्षेत्रों में लोगों की मदद करने की बजाय कार्यालयों को स्थानांतरित करने में जुटी है।



जयराम ठाकुर पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए।

**मंडी जिले में बिजली, पानी और सड़क की बदहाली**

**सरकार पर आपदा में अवसर ढूंढने का आरोप**

### मंत्री की बयानबाजी पर जताई आपत्ति

**नेता** प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी की हालिया बयानबाजी पर भी अपनी नाराजगी व्यक्त की। मंत्री ने कहा था कि जयराम ठाकुर को सराज में नुकसान होने पर ही आपदा की याद आई। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि इस समय संवेदनशीलता दिखाने की आवश्यकता है। जयराम ने मुख्यमंत्री सुक्खू से ऐसे बयान देने वाले मंत्रियों के खिलाफ कार्रवाई करने का आग्रह किया।

### भाजपा के सहयोग से चल रहा मंडी में राहत कार्य

**जयराम** ने यह भी दावा किया कि जिला मंडी में राहत कार्य मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी और विभिन्न सामाजिक संगठनों के सहयोग से चल रहे हैं। उन्होंने घोषणा की है कि वह जल्द ही दिल्ली का दौरा करेंगे और स्थिति का जायजा लेने के लिए प्रधानमंत्री और केंद्रीय गृह मंत्री से मुलाकात करेंगे।

## पानी के टैंक में डूबने से दो बच्चों की मौत



**अनंत ज्ञान, केलांग।** लाहौल-स्पीति के दालंग स्थित आर्मी कैंप के पास एक दुखद घटना सामने आई है। यहां पर प्रवासी मजदूरों के दो बच्चों की पानी के टैंक में नहाते समय डूबने से मौत हो गई है। यह घटना उस समय हुई जब बच्चों के माता-पिता खेतों में काम कर रहे थे।

जानकारी के अनुसार तीन बच्चे नहाने के लिए पानी के टैंक में उतरे थे, लेकिन दुर्भाग्यवश उनमें से दो गहरे पानी में चले गए और डूबने से उनकी जान चली गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची।

उधर, डीएसपी केलांग रश्मि शर्मा ने इस घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद बच्चों के शव उनके माता-पिता को सौंप दिए हैं। इस घटना से पूरे इलाके में शोक का माहौल है।

# केंद्रीय दल पहुंचा कुल्लू, आपदा से हुए नुकसान की ली जानकारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

कुल्लू में हुई बादल फटने, फ्लैश फ्लड तथा भूस्खलन की घटनाओं से हुए नुकसान का आकलन करने के लिए सोमवार को अंतर मंत्रालयीय केंद्रीय दल कुल्लू पहुंचा। उपायुक्त कुल्लू ने केंद्रीय दल को जिले में प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान के बारे में जानकारी दी।

चार सदस्यीय केंद्रीय दल ने सोमवार को एनएचपीसी भवन नगवाईं में जिला प्रशासन के साथ बैठक कर, जिले में इस मानसून के मौसम में प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान का जायजा लिया।

इस दल में केंद्रीय दल में गृह मंत्रालय में संयुक्त सचिव (सीएस एवं पब्लिक, न्यायिक) जी. पार्थसारथी, वित्त मंत्रालय के अधीन व्यय विभाग के उप सचिव (एफसीडी) कंदर्प वी. पटेल, ऊर्जा मंत्रालय के तहत सीईए के उपनिदेशक करण सरीन तथा ग्रामीण विकास मंत्रालय से सचिव दीप शेखर सिंघल शामिल रहे। यह दल अपने आकलन की रिपोर्ट केंद्र सरकार को सौंपेगा। उपायुक्त तोरुल एस रवीश ने केंद्रीय दल को जिले में हुए नुकसान के बारे में विस्तृत रूप में पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुति दी। केंद्रीय दल के सदस्यों ने जिला के सैंज, मनाली, बंजार, आनी, निरमंड सहित अन्य प्रभावित स्थलों में हुए नुकसान के बारे में जानकारी हासिल की। उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों में अब तक किए गए राहत एवं पुनर्वास कार्यों के बारे में भी अवगत करवाया। उपायुक्त ने दल को अवगत करते हुए कहा कि 25 जून 2025 को बादल फटने/अचानक आई बाढ़/भारी वर्षा/भूस्खलन के कारण जिले में काफी क्षति हुई है।

24 और 25 जून 2025 को जीवानाला, सैंज, शीलागढ़, गड़सा में बादल फटने से महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे प्रभावित हुए, जिनमें फुटब्रिज, स्पैन, घाटी पुल और विभिन्न सड़कें शामिल हैं, जैसे बीईडी कॉलेज, शत रोपा के पास फुटओवर ब्रिज और बोरा सेरी की ओर गड़सा भेड़ फार्म के पास की सड़क क्षति हुई। कुल्लू जिले में आपदा के कारण कुल 1091.95 करोड़ रुपए का नुकसान दर्ज किया गया है।



केंद्रीय दल को नुकसान की जानकारी देते हुए डीसी कुल्लू।

**जिले में 1091.95 करोड़ का हुआ नुकसान**

**आस** — कमेटी ने अवैध कब्जाधारियों के बजाए विस्थापितों के हक में लिया फैसला

# राजस्थान में अब असल हकदारों को मिलेगी जमीन

**रविंद्र चौधरी, अनंत ज्ञान**

**फतेहपुर।** पौंग बांध विस्थापितों को विस्थापन के 50 साल बीत जाने के बाद अपने हक मिलने की उम्मीद जगी है। पौंग विस्थापिते लंबे समय से मांगों को लेकर दर-दर की ठोकरे खा रहे थे। हाई पावर कमेटी के समक्ष अपनी मांगें रखी थी, अब उनकी मांगों को लेकर हाई पावर कमेटी ने राज्यस्थान सरकार को आदेश दिए है।

राहत एवं पुनर्वास कार्यालय राजा का तालाब के उपायुक्त संजय कुमार धीमान ने जानकारी देते हुए बताया कि जिन पौंग विस्थापितों को राज्यस्थान में मरब्बे (जमीन) आवंटित होती थी, उन्हें सभी औपचारिकताएं पूरी करते हुए उस जमीन पर 90 दिन के अंदर कब्जा लेना होता था लेकिन कुछ गरीब लोग 90 दिन के अंदर औपचारिकताएं पूरी नहीं कर पाने से उस भूमि पर अपना कब्जा नहीं ले पाते थे और आवंटित भूमि का पट्टा रद्द हो जाता था। मगर अब उस समयावधि को बढ़ाकर 180 दिन कर दिया है। पौंग बांध विस्थापित को मरब्बा आवंटन हुआ है, उसे उस पर कब्जा लेने के लिए 180 दिन का समय मिला करेगा।

**मूल प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र और केवाईसी करवा सकेंगे लोग**

वहीं, संजय कुमार धीमान ने कहा कि जिन पौंग विस्थापितों को राजस्थान में जमीन मिली है और जो वहां निवास करते हैं, उन्हें वहां पर मूल प्रमाण पत्र, केवाईसी, जाति प्रणाम पत्र आदि सुविधाएं नहीं मिलती हैं, उस मामले को भी हाई पावर कमेटी ने मान लिया है और राज्यस्थान सरकार को आदेश दिए हैं कि वहां जो भी लोग बसे हैं, उन्हें कोई समस्या न हो।



### पांच हजार परिवारों का पुनर्वास अभी बाकी

**पौंग** बांध परियोजना के कारण 339 गांवों के 20,722 परिवार प्रभावित हुए थे। 16,352 परिवार भूमि आवंटन के लिए पात्र पाए गए और 4,370 परिवारों को प्लॉट आवंटन के लिए पात्र पाया गया। प्रदेश सरकार द्वारा 15,385 परिवारों को पात्रता प्रमाण पत्र जारी किए गए और लगभग पांच हजार परिवारों का अभी भी पुनर्वास किया जाना बाकी है। राजस्थान सरकार इन विस्थापितों को भूमि आवंटित करेगी।

### 222 नए पौंग विस्थापतों को मुरब्बे हुए हैं आवंटित

**संजय** कुमार धीमान ने बताया कि हाल ही में 222 विस्थापितों को मुरब्बे आवंटन हुए हैं जिसमे 19 मामलों में कोर्ट के माध्यम से मुरब्बे अलाट हुए हैं। अभी पांच हजार परिवार वंचित हैं।


### 6ए के तहत विस्थापितों को मिलेगा हक

**संजय** कुमार ने बताया जिन लोगों को मरब्बे आवंटन होते थे और उस जगह पहले ही स्थानीय निवासी काबिज होता था, मगर अब कमेटी में निर्णय हुआ है कि 6ए के तहत अगर किसी विस्थापित को भूमि आवंटन हुई है और उस पर कोई स्थानीय पहले से काबिज है तो अब नाजायज काबिज को वो भूमि नहीं दी जाएगी बल्कि जिस विस्थापित को आवंटन हुआ है उसी की पीढ़ी को आवंटित की जाएगी।

## युवाओं के भविष्य पर नशे का साया : डॉ. सिकंदर

**अनंत ज्ञान, शिमला।** राज्यसभा सांसद और भाजपा प्रदेश महामंत्री, डॉ. सिकंदर कुमार ने संसद के मानसून सत्र के पहले दिन युवाओं में बढ़ती नशे की समस्या पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश समेत कई राज्यों में नशीले पदार्थों का सेवन और उनकी तस्करी एक गंभीर चुनौती बन गई है, खासकर युवा वर्ग जो देश का भविष्य है, इससे बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। डॉ. सिकंदर कुमार ने केंद्र सरकार से इस गंभीर मुद्दे पर तुरंत ध्यान देने का आग्रह किया।

उनका मानना है कि स्कूलों और कॉलेजों के पाठ्यक्रम में मादक पदार्थों की लत, इसके प्रभावों और नशामुक्ति से संबंधित अध्यायों को शामिल किया जाना चाहिए। इससे युवाओं को नशे के गंभीर परिणामों के प्रति जागरूक किया जा सकेगा। सांसद डॉ. सिकंदर कुमार ने सदन में कोयला और खान मंत्री से हिमाचल प्रदेश के बद्दी में अवैध रेत खनन और पर्यावरणीय स्वीकृति के उल्लंघन पर भी सवाल उठाए।



यदि मामप्रतीकारमशस्त्रं शस्त्रपाणयः।
धार्तराष्ट्रा रणे हन्युस्तन्मे क्षेमतरं भवेत्॥

यदि मुझ शस्त्ररहित एवं सामना न करने वाले को शस्त्र हाथ में लिए हुए धृतराष्ट्र के पुत्र रण में मार डालें तो वह मारना भी मेरे लिए अधिक कल्याणकारक होगा॥

अनंत ज्ञान
www.anantgyaan.in
कांगड़ा | मंगलवार, 22 जुलाई 2025

# श्री श्राई कोटि माता मंदिर

## जहां आस्था की सरहदें छूती हैं हिमालय को

**विवाहित जोड़ों का एक साथ आना वर्जित**

**अनादि काल से चली आ रही एक अनूठी परंपरा**

**भारत के सबसे रहस्यमय और पवित्र तीर्थ स्थलों में से एक है यह पवित्र धाम**



**हिमाचल** के सीने में देवदार के सघन आंचल तले, जहां हवाएं भी भक्ति के गीत गाती हैं और वादियां एक प्राचीन रहस्य को सदियों से समेटे हुए हैं, वहीं विराजित है श्री श्राई कोटि माता मंदिर। यह केवल पत्थरों और मूर्तियों से बना एक ढांचा नहीं, बल्कि युगों-युगों से चली आ रही आस्था, पौराणिक कथाओं और एक अद्वितीय परंपरा का जीवंत प्रमाण है। शिमला जिले के शांत स्थल देवठी, जहां प्रकृति अपनी चरम भव्यता पर है और रामपुर बुशहर की निकटता इसे और भी सुलभ बनाती है। यह मंदिर देवी दुर्गा के शक्तिशाली स्वरूप माता शैलपुत्री को समर्पित है। यहां का हर कंकड़, हर पत्ता एक कहानी कहता है, एक ऐसी कहानी जो प्रेम

**विशेष रिपोर्टः सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

और त्याग, प्रतिज्ञा और श्राप के ताने-बाने से बुनी गई है और जो इसे भारत के सबसे रहस्यमय और पवित्र तीर्थ स्थलों में से एक बनाती है। यह मंदिर सिर्फ लकड़ी-पत्थर का बना एक धाम नहीं, बल्कि उस गहन आध्यात्मिक ऊर्जा का पुंज है, जो यहां आने वाले हर हृदय को छू जाती है और एक ऐसी अनूठी प्रथा का साक्षी है, जो इसकी पहचान बन चुकी हैः विवाहित जोड़ों का यहां एक साथ प्रवेश वर्जित है। यह प्रतिबंध महज एक नियम नहीं, बल्कि एक दिव्य गाथा का परिणाम है, जो इस पवित्र भूमि को एक गहरा, अतींद्रिय अर्थ प्रदान करता है।

### रहस्यमय प्रतिबंध

*__जो__ बात श्री श्राई कोटि माता मंदिर को वास्तव में सबसे अलग करती है, वह है इसकी सख्त और असामान्य परंपरा। विवाहित जोड़ों को एक साथ मंदिर आने या पूजा करने की अनुमति नहीं है। यह प्रथा केवल एक स्थानीय अंधविश्वास नहीं है, यह हिंदू पौराणिक कथाओं की एक सम्मोहक कहानी में गहराई से निहित है, जो मंदिर को रहस्य और गहन आध्यात्मिक महत्व का आभास देती है।*

### प्रतिबंध की पौराणिक उत्पत्ति

*__इस__ अनोखे निषेध की उत्पत्ति भगवान शिव और उनके दो पुत्रों, भगवान गणेश और भगवान कार्तिकेय से जुड़ी एक पौराणिक घटना से होती है। कहानी के अनुसार, भगवान शिव ने एक बार अपने पुत्रों को पूरे ब्रह्मांड की परिक्रमा करने की चुनौती दी। जो भी इस अलौकिक यात्रा को पहले पूरा करेगा, उसे पहले विवाह करने का सम्मान प्राप्त होगा। भगवान कार्तिकेय, अपने बहादुर स्वभाव के अनुरूप, तुरंत अपने मयूर पर सवार होकर ब्रह्मांड भर में एक कठिन और व्यापक यात्रा पर निकल पड़े। इस बीच अपनी बुद्धि और भक्ति के लिए जाने जाने वाले भगवान गणेश ने एक सरल, लेकिन गहरा कार्य किया। उन्होंने विनम्रतापूर्वक अपने दिव्य माता-पिता, भगवान शिव और देवी पार्वती की सात बार परिक्रमा की। उन्होंने घोषणा की कि उनके लिए उनके माता-पिता ही पूरा ब्रह्मांड थे और उनकी परिक्रमा करके, उन्होंने वास्तव में चुनौती पूरी कर ली थी। गणेश की भक्ति और बुद्धिमत्ता से प्रभावित होकर भगवान शिव ने उन्हें विजेता घोषित किया। परिणामस्वरूप भगवान गणेश का विवाह पहले हुआ। एक अंतःहीन यात्रा जैसी लगने वाली अपनी वापसी पर भगवान कार्तिकेय स्वाभाविक रूप से क्रोधित थे, जब उन्होंने अपने छोटे भाई को पहले से ही विवाहित पाया। अपने क्रोध और दुःख में उन्होंने एक गंभीर प्रतिज्ञा ली, वह कभी विवाह नहीं करेंगे। माता पार्वती अपने पुत्र कार्तिकेय की आजीवन ब्रह्मचर्य की प्रतिज्ञा से दुःखी होकर उन्होंने श्राप दिया कि कोई भी विवाहित जोड़ा जो श्री श्राई कोटि मंदिर में एक साथ आने का साहस करेगा, उसे अनिवार्य रूप से अलगाव का सामना करना पड़ेगा। माना जाता है कि यह प्राचीन श्राप मंदिर की अनूठी परंपरा का कारण है, जो दिव्य घोषणाओं की चिरस्थायी शक्ति का प्रमाण है।*

### आस्था, सम्मान की तीर्थयात्रा

**इस** असामान्य प्रतिबंध के बावजूद श्री श्राई कोटि माता मंदिर एक अत्यधिक पूजनीय तीर्थ स्थल बना हुआ है। हिमाचल प्रदेश और पड़ोसी क्षेत्रों से भक्त माता शैलपुत्री का आशीर्वाद लेने के लिए इस पवित्र धाम में आते हैं। जो विवाहित हैं वे आमतौर पर मंदिर में व्यक्तिगत रूप से या परिवार के अन्य सदस्यों के साथ आते हैं, ताकि वे सदियों पुरानी प्रथा का सम्मान और विश्वास से पालन करें। मंदिर तक की यात्रा स्वयं एक अनुभव है। राजधानी शिमला से यह 172 किलोमीटर दूर है और रामपुर बुशहर से इसकी दूरी महज 57 किलोमीटर है। लगभग 11,000 फीट की ऊंचाई पर स्थित है। रास्ता घने जंगलों से होकर गुजरता है, जो राजसी हिमालयी परिदृश्य के मनमोहक मनोरम दृश्य प्रस्तुत करता है। शांत वातावरण और मंदिर की आध्यात्मिक ऊर्जा गहन आत्मनिरीक्षण और भक्ति के लिए अनुकूल वातावरण बनाती है।

### स्थापत्य की सादगी और प्राकृतिक भव्यता

**मंदिर** की वास्तुकला पारंपरिक हिमाचली शैली का एक प्रतिबिंब है, जो अपने प्राकृतिक परिवेश के साथ सहज रूप से मिश्रित होती है। यद्यपि यह अत्यधिक अलंकृत नहीं है, इसकी सादगी इसके आकर्षण और आध्यात्मिक गंभीरता को बढ़ाती है। प्राथमिक ध्यान देवता और उनके द्वारा प्रेरित गहन भक्ति पर केंद्रित रहता है। मंदिर के चारों ओर की प्राकृतिक भव्यता इसकी पवित्रता को और बढ़ाती है। ताजी पहाड़ी हवा, देवदार के पत्तों की सरसराहट और बर्फ से ढकी चोटियों के दूर के दृश्य शांति और श्रेष्ठता की भावना में योगदान करते हैं, जिससे तीर्थयात्रा मन, शरीर और और आत्मा के लिए एक समग्र अनुभव बन जाती है।

### स्थान और पहुंच

**श्री** श्राई कोटि माता मंदिर शिमला जिले के देवठी में स्थित है। निकटतम प्रमुख शहरः रामपुर बुशहर, शिमला जिले का एक महत्वपूर्ण शहर, प्राथमिक पहुंच बिंदु के रूप में कार्य करता है। मंदिर रामपुर बुशहर से एक मोटर योग्य सड़क द्वारा जुड़ा हुआ है। यात्री शिमला या हिमाचल प्रदेश के अन्य प्रमुख शहरों से बस द्वारा रामपुर पहुंच सकते हैं। रामपुर से स्थानीय परिवहन या निजी वाहन तीर्थयात्रियों को मंदिर के करीब ले जा सकते हैं। हालांकि विशिष्ट दैनिक संचालन समय व्यापक रूप से प्रकाशित नहीं होते हैं। अधिकांश हिंदू मंदिरों की तरह यह आमतौर पर भक्तों के लिए दिन के उजाले के दौरान खुला रहता है। यदि किसी विशिष्ट त्योहार या कार्यक्रम के दौरान यात्रा की योजना बना रहे हैं, तो स्थानीय स्रोतों या मंदिर अधिकारियों से सटीक समय की पुष्टि करना हमेशा उचित होता है।

### श्री श्राई कोटि माता मंदिर गहन आस्था

*प्राचीन किंवदंतियों और अद्वितीय सांस्कृतिक प्रथाओं का एक प्रमाण है, जो उन लोगों को आकर्षित करता है जो प्रकृति की भव्यता के बीच आध्यात्मिक शांति चाहते हैं और एक ऐसी परंपरा में भाग लेना चाहते हैं, जिसने सदियों से हिमाचल प्रदेश के आध्यात्मिक परिदृश्य को आकार दिया है।*

# कुंज्जेश्वर महादेव मंदिर



***कांगड़ा जिले के उपमंडल जयसिंहपुर के तहत प्राचीन शिव मंदिर कुंज्जेश्वर महादेव मंदिर लंबागांव में स्थित है। यह मंदिर ब्यास नदी के किनारे है। भक्तों के लिए यह मंदिर आस्था का केंद्र बना हुआ है।***

500 वर्ष पहले मंदिर की दोनों तरफ ब्यास नदी बहती थी और बीच में एक पहाड़ी (टापू) था, जहां पर अब मंदिर स्थित है। कथाओं के अनुसार, जब ब्यास नदी का पानी कम हो जाता था, तो ग्वाले यहां पर पशुओं को चराने के लिए ले जाते थे। एक दिन गाय चार पांच दिन से दूध नहीं दे रही थी, तो घरवालों ने गवाले से जिसका नाम कुंजू था, उससे पूछा कि गाय दूध क्यों नहीं दे रही है या तो बछड़ा दूध पी जाता है या कोई इसका दूध चोरी से निकालता है। तुम इसकी आज ठीक से देखभाल करना। ग्वाले कुंजू ने छिपकर गाय का पहरा किया। एक समय आया उसने देखा कि गाय पहाड़ी के ऊपर पहुंचकर एक पत्थर पर जो अभी पिंडी शिवलिंग में स्थित है, उस पर अपना दूध छोड़ रही है। कुंजू ग्वाले ने यह पूरा समाचार राजा तक पहुंचाया। राजा ने यह सुनते ही अपने मंत्री सहित उस स्थान पर पहुंचा, जहां पिंडी के दर्शन किए और विचार करने लगा कि यह क्या हो सकता है। उसी रात राजा को स्वपन हुआ कि जिस पिंडी को तुमने देखा है, वह शिवलिंग है और यह जालंधर पीठ क्षेत्र है। यहां मंदिर का निर्माण करो, राजा ने जो कटोच खानदान से संबंधित था, उसने मंदिर का निर्माण किया और कुंजू ग्वाले ने सबसे पहले शिवलिंग को देखा था इसलिए इसका नाम कुंज्जेश्वर महादेव रखा गया।

### पौराणिक कथा

कुंज्जेश्वर महादेव एक जालंधर पीठ स्थान है। पौराणिक कथा के अनुसार, त्रेता युग में जालंधर देत्य भगवान शिव के क्रोध से उत्पन्न हुए थे। जालंधर देत्य भगवान विष्णु, शिव और ब्रह्मा जी का महान तपस्वी था। इसने अपने क्षेत्र में 355 देवालयों व चार मुख्य द्वारपालों की स्थापना की थी। कुंज्जेश्वर महादेव लंबागांव, नंदिकेश्वर महादेव चामुंडा, कालेश्वर महादेव नादौण, भ्कुवेस्वर महादेव (जो अब पौंग बाध में जलमग्न हो गए हैं) और अंतिम क्षणों में भगवान शिव से यह वरदान प्राप्त किया था कि जो भी भक्त (उपासक) जालंधर पीठ के इन चार द्वार पाल में शैव व शक्त की अराधना करेगा, उसे अराधना से चार गुना से भी अधिक फल प्राप्त होगा। भगवान शिव जालंधर की तपस्या से प्रसन्न होकर अपने अंश से जिन चार देवताओं को द्वारपाल के रूप में प्रकट किया था, उन में से एक कुंज्ज नाम देवता है, कहा जाता है कि यह भगवान का (कुंज्जवां 51) द्वार है, इसलिए इसे (कुंज्जेश्वर कुद्वार) के नाम से जाना जाता है।

**प्रस्तुतिः नरेंद्र डोगरा, जयसिंहपुर**



# विवाह लग्न से रेखाप्रद ग्रहों का ज्ञान

## शुभ स्थान और विंशोपक बल का महत्व



**विवाह** भारतीय संस्कृति का एक अत्यंत पवित्र और महत्वपूर्ण संस्कार है, जिसका निर्धारण ज्योतिषीय दृष्टि से विवाह लग्न के आधार पर किया जाता है। विवाह लग्न की कुंडली में ग्रहों की स्थिति, उनका बल और भावों में उनकी उपस्थिति यह दर्शाती है कि किसी व्यक्ति का वैवाहिक जीवन कितना सुखद, संतुलित और स्थिर रहेगा।

सबसे पहले सप्तम भाव विवाह का मुख्य भाव होता है, जो जीवनसाथी, दांपत्य सुख और संबंधों की स्थिरता को दर्शाता है। इसके अलावा लग्न (प्रथम भाव), द्वितीय (कुटुंब भाव), चतुर्थ (गृह सुख भाव) और अष्टम भाव भी विवाह और दांपत्य जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यदि इन भावों में शुभ ग्रह जैसे गुरु, शुक्र, चंद्रमा या बुध स्थित हों, तो व्यक्ति को सौम्य, समझदार व सहयोगी जीवनसाथी मिलने की संभावना रहती है।

विवाह के लिए ग्रहों के शुभ स्थान भी बहुत महत्वपूर्ण होते हैं। ग्रह यदि केंद्र (1, 4, 7, 10 भाव) या त्रिकोण (1, 5, 9 भाव) में स्थित हों और वहां बलवान हों, तो वे विवाह और दांपत्य सुख को मजबूत करते हैं। उदाहरण के लिए, सप्तम भाव में स्थित बलवान और शुभ शुक्र विवाह जीवन को सौंदर्य, प्रेम और आकर्षण से भर देता है।

इसके साथ ही, विंशोपक बल ग्रहों की शक्ति का मापन करने का एक सटीक तरीका है, जो यह दर्शाता है कि ग्रह कितने प्रभावशाली हैं। यह बल ग्रह के पंचवर्गीय बलों (स्थान बल, दृष्टि बल, काल बल, दीप्ति बल, आदि) के माध्यम से मापा जाता है। विवाह की दृष्टि से शुक्र और गुरु का विंशोपक बल अधिक होना शुभ माना जाता है। यदि किसी कुंडली में शुक्र का विंशोपक बल उच्च हो और वह अनुकूल भाव में स्थित हो, तो वैवाहिक सुख निश्चित रूप से मिलता है।

उल्टा, यदि अशुभ ग्रह जैसे शनि, राहु या केतु का बल अधिक हो और वे सप्तम भाव या उसके स्वामी पर दृष्टि डाल रहे हों या उसमें स्थित हों, तो विवाह में देरी, मतभेद या बाधाएं उत्पन्न हो सकती हैं। वहीं, मंगल दोष भी विवाह में बाधा उत्पन्न कर सकता है, विशेषकर जब मंगल सप्तम, अष्टम या द्वादश भाव में स्थित हो। इस प्रकार, विवाह लग्न से ग्रहों की स्थिति, उनका बल (विशेष रूप से विंशोपक बल), और उनके शुभ या अशुभ स्थानों का विश्लेषण करके यह जाना जा सकता है कि विवाह कब होगा, कैसे जीवनसाथी मिलेगा और वैवाहिक जीवन में कितनी स्थिरता व संतुलन होगा। योग्य ज्योतिषी द्वारा की गई यह विवेचना व्यक्ति को विवाह संबंधी उचित निर्णय लेने में सहायक सिद्ध हो सकती है।

**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर**




# बाबा भूतनाथ मंदिर में अलौकिक व दिव्य अनुभूति का अहसास

**हिमाचल प्रदेश देवी-देवताओं और ऋषि-मुनियों की तपोभूमि रही है। हिमाचल की धौलाधार पर्वत शृंखला के मध्य बसे मंडी जिले में कई रमणीक, पवन-पवित्र स्थल हैं। समस्त मंडी शहर वास्तव में हरे भरे चीड़, देवदार के ऊंचे-ऊंचे पेड़, खेत-खलिहानों के अद्भुत दृश्यों से घिरा हुआ है। ब्यास नदी के इर्द-गिर्द मौज मस्ती और अठखेलियां करते बंदरों के झुंड पर्यटकों को आत्म विभोर कर देते हैं। मंडी का पुरातन तथा ऐतिहासिक बाबा भूतनाथ मंदिर अपने आप में विशेष महत्व रखता है। मंदिर भक्तों की आस्था का केंद्र है। भक्तों को बाबा भूतनाथ मंदिर में अलौकिक और दिव्य अनुभूति का अहसास होता है।**

## ब्यास नदी की कलकल धारा करती पर्यटकों को आत्मविभोर

**मंदिर** के ठीक नीचे ब्यास नदी की कलकल धारा अपनी सुंदरता के द्वारा पर्यटकों को आत्म विभोर करती है। वहीं, इस आकर्षित नदी के ऊपर बना कई सदियां पुराना लकड़ी का पैदल पुल जो मंडी राष्ट्रीय राजमार्ग तथा मंडी शहर के बीच अपना सामंजस्य बनाए हुए है। आज भी आकर्षण का केंद्र बिंदु बना हुआ है। भूतनाथ मंदिर के संदर्भ में कहा जाता है कि महाराजा अजब सेन ने 1526 में इस मंदिर का निर्माण करवाया था और तत्पश्चात यहां मांडवी नगरी बसाई। प्राचीनकाल में यहां पंडित रहा करते थे तथा उनके पास असंख्य गाएं थी। समस्त क्षेत्र में घने जंगल थे, जो अपनी प्राकृतिक सौंदर्य की छटा को समेटे हुए थे। जंगल होने के कारण यह लोग अपनी गऊओं को इस जंगल में चरने के लिए सुबह ही छोड़ देते थे, जो सूरज ढलने तक यह सभी वापस आ जाती थीं। अधिकांश गाएं दुधारु थीं, उनमें से एक काली गाय भी थी। कुछ समय से वह गाय दूध नहीं दे रहीं थी। इस कारण पंडित परेशान था। पंडित ने गाय के दूध न देने की वजह जननी चाही और वह उस गाय के पीछे निकल पड़ा। उसने देखा कि गाय ब्यास नदी में उतर गई। देखते ही देखते ब्यास नदी सूखने लगी और धीरे-धीरे सूख गई। पंडित हैरान हो गया और वह भी नदी में उतर गया तथा गाय को नदी पार करते देख उसके पीछे-पीछे चलता रहा। काली गाय एक घनी झाड़ियों के बीच एक बड़े पत्थर पर खड़ी हो गई और उसके थनों से अपने आप ही दूध की धारा बहने शुरू हो गई। जब यह गाय जैसे ही पीछे की ओर मुड़ी उसने पंडित को देख लिया। रहस्य खुल जाने के फलस्वरूप गाय जहां खड़ी थी, वहीं वह अदृश्य हो गई। पंडित ने चमत्कार को अपने अन्य साथियों तथा लोगों को बताया। यह खबर राजा अजबार सेन तक पहुंची। जब पत्थर की छानबीन हुई तो ज्ञात हुआ कि यह पत्थर कोई साधरण पत्थर नहीं था, बल्कि यह पत्थर शिवलिंग था और यही शिवलिंग गाय का प्रतिदिन सारा दूध पी जाता था। राजा सेन तथा लोगों ने नतमस्तक होकर प्रणाम किया और राजा सेन ने तत्काल इस जगह पर एक अलौकिक और अतीव सुंदर मंदिर का निर्माण करवाया।





*तुलसी राम डोगरा, पालमपुर*

● **सावन माह में भक्तजन खीर और प्रसाद करते अर्पित :** सावन महीने में भूतनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ता है। पिंडी रूपी शिवलिंग में भक्तजन दूध की खीर और प्रसाद अर्पित करते हैं और श्रद्धालुओं को वितरित करते हैं। यह पूरे महीने चढ़ाने की परंपरा बनी हुई है। भूतनाथ मंदिर में महादेव के प्रति आस्था रखने वाले श्रद्धालुओं की अपार भीड़ लगी रहती है।

● **भक्तजनों की होती हर मनोकामना पूरीः** भगवान शिव के प्रति आस्था रखने वाले भक्तजनों की सभी मनोकामनाएं यहां पूर्ण हो जाती है। दूसरी ओर शिवरात्रि के समय मंडी में प्रतिवर्ष काफी बड़े मेले का आयोजन किया जाता है, जोकि कई दिनों तक लगा रहता है। यह मेला अंतरराष्ट्रीय स्तर ख्याति प्राप्त है। सांस्कृतिक संध्याओं का आयोजन भी किया जाता है। जिला मंडी छोटी काशी के नाम से प्रचलित है। प्रदेश आए तो मंडी नगरी यानी की छोटी काशी को देखना न भूलें।

# लग्नेश से अष्टमाधिपत्य दोष का निराकरण



**ज्योतिष** शास्त्र में अष्टम भाव को प्रायः अशुभ माना गया है और इसके स्वामी को दोषयुक्त ग्रह माना जाता है, परंतु कुछ विशेष लग्नों के संदर्भ में यह नियम पूरी तरह लागू नहीं होता। उदाहरणस्वरूप, तुला लग्न और मेष लग्न में अष्टम भाव के स्वामी का दोष नहीं माना जाता। इसी प्रकार वृषभ लग्न और वृश्चिक लग्न में षष्ठ भाव के स्वामी को भी दोषयुक्त नहीं कहा जाता, क्योंकि इन चारों लग्नों में अष्टमेश या षष्ठेश वही ग्रह होता है जो लग्न का भी स्वामी होता है। अर्थात जब लग्नेश ही अष्टमेश या षष्ठेश बनता है, तब वह अपने ही दोषों का निराकरण करता है।

यह भी महत्वपूर्ण तथ्य है कि अष्टमाधिपत्य का दोष षष्ठाधिपत्य अथवा केंद्रेश दोष से कहीं अधिक पापप्रद माना गया है। अतः जब अष्टमेश का दोष भी लग्नेश द्वारा समाप्त हो सकता है, तो षष्ठेशत्व अथवा केंद्रेशत्व का दोष भी निश्चित रूप से समाप्त हो सकता है। यह सिद्धांत विशेषतः उन ग्रहों पर लागू होता है, जो एक साथ केंद्र और त्रिकोण के स्वामी होते हैं। ऐसे ग्रह योगकारक कहलाते हैं और अत्यंत शुभ फलदायक होते हैं।

विशेष ध्यान देने योग्य बात यह है कि केवल लग्नेश ही अष्टमेशत्व के दोष का परिहार कर सकता है। यदि कोई त्रिकोणेश ग्रह अष्टमेश हो जाए, तो वह यह दोष समाप्त नहीं कर सकता। इसका कारण यह है कि त्रिकोण का स्वामी शुभ ग्रह होता है, परंतु जब वह अष्टम भाव का भी स्वामी बनता है, तो उसके शुभत्व में कमी आ जाती है। इसके विपरीत, लग्नेश चाहे अष्टमेश ही क्यों न हो, वह अपनी मूल प्रकृति के कारण उस दोष को स्वतः समाप्त कर देता है और शुभ फल देता है। अतः ज्योतिषीय दृष्टिकोण से यह निष्कर्ष निकलता है कि यदि कोई ग्रह लग्नेश है, भले ही वह अष्टमेश या षष्ठेश क्यों न हो, तब भी वह दोषरहित रहता है और जातक के जीवन में सकारात्मक प्रभाव डालता है। यह सिद्धांत चार विशेष लग्नों-मेष, तुला, वृषभ और वृश्चिक-के लिए अत्यंत उपयोगी और निर्णायक माना गया है।

**-विभा शर्मा, ज्योतिर्विद**

## न्यूज ब्रीफ

### 26 से पहले करें बिजली बिल का भुगतान

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** विद्युत उपमंडल डरोह के तहत आने वाले जिन उपभोक्ताओं ने अभी तक अपने बकाया बिजली बिल का भुगतान नहीं किया है, वे 26 जुलाई से पहले अपने बकाया बिजली बिल का भुगतान कर दें। बिजली बिल का भुगतान ऑनलाइन माध्यम एचपीएसईबीएल ऐप, पेटीएम, एयरटेल ऐप, फोन पे एवं अमाजोन डॉट इन से भी कर सकते हैं। बिजली बिल का भुगतान न करने की स्थिति में बिना किसी आगामी सूचना के बिजली का कनेक्शन अस्थायी रूप से काट दिया जाएगा। यह जानकारी इंजीनियर सुभाष कुमार सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल डरोह ने दी है।

### जवाली के ज्योतिषी पंडित विपन शर्मा सम्मानित



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** होटल धौलाधार धर्मशाला में रविवार को अखिल भारतीय सरस्वती ज्योतिष मंच की ओर से 74वां ज्योतिष सम्मेलन आयोजित किया गया। इसमें देश के प्रसिद्ध ज्योतिषियों ने उपस्थिति दर्ज करवाई। इसमें प्रमुख ज्योतिषी जय प्रकाश शर्मा लाल धागे वाले (मुंबई), जीडी वशिष्ठ (दिल्ली) आचार्य अनिल वत्स, कैप्टन लेखराज शर्मा, अक्षय शर्मा, अरुण बंसल (फ्यूचर प्वाइंट दिल्ली) मीनू शर्मा (दिल्ली), गीतांजलि शर्मा (चंडीगढ़) आदि ने भाग लिया और ज्योतिषीय शोध और विचार प्रकट किए। राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित राजीव शर्मा, जीडी वशिष्ठ, जय प्रकाश शर्मा ने जवाली के ज्योतिषी पंडित विपन शर्मा को ज्योतिष क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने के लिए नक्षत्र अवॉर्ड का प्रशस्ति पत्र, दो स्मृति चिन्ह व पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया।

### शांतला पंचायत में 32 मरीजों का स्वास्थ्य जांचा

**अनंत ज्ञान, गरली।** सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा टीम की ओर से सोमवार को शांतला पंचायत में मेडिकल ऑफिसर डॉ. विजय जरियाल के नेतृत्व में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 32 मरीजों की जांच की गई, जिनमें से 30 मरीजों के लैब टेस्ट किए गए। परीक्षण के दौरान 5 हड्डी रोग, 3 मधुमेह (शुगर), 2 उच्च रक्तचाप (बीपी) और 1 स्त्री रोग से संबंधित मरीजों की पहचान हुई, जबकि 21 सामान्य रोगों से पीड़ित मरीज भी सामने आए। इस मौके पर पंचायत प्रधान मुनीश धीमान, उपप्रधान राहुल कुमार, बीडीसी सदस्य प्रवीण कुमार, हैप्पी राणा, अनीश राणा, तिलक राज सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### पशुपालकों को बांटी दवाएं व पोषण सामग्री

**अजय पाल, अनंत ज्ञान पालमपुर।** चौधरी सरवण कुमार कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर के पशु चिकित्सा विकृति विज्ञान विभाग की ओर से 'अनुसूचित जाति समुदाय में पशुधन एवं अश्व आबादी के वैज्ञानिक हस्तक्षेप द्वारा संवर्धन' विषय पर पशु स्वास्थ्य एवं जागरूकता शिविर का आयोजन कृषि विज्ञान केंद्र मंडी के सहयोग से किया गया। शिविर का नेतृत्व विभागाध्यक्ष डॉ. आरके असरानी एवं परियोजना प्रमुख अन्वेषक डॉ. राकेश कुमार द्वारा किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य अनुसूचित जाति समुदाय के पशुपालकों को वैज्ञानिक पद्धतियों से पशुधन, विशेषकर अश्व एवं दुग्ध पशुओं के पालन, स्वास्थ्य एवं पोषण प्रबंधन के बारे में जागरूक करना रहा। चयनित प्रगतिशील पशुपालकों को आवश्यक दवाइयां, कृमिनाशक दवाएं तथा पोषण सामग्री निःशुल्क वितरित की गई। कुलपति प्रो. नवीन कुमार ने आयोजकों के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम में केवीके मंडी की पशु चिकित्सा वैज्ञानिक डॉ. बृज वनीता की विशेष भूमिका रही। उन्होंने क्षेत्रीय पशुपालकों को स्थानीय जलवायु एवं परिस्थितियों के अनुसार वैज्ञानिक पशुपालन के महत्व को समझाया और पोषण, टीकाकरण व सफाई जैसे विषयों पर जानकारी दी।

### जलशक्ति विभाग के रेस्ट हाउस के एसी में ब्लास्ट

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** उपमंडल जवाली के अधीन नक्की में जल शक्ति विभाग जवाली के विश्रामगृह में सोमवार सुबह वीआईपी कमरा नंबर-एक के एसी में ब्लास्ट हो गया। विश्रामगृह में कोई भी नहीं ठहरा हुआ था तथा चौकीदार ही ड्यूटी पर था। चौकीदार ने बताया कि घमाका होने के बाद धुआं ही धुआं निकलते देख ऊपर गया तो कमरा धुआं से भरा हुआ था। इसकी सूचना विभागीय सहायक अभियंता पवन कौंडल व जेई को दी गई। जेई ने अग्निशमन विभाग को सूचित किया तथा अग्निशमन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। सहायक अभियंता पवन कौंडल ने बताया कि आसमानी बिजली के कारण एसी में ब्लास्टिंग हुई है। बिजली की वायरिंग चैक करवाई गई है, जिसमें कोई भी खराबी नहीं पाई गई है।

### गोहजू में जांचा 464 विद्यार्थियों का स्वास्थ्य

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** विकास खंड रैत के केंद्रीय विद्यालय गोहजू में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 464 विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की जांच की। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर कविता ठाकुर ने बताया कि यह टीम विद्यालयों में जाकर बच्चों के स्वास्थ्य की जांच करती है। बच्चों में गंभीर बीमारी पाए जाने पर इनका इलाज सरकारी अस्पताल में निःशुल्क किया जाता है। शिविर में मलेरिया तथा डायरिया की जांच की गई। कैंप के आयोजन में डॉक्टर विशाल पठानिया, डॉक्टर डोलीमा, अंकुश तथा रितु बालीया ने बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की। डॉ. विशाल ने विद्यार्थियों को स्वस्थ रहने के टिप्स दिए।

### पठानकोट में 45.1 ग्राम हेरोइन के साथ 2 गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, पठानकोट।** पठानकोट पुलिस ने अबरोल नगर पुल पर नाके दो लोगों को 45.1 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस एसपी मनोज ठाकुर ने बताया कि रविवार को लगाए नाके के दौरान दो राहगीरों को रोका गया। जब उनकी तलाशी ली तो उनके पास से 45.1 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। एक आरोपी ने कबूल किया कि शहर में 2025 में हुई सभी झपटमारी की घटनाओं को उसने अपने एक साथी के साथ मिलकर अंजाम दिया था, जो अभी भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। आरोपियों की पहचान एंथनी उर्फ साहिल पुत्र लकी सराय मोहल्ला पठानकोट और विशाल कुमार उर्फ विशु पुत्र विजय कुमार निवासी नजदीक किराना स्टोर सुंदरनगर पठानकोट के रूप में हुई है।

### दुष्कर्म का आरोपी तीन दिन के पुलिस रिमांड पर

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** पर्यटन नगरी मैक्लोडगंज के साथ लगते क्षेत्र में घूमने आई बाहरी राज्य की पर्यटक युवती द्वारा बीते दिवस एक व्यक्ति पर लगाए गए दुष्कर्म के आरोप के तहत गिरफ्तार आरोपी को सोमवार कोर्ट में पेश किया गया है। जहां से आरोपी को तीन दिन का पुलिस रिमांड मिला है। साथ ही पुलिस द्वारा इस मामले में हर पहलू की गहन जांच की जा रही है। एएसपी आदिति सिंह ने बताया कि बाहरी राज्य की पर्यटक युवती द्वारा एक व्यक्ति पर लगाए गए दुष्कर्म के आरोप के तहत गिरफ्तार किए गए आरोपी को सोमवार कोर्ट में पेश किया गया है। उसे तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है।

## भारी बारिश से डांगूपीर-माजरा मार्ग क्षतिग्रस्त

### विधायक मलेंद्र राजन ने लिया जायजा, सड़क आवाजाही के लिए बंद

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**



अधिकारियों के साथ जायजा लेते विधायक मलेंद्र राजन।

**इंदौरा।** भारी बारिश के चलते पठानकोट डांगूपीर-माजरा सड़क पर रेलवे ब्रिज को खतरा मंडरा गया है। वहीं, चक्की ब्रिज पर रेलवे ब्रिज के निर्माण में लगी एक मशीन चक्की के तेज प्रभाव में बह गई।

डांगूपीर-माजरा मार्ग जो दो पंचायत के लिए एकमात्र ही रास्ता है, वह क्षतिग्रस्त हो गया, जिसे सुरक्षा की दृष्टि से विभाग की ओर से बंद कर दिया गया है। वहीं, विधायक मलेंद्र राजन, एसडीएम डॉ. सुरिंद्र ठाकुर, तहसीलदार, लोक निर्माण विभाग के कर्मचारी व पुलिस अधिकारी तथा रेलवे के उच्च अधिकारी ने स्थिति का जायजा लिया। इसके बाद इस रास्ते को आवाजाही के लिए बंद कर दिया है। पिछले 3 साल पहले भी यह रास्ता बंद होने के कारण मिलिट्री हॉस्पिटल के बीच में से रास्ता निकाल कर लोगों की आवाजाही के लिए इसे खोल दिया गया था। उधर, डीसी कांगड़ा से बात की और बताया कि विद्यार्थी इसी रास्ते से स्कूल पढ़ने जाते हैं, उनकी पढ़ाई बाधित न हो, उसके लिए वैकल्प रास्ता खोलने की मांग की है। वहीं, रेलवे अधिकारियों द्वारा मौके का जायजा लिया और बताया कि अभी रेलवे ब्रिज को कोई भी खतरा नहीं है।

## तेजी से बढ़ रहा पौंग बांध का जलस्तर, समाने लगी धरोहरें

**रविंद्र चौधरी, अनंत ज्ञान**



**फतेहपुर।** पौंग बांध का जलस्तर सोमवार को 1330.50 फुट रिकॉर्ड हुआ। पौंग झील में 27374 क्यूसिक पानी आ रहा है, जबकि 17315 क्यूसिक पानी छोड़ा जा रहा है। 20 जुलाई को झील का जलस्तर 1330.24 फुट रिकॉर्ड किया गया था। सोमवार को देहर खड्ड, बूहल खड्ड, देहरी खड्ड में जलस्तर काफी उफान पर रहा।

> जलस्तर 1330.50 फुट रिकॉर्ड

पौंग झील में 1410 फुट तक पानी स्टोर करने की क्षमता है, जबकि 1390 फुट के निशान पहुंचते ही पानी को छोड़ने शुरू कर दिया जाता है। वहीं, पौंग झील के मध्य पांडवों द्वारा अज्ञातवास के दौरान स्वर्ग जाने के लिए निर्मित की गई बाथू दी लड़ी झील का जलस्तर कम होने पर चार महीने पर्यटकों की आस्था का केंद्र बनी रही, लेकिन अब झील का जलस्तर बढ़ने के साथ ही झील के गहरे पानी में समाने शुरू हो गई है। झील के बढ़ते जलस्तर ने बाथू दी लड़ी को चारों तरफ से घेर लिया है और बाथू दी लड़ी का परिसर व मंदिर आधे-आधे पानी में समा गए हैं। जिस गति से झील का जलस्तर बढ़ रहा है, उस लिहाज से 15-20 दिनों में यह स्थल पानी में समा जाएगा। मौजूदा समय में पौंग झील का जलस्तर 1330.50 फुट पहुंच चुका है।

## हैप्पी बर्थडे



ढारू (नगरोटा बगवां) के आयान को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

## भागसूनाग मंदिर की दुकानों का बढ़ेगा किराया

### लोक निर्माण विभाग से करवाई जाएगी रेंट असेस्मेंट, नगर निगम के माध्यम से होंगे मंदिर के विकास कार्य

**राजेश कुमार, अनंत ज्ञान**

**धर्मशाला।** पर्यटन नगरी मैक्लोडगंज के साथ लगते भागसूनाग मंदिर की दुकानों का किराया बढ़ाने की कवायद शुरू हो चुकी है। इसके लिए लोक निर्माण विभाग से दुकानों की रेंट असेस्मेंट करवाई जाएगी।

अभी दुकानों का किराया क्षेत्र के हिसाब से बहुत कम है। यही नहीं भागसूनाग मंदिर के विकास कार्यों को अब नगर निगम के माध्यम से अंजाम दिया जाएगा। यह फैसला हाल ही में भागसूनाग मंदिर की आयोजित बैठक में लिया गया है। जानकारी के अनुसार भागसूनाग मंदिर की 30 के करीब दुकानें हैं, जो कि किराए पर दी गई हैं, जिनका किराया बहुत कम है। इस पर लोक निर्माण विभाग से भागसूनाग मंदिर की दुकानों की रेंट असेस्मेंट कर क्षेत्र में दुकान रेंट क्या चल रहा है, इसकी जानकारी देने का आग्रह किया है। इससे मंदिर प्रशासन उस आधार पर किराए को रिवाइज कर सके।

#### अलॉट दुकानों को आगे सबलेट दिया

**मंदिर** प्रशासन की मानें तो यह भी पाया गया है कि कुछ लोगों को अलॉट हुई दुकानों को आगे सबलेट किया गया है। ऐसे में जरूरी है कि प्राइम लोकेशन पर स्थित इन दुकानों के किराए में बढ़ोतरी की जाए। लोक निर्माण विभाग द्वारा रेंट असेस्मेंट प्रक्रिया पूरी होने के साथ ही फिर से मंदिर ट्रस्ट की बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें किराया बढ़ोतरी को लेकर निर्णय लिया जाएगा। यही नहीं भागसूनाग मंदिर के विकास कार्य जो कि कुछ समय पहले आधे-अधूरे छोड़ दिए गए हैं या फिर नए विकास कार्य होने हैं, उन्हें नगर निगम धर्मशाला के माध्यम से पूरा करवाया जाएगा।

> **भागसूनाग** मंदिर ट्रस्ट की बैठक में मंदिर की दुकानों कर रेंट असेस्मेंट करवाने का निर्णय लिया गया है, जिसके लिए लोक निर्माण विभाग को कहा गया है। असेस्मेंट उपरांत पुनः बैठक आयोजित रेंट बढ़ाने बारे निर्णय लिया जाएगा। यही नहीं मंदिर के जो कार्य अधूरे हैं और नए जो विकास कार्य होने हैं, उन्हें नगर निगम के माध्यम से करवाया जाएगा।
>
> **-मोहित रत्न, एसडीएम धर्मशाला।**

## पेंशनर्स भेजें अपने लाइफ टाइम एरियर के केस : कृष्ण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला कांगड़ा पेंशनर संघ के जिला प्रधान कृष्ण सरूप शर्मा ने जिलेभर के पेंशनर्स से अपने लाइफ टाइम एरियर के केस भेजने की बात कही है। उन्होंने कहा कि संघ की जिला व ब्लॉक कार्यकारिणियों द्वारा पेंशनर्स के हित में कार्य किए जा रहे हैं तथा उनकी समस्याओं के समाधान के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने संघ के समस्त खंड प्रधानों से आग्रह किया कि उनके खंडों में जो लाइफ टाइम एरियर के केस हैं, जिन पेंशनरों को 65 वर्ष, 70 वर्ष, 75 वर्ष, 80 वर्ष का लाभ नहीं मिला है, उनके केस विभाग को भिजवाएं, ताकि उनको भी इस का तुरंत लाभ मिल सके। उन्होंने प्रदेश के महालेखाकार आग्रह किया है कि जिन पेंशनरों को जो 2016 से पहले सेवानिवृत्त हुए हैं, उनके पेंशन संशोधन के केस जल्द हल किए जाएं, ताकि उनको संशोधित पेंशन का लाभ मिल सके।

## दो वर्ष बाद पुनः दक्षता परीक्षा लेने का विरोध

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश अनइंप्लॉयड यूथ फेडरेशन के राज्य संयोजक श्रेय अवस्थी ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को एक पत्र लिखकर हाल ही में लाई गई दो वर्षों के पश्चात दक्षता परीक्षा द्वारा नियमितीकरण की नीति का विरोध किया है। उन्होंने इसे प्रदेश के युवाओं के साथ विश्वासघात करार दिया है। श्रेय ने कहा कि प्रदेश में वैसे ही सरकारी भर्तियों की गति अत्यंत धीमी है। बीते तीन वर्षों में या तो आयोग का गठन न हो पाने, या चयन प्रक्रिया में निजी कंपनियों से करार न होने जैसे कारणों से युवाओं को बार-बार निराश होना पड़ा है। अब सरकार द्वारा नियुक्ति के दो वर्ष बाद पुनः दक्षता परीक्षा लेने की शर्त ने युवाओं के मनोबल को पूरी तरह तोड़ दिया है। उन्होंने सरकार से इस निर्णय को वापस लेने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने इस फैसले को रद्द नहीं किया, तो प्रदेश का युवा सड़कों पर उतरकर इसका विरोध करेगा।

## आलंग महादेव में श्री गणेश की मूर्ति स्थापित



**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** सावन माह के पहले सोमवार पर पंचरुखी के लदोह में आलंग महादेव, शकुंतलम आश्रम में टिककर के रहने वाले अरुण शर्मा ने परिवार सहित भगवान श्री गणेश जी की मूर्ति की स्थापना की। आलंग महादेव, शकुंतलम आश्रम समिति के प्रधान अमन राणा ने बताया कि सावन के पहले सोमवार को भारी संख्या क्षेत्र के लोगों ने मंदिर में शीश नवाया व पूजा-अर्चना की। राणा ने मंदिर निर्माण में सहयोग देने के लिए सभी लोगों का धन्यवाद किया। इस मौके पर समस्त गांववासी बा कमेटी के सदस्य उपस्थित रहे।

## आपदा पीड़ितों को बांटी राहत सामाग्री



**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** राजपूत सभा फतेहपुर ने मंडी जिले के आपदा ग्रस्त क्षेत्र सराज के लिए दो वाहनों में राहत सामग्री भेजी है, जो वहां पहुंच गई है। तहसीलदार फतेहपुर दीपक शर्मा ने रेस्ट हाउस फतेहपुर से वाहनों को रवाना किया था। राजपूत सभा के प्रधान राघव पठानिया, सचिव एवं देव भूमि स्वर्ण संगठन के महासचिव बलजीत राणा, अजय जम्वाल ने बताया कि सराज में आई आपदा से प्रभावित लोगों के लिए दो वाहनों में कुछ जरूरत की वस्तुएं एवं नकदी भेजी थी, जिसे थुनाग के डेजी गांव में प्रभावित लोगों को राहत सामग्री बांटी गई।

## धर्मशाला-इंद्रुनाग मार्ग पर भूस्खलन, सवा घंटे में बहाल



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिलेभर में रविवार रात से जारी बारिश के कारण सोमवार सुबह जिला मुख्यालय धर्मशाला के समीप इंद्रुनाग मार्ग भूस्खलन के कारण बंद हो गया। इससे वाहन चालकों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सूचना मिलते ही एसडीएम ने एक्सईएन लोक निर्माण विभाग को भूस्खलन के कारण बंद हुए इंद्रुनाग मार्ग को बहाल करने को कहा, जिस पर एक्सईएन ने श्रमिकों व जेसीबी भेजकर मार्ग को सवा एक घंटे में बहाल करवा दिया।

> **सुबह** साढ़े आठ बजे के करीब सूचना मिली थी कि भारी बारिश के कारण इंद्रुनाग मार्ग बंद हो गया है। एक्सईएन लोक निर्माण विभाग को सूचित किया गया था। विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सवा घंटे में ही मलबे को हटाकर मार्ग को बहाल कर दिया गया था।
>
> **-मोहित रत्न, एसडीएम, धर्मशाला**

## मोबाइल कंपनी को 9 फीसदी ब्याज सहित लौटाने होंगे 28 हजार रुपए

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**जिला** उपभोक्ता आयोग धर्मशाला के अध्यक्ष हेमांशु मिश्रा, सदस्य आरती सूद और नारायण ठाकुर की अदालत ने सविता निवासी अंद्रेटा, सब तहसील पंचरुखी की शिकायत पर अहम फैसला सुनाया है। नए मोबाइल फोन खरीदने के कुछ दिनों बाद ही तकनीकी खराबी आने और मरम्मत के बाद भी ठीक न होने पर मोबाइल कंपनी को 9 फीसदी ब्याज सहित 28 हजार रुपए फोन की कीमत लौटानी होगी। साथ ही कंपनी को 10 हजार रुपए मुआवजा और 7,500 रुपए मुकद्दमा फीस भी ग्राहक को देनी होगी।

> ग्राहक को मुआवजा व मुकद्दमा फीस का भी करना होगा भुगतान

आयोग के समक्ष शिकायतकर्ता ने कहा था कि उन्होंने पालमपुर स्थित एक दुकान से वनप्लस नॉर्ड सीई3-5जी मोबाइल फोन 12 मार्च को 28,000 रुपए में खरीदा था। फोन खरीदने के कुछ दिनों के भीतर ही में खराबी आ गई। फोन बीच-बीच में हैंग होने लगा और उसके बाद अपने आप बंद होने लगा। इसके बाद वह दुकानदार के पास गई और फोन में आई खराबी पर इसकी मरम्मत अथवा इसे बदलने अथवा राशि वापस करने का अनुरोध किया। दुकानदार ने फोन को कांगड़ा स्थित कंपनी के अधिकृत सर्विस सेंटर में दिखाने की बात कही। इस पर शिकायतकर्ता अपने पति अनुज राणा के साथ 29 मार्च, 2024 को गई और फोन की खराबी बारे बताया। सर्विस सेंटर में फोन की मरम्मत की और कहा कि अब कोई समस्या नहीं होगी। बावजूद इसके मोबाइल फोन में अगले दिन से वही समस्या आने लगी। इस पर ग्राहक ने जिला उपभोक्ता आयोग के समक्ष शिकायत दर्ज करवाई। आयोग ने सभी तथ्यों को जांचने के बाद उपभोक्ता के पक्ष में फैसला सुनाया।

## मंदिरों में शिव भक्तों का उमड़ा जनसैलाब



**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** सावन के दूसरे सोमवार को कुंजेश्वर महादेव मंदिर लंबागांव व नाग नगुहली मंदिर हलेड़ में शिव भक्तों का जनसैलाब उमड़ा। श्रद्धालुओं ने गंगाजल, बेलपत्र, धतूरा, फूल और फल लेकर मंदिर पहुंचे और शिवलिंग पर जलाभिषेक किया।

## विद्यार्थियों को बताए नशे के दुष्परिणाम

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** कंवर दुर्गा चंद राजकीय महाविद्यालय जयसिंहपुर में 'ड्रग एब्यूज, एंटी रैगिंग लॉज एवं पर्यावरण संरक्षण कानूनों पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य वक्ता सिविल कोर्ट जयसिंहपुर की न्यायाधीश निकिता ताहिम ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को मादक पदार्थों के दुष्परिणाम, रैगिंग की विधिक रोकथाम तथा पर्यावरणीय जिम्मेदारियों के प्रति सचेत करना रहा। एडवोकेट अरुण चौधरी ने छात्रों को मादक पदार्थों के सेवन के दुष्परिणामों एवं उसके सामाजिक प्रभावों के बारे में जानकारी दी।

## बाढ़ में फंसे पंप हाउस ऑपरेटर का रेस्क्यू

**भूषण शर्मा, अनंत ज्ञान, नूरपुर।** एनडीआरएफ ने चक्की नाला (जब्बर खड्ड) जसूर (बोड़) के समीप स्थित श्मशानघाट क्षेत्र में आईपीएच पंप हाउस ऑपरेटर, जो पंप हाउस के अंदर फंस गया था, उसका सुरक्षित रेस्क्यू किया। लगातार हो रही वर्षा के कारण खड्ड का जलस्तर अत्यधिक बढ़ गया था, जिससे वह फंस गया था।

## आशवी धीमान को महात्मा गांधी पर्सनेलिटी ऑफ द ईयर अवॉर्ड

**अजय पाल, अनंत ज्ञान**




**पालमपुर।** उपमंडल पालमपुर के पंचरुखी की आशवी धीमान ने एक और अवॉर्ड अपने नाम किया है। फेमस पीपल इंडिया बर्ड संस्था ने आशवी को महात्मा गांधी पर्सनेलिटी ऑफ द ईयर अवॉर्ड 2025 से सम्मानित किया है।

आशवी अब तक 13 महीनों में 66 अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय अवॉर्ड अपने नाम कर चुकी है। महज सात साल की आशवी ने अपनी पहाड़ी संस्कृति को प्रमोट करने और उसे आगे बढ़ावा देने के लिए पहाड़ी डांस और मॉडलिंग के माध्यम से अपनी पहाड़ी संस्कृति को प्रमोट करती है। आशवी हिमाचल, दिल्ली, नोएडा, जयपुर, हरियाणा, पंजाब व चंडीगढ़ के मंचों पर भी अपनी प्रतिभा दिखा चुकी है। आशवी को 15 अगस्त को दिल्ली में वाय एसएस फाउंडेशन संस्था द्वारा राष्ट्रीय गौरव पुरस्कार 2025 से भी सम्मानित किया जाएगा। आशवी के माता-पिता ने बेटी को इतना बड़ा सम्मान देने के लिए फेमस पीपल इंडिया वर्ल्ड संस्था के संस्थापक राजेश पांडा और उनकी सारी टीम का धन्यवाद किया है।

## चेन स्नेचर छह महिलाओं को धीरा और ठाकुरद्वारा में दबोचा



धीरा और ठाकुरद्वारा में गिरफ्तार महिलाएं।

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान**

**डरोह।** बैजनाथ महाकाल से भागी चेन स्नेचर महिलाओं को भवारना पुलिस ने धीरा और ठाकुरद्वारा में दबोच लिया है। लुधियाना, संगरूर, नाभा, पटियाला आदि शहरों की रहने वाली ये महिलाएं बैजनाथ महाकाल मंदिर में किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में थीं।

पुलिस को इन महिलाओं पर शक हुआ, तभी ये महिलाएं पुलिस को चकमा देकर दो गाड़ियों में भागने लगीं। पुलिस ने क्षेत्र के सभी थानों को सूचना दी। सूचना मिलने पर भवारना थाना के प्रभारी गुरदेव सिंह ने धीरा और थुरल चौकी को चौकस रहने के लिए कहा। पुलिस ने एक गाड़ी को ठाकुरद्वारा में पकड़ा और दूसरी गाड़ी को धीरा में पकड़ा। धीरा में 4 और ठाकुरद्वारा में 2 महिलाओं पकड़ा गया। एसएचओ गुरदेव सिंह ने बताया कि भवारना पुलिस ने 6 महिलाओं को पकड़कर बैजनाथ पुलिस के हवाले कर दिया।

## 'जॉब ट्रेनिंग' योजना लाकर युवाओं से खिलवाड़: नैंसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की प्रदेश मंत्री नैंसी अटल ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा लागू की जा रही नई भर्ती नीति का कड़ा विरोध करती है। प्रदेश सरकार ने सत्ता में आने से पहले युवाओं से एक लाख सरकारी नौकरियों का वादा किया था, लेकिन अब स्थायी नियुक्तियों की जगह 'जॉब ट्रेनिंग' योजना लाकर युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। नई नीति के तहत युवाओं को पहले दो वर्षों तक केवल ट्रेनिंग पर रखा जाएगा, जहां उन्हें नियमित कर्मचारी का दर्जा नहीं मिलेगा। उन्हें न तो सीएसएस, सीसीएस, लीव और पेंशन नियमों का लाभ मिलेगा और न ही वे सरकारी कर्मचारी माने जाएंगे। दो साल बाद भी उन्हें नियमित होने के लिए फिर से परीक्षा पास करनी होगी। यह नीति न केवल युवाओं के साथ अन्याय है, बल्कि उनके आत्मसम्मान पर भी चोट करती है।

## पैराग्लाइडिंग हादसा: पर्यटक ने जताई थी हाई फ्लाइंग की इच्छा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**जिला** मुख्यालय के समीप वनगोटू की अननोटिफाइड पैराग्लाइडिंग हादसे में अहम खुलासे हुए हैं।

अनंत ज्ञान फॉलोअप

पायलट ने अपने बयान में माना कि गुजरात के पर्यटक ने ही हाई फ्लाइंग की इच्छा जताई थी। वहीं, दूसरी तरफ उस दिन 13 जुलाई को मौसम खराब होने के चलते इंद्रूनाग पैराग्लाइडिंग साइट पर तैनात मार्शलस ने फ्लाई न करने के निर्देश सोशल मीडिया ग्रुप के माध्यम से दिए थे, लेकिन पायलट ने अननोटिफाइड साइट से उड़ान भरने के साथ मार्शलस के निर्देशों की अवहेलना की। पैराग्लाइडिंग हादसे की मजिस्ट्रेट जांच रिपोर्ट कमेटी के चेयरमैन तहसीलदार धर्मशाला ने एसडीएम को सौंप दी है, जिसे डीसी कांगड़ा और पर्यटन विभाग को भेज दिया गया है। गौरतलब है कि 13 जुलाई को वनगोटू में अननोटिफाइड साइट पर पैराग्लाइडिंग हादसे में गुजरात के पर्यटक की मौत हो गई थी। इसके बाद 14 जुलाई को इसमें पर्यटन विभाग द्वारा संबंधित पायलट-ऑपरेटर को नोटिस जारी किया गया था। इसके बाद उपरोक्त स्थान पर हुए पैराग्लाइडिंग हादसे की मजिस्ट्रेट जांच को लेकर तहसीलदार धर्मशाला की अध्यक्षता में गठित टीम ने घटनास्थल का दौरा किया था।

> मार्शल ने खराब मौसम का हवाला देकर दिए थे फ्लाई न करने के निर्देश

> **पायलट** ने बयान में माना है कि जिस गुजरात के पर्यटक ने उनसे हाई फ्लाइंग करने की इच्छा जताई थी। इस कारण पायलट गुजरात के पर्यटक को हाई फ्लाइंग के लिए इंद्रूनाग के बजाय वनगोटू साइट पर लेकर गया था। इंद्रूनाग साइट पर तैनात मार्शलस ने भी मौसम खराब होने का हवाला देते हुए अपने सोशल मीडिया ग्रुपस में निर्देश दिए थे कि फ्लाई नहीं करना है। अनाधिकृत साइट से उड़ान और खराब मौसम के बावजूद उड़ान भरकर पायलट ने निर्देशों की अवहेलना की है, जिस पर पायलट के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।
>
> **-मोहित रत्न, एसडीएम धर्मशाला।**

## अनुबंध कार्यकाल पेंशन के लिए नहीं गिनना कर्मचारियों से धोखा: राजिंद्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**नई** पेंशन स्कीम कर्मचारी महासंघ के कांगड़ा जिला प्रधान राजिंद्र मन्हास ने प्रेस बयान में कहा कि शिक्षा विभाग के एक जून, 2025 द्वारा जारी पत्र पर नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि इस पत्र में अनुबंध कार्यकाल की पेंशन के गणना करने से साफ मना किया है, जबकि इस बारे में पहले भी मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा था कि अनुबंध कार्यकाल को पेंशन के लिए गिना जाता रहा है। इस पत्र से सैकड़ों पेंशन केस विभाग द्वारा अब ठंडे बस्ते में डाल दिए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि यह तब किया गया है जब सैकड़ों कर्मचारी एनपीएस का सरकारी अनुदान का लाखों रुपया ट्रेजरी में पेंशन के लिए जमा करवा चुके हैं। सरकार ने नया एक्ट जो अनुंबंध के विरोध में लाया है, उसमें कहीं भी पेंशन लाभ नहीं देने का जिक्र तक नहीं है, फिर भी अधिकारी पत्र-पत्र खेल कर कर्मचारियों के हितों को लगातार लटका रहे हैं, जो बहुत खेदजनक है। उन्होंने कहा कि जल्द महासंघ मुख्यमंत्री से मिलेगा कि अनुबंध कार्यकाल की गणना पेंशन के लिए हो सके, उसके लिए स्पष्ट आदेश वित्त विभाग को जारी करें।

### नामदेव महासभा की प्रदेश कार्यकारिणी निर्विरोध निर्वाचित

## अंजन केशव प्रदेशाध्यक्ष, अनिल महासचिव

**सालबिया शर्मा, अनंत ज्ञान**

**गरली।** नामदेव समाज महासभा की राज्य कार्यकारिणी का अधिवेशन रविवार को होटल पार्थ देहरा रोड ज्वालामुखी में हुआ। प्रदेश की नई कार्यकारिणी का चुनाव किया गया। अंजन केशव को सर्वसम्मति से तीन वर्षों (2025-2028) के लिए प्रदेशाध्यक्ष चुना गया। वर्तमान कार्यकारिणी का कार्यकाल 31 जुलाई को समाप्त हो रहा है। चुनाव अधिकारी सतीश कुमार भारद्वाज ने बताया कि नामांकन प्रक्रिया के दौरान सभी पदों के लिए केवल एक-एक नामांकन प्राप्त हुआ, जिससे सभी प्रत्याशियों को निर्विरोध विजयी घोषित किया गया।

कार्यकारिणी में अनिल कुमार को महासचिव, सतिंदर भूषण को खजांची तथा विकास कश्यप को प्रेस सचिव, उपाध्यक्ष पद पर पुनीत, सुरेंद्र वर्मा और चांदरानी को चुना गया। इसके अलावा अशोक कुमार, अनिल राठौर और श्रेष्ठा देवी को संयुक्त सचिव बनाया गया। संगठन सचिव पद पर मदनलाल तथा कानूनी सलाहकार पद पर रविंदर राठौर को जिम्मेदारी सौंपी गई। बलवंत कुमार, राहुल कुमार और संतोष जरियाल को कार्यकारिणी सदस्य नामित किया गया है। मुख्य सलाहकार मंडल में बलदेव सिंह (कांगड़ा), डॉ. अमरजीत (हमीरपुर) और कैलाश चंद (ऊना) को शामिल किया गया है। अधिवेशन में कांगड़ा, ऊना और हमीरपुर जिलों से 80 से अधिक सदस्य उपस्थित रहे। महासभा के महासचिव अनिल कुमार ने पिछले तीन वर्षों की वित्तीय रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसे पारित किया गया। संस्थापक सदस्य डॉ. शशिपाल अत्री ने नवगठित कार्यकारिणी को सत्यनिष्ठा और समर्पण से कार्य करने की शपथ दिलाई।

## न्यूज ब्रीफ

### रोहड़ू में चिट्टे के साथ व्यक्ति गिरफ्तार

**दशमी रावत, अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** पुलिस उपमंडल रोहड़ू की विशेष टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर एक व्यक्ति 28 वर्षीय बासुदेव जो रोहड़ू के मक्खीनाला का निवासी है। उसे 3.02 ग्राम चिट्टे के साथ नया बस अड्डा के पास से गिरफ्तार किया गया है। एसडीपीओ रोहड़ू प्रणव चौहान ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस थाना रोहड़ू में रोहड़ू में अरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### सुन्नी-थली पुल पर आवाजाही पूरी तरह बंद

**महेंद्र कुमार, अनंत ज्ञान, सुन्नी।** क्षेत्र में रविवार से लगातार हो रही बरसात के कारण जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया। भारी वर्षा के कारण शिमला सुन्नी मुख्य मार्ग भी कुछ समय के लिए अवरुद्ध रहा। प्रशासन की मुस्तैदी के चलते अवरुद्ध हुए मार्गों को कुछ ही समय में वाहनों की आवाजाही के लिए खोल दिया गया। सोमवार को सुन्नी व तत्तापानी में सतलुज का जलस्तर खतरे के निशान से काफी ऊपर बहने लगा। जलस्तर की बढ़ोतरी के कारण चाबा पावरहाउस भी जलमग्न हो गया तथा दोपहर बाद सुन्नी-थली पुल की सड़क पर जल भराव के कारण प्रशासन द्वारा पुल पर आवाजाही बंद पूरी तरह बंद कर दी गई। वहीं सतलुज के साथ लगते सुन्नी आईटीआई परिसर में भी जल भराव हो गया जिसके बाद आईटीआई में छुट्टी कर दी गई। जलस्तर में बढ़ोतरी के कारण सुन्नी स्थित कालीघाट, काली माता मंदिर परिसर और श्मशान घाट भी पूरी तरह से जलमग्न हो गया है। सुन्नी का सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट भी बढ़ते हुए जलस्तर के कारण खतरे की जद में आ गया है। उक्त समस्या को देखते हुए एसडीएम सुन्नी राजेश वर्मा ने भी स्थिति का जायजा लिया और नदी के किनारे पुलिस तैनात कर दी गई है तथा लोगों को सतलुज के नजदीक न जाने हिदायत दी गई है।

### रिहायशी इलाकों को छू रहा सतलुज का पानी

**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** बीते 24 घंटों से शिमला के ऊपरी स्थानों और किन्नौर में हो रही दरमियानी से भारी बारिश के कारण सतलुज की सहायक नदियों में पानी बढ़ने के कारण और नाथपा डैम से अतिरिक्त पानी छोड़े जाने से सतलुज नदी का जलस्तर जगतखाना, ब्रो, सिंघापुर, लुहरी, बाया आदि स्थानों पर रिहायशी इलाकों को छू रहा है। इससे नदी किनारे के उपरोक्त कस्बे या गांव में लोग भय के माहौल में जी रहे हैं। यदि और पानी बढ़ता है तो लोगों के घरों तक भी पानी पहुंच सकता है। सतलुज नदी के तेज बहाव में मवेशी और जंगल की लकड़ी भी बहती देखी जा रही है। जगतखाना, ब्रो और लुहरी के साथ लगते गांवों को में लोग रात भर जागकर बारी-बारी से पहरा दे रहे हैं।

### रोहड़ू में जुटाया एक सौ एक यूनिट रक्त

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज की कृपा से संयोजक क्षेत्र रोहड़ू में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें संत निरंकारी मिशन की सभी शाखाओं के स्वयं सेवकों व बाहर से आए हुए कई भाई बहनों ने भाग लिया। इस शिविर में एक सौ एक यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में एसडीएम रोहड़ू धर्मेश रमोत्रा मौजूद रहे। उन्होंने मिशन की सराहना करते हुए कहा कि रक्तदान एक महादान है और संत निरंकारी मिशन इस तरह के कार्य समय-समय पर करता रहता है। वहीं आईजीएमसी शिमला से आए हुए डॉक्टर सिद्धार्थ गोयल, रोहड़ू आयुर्वेदिक अस्पताल के डॉ. महेंद्र शर्मा और उनकी टीम भी मौजूद रही।

### अभाविप का ट्रेनी पॉलिसी पर कड़ा विरोध

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने कांग्रेस सरकार की नई भर्ती नीति का कड़ा विरोध किया है। अभाविप की प्रदेश मंत्री नैंसी अटल ने आज एक बयान जारी कर कहा कि सत्ता में आने से पहले सरकार ने युवाओं को एक लाख सरकारी नौकरियों का वादा किया था, लेकिन अब स्थाई नियुक्तियों की जगह जॉब ट्रेनिंग योजना थोपकर उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। नैंसी अटल ने स्पष्ट किया कि इस नई नीति के तहत युवाओं को पहले दो साल तक केवल ट्रेनिंग पर रखा जाएगा, जहां उन्हें नियमित कर्मचारी का दर्जा नहीं मिलेगा, न ही सीपीएफ, सीसीएस, लीव और पेंशन नियमों का लाभ मिलेगा। अभाविप ने इस नीति को युवाओं के आत्मसम्मान पर चोट और उनके सपनों को कुचलने वाला बताया है, जो वर्षों से स्थाई सरकारी नौकरी के लिए तैयारी कर रहे हैं।

# हिमाचल के लिए दक्षिण कोरिया से सहयोग की बनी संभावनाएं

## राज्य से गए प्रतिनिधिमंडल ने सियोल में की चर्चा, तकनीकी साझेदारी पर सहमति की उम्मीद

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** प्रदेश के विकास के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग की संभावनाओं को तलाशने के उद्देश्य से आज भारतीय दूतावास, सियोल में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। इस दौरान, लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह की अगुआई में गए एक प्रतिनिधिमंडल ने दक्षिण कोरिया में भारत के राजदूत अमित कुमार से मुलाकात की व राज्य से संबंधित विभिन्न मसलों पर सकारात्मक चर्चा की। इस भेंट का मुख्य उद्देश्य खाद्य प्रसंस्करण (फूड प्रोसेसिंग), स्मार्ट पार्किंग, स्लोप स्टेबिलिटी (भूस्खलन नियंत्रण) व अन्य तकनीकी क्षेत्रों में दक्षिण कोरिया की विशेषज्ञता का लाभ उठाने की संभावनाओं पर विचार करना था।

बैठक में यह संभावना जताई गई कि भविष्य में भारत सरकार के माध्यम से कोरिया की विभिन्न कंपनियों और एजेंसियों का सहयोग प्राप्त करने का प्रयास किया जाएगा। हिमाचल जो अपनी प्राकृतिक सुंदरता व जटिल भूभाग के लिए जाना जाता है, को अक्सर भूस्खलन जैसी आपदाओं का सामना करना पड़ता है।



### दक्षिण कोरिया से आर्थिक लाभ मिलने की उम्मीद

**दक्षिण** कोरिया, अपनी उन्नत तकनीक और नवाचार के लिए विश्व स्तर पर प्रसिद्ध है और उसके साथ संभावित सहयोग से हिमाचल प्रदेश को न केवल आर्थिक लाभ मिल सकता है बल्कि तकनीकी कौशल में भी वृद्धि हो सकती है।

### कोरियाई तकनीक से मिलेगा लाभ

**ऐसे** में स्लोप स्टेबिलिटी के लिए कोरियाई तकनीक के उपयोग की दिशा में आगे बढ़ने की संभावनाएं तलाशी गई। इसके अतिरिक्त, शहरीकरण के साथ बढ़ती स्मार्ट पार्किंग की आवश्यकता और कृषि आधारित अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना पर भी विशेष ध्यान दिया गया।

# उपायुक्त ने विभागों से मानसून से हुए नुकसान का मांगा ब्यौरा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**उपायुक्त** शिमला की अध्यक्षता में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण समिति की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में वर्तमान मानसून सीजन से उत्पन्न स्थिति और उससे हुए नुकसान पर विस्तार से चर्चा हुई। उपायुक्त ने सभी संबंधित विभागों से वर्षा, भूस्खलन, बंद सड़कों, जनहानि और पशु हानि सहित अन्य क्षति का विस्तृत ब्यौरा मांगा। उन्होंने अधिकारियों को आपसी समन्वय से कार्य करने के निर्देश दिए ताकि किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके।

बैठक में 20 जून से अब तक मानसून सीजन के दौरान हुई प्रारंभिक क्षति पर गहन चर्चा की गई। जिले में अब तक 11 लोगों की मानवीय क्षति दर्ज की गई है, जिनमें 3 लोगों की गिरने से, 1 की डूबने से और 7 की सड़क दुर्घटना से मौत हुई है। इस अवधि में 45 मवेशियों की भी क्षति हुई है। इसके अतिरिक्त, 7 पक्के मकान, 17 कच्चे मकान, 1 श्रमिक शेड, 1 घराट, 10 गोशालाएं और 02 रिटेनिंग वॉल क्षतिग्रस्त हुए हैं। विभिन्न विभागीय आकलनों के अनुसार, अब तक कुल 78 करोड़ 34 लाख रुपए तक का नुकसान आँका गया है। उपायुक्त ने जानकारी दी कि जिले के सभी उप-मंडलों में मानसून से निपटने के लिए पर्याप्त मात्रा में विभागीय श्रमिकों और मशीनरी की तैनाती की गई है ताकि आपदा के समय त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

### बंद पड़ी सड़कों को शीघ्र करें बहाल

**उपायुक्त** ने लोक निर्माण विभाग को बंद सड़कों को शीघ्र बहाल करने और प्राथमिकता के आधार पर मुख्य मार्गों को यातायात के लिए सुचारू करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को यह सुनिश्चित करने को कहा कि सभी स्वास्थ्य संस्थान आवश्यक दवाओं और स्टाफ की उपलब्धता के साथ आपात स्थिति के लिए तैयार रहें। उपायुक्त ने जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को सतर्क रहने और आपातकालीन सेवाओं को सक्रिय बनाए रखने के निर्देश भी दिए।

# सरकार का जॉब ट्रेनिंग सिस्टम युवाओं से धोखा: अजय श्याम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा नेता एवं ठियोग विधानसभा क्षेत्र से पूर्व पार्टी विधायक उम्मीदवार रहे अजय श्याम ने प्रदेश सरकार की नई जॉब ट्रेनिंग सिस्टम भर्ती नीति पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। ठियोग विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी और पूर्व जिलाध्यक्ष अजय श्याम ने इस नीति को लाखों मेहनती प्रतियोगी परीक्षार्थियों के साथ अन्याय बताया है।



उनका कहना है कि यह प्रणाली उन छात्रों के लिए एक बड़ा झटका है जो स्थायी सरकारी नौकरी की उम्मीद में वर्षों से कड़ी मेहनत कर रहे हैं। इस नई नीति के तहत, परीक्षा पास करने के बाद भी नौकरी को ट्रेनिंग माना जाएगा और दो साल बाद फिर से परीक्षा देनी होगी, जिसे अजय श्याम ने युवाओं के आत्मविश्वास और उनकी मेहनत का अपमान बताया है।

अजय श्याम ने हिमाचल सरकार के इस कदम को युवाओं के भविष्य के साथ 'धोखा' करार दिया है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या सरकारें इसी तरह युवाओं को असुरक्षित भविष्य की ओर धकेलना चाहती हैं। उन्होंने इस नीति को पूरी तरह से अव्यवहारिक और भ्रमित करने वाला बताया है। भाजपा नेता ने प्रदेश के सभी बेरोजगार युवाओं से आग्रह किया है कि वे इस अन्यायपूर्ण नीति के खिलाफ एकजुट हों और सरकार पर अपने फैसले को वापस लेने के लिए दबाव डालें।

# जॉब ट्रेनिंग स्कीम के खिलाफ एसएफआई ने विश्वविद्यालय में पर्चे वितरित कर किया विरोध

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश विश्वविद्यालय स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की इकाई ने प्रदेश सरकार द्वारा हाल ही में शुरू की गई जॉब ट्रेनिंग स्कीम के खिलाफ विश्वविद्यालय परिसर में बड़े पैमाने पर पर्चे वितरित कर अपना विरोध दर्ज कराया। एसएफआई ने इस योजना को हिमाचल के युवाओं को गुलाम बनाने की एक नई साजिश करार दिया है।

उनका आरोप है कि यह योजना सरकारी नौकरियों को समाप्त कर युवाओं को स्थायी कर्मचारी बनने से रोकने और उन्हें अस्थायी श्रमिक के रूप में काम करने पर मजबूर करने का एक तरीका है। एसएफआई का कहना है कि यह योजना चयनित उम्मीदवारों को दो साल तक केवल एक निश्चित समेकित राशि पर काम करने के लिए मजबूर करेगी, बिना पेंशन, छुट्टी या किसी स्थायी कर्मचारी के अधिकार के दो साल बाद भी नौकरी की कोई गारंटी नहीं होगी, और सरकार बिना किसी कारण के प्रशिक्षुओं को बर्खास्त कर सकती है।



जॉब ट्रेनिंग के खिलाफ विश्वविद्यालय में पर्चा बांटते एसएफआई के कार्यकर्ता।

### दोहरी परीक्षा के धोखे को तुरंत करें समाप्त

**एसएफआई** ने मांग की है कि इस जबरन प्रशिक्षु काल और दोहरी परीक्षा के धोखे को तुरंत समाप्त किया जाए और स्थायी भर्ती बहाल की जाए। एसएफआई ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि यह जॉब ट्रेनिंग स्कीम जल्द ही वापस नहीं ली जाती है, तो प्रदेश सरकार को इसके गंभीर परिणाम भुगतने होंगे।

# वीजा के नाम पर 3.20 लाख की ठगी, पुलिस ने वापस दिलाई राशि

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिमला जिले के नेरवा के एक युवक को फेसबुक पर दुबई वीजा के फर्जी विज्ञापन के जरिए 3.20 लाख का चूना लगाया गया। होटल मैनेजमेंट की पढ़ाई पूरी करने के बाद विदेश में नौकरी की चाहत रखने वाला यह युवक धोखेबाजों के झांसे में आ गया। उसने फर्जी विज्ञापन में दिए गए नंबर पर फोन किया, जिसके बाद औपचारिकताओं के नाम पर उससे चार किस्तों में अलग-अलग खातों में 3.20 लाख ट्रांसफर करवा लिए गए।

जब धोखेबाजों ने कोविड वैक्सीन प्रमाणपत्र के एवज में पैसों की मांग की, तो युवक को शक हुआ। उसने तुरंत नेरवा पुलिस में शिकायत दर्ज कराई, जिसने बिना देर किए कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस ने उन खातों की जानकारी ली जिनमें पैसे ट्रांसफर किए गए थे और आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद उन्हें फ्रीज करवा दिया। बैंक खातों में उपलब्ध राशि के आधार पर युवक को उसकी पूरी रकम वापस दिलवाई गई है।

# थुनाग पहुंचाई आपदा सामग्री, पूर्व सीएम जयराम को सौंपी



भाजपा नेता ऋषि ने अपने साथियों के साथ आपदा पीड़ितों तक पहुंचाई राहत सामग्री।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**सराज** वैली में आई जल त्रासदी से हुए जान और माल के नुकसान के बाद दानी लोग अपने-अपने स्तर पर मानवता की सेवा में आगे आ रहे हैं।

कोसरियां सेक्टर से भाजपा युवा नेता ऋषि शर्मा ने अपने साथियों से मिलकर आपदा पीड़ितों तक 50 रसोई गैस चूल्हे, पाइप और रेगुलेटर सहित राशन, जरूरी कपड़े, दैनिक उपयोग की वस्तुएं और 51 हजार रुपए का अंशदान व मदद थुनाग पहुंचाई और पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के सुपुर्द की। ऋषि शर्मा ने कहा कि वह इस क्षेत्र का दौरा कर के आए हैं तथा यह घटना बहुत संवेदनशील है। सभी को लोगों की सहायता के लिए बिना समय गंवाए आगे आना चाहिए। सदर विधायक त्रिलोक जम्वाल की प्रेरणा और सहयोग से उन्हें काफी हिम्मत और मदद मिली है, जबकि दीपक ठाकुर का मार्गदर्शन और अन्य दानी सज्जनों ने भी बिना समय गंवाए, राहत के लिए अग्रणी भूमिका निभाई है। इस टीम में शामिल विशाल दीप वर्मा, संजु, जोगेंद्र राणा, प्रीत ठाकुर, ललिता वशिष्ठ, सुमन राजेश गर्ग, रविंद्र शर्मा, विकास भारद्वाज, राजेश नेगी, विशाल राव, सुनील कुमार और अरविंद मैहता आदि ने अहम भूमिका निभाई।

# जिला लघु उद्योग संघ ने आपदा पीड़ितों को भेजी राहत सामग्री

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**लघु** उद्योग संघ बिलासपुर के प्रधान प्रेम डोगरा के नेतृत्व में मंडी जिले के सराज क्षेत्र में आई आपदा से बेघर हुए लोगों की सहायता के लिए राहत सामग्री का एक टैम्पो रवाना किया है, ताकि प्रभावित लोगों को कुछ राहत मिल सके।

प्रेम डोगरा ने बताया कि खाद्य सामग्री के अतिरिक्त वर्षा से बचाव के लिए प्लास्टिक के तिरपाल, पानी के लिए प्लास्टिक के ड्रम और कपड़े आदि भेजे गए हैं, ताकि पीड़ित परिवारों के दुख-दर्द को कम किया जा सके। उन्होंने कहा कि इस सामग्री को प्रभावितों को वितरित करने के लिए एक युवाओं की टीम भी भेजी गई है, जिसमें नोपाल गुप्ता, संजय शर्मा व इंद्र ठाकुर आदि शामिल हैं। इस अवसर पर समाजसेवी एवं व्यवसायी नंद प्रकाश वोहरा व इंद्र डोगरा विशेष रूप से उपस्थित थे।



प्रेम डोगरा के नेतृत्व में आपदा राहत सामग्री का एक टैम्पो रवाना किया गया।

# नयना देवी से एम्स कोठीपुरा के लिए हर रोज चलाई जाए सरकारी बस



लोगों ने प्रेसवार्ता में एम्स के लिए सरकारी बसें चलाने की मांग की।

**अनंत ज्ञान, श्री नयना देवी जी**

**प्रदेश** सरकार कोठीपुरा में खुले एम्स को प्रदेश की बड़ी स्वास्थ्य उपलब्धि बताकर पीठ थपथपा रही है, वहीं, दूसरी ओर श्री नयना देवी क्षेत्र की जनता अब भी वहां तक पहुंचने के लिए निजी टैक्सियों और महंगे साधनों पर मजबूर है।

सेवानिवृत्त समाजसेवी होशियार सिंह ठाकुर, आशुतोष शर्मा, गुरबचन सिंह, रोशन लाल शर्मा, केहर सिंह, रामपाल ठाकुर, चरण सिंह लक्की, सुरेंद्र धीमान, सुरेंद्र शर्मा आदि ने प्रेसवार्ता में सवाल उठाया कि जब राज्य के दूरदराज क्षेत्रों से एम्स के लिए सरकारी बसें चलाई जा सकती हैं, तो फिर धार्मिक और पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण श्री नयना देवी जैसे क्षेत्र की जनता से यह भेदभाव क्यों। सरकारी बस सेवा की कमी ने न केवल इलाज तक पहुंच को कठिन बना दिया है, बल्कि गरीब परिवारों पर आर्थिक बोझ भी डाल दिया है। टैक्सी का खर्च उठाना हर किसी के बस की बात नहीं। उन्होंने सरकार और परिवहन मंत्री से आग्रह किया है कि श्री नयना देवी से प्रतिदिन सीधी सरकारी बस एम्स कोठीपुरा तक चलाई जाए।

**परिवहन मंत्री से किया सरकारी बस चलाने का आग्रह**

# बरोटा गांव में ग्रामीणों का जांचा स्वास्थ्य

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** शिवा आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल चांदपुर की ओर से पंचायत बरोटा (डंगार) में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। इसमें 150 से अधिक ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच की गई और उन्हें आवश्यकतानुसार निःशुल्क आयुर्वेदिक दवाइयां भी वितरित की गईं। आयुर्वेद चिकित्सा के विभिन्न विशेषज्ञों की टीम ने ग्रामीणों की जांच की और परामर्श दिया।

# बरठीं बाजार में लगाया खीर का भंडारा

**अनंत ज्ञान, बरठीं।** झंडूता उपमंडल के केंद्र बिंदु बरठीं में गौरी महंत ने श्रावण मास के द्वितीय सोमवार के उपलक्ष्य पर खीर का भंडारा लगाया। भंडारे में व्यापार मंडल बरठीं, सुन्हाणी, धरोटी, सरगल, मैहरी, टिहरी के लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। शाहतलाई से संबंध रखने वाली गौरी महंत समाज में इस तरह के कार्यक्रम करती रहती है और शाहतलाई के विभिन्न इलाकों में खीर के भण्डारे लगाती रहती है। गौरी महंत गरीब बच्चों को पढ़ाने के लिए किताबें देती है।

# जनसेवा नारायण सेवा समिति ने की बैठक



**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** जनसेवा नारायण सेवा समिति गेहड़वीं की मासिक बैठक समिति अध्यक्ष प्रकाश चंद धीमान की अध्यक्षता में सहकारी समिति गुग्गा गेहड़वीं स्थित बैरी मियां में हुई। बैठक में पोली गांव, तहसील झंडूता की दो महिलाओं रोशनी देवी पत्नी स्व. कृष्ण लाल एवं सुनीता देवी पत्नी राकेश कुमार को क्रमशः 6000 रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान करने का निर्णय लिया, जिसे चेक के माध्यम से उन्हें सौंपा गया। समिति के सदस्यों से जुलाई मास का चंदा एकत्रित किया गया। बैठक में संस्था अध्यक्ष कृष्ण सिंह चंदेल, सचिव पवन चंदेल, सह सचिव शंकर दास नड्डा आदि उपस्थित रहे।

# पूर्व विधायक के निधन पर जताया शोक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** प्रदेश पूर्व विधायक परिषद ने चिंतपूर्णी के पूर्व विधायक गणेशदत्त भरवाल के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। वह 85 वर्ष के थे और पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। परिषद के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. बाबू राम गौतम, महासचिव गोविंद राम, मुख्य सलाहकार एवं पूर्व मंत्री राधा रमण शास्त्री, पूर्व विधायक कश्मीर सिंह ठाकुर तथा पूर्व मंत्री वीरेंद्र सिंह ने संयुक्त रूप से शोक संदेश जारी करते हुए स्व. भरवाल को एक सादगीपूर्ण, कर्मठ और जनता के प्रति समर्पित जनप्रतिनिधि बताया। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान क्षेत्र की समस्याओं को गंभीरता से उठाया और जनहित को प्राथमिकता दी। इनके निधन से प्रदेश ने एक अनुभवी, ईमानदार और सरल राजनेता को खो दिया है। परिषद ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है।

# झंडूता में लोगों ने रक्तदान कर कमाया पुण्य



**झंडूता।** झंडूता उपमंडल में इंसानियत सुधार सभा की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) बिलासपुर से आए डॉक्टरों की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शिविर में 18 से अधिक लोगों ने रक्तदान किया। सभा के प्रधान पवन चंदेल ने बताया कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। हमारा उद्देश्य समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाना और जरूरतमंदों की मदद करना है। एम्स बिलासपुर की मेडिकल टीम ने रक्तदाताओं को प्री-डोनेशन काउंसलिंग और मेडिकल जांच भी की। रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र और प्रोत्साहन सामग्री प्रदान की गई।

# युवा कांग्रेस ने लिया हर बूथ पर पौधरोपण करने का संकल्प



युवा कांग्रेस अध्यक्ष थूमन ठाकुर की अध्यक्षता में हुई बैठक।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**युवा** कांग्रेस बिलासपुर की बैठक सोमवार को परिधि गृह बिलासपुर में हुई। इसकी अध्यक्षता युवा कांग्रेस अध्यक्ष थूमन ठाकुर ने की। बैठक में संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने और भविष्य की कार्ययोजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

वहीं, हर बूथ स्तर पर पौधरोपण करने का निर्णय लिया गया, जिससे संगठन पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी योगदान दे सके। युवा कांग्रेस पूरे जिले में बूथ स्तर पर हरियाली बढ़ाने के लिए विशेष अभियान चलाएगी। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में युवा कांग्रेस के बिलासपुर प्रभारी व प्रदेश उपाध्यक्ष राहुल चौहान मौजूद रहे। इनके अलावा युवा उपाध्यक्ष अब्दुल खालिक, जिला अध्यक्ष पंकज राणा, जिला उपाध्यक्ष उमर, जिला महासचिव रवि कुमार, राज्य किसान यूनियन महासचिव पुरंजन ठाकुर, एनएसयूआई के राज्य सचिव ईशान ठाकुर मौजूद रहे।

# नितिन करेगा विश्व स्काउट मूट में भारत का प्रतिनिधित्व

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** स्वामी विवेकानंद राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय घुमारवीं के एमएससी जूलॉजी अंतिम वर्ष के छात्र नितिन चड्ढा को पुर्तगाल में आयोजित 16वें वर्ल्ड स्काउट मूट-2025 में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए चयनित किया गया है। 25 जुलाई से 5 अगस्त 2025 तक आयोजित होने वाले इस अंतरराष्ट्रीय शिविर में भारत पहली बार भाग ले रहा है।

**पुर्तगाल में होगा 16वां वर्ल्ड स्काउट मूट-2025 का आयोजन**

इसमें नितिन चड्ढा देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। नितिन भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के सक्रिय रोवर स्काउट हैं और उन्हें महामहिम राज्यपाल द्वारा राज्य पुरस्कार से भी सम्मानित किया जा चुका है। वह जिला बिलासपुर से इस सम्मान को प्राप्त करने वाले पहले रोवर हैं।

# कुनणु गांव में आज तक नहीं बन पाई सड़क, अब भी पालकी ही सहारा

## व्यक्ति को दिल का दौरा पड़ने पर कीचड़ और पथरीले रास्ते से पहुंचाया मुख्य सड़क तक

**अरुण डोगरा रीतू, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**बिलासपुर।** जब दुनिया एंबुलेंस में उड़ान और स्पीड ट्रेन में जिंदगी बचाने की रफ्तार पर बात कर रही है, उस वक्त हिमाचल के बिलासपुर जिले का कुनणु गांव आज भी पालकी पर लाचार जिंदगियों को अस्पताल पहुंचा रहा है। सोमवार सुबह भारी बारिश के बीच गांव के सेवानिवृत्त शिक्षक नरोत्तम दत्त शास्त्री को दिल का दौरा पड़ा, लेकिन गांव में सड़क नहीं है।

मजबूर ग्रामीणों ने उन्हें पालकी में लिटाकर कीचड़ और पथरीले रास्तों से मुख्य सड़क तक पहुंचाया। जहां से उन्हें एम्स बिलासपुर ले जाया गया, जहां वह जीवन और मौत के बीच झूल रहे हैं। पूर्व बीडीसी सदस्य भुवनेश शर्मा, प्रेम लाल गौतम, रमेश गौतम, शिव कुमार गौतम सहित कई जागरूक ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र के लिए एक रिंग रोड प्रस्तावित थी, जिसका काम करीब दस साल पहले शुरू हुआ, लेकिन जैसे ही सड़क कुनणु गांव के पास पहुंची व काम रुक गया। इस गांव को नजरअंदाज कर दिया गया। ग्रामीण बताते हैं कि आसपास के अधिकतर गांव सड़कों से जुड़ चुके हैं, लेकिन कुनणु को जानबूझकर विकास के नक्शे से गायब कर दिया गया है।



बारिश के बीच चारपाई पर उठाकर मरीज को सड़क तक लाते लोग।

### बोले- मुख्यमंत्री से मांग नहीं, अब जवाब चाहिए

**कुनणु** के लोग अब मांग नहीं कर रहे, सवाल पूछ रहे हैं। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से ग्रामीणों ने स्पष्ट शब्दों में कहा है या तो सड़क बनाओ या बता दो कि हम इस राज्य के नागरिक नहीं।

## न्यूज ब्रीफ

### खाई में गिरी कार, 5 घायल, एक नेरचौक रेफर

**रितेश चौहान, अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सरकाघाट-घुमारवीं स्टेट हाईवे पर फतेहपुर के पास एक कार अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई, जिसमें पांच लोग घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब मंडी से सरकाघाट आ रही कार (॥क्र28 4007) के सामने अचानक एक बाइक रॉन्ग साइड से आ गई। चालक ने ब्रेक लगाई, लेकिन बारिश के कारण कार फिसलकर खाई में जा गिरी और एक पेड़ से टकराकर गहराई में गिरने से बच गई। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को बाहर निकालकर पीएचसी फतेहपुर में प्राथमिक उपचार दिया गया। गंभीर रूप से घायल संतोषी देवी को नेरचौक मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया, जबकि अन्य घायलों को सरकाघाट अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बिहार के मतदाता 25 तक भरें गणना प्रपत्र

**अनंत ज्ञान, चंबा।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान जारी है, जिसके तहत 25 जुलाई तक गणना प्रपत्र प्राप्त किए जाने हैं। चंबा जिला में अस्थायी रूप से रह रहे बिहार के मतदाता भी यह प्रपत्र ऑनलाईन या परिवार के सदस्यों की मदद से भर सकते हैं। प्रपत्र https://voters.eci.gov.in या ECINET App के माध्यम से भरा जा सकता है। आवश्यक दस्तावेजों में पहचान पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, शैक्षणिक प्रमाणपत्र, निवास प्रमाण पत्र आदि में से कोई एक दस्तावेज संलग्न करना अनिवार्य है। प्रारूप निर्वाचक नामावली 1 अगस्त को प्रकाशित होगी और दावा-आपत्ति 1 सितंबर तक दर्ज की जा सकेगी।

### मदन लाल ठाकुर को अध्यक्ष की कमान

**अनंत ज्ञान, मैहला।** शिक्षा खंड मैहला में त्रैवार्षिक प्राथमिक शिक्षक संघ की कार्यकारिणी का निर्विरोध चयन किया गया। जिसमें शिक्षा खंड मैहला के लगभग सभी अध्यापकों ने भाग लिया। इसमें पर्यवेक्षक के रूप में देशराज सलूनी और बाकी साथी भी उपस्थित रहे। इस दौरान कार्यकारी का निर्वाचन किया गया उनमें मदन लाल ठाकुर को खंड का अध्यक्ष, सुशील शर्मा को खंड का महासचिव और देवेंद्र ठाकुर को खंड का कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया।

### मां ज्वाला यूथ क्लब ने किया धन्यवाद

**तलविंदर सिंह, अनंत ज्ञान, डलहौजी।** मां ज्वाला यूथ क्लब के सदस्यों ने अपने पहले जागरण कार्यक्रम की सफलता के लिए डलहौजी के निवासियों का धन्यवाद किया। क्लब के सदस्य अनिल शर्मा ने कहा कि 2 दिवसीय इस कार्यक्रम में स्थानीय लोगों ने तन, मन, और धन से उनका भरपूर सहयोग किया। जागरण के बाद माता के पवित्र जोत का विसर्जन तलेरू में किया गया। सदस्यों ने युवा पीढ़ी को नशे से दूर रखने के लिए धार्मिक कार्यक्रमों में भाग लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि डलहौजी के निवासियों की मदद और माता रानी की कृपा से कार्यक्रम में कोई कमी नहीं रही। क्लब ने धन्यवाद किया और दुआ की कि माता रानी सभी पर अपना आशीर्वाद बनाए रखें।

### पार्किंग की समस्या से वाहन चालक परेशान

**हाशू शेख, अनंत ज्ञान, चुराह।** जिला चंबा के अंतर्गत आने वाले सिविल अस्पताल तीसा में पार्किंग ना होने से वाहन चालकों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। सोमवार को तेज बारिश के कारण सिविल अस्पताल तीसा में खड़ी वाहनों ने आवाजाही करने वाली की समस्या को बढ़ा दिया। स्थानीय लोगों द्वारा बार-बार मांग करने पर भी प्रशासन इस पर कोई कार्य नहीं कर पा रहा है और पार्किंग ना होने के कारण यहां पर अस्पताल में कार्यरत स्टाफ को भी गाड़ी खड़ी करने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि जल्द यहां पर पार्किंग को व्यवस्था की जाए।

### कुंडी गांव में जन सुरक्षा शिविर का आयोजन

**अनंत ज्ञान, चंबा।** चंबा जिला की ग्राम पंचायत सुनारा के कुंडी गांव में हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा राख द्वारा जन सुरक्षा शिविर आयोजित किया गया। नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक राकेश कुमार की अध्यक्षता में हुए इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों को बैंकिंग सेवाओं और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी देना था। शिविर में प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत दो लाभार्थियों को 2-2 लाख की बीमा राशि प्रदान की गई। घाटों गांव के कुलदीप को उनकी पत्नी स्व. सत्या देवी तथा गुरार गांव के पवन कुमार को उनके पिता स्व. कौलू की दुर्घटनाओं में मृत्यु के पश्चात यह राशि दी गई।

### हाइड्रो पावर स्टेशन में विद्युत उत्पादन ठप

**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** सतलुज जल विद्युत निगम लिमिटेड की नाथपा झाखड़ी हाइड्रोपावर स्टेशन को आज दोपहर 12:45 बजे बंद कर दिया गया। यह कदम सतलुज नदी में सिल्ट (गाद) की बढ़ती मात्रा के मद्देनजर उठाया गया है, जिससे टर्बाइन और अन्य उपकरणों को होने वाले संभावित नुकसान से बचाव किया जा सके। नदी में सिल्ट की तीव्र वृद्धि के कारण विद्युत उत्पादन में बाधा और संयंत्र की सुरक्षा के लिहाज से जल प्रवाह: डाउनस्ट्रीम क्षेत्रों को कुल 1400 क्यूमैक्स हो जाएगा। एसडीएम रामपुर हर्ष अमरेंद्र सिंह ने प्रशासनिक चेतावनी जारी करते हुए लोगों से अपील की है कि सतलुज नदी में सिल्ट (गाद) की मात्रा अत्यधिक बढ़ गई है और आगामी समय में जलस्तर में और वृद्धि होने की संभावना है। इस स्थिति को देखते हुए बांध प्रबन्धन द्वारा किसी भी समय पानी छोड़ा जा सकता है। इसलिए आमजन से अनुरोध है कि नदी किनारे जाने से पूर्णता परहेज करें।

### ओवरटाइम को लेकर भड़के निगम कर्मी

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** एचआरटीसी चालक संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक बस अड्डा जोगिंद्रनगर में संघ के प्रदेश अध्यक्ष मान सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में कर्मचारियों की वर्षों से लंबित मांगों और उनके प्रति सरकार व निगम प्रबंधन की उदासीनता को लेकर गहरा रोष व्यक्त किया गया। प्रदेश अध्यक्ष मान सिंह ठाकुर ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले 50 महीनों से निगम के कर्मचारियों का लगभग 100 करोड़ रुपए का अतिरिक्त समय कार्य (ओवरटाइम) का भुगतान लंबित पड़ा है, जिसका कर्मचारी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

# बारिश का कहर : कई मकान क्षतिग्रस्त, सड़कें बंद

## साल नदी उफान पर, चुराह व मैहला में भारी नुकसान, प्रशासन ने जारी किया अलर्ट

**ओपी शर्मा, अनंत ज्ञान**



**भरमौर।** जिला चंबा में सोमवार को मूसलाधार बारिश के कारण कई नदी नाले उफान पर आ गए। जानकारी के मुताबिक सोमवार देर रात से हो रही मूसलाधार बारिश में दो लोगों की मौत हुई है। भारी बारिश के चलते जिले की कई सड़कें बंद हो गई हैं। इस भारी बारिश के कारण जिला चंबा के मैहला में एक मकान पूरी तरह से जमींदोज हो गया है और साहो के सिल्लाघ्राट में लैंडस्लाइड से एक घर क्षतिग्रस्त हुआ है।

चंबा के साहू सिल्लाघ्राट में भारी बारिश के चलते एक मकान लैंडसाइड के चलते गिरने की कगार पर आ गया है। एतिहात तौर पर इस मकान को खाली करवा दिया गया है। चंबा में साल नदी का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर आ गया है। लिहाजा प्रशासन ने बालू पल के निर्माण मे लगे मजदूरों को रावी नदी के किनारे से सुरक्षित बहर निकाल लिया है। प्रशासन ने नदी नालों के समीप रहने वाले लोगों से एतिहात बरतने की अपील की है।

वहीं जिला चंबा के विधानसभा क्षेत्र चुराह में सुबह से हो रही मूसलाधार बारिश के कारण पत्थर और मलबा सड़क पर आ गया है और सड़क भी टूट गई है जिस कारण चंबा-तीसा मुख्य मार्ग नकरोड और पगोला नाला सहित जगह-जगह बंद है। भारी बारिश के चलते चंबा चुबाड़ी जोत सड़क भी बंद रही। साहू के संगेला नाले में बादल फटने से 8 घरों को नुकसान हुआ व कई लोगों की जमीन पानी में बह गई। इसके अतिरिक्त चुराह उपमंडल के ग्राम पंचायत नेरा के गांव रलहेरा के समीप नाले में बाढ़ आने से, खेतों व मक्की की फसल को भारी नुकसान हुआ है। इस कारण, शिकारी मोड़-नेरा-मांडका मार्ग भी अवरुद्ध रहा। मौसम विभाग द्वारा चंबा सिरमौर शिमला और कांगड़ा में बारिश को लेकर अलर्ट भी जारी किया गया है।

### कॉलोनी मोड़ के पास लैंडस्लाइड होने से पूरा यातायात ठप

**अनंत ज्ञान, चुराह।** लगातार बारिश के कहर से पूरे पदेशभर में हो रहे नुकसान से अब चुराह भी अछूता नहीं रहा। सोमवार सुबह मूसलधार बारिश के कारण कॉलोनी मोड़ के पास लैंड स्लाइड होने से यातायात पूरी तरह से ठप्प हो गया और जैसे हो लोक निर्माण विभाग को इसकी जानकारी मिली तो वहां पर तुरंत मशीन को भेज कर सड़क को सुचारू रूप से चलने के लाइक बना दिया हालांकि वहां सड़क पर पथराव होने का डर बना रहता है और किसी भी समय कोई हादसा हो सकता है। विभाग द्वारा लोगों से अपील कि वहां से इधर-उधर जाते समय सावधानी बरतने का काम करें ताकि किसी भी तरह का माल जान का नुकसान ना हो सके।

### सरकारी कर्मचारियों की सभी छुट्टियां रद्द

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिले में मानसून के दौरान संभावित भूस्खलन, बाढ़ और अन्य वर्षा जनित आपदाओं को देखते हुए, जिला प्रशासन ने आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 की धारा 34 के तहत आपात आदेश जारी किया है। इसके अंतर्गत चंबा जिले के सभी आपातकालीन ड्यूटी से जुड़े सरकारी कर्मचारियों की छुट्टियां तत्काल प्रभाव से रद्द कर दी गई हैं। सभी अधिकारी व कर्मचारी अपने मुख्यालय में उपस्थित रहेंगे तथा स्टेशन नहीं छोड़ेंगे। विभागाध्यक्षों को उपस्थिति की निगरानी करने व छुट्टी पर गए अधिकारियों को वापस बुलाने के निर्देश दिए गए हैं। यह आदेश जन सुरक्षा व प्रशासनिक समन्वय सुनिश्चित करने हेतु लागू किया गया है और अगले आदेश तक प्रभावी रहेगा।

### चमेरा-III बांध के खुलेंगे गेट, रावी किनारे न जाएं

**अनंत ज्ञान, चंबा।** एनएचपीसी लिमिटेड की नवरत्न इकाई चमेरा-III पावर स्टेशन द्वारा एक महत्वपूर्ण जन-सूचना जारी की गई है। जानकारी के अनुसार 22 की रात्रि 11 बजे से लेकर 23 जुलाई के दोपहर 1 बजे तक (अनुमानित समय) चमेरा-III बांध, खड़ामुख के गेट चरणबद्ध तरीके से पूरी तरह खोले जाएंगे। इस प्रक्रिया के चलते रावी नदी के डाउनस्ट्रीम यानी नीचे की ओर जलस्तर में भारी वृद्धि होने की संभावना है। प्रबंधन ने स्पष्ट किया है कि यह कार्य बांध की नियमित तकनीकी प्रक्रिया का हिस्सा है। इस दौरान रावी नदी में जलप्रवाह तेज हो सकता है, जिससे आस-पास के क्षेत्रों में खतरा उत्पन्न हो सकता है। एनएचपीसी द्वारा सभी लोगों से अपील की गई है कि वे इस अवधि के दौरान नदी के किनारे न जाएं और अपने मवेशियों को भी नदी के नजदीक न आने दें। किसी भी प्रकार की लापरवाही से जान-माल की हानि हो सकती है, जिसकी जिम्मेदारी एनएचपीसी नहीं लेगा। यह सूचना एनएचपीसी लिमिटेड, चमेरा-III पावर स्टेशन द्वारा जनहित में जारी की गई है।

## मिंजर मेला: सांस्कृतिक दलों ने मानदेय बढ़ाने की उठाई मांग

**आरके सहगल, अनंत ज्ञान**



ज्ञापन सौंपने जाते सांस्कृतिक दलों के प्रतिनिधि।

**चंबा।** चंबा में आयोजित होने वाले ऐतिहासिक मिंजर मेले की शोभायात्रा में भाग लेने वाले सांस्कृतिक दलों ने अपना मानदेय बढ़ाने की मांग को लेकर आवाज बुलंद की है। सोमवार को सांस्कृतिक दलों के प्रतिनिधियों ने इस संबंध में चम्बा की नगर परिषद अध्यक्षा को ज्ञापन सौंपने के साथ-साथ उपायुक्त कार्यालय में भी एक ज्ञापन प्रस्तुत किया।

कलाकारों का कहना है कि हर वर्ष उन्हें प्रति दल केवल 3500 से 4000 रुपए तक की राशि दी जाती है, जो 15 से 20 सदस्यों वाले एक दल के लिए बेहद कम है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पालकियों को दिया गया नजराना जहां हाल ही में 7600 से बढ़ाकर 11,000 रुपए किया गया है, वहीं सांस्कृतिक दल, जो शोभा यात्रा की वास्तविक आकर्षण होते हैं, उन्हें अब तक उचित मानदेय नहीं दिया जा रहा।

प्रतिनिधियों ने मांग की कि शोभा यात्रा में भाग लेने वाले हर सांस्कृतिक दल को 20,000 रुपए मानदेय दिया जाए। इसके अलावा, उन्होंने यह भी आग्रह किया कि अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेले के मंच पर प्रस्तुति देने वाले कलाकारों और दलों के मानदेय में भी बढ़ोतरी की जाए, ताकि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तुति देने वाले इन कलाकारों को उनका उचित सम्मान और प्रोत्साहन मिल सके।

सांस्कृतिक दलों ने यह भी चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई, तो वे मिंजर मेले की प्रारंभिक और अंतिम शोभा यात्रा में भाग नहीं लेंगे। इस स्थिति की समस्त ज़िम्मेदारी नगर परिषद और जिला प्रशासन की होगी।

## चंबा कॉलेज में एमबीए व एमसीए पाठ्यक्रमों की शुरुआत: नीरज नैय्यर

**अनंत ज्ञान, चंबा।** राजकीय महाविद्यालय चंबा के इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ गया है। सदर चम्बा विधायक नीरज नैय्यर के सक्रिय प्रयासों और दूरदर्शी नेतृत्व में पहली बार चंबा महाविद्यालय में एमबीए (एमबीए) और एमसीए (एमसीए) जैसे उच्च स्तरीय व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की शुरुआत हुई है। इस उपलब्धि पर एनएसयूआई अध्यक्ष आर्यन भारद्वाज ने कहा कि, यह केवल एक शैक्षणिक निर्णय नहीं, बल्कि चंबा के युवाओं को उनके सपनों की उड़ान देने की दिशा में एक ठोस कदम है। इस ऐतिहासिक फैसले से न केवल चंबा क्षेत्र के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा अपने ही जिले में प्राप्त होगी, बल्कि यह पहल आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा और आशा का प्रतीक बनेगी।



स्थानीय जनप्रतिनिधियों, छात्रों, अभिभावकों तथा शिक्षाविदों ने विधायक नीरज नैय्यर को इस अभूतपूर्व उपलब्धि के लिए विशेष धन्यवाद और हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। सभी ने एक स्वर में कहा कि यह निर्णय आने वाली पीढ़ियों के लिए शिक्षा, आत्मनिर्भरता और प्रेरणा का स्रोत बनेगा। चंबा की धरती से निकले ये भावी प्रबंधक और आईटी विशेषज्ञ आने वाले वर्षों में न केवल हिमाचल प्रदेश, बल्कि पूरे देश का नाम रोशन करेंगे।

## सांसद ने केंद्रीय मंत्री शाह से उठाया सीमांत क्षेत्रों में तैनात एसपीओ के मानदेय का मुद्दा



केंद्रीय मंत्री अमित शाह से एसपीओ प्रतिनिधिमंडल के साथ मुलाकात करते सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज व सामाजिक कार्यकर्ता इंजीनियर पंकज शर्मा।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**चंबा-कांगड़ा** संसदीय क्षेत्र से लोकसभा सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज ने जसूर में विशेष पुलिस अधिकारियों (एसपीओ) के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने जिला चंबा व लाहौल-स्पीति के सीमांत क्षेत्रों में हिमाचल पुलिस के साथ तैनात 526 एसपीओ के मानदेय और वेतन से संबंधित मामलों को गंभीरता से उठाने का आश्वासन दिया।

डॉ. भारद्वाज ने बताया कि उन्होंने यह मुद्दा भारत सरकार के केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के समक्ष मजबूती से रखा है और मंत्रालय से संबंधित अधिसूचना जल्द जारी करने का आग्रह किया गया है। उन्होंने कहा कि सीमांत और दुर्गम क्षेत्रों में तैनात एसपीओ राज्य की सुरक्षा व्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं, और उनके आर्थिक एवं सामाजिक कल्याण को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

इस प्रतिनिधिमंडल में इंजीनियर व सामाजिक कार्यकर्ता पंकज शर्मा, एसपीओ कल्याण संघ जिला चंबा के मीडिया प्रभारी पवन कुमार सहित अनेक एसपीओ जवान उपस्थित रहे। सभी ने सांसद का धन्यवाद व्यक्त करते हुए भरोसा जताया कि उनकी मांगों को जल्द केंद्र सरकार से समाधान मिलेगा।

## 134 कलाकारों ने दिए ऑडिशन



**अनंत ज्ञान, चंबा**

**जिला** भाषा अधिकारी तुकेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेला-2025 के तहत सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले कलाकारों के चयन के लिए राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चंबा में सलूणी, भरमौर, तीसा, डलहौज़ी भाटियात और पांगी उपमंडल से संबंध रखने वाले 134 कलाकारों के ऑडिशन लिए गए। उन्होंने बताया कि अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेले में कलाकारों के चयन प्रक्रिया के लिए तीन समितिओं का स्क्रीनिंग के लिए गठन किया गया है।

उन्होंने बताया कि आडिशन प्रक्रिया पूरी होने के पश्चात कलाकारों को मेरिट के आधार पर प्रस्तुतियां देने का मौका मिलेगा। उन्होंने यह भी बताया कि आज बारिश के चलते ऑडिशन से छूट कलाकारों को 22 जुलाई को स्वर परीक्षा का अवसर मिलेगा। उन्होंने बताया कि 22 जुलाई को चंबा उपमंडल तथा प्रदेश के अन्य जिलों के कलाकारों के ऑडिशन लिए जाएंगे।

### विधानसभा अध्यक्ष का प्रवास कार्यक्रम रद्द

**अनंत ज्ञान, चंबा।** विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने 21 से 23 जुलाई तक का अपना प्रवास कार्यक्रम रद्द कर दिया है। जानकारी देते हुए विभागीय प्रवक्ता ने बताया कि गत रात्रि से जिला चंबा में हो रही निरंतर भारी बारिश तथा आगामी दो दिनों के मौसम की भविष्यवाणी को मध्य नजर रखते हुए पठानिया ने अपना तीन दिन का प्रवास कार्यक्रम रद्द कर दिया है।

## एचआरटीसी चंबा डिपो बदहाल, प्रदेश सरकार कर रही सौतेला व्यवहार: जय सिंह

**अनंत ज्ञान, चंबा।** बीजेपी नेता व वरिष्ठ अधिवक्ता जय सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कांग्रेस सरकार और उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री पर चंबा की अनदेखी को लेकर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि चंबा एक आकांक्षी जिला होते हुए भी बदहाली का शिकार है। जय सिंह ने एचआरटीसी चंबा डिपो की हालत को चिंताजनक बताते हुए कहा कि यहां 50 से अधिक बसें खराब पड़ी हैं और चालकों की भारी कमी है। उन्होंने आरोप लगाया कि उपमुख्यमंत्री केवल सोशल मीडिया की राजनीति कर रहे हैं, जबकि चंबा को न बसें मिल रही हैं, न ही ईंधन या स्पेयर पार्ट्स। उन्होंने चंबा डिपो को सशक्त करने की मांग करते हुए चेतावनी दी कि यदि उपेक्षा जारी रही तो भाजपा और जनता मिलकर विरोध करेगी।

### सूडोकु नवताल- 7498

सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 6 | | 1 | | 5 | | 2 |
| | 9 | | | 8 | | | | 3 |
| 1 | | | 6 | 9 | | 7 | | |
| | 3 | 8 | 2 | | 1 | | | |
| 2 | 7 | 5 | | | | 6 | 3 | 1 |
| | | | 5 | | 7 | 2 | 8 | |
| | | 9 | | 7 | 4 | | | 6 |
| 8 | | | | 2 | | | 5 | |
| 4 | | 2 | | 5 | | 9 | 1 | 7 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल -7497 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 5 | 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 7 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 4 | 9 | 5 |
| 8 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 | 3 | 2 | 1 |
| 5 | 7 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 1 | 3 | 6 | 9 | 4 | 8 | 5 | 7 | 2 |
| 9 | 8 | 2 | 7 | 3 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 6 | 2 | 8 | 4 | 7 | 1 | 9 | 5 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 2 | 9 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 1 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 |

### प्रशासन का सहयोग करेंगे 43 स्वयंसेवक

**अनंत ज्ञान, चंबा।** सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय संस्था 'प्रेरणा द इंस्पिरेशन' द्वारा आगामी मिंजर मेले के आयोजन में प्रशासन को सहयोग देने हेतु एसडीएम चंबा आईएएस प्रियांशु खाती एवं नगर परिषद चंबा की अध्यक्ष नीलम नैय्यर को अपने 43 स्वयंसेवकों की सूची सौंप दी गई है। इस वर्ष मिंजर मेले के लिए नामित प्रेरणा द इंस्पिरेशन संस्था के स्वयंसेवक बनी भूषण, सपना चोना, शुकर दीन, अमित शर्मा, सोनू खान, सिद्धांत, अक्षु, हितेन रैना, शेर सिंह, मीनू शर्मा, पूजा, सुदेश कुमारी, शैलजा पंत, संध्या बड्याल, अविनाश कुमार, मुकेश पंडित, अविनाश शर्मा, ट्विंकल वैद, सिमरन वैद, परमेश कुमार, मोनिश कुमार, अतुल गुप्ता, यशवंत, लेख राज चौहान, गीता सूर्यवंशी, अनुराधा, ममता, लोकिन्दर, राजा खक्कर, बंदना भारद्वाज, रंजना वर्मा, हेमलता शर्मा, लता देवी, हेमलता, देशराज, तुषार, मोनिका, काजल, बबीता, दीक्षा, धरी, मृणाल महाजन, और दीपक भाटिया शामिल हैं।

### आंदोलन जारी

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** हिमाचल पथ परिवहन निगम के सरकाघाट और धर्मपुर डिपो के चालकों और परिचालकों ने चौथे दिन भी सरकार के खिलाफ प्रदर्शन जारी रखा। यह आंदोलन अब महज मांगों तक सीमित न रहकर एक सामूहिक असंतोष का रूप ले चुका है, जिसमें कर्मचारियों ने अपने हक के लिए एकजुट होकर आवाज बुलंद की है।

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

मंगलवार, 22 जुलाई 2025

**विक्रमी संवत :** 2082, **शक संवत :**1947 (विश्वासवसु), **मास :** अमांत आषाढ़, **तिथि** द्वादशी (04:42) **: नक्षत्र** मृगशिरा (07:25), **पक्ष:** कृष्ण, **योग :** ध्रुव (03:32), **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:59-12:54)। **राहुकाल** (03:52-05:35)।

### विशेष दिन

- 22 जुलाई 2025: भौम प्रदोष व्रत आज।
- 22 जुलाई 2025: मंगला गौरी पूजा आज।

**मेष:** मानसिक शान्ति के लिए किसी दान-पुण्य के काम में सहभागिता करें। मशहूर लोगों से मेलजोल आपको नई योजनाएं व आइडिया सुझाएगा। मन पर काबू रखना सीखें।

**वृष:** दिन फ़ायदेमन्द साबित होगा और आप किसी पुरानी बीमारी में काफ़ी आराम महसूस करेंगे। निवेश करना कई बार आपके लिए बहुत फायदेमंद साबित होता है।

**मिथुन:** आपके मन में जल्दी पैसे कमाने की तीव्र इच्छा पैसा होगी। विवाद, मतभेद और दूसरों की आपमें कमियाँ निकालने की आदत को नज़रअन्दाज़ करें।

**कर्क:** खुश हो जाएँ क्योंकि अच्छा समय आने वाला है और आप स्वयं में अतिरिक्त ऊर्जा का अनुभव करेंगे। आपके पास आज पैसा भी पर्याप्त मात्रा में होगा।

**सिंह:** किसी संत पुरुष का आशीर्वाद मानसिक शान्ति प्रदान करेगा। दोस्त आपके निजी जीवन में ज़्यादा दख़लअंदाज़ी करेंगे। कार्यक्षेत्र में आवश्यकता से अधिक बोलने से बचें।

**कन्या:** आज के दिन का आसान कामकाज मिलकर आपको आराम के लिए काफ़ी वक़्त देंगे। आपका धन आपके काम तभी आता है जब आप फिजूलखर्ची करने से खुद को रोकते हैं।

**तुला:** आज आप ऊर्जा से लबरेज़ होंगे- आप जो भी करेंगे उसे आप उससे आधे वक़्त में ही कर देंगे, जितना वक़्त आप अक्सर लेते हैं। अपने परिवार को पर्याप्त समय दें।

**वृश्चिक:** दोस्त की बेरुख़ी आपको नाराज़ करेगी। आप व्यवसाय में किसी नये भागीदार को जोड़ने पर विचार कर रहे हैं, तो उससे कोई भी वादा करने से पहले सोचें।

**धनु:** दोस्त या सहकर्मी का स्वार्थी बर्ताव आपका मानसिक सुकून ख़त्म कर सकता है। कार्यक्षेत्र में दिल लगाने से बचें नहीं तो आपकी बदनामी हो सकती है।

**मकर:** खाते-पीते समय लापरवाही बीमारी की वजह बन सकती है। उधार देने से पहले उनकी विश्वसनीयता अवश्य जांच लें नहीं तो धन हानि हो सकती है।

**कुंभ:** आपके जीवन-साथी का प्यारा बर्ताव आपका दिन खुशनुमा बना सकता है। जल्दबाज़ी में निवेश न करें। दोस्तों की परेशानियों व तनाव के चलते आप अच्छा महसूस नहीं करेंगे।

**मीन:** पैसे की अहमियत को आप अच्छे से जानते हैं इसलिए आज के दिन आपके द्वारा बचाया गया धन आपके बहुत काम आ सकता है व आप किसी बड़ी मुश्किल से निकल सकते हैं।

In the court of Sh. Maneesh Chaudhary (H.A.S.) Additional District Registrar/ Marriages cum-Sub Divisional Magistrate, Joginder Nagar District Mandi (H.P.)

**In the matter of :- 1.** Sh. Sanjeev aged about 33 years (DOB 25/09/1991) S/o Sh. Nazeer Hussain R/o Village Badehar, P.O. Mohanghatti, Tehsil Joginder Nagar, Distt. Mandi. H.P. **2.** Smt. Meera Bibi aged about 24 years (05/04/2000) D/o Sh. Firojdeen R/o V.P.O. Harsar, Tehsil Jawali, Distt. Kangra, H.P. ....Applicant

Versus
General Public ....Respondent

**Subject: Proclamation for the registration of Marriage under section 8(3) of H.P. Registration of Marriage Act 1996.**

In the above noted Sh. Sanjeev and Smt. Meera Bibi have filed an application on dated 19/07/2025 along with affidavits under section 8 (3) of H.P. Registration of Marriage Act 1996 that they have solemnized their marriage on dated 22-11-2019 according to the custom & ritual of Muslim religion and from the date of marriage they are living together as Husband & wife, Due to inadvertence they could not get their marriage registered before the local registrar within the stipulated period hence their marriage may be registered under Section 8(3)of H.P. Registration of marriage act 1996.

Therefore, the general public is hereby informed through this notice that any person who has any objection regarding registration of this marriage can file the objection personally in writing or through their legal advisor before the undersigned on or before dated 08-08-2025 the objection received after 08-08-2025 will not be entertained and direction to register the marriage will be issued accordingly.

Issued today on 19.07.2025 under my hand and seal of this court.

**Maneesh Chaudhary H.A.S.**
**Sub Divisional Magistrate Cum Additional District Registrar Marriages Joginder Nagar, District Mandi Himachal Pradesh.**

**अदालती नोटिस**
**व अदालत सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी पालमपुर जिला काँगड़ा हि.प्र.।**
किस्म मुकद्दमा- तकसीम
मुकदमा न. 100/NT/2010
तारीख पेशी 26.07.2025
**पवनेश कुमार बनाम सुशील कुमार आदि**
**समन बनाम:-** [illegible]
**विषय:-** [illegible]
उपरोक्त मुकद्दमा इस न्यायालय में विचाराधीन है। इसमें प्रतिवादी को कई बार समन किये गये परन्तु साधारण तरीके से तामील न हो रही है। अतः अब अदालती नोटिस /मुश्तरी-मुनादी द्वारा प्रतिवादी उपरोक्त को सूचित किया जाता है कि इस केस बारे कोई भी एतराज पेश करना हो तो वह दिनांक 26.07.2025 को अधोहस्ताक्षरी की अदालत में हाजिर होकर पेश कर सकता है। गैर हाजिर की सूरत में एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।
आज दिनांक 16.07.2025 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी हुआ।
**सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी पालमपुर जिला काँगड़ा हि.प्र.।**

**अदालती नोटिस**
**व अदालत सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी पालमपुर जिला काँगड़ा हि0प्र0।**
किस्म मुकद्दमा- तकसीम
मुकदमा न. 33/NT/2019
तारीख पेशी 11.08.2025
**मन्जू लता बनाम नीरज आदि**
**समन बनाम:-** [illegible]
**विषय:-** [illegible]
उपरोक्त मुकद्दमा इस न्यायालय में विचाराधीन है। इसमें प्रतिवादी को कई बार समन किये गये परंतु साधारण तरीके से तामील न हो रही है। अतः अब अदालती नोटिस /मुश्तरी-मुनादी द्वारा प्रतिवादी उपरोक्त को सूचित किया जाता है कि इस केस बारे कोई भी एतराज पेश करना हो तो वह दिनांक 11.08.2025 को अधोहस्ताक्षरी की अदालत में हाजिर होकर पेश कर सकता है। गैर हाजिर की सूरत में एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।
आज दिनांक 16.07.2025 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी हुआ।
**सहायक समाहता द्वितीय श्रेणी पालमपुर जिला काँगड़ा हि.प्र.**

**अदालती नोटिस**
**व अदालत सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी पालमपुर जिला काँगड़ा हि.प्र. ।**
किस्म मुकद्दमा-तकसीम
मुकदमा न. 110/NT/2019
तारीख पेशी 11.08.2025
**वनिता बनाम शान्ति स्वरूप**
**समन बनाम:-** [illegible]
**विषय:-** [illegible]
उपरोक्त मुकद्दमा इस न्यायालय में विचाराधीन है। इसमें प्रतिवादी को कई बार समन किये गये परंतु साधारण तरीके से तामील न हो रही है। अतः अब अदालती नोटिस /मुश्तरी-मुनादी द्वारा प्रतिवादी उपरोक्त को सूचित किया जाता है कि इस केस बारे कोई भी एतराज पेश करना हो तो वह दिनांक 11.08.2025 को अधोहस्ताक्षरी की अदालत में हाजिर होकर पेश कर सकता है। गैर हाजिर की सूरत में एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।
आज दिनांक 16.07.2025 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी हुआ।
**सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी पालमपुर जिला काँगड़ा हि.प्र.।**

**OFFICE OF THE CHAIRMAN SHRI MANI MAHESH TRUST-CUM-ADDITIONAL DISTRICT MAGISTRATE BHARMOUR, DISTRICT CHAMBA, H.P. -176315**
Phone No.01895-225506, 01895-225027 Fax No. 01895-225027, Email:smmtyatra@gmail.com

**NOTICE INVITING ONLINE TENDERS**

Tender Document No: SMMT/BHR/2025-08, 1914-17 Dated 21st July, 2025

The undersigned on behalf of Commissioner Temple-cum-Dy. Commissioner Chamba invites online **lump sum rate bids** from the eligible contractors / firms for the following works:-

| Sr. No. | Name of Work | Allotment of space in Mata Bharmani Temple Complex Bharmour for setting up temporary Mela Shops (Water Proof and fire proof) with CGI sheets and allied materials as per layout plan and renting out the same to desirous traders during Shri Manimahesh Yatra-2025 w.e.f 05-08-2025 to 04-09-2025. | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Reserved Cost (Rs.) | 300000/- | 4. | Starting Date/time for downloading Bid. | 22.07.2025 at 03:00 PM |
| 2. | Earnest Money | 30000/- | 5. | Deadline for submission of online Bid | 29.07.2025 at 03:00 PM |
| 3. | Tender Cost | 500/- | 6. | Date of bid opening | 29.07.2025 at 03:30 PM |

The tender documents containing the detail of the works, terms & conditions of the tender, mode of submission thereof including the bidding formats can be download from the website https://hptenders.gov.in Any further information including corrigendum/addendum, if any, pertaining to this tender will be communicated through the official website of District Chamba i.e https//hpchamba.nic.in only.

The tenders will be opened in the office of **Sub-Divisional Officer (Civil)-cum- Me mber Secretary SMMT Bharmour** on dated 29-07-2025 at 3.30 PM.

**Sd/-**
**Chairman Shri Mani Mahesh Trust**
**- Cum- Additional District Magistrate.**
**Bharmour Distt. Chamba (HP)**

**जो** झुकता है, वह उठ खड़ा भी हो सकता है। जो झुकता नहीं, वह टूटता है।
–डॉ. भीमराव अंबेडकर

## संपादकीय

# लोकतंत्र की मर्यादा

भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था में संसद सबसे महत्वपूर्ण मंच है, जहां देश के नागरिकों की आवाज उनके प्रतिनिधियों के माध्यम से उठाई जाती है। हर वर्ष होने वाला मानसून सत्र विशेष महत्व रखता है, क्योंकि इसमें नीतिगत चर्चाओं, विधायी कार्यों और देश के समसामयिक मुद्दों पर संवाद का अवसर मिलता है। इस बार के मानसून सत्र की शुरुआत ही तीखी बहसों और विपक्ष के हंगामे के साथ हुई। पहले दिन से ही विपक्ष ने सरकार को घेरने की रणनीति अपना ली। लोकसभा और राज्यसभा दोनों सदनों में पहलगाम आतंकी हमले, ऑपरेशन सिंदूर और राज्यसभा महासचिव यशवंत वर्मा से जुड़ा कथित भ्रष्टाचार का मामला छाया रहा।

विपक्ष ने इन मुद्दों को लेकर जमकर नारेबाजी की, जिससे सदनों की कार्यवाही कुछ समय तक बाधित भी रही। हालांकि, सत्ता पक्ष ने इन सभी मसलों पर चर्चा की सहमति जताई और स्पष्ट किया कि सरकार पारदर्शिता और जवाबदेही से पीछे नहीं हटेगी। ऑपरेशन सिंदूर, जो आतंकी ठिकानों पर की गई एक बड़ी सैन्य कार्रवाई रही, को लेकर राज्यसभा में 9 घंटे और लोकसभा में 16 घंटे की चर्चा निर्धारित की गई है। सवाल यह उठता है कि जो कुछ देशवासियों ने टीवी और डिजिटल माध्यमों पर प्रत्यक्ष देखा, उस पर संसद में इतनी लंबी बहस क्या जरूरी है? इस सवाल के दो पक्ष हैं। पहला यह कि ऐसी सैन्य कार्रवाई देश की संप्रभुता और सुरक्षा नीति का हिस्सा होती है, जिस पर संसद में चर्चा होनी चाहिए, ताकि भविष्य की रणनीतियों के लिए सुझाव और मूल्यांकन मिल सके। दूसरा पक्ष यह कहता है कि संसद का अधिकांश समय यदि पहले से स्पष्ट घटनाओं की पुनरावृत्ति में जाएगा, तो महत्वपूर्ण विधायी कार्य और विकास संबंधी चर्चाएं पीछे छूट जाएंगी। वास्तविकता यही है कि भारत जैसे विशाल लोकतंत्र में हर मुद्दे को संसदीय प्रक्रिया के दायरे में लाना आवश्यक है, ताकि कोई भी कार्यवाही एकपक्षीय न लगे और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहे, लेकिन यह भी उतना ही जरूरी है कि चर्चा रचनात्मक और परिणामोन्मुख हो, न कि सिर्फ राजनीतिक मंचन तक सीमित। सत्र की शुरुआत में ही राज्यसभा महासचिव न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों ने माहौल को और अधिक संवेदनशील बना दिया।

विपक्ष ने इस मामले में तत्काल कार्यवाही की मांग की। सभापति जगदीप धनखड़ ने स्पष्ट किया कि वह इस पर आवश्यक कदम उठाएंगे और जांच की प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाएंगे। यह एक महत्वपूर्ण संकेत है कि संसद न केवल कानून बनाने का केंद्र है, बल्कि अपनी संस्था की नैतिकता और पारदर्शिता के प्रति भी सजग है। अक्सर देखा गया है कि संसद के बहुमूल्य समय का बड़ा हिस्सा हंगामे, आरोप-प्रत्यारोप और बेवजह की बहसों में चला जाता है। इस बार मानसून सत्र 32 दिन तक चलेगा और इसमें 20 से अधिक विधेयकों को पेश करने की योजना है। यह समय यदि विकासपरक नीतियों, बजट, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण और सामाजिक न्याय जैसे विषयों पर केंद्रित हो, तो देश की दिशा बदल सकती है। दुर्भाग्यवश, पिछले कुछ वर्षों में यह प्रवृत्ति देखने को मिली है कि संसद में मुद्दों पर कम और राजनीति पर अधिक चर्चा होती है। यह लोकतंत्र के लिए खतरे की घंटी है।

देश की जनता सांसदों को संसद में हंगामा करने के लिए नहीं, बल्कि उनके जीवन से जुड़े मुद्दों पर नीतियां बनाने के लिए चुनती है। लोकतंत्र की ताकत विपक्ष और सत्ता पक्ष दोनों की सक्रियता में है। विपक्ष का कर्तव्य है कि वह सरकार की नीतियों पर सवाल उठाए, खामियों को उजागर करे और सकारात्मक सुझाव दे। वहीं, सत्ता पक्ष को चाहिए कि वह विपक्ष की आवाज को नकारने की बजाय उसमें से सार्थक बिंदु खोजकर नीति निर्माण में उनका समावेश करे। दुर्भाग्य यह है कि संसद में इन दिनों संवाद की जगह टकराव ने ले ली है। यदि दोनों पक्ष एक-दूसरे को दुश्मन नहीं, बल्कि सहयोगी के रूप में देखें तो संसद की गरिमा बनी रहेगी और परिणाम बेहतर होंगे। किसी भी विषय पर बहस होनी चाहिए, लेकिन उसका मकसद देशहित हो, न कि केवल राजनीतिक लाभ। भारत की संसद न केवल देश की सबसे बड़ी विधायी संस्था है, बल्कि विश्व के कई देशों के लिए एक लोकतांत्रिक प्रेरणा भी है।

यहां बनने वाले कानून, बहसें और लिए गए निर्णय वैश्विक स्तर पर अनुसरण किए जाते हैं। ऐसे में संसद की कार्यप्रणाली पर विशेष ध्यान देना जरूरी है। हर बार के सत्र से देश को कुछ नया मिलने की उम्मीद रहती है। चाहे वह महिलाओं के आरक्षण बिल की ऐतिहासिक स्वीकृति रही हो या जीएसटी जैसे क्रांतिकारी कदम। सवाल यह नहीं है कि कितनी बहस हुई, सवाल यह है कि बहस का नतीजा क्या निकला? इस मानसून सत्र की शुरुआत भले ही हंगामेदार रही हो, लेकिन यह जरूरी है कि आने वाले दिनों में यह सत्र रचनात्मक, विकासोन्मुख और जनहितकारी बने। संसद को एक ऐसी संस्था के रूप में काम करना चाहिए जो हर नागरिक की आवाज को प्रतिनिधित्व देती हो, न कि केवल राजनीतिक शक्ति प्रदर्शन का मंच बन जाए। राजनीति करना कोई गलत बात नहीं है, लेकिन संसद को सिर्फ राजनीति के लिए नहीं, नीति के लिए इस्तेमाल किया जाना चाहिए। सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों को अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए। यदि यह सत्र विकास, नीति निर्माण और लोकहित को केंद्र में रखकर चले तो निश्चित रूप से यह संसद न केवल भारतीय लोकतंत्र की मर्यादा को स्थापित करेगी, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी एक दिशा तय करेगी।

### आज के दिन की प्रमुख हस्ती

## महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री

**देवेंद्र** फडणवीस भारतीय जनता पार्टी के प्रसिद्ध नेता एवं महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री हैं। वह महाराष्ट्र विधानसभा में नागपुर दक्षिण पश्चिम से विधायक हैं। पूर्व में वह नागपुर नगर निगम के मेयर भी रहे। देवेंद्र फडणवीस ने 31 अक्तूबर, 2014 को महाराष्ट्र के 18वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी। तब वह 8 नवंबर, 2019 तक इस पद पर रहे। इसके बाद वह 23 नवंबर 2019 से 26 नवंबर, 2019 तक मुख्यमंत्री रहे। देवेंद्र फडणवीस का जन्म नागपुर में हुआ। देवेंद्र फडणवीस को राजनीति विरासत में मिली। फडणवीस ने वार्ड स्तर से अपनी राजनीति शुरू की। फडणवीस ने बीजेपी में वार्ड संयोजक से लेकर प्रदेश अध्यक्ष तक बनने का सफर तय किया है। फडणवीस बजट पर एक किताब भी लिख चुके हैं। महाराष्ट्र के प्रदेशाध्यक्ष बनने से लेकर मुख्यमंत्री बनने में भी आरएसएस का आशीर्वाद हमेशा रहा है।



देवेंद्र फडणवीस
जन्म : 22 जुलाई, 1970



कविता

## करनी कथनी एक हो

शिव सान्याल, मकड़ाहन, जवाली, कांगड़ा

*अब तो देखी नहीं जगत में, करनी कथनी एक।*
*झूठा कपटी इंसान बना, नहीं कर्म अब नेक।*
*वचन से यहां है मुकर रहा, अपनी बेच जमीर।*
*सुच्चा सुथरा बन के अपनी, पेश करें तस्वीर।*
*हक अपनों का मार सदा ही, रहा रोटियां सेक।*
*अब तो देखी नहीं जगत में,*
*करनी कथनी एक।*
*राम भजे मुख छुरी बगल में, करता मीठी बात।*
*रावण सा छल नित करता है, मानव की यह जात।*
*नफरत ईर्षा काम क्रोध मद, लालच लोभ अनेक।*
*अब तो देखी नहीं जगत में, करनी कथनी एक।*
*धन्य राम जो दशरथ नंदन, मर्यादा का रूप।*
*ईश्वर मानव बन करते 'शव', पावन कर्म अनूप।*
*आओ सीखें बनना उन सा, उन की रहिए टेक।*
*अब तो देखी नहीं जगत में, करनी कथनी एक।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# बादल फटना:पहाड़ों पर मंडराता अदृश्य तूफान

पर्वतों की शांत गोद में जब सूरज की पहली किरणें गिरती हैं, तो वहां जीवन मधुर संगीत की तरह बहता प्रतीत होता है, परंतु अब यही पर्वत एक अदृश्य तूफान की आशंका से कांपने लगे हैं। नीले आसमान में तैरते बादलों की मासूमियत अब रहस्य बन चुकी है। कब कौन-सा बादल प्रलय बन जाए, कहना मुश्किल है। यह तूफान दिखाई नहीं देता, लेकिन जब फटता है, तो अपने साथ जीवन की धड़कनों को भी बहा ले जाता है। यही है बादल फटना, एक प्राकृतिक आपदा, जो अब चेतावनी बन चुकी है। बादल फटना एक गंभीर प्राकृतिक आपदा है, जो हाल के वर्षों में भारत के पर्वतीय क्षेत्रों में तेजी से बढ़ती जा रही है। विशेष रूप से हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर जैसे राज्यों में हर मानसून के दौरान ऐसी घटनाएं सामने आती हैं, जिनमें भारी जान-माल की हानि होती है। यह घटनाएं अब सामान्य मौसमी घटनाएं नहीं रहीं, बल्कि बदलती जलवायु का स्पष्ट संकेत बन गई हैं। जब किसी सीमित क्षेत्र में बहुत कम समय में अत्यधिक वर्षा होती है, तो उसे बादल फटना कहा जाता है। वैज्ञानिकों के अनुसार जब एक घंटे में 10 सेंटीमीटर या उससे अधिक बारिश होती है और वह केवल कुछ किलोमीटर के क्षेत्र में केंद्रित रहती है, तब यह स्थिति बनती है।



रजनीश रांगड़ा
प्रधानाचार्य, टौणी देवी (हमीरपुर)



यह परिघटना तब घटित होती है जब अत्यधिक नमी वाली हवाएं अचानक ऊंचाई पर जाकर ठंडी हवाओं से मिलती हैं और तेजी से संघनित होकर भारी मात्रा में पानी छोड़ती हैं। यदि उस समय वातावरण में तेज हवाओं की कमी हो, तो यह सारा पानी एक ही जगह पर बेहद तेजी से बरसता है, जिससे विनाशकारी स्थिति उत्पन्न हो जाती है। इसकी तीव्रता इतनी अधिक होती है कि सामान्य जल निकासी प्रणालियां इसे संभाल नहीं पातीं, जिसका परिणाम अचानक आई बाढ़, भूस्खलन और बड़े पैमाने पर संपत्ति का नुकसान होता है। बादल फटने की घटनाएं पहले भी होती थीं, लेकिन अब इनकी आवृत्ति और तीव्रता दोनों में तेजी से वृद्धि हो रही है। इसका एक बड़ा कारण जलवायु परिवर्तन है। जैसे-जैसे वैश्विक तापमान बढ़ रहा है, वायुमंडल में अधिक जलवाष्प संचित हो रहा है, जिससे बादल अधिक भारी और संवेदनशील हो रहे हैं। मानसून की परंपरागत प्रणाली भी अब अनियमित हो गई है।

वर्षा का समय, स्थान और मात्रा ये तीनों ही अब पूर्वानुमान से बाहर होते जा रहे हैं। कभी-कभी कई दिनों तक सूखा रहता है और फिर अचानक अत्यधिक वर्षा होती है, जो बादल फटने का रूप ले लेती है। इन घटनाओं के पीछे केवल प्राकृतिक कारण ही नहीं हैं, बल्कि मानवीय गतिविधियां भी उतनी ही जिम्मेदार हैं।

वनों की अंधाधुंध कटाई, पर्वतीय क्षेत्रों में अनियोजित निर्माण, सड़कों और सुरंगों का बेतरतीब निर्माण, और अनियोजित शहरीकरण ने पारिस्थितिक संतुलन को पूरी तरह से बिगाड़ दिया है। जहां कभी घने जंगल और घास की परतें पानी को स्वाभाविक रूप से सोख लेती थीं, वहां अब सीमेंट और डामर की सतहें हैं जो पानी को तेजी से बहने पर मजबूर करती हैं। इससे पहाड़ों में मृदा क्षरण बढ़ता है और जलधाराएं अचानक उफान पर आ जाती हैं। पिछले कुछ वर्षों में, हिमाचल प्रदेश, विशेषकर मंडी, शिमला, चंबा, किन्नौर और कुल्लू जैसे जिलों में बादल फटने की कई दर्दनाक घटनाएं हुई हैं, जिनमें अनगिनत जानें गईं और करोड़ों रुपए की संपत्ति नष्ट हो गई। पुल बह गए, सड़कें टूट गईं और कई इलाके दिनों तक शेष दुनिया से कटे रहे। इन घटनाओं ने स्पष्ट कर दिया है कि विकास की अंधी दौड़ में हमने प्रकृति के साथ एक अनावश्यक संघर्ष मोल ले लिया है। यह संघर्ष केवल पर्यावरण का ही नहीं, बल्कि मानव अस्तित्व का भी प्रश्न बन गया है। हर बार जब कोई बादल फटता है, तो वह हमें हमारी लापरवाहियों का हिसाब देता है। वह यह याद दिलाता है कि पर्वत केवल पर्यटन स्थलों या विकास के नक्शों पर नहीं, बल्कि प्रकृति की जीवित चेतना में भी बसे होते हैं। हालांकि बादल फटने को पूरी तरह रोका नहीं जा सकता, लेकिन इसके प्रभाव को कम किया जा सकता है। इसके लिए मौसम विभाग को अत्याधुनिक तकनीकों से लैस करना होगा, ताकि वह समय पर और सटीक चेतावनी दे सके। पर्वतीय क्षेत्रों में किसी भी निर्माण कार्य को केवल पर्यावरणीय अध्ययन के आधार पर ही अनुमति मिलनी चाहिए।

वृक्षारोपण, जल संचयन और भूमि संरक्षण को प्राथमिकता देना अत्यंत आवश्यक है। साथ ही, स्थानीय समुदायों को आपदा प्रबंधन से संबंधित जानकारी और प्रशिक्षण देना महत्वपूर्ण है ताकि आपातकालीन स्थितियों में वे अपनी और दूसरों की सुरक्षा कर सकें। दीर्घकालीन समाधान की बात करें तो हमें जलवायु परिवर्तन की दिशा में ठोस कदम उठाने होंगे। कार्बन उत्सर्जन को कम करना, हरित ऊर्जा को अपनाना और जीवनशैली में पर्यावरण अनुकूल बदलाव लाना समय की मांग है। यदि हमने अभी भी प्रकृति के संतुलन को नहीं समझा तो आने वाले वर्षों में ऐसी आपदाएं और भी विकराल रूप लेंगी। बादल फटना अब केवल एक मौसमी घटना नहीं, बल्कि एक गंभीर चेतावनी है। यह हमें पुकार रही है कि हम ठहरें, सोचें और सुधरें। हमें अपने विकास मॉडल पर गंभीरता से पुनर्विचार करना होगा और प्रकृति के साथ सह-अस्तित्व की भावना को फिर से जगाना होगा। तभी हम अपने भविष्य को सुरक्षित कर पाएंगे और प्राकृतिक आपदाओं के विनाशकारी प्रभावों को कम कर सकेंगे।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# देश का नशा मुक्त युवा, विकसित भारत का सारथी

कहा जाता है कि अगर किसी देश को आगे बढ़ना है, विकसित होना है, तो उसका युवा सशक्त और समर्थ होना चाहिए। विश्व में भारत ऐसा देश है, जहां सबसे अधिक युवा आबादी है। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते हैं कि अगर भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाना है, तो उसमें सबसे महत्वपूर्ण भूमिका हमारी युवा शक्ति ही निभाएगी। देश के विकास की रफ्तार युवाओं की ऊर्जा, विचार और संकल्प से ही तय होती है, लेकिन आज राष्ट्र के सामने सबसे बड़ी चुनौती है, अपने युवाओं को नशे की लत से दूर रखना। वर्तमान में युवा वर्ग नशे के घेरे में आता जा रहा है। यह नशा न केवल उनके स्वास्थ्य बल्कि करियर, सपनों और देश की ताकत को भी प्रभावित कर रहा है। एक स्टडी के मुताबिक, भारत में 10 से 24 वर्ष की उम्र के हर 5 में से 1 युवा ने कभी न कभी ड्रग्स का सेवन किया है। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान की रिपोर्ट के अनुसार, 8.5 लाख से अधिक बच्चे ड्रग्स की लत का शिकार हैं।



डॉ. मनसुख मांडविया
केंद्रीय श्रम, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री

ये आंकड़े बेहद डरावने और चिंतन योग्य हैं। ड्रग्स और अन्य नशीले पदार्थों के खात्मे के लिए भारत सरकार ने पिछले 11 वर्षों में कई प्रभावी कदम उठाए हैं। 2020 में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने 'नशा मुक्त भारत अभियान' की शुरुआत की। नशे की लत को रोकने और पीड़ितों की सहायता के लिए सरकार ने राष्ट्रीय नशा मुक्ति केंद्र और आउटरीच-कम-ड्रॉप-इन सेंटर की स्थापना की। स्कूलों और कॉलेजों में जागरूकता अभियान चलाए गए। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने ड्रग माफिया के विरुद्ध सशक्त ऑपरेशन्स किए। साथ ही, देशभर में युवाओं की काउंसिलिंग हेतु हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर भी स्थापित किए गए। इसके अलावा विभिन्न राज्यों में भी स्थानीय प्रशासन, गैर-सरकारी संस्थाओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं के सहयोग से नशे के विरुद्ध कई बड़े अभियान चलाए जा रहे हैं। भारत इस लड़ाई को और मजबूत बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है। इसी कड़ी में माय भारत ने एक बड़ी पहल की है।



बाबा काशी विश्वनाथ की धरती से 19 से 20 जुलाई तक 'युवा आध्यात्मिक समिट' का आयोजन किया जा रहा है। इसका थीम होगा 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत'। वाराणसी के पावन घाटों पर आयोजित होने वाले इस समिट का उद्देश्य, एक ऐसी राष्ट्रीय नीति बनाना है, जो युवाओं के नेतृत्व में नशा मुक्ति अभियान को सशक्त बनाए। इस समिट में देशभर की 100 से अधिक आध्यात्मिक संस्थाओं के युवा प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। साथ ही स्वास्थ्य मंत्रालय, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, संस्कृति मंत्रालय, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो और अन्य महत्वपूर्ण संस्थाएं भी इसमें सहभागिता करेंगी। इसके माध्यम से युवाओं को एक ऐसा मंच मिलेगा, जहां वो अपनी आवाज को सरकार और नीति निर्माताओं तक पहुंचा सकेंगे।

इस समिट में देश की नशे के विरुद्ध लड़ाई को मजबूत करने के लिए विभिन्न सेशन्स आयोजित किए जाएंगे। इसमें नशे की प्रवृत्ति, इसकी प्रकृति, प्रकार, पीड़ितों की जनसांख्यिकी, अंतरराष्ट्रीय प्रभाव और सरकार तथा माय भारत के युवा स्वयंसेवकों की भूमिका जैसे विषयों पर गहन विचार-विमर्श और चर्चा होगी। साथ ही नशे की लत से उबरने वाले युवाओं की प्रेरक कहानियां और उनके अनुभव भी साझा किए जाएंगे, ताकि अन्य युवा उनसे प्रेरणा ले सकें। अंत में एक 'काशी डिक्लेरेशन' जारी किया जाएगा, जो अगले पांच वर्षों के लिए नशा मुक्ति अभियान का रोडमैप होगा। इसमें यह तय किया जाएगा कि युवाओं को किस प्रकार नशे से दूर रखा जाए, नशे की गिरफ्त में आए लोगों की कैसे सहायता की जाए और पूरे देश में जागरूकता अभियान को किस तरह तेज किया जाए। काशी की पवित्र धरती से उठने वाली यह पुकार, हर युवा के मन में जागृति और देशभक्ति का नया प्रकाश भर देगी और यही संकल्प 2047 के विकसित भारत की मजबूत नींव बनेगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

### अपनी बात

**भारतीय** ही नहीं पूरे विश्व के मानव ऐसी ही कई चालाकियों से खुद को बचाने की कोशिश करते हैं। सिगरेट पीएंगे तो माचिस दूसरे की जलाएंगे, टिफिन अपना होगा, मगर सलाद दूसरे का खाते हैं। अखबार रोज पढ़ते हैं,परंतु बगल की दुकान से उठाकर पढ़ते हैं। उस दिन अचानक आई बारिश से बचने के लिए लोग सबसे पहले रुमाल से सिर ढांपते या पेड़ के नीचे बूंदों से बचते रहे थे। मैंने भी यही किया, परंतु वर्षा ज्यादा थी, लिहाजा शहर की कुछ दूरी पर सड़क पर स्थित शराब ठेके के बरामदे पर शराबियों के बीच खड़ा होकर घुल मिल गया। अकेले मैंने न पीकर राज्य को कितना पीछे किया। सोचा, 'मेरे जैसे लोग भी पी लेंगे, तो सरकार को आय हो जाएगी।' मैंने पहली बार देखा कि एक ठेका ही है, जहां सब एक दूसरे को मोटिवेट कर रहे हैं। हमें सिर्फ अपनी कमाई पर ही विश्वास करना चाहिए, दूसरों पर निर्भर नहीं रहना चाहिए।

**कमल किशोर,हमीरपुर**

# आपदा में राहत के लिए और 'मोक्षथीकाओं' की जरूरत

जब बड़ी-बड़ी सरकारें हिमाचल में आए मौसम के सैलाब से हुए नुकसान का जायजा लेने में व्यस्त हो रही थीं, थुनाग, सराज एवं मंडी जिले के बहुत बड़े क्षेत्र की सड़कें तबाह हो चुकी थीं, नीतिका , ग्यारह महीने की छोटी बच्ची सुबह रसोई के पास कोने में रोती हुई पाई गई, क्योंकि रात को उसके मम्मी और पापा पानी के बहाव को पलटने में स्वयं भी उस बहाव में बह गए थे, 30 जून से लेकर जुलाई दूसरे सप्ताह तक दो-दो मुख्यमंत्री, राष्ट्रीय पार्टी के अध्यक्ष और सांसद भी दौरा पूरा कर चुके थे, तब सुंदरनगर की छठी में पढ़ने वाली मोक्षथीका ने अपनी गुल्लक तोड़कर अपने पापा को 1600/- रुपए की राशि आपदा से प्रभावित बच्चों के लिए जरूरी सुविधाओं का प्रबंध करने के लिए दे दिए। शायद उसने कई साल लगाकर यह छोटी सी धनराशि जमा की थी, लेकिन उसकी पूरी जमा पूंजी थी।



डॉ. दमन आहूजा
स्वतंत्र लेखक

बिना एक पल भी गंवाए या अपने व्यक्तिगत वित्तीय सुरक्षा की चिंता किए, इस बिटिया ने इतिहास में भामाशाह सरीखा अपना नाम दर्ज करवा लिया। महाराणा प्रताप की सेना के लिए उस समय जो काम भामाशाह ने किया था, हिमाचल प्रदेश की इस नन्हीं बालिका ने उसी जज्बे का उदाहरण पेश किया है। त्रासदी इतनी भयानक रही है, कि सैकड़ों लोगों के जीवनभर के आशियाने पूरे के पूरे खत्म हो गए हैं, सड़कें, बिजली के पोल, पानी की सप्लाई, संपर्क मार्ग ऐसा लगता है जैसे कभी थे ही नहीं।

लोगों के पास पहने हुए कपड़ों के इलावा, मकान, दुकान, जानवर, बर्तन कुछ भी नहीं बचा है। पहुंचाई गई राहत सामग्री को बनाने लायक बर्तन व चुल्ले भी नहीं बचे थे।





निसंदेह राज्य सरकार, विपक्षी नेता और तमाम स्वयंसेवी संगठनों ने अपना अपना दायित्व भी निभाया है, लेकिन ऐसी त्रासदी से प्रभावितों को स्थायी आशियानों के जरिए नियमित जिंदगी में लौटने में समय लगेगा। एक अनुमान के मुताबिक 1000 करोड़ से ज्यादा का नुकसान का आंकलन हो चुका है, जिसे केंद्र व राज्य सरकार की मदद से पुनर्स्थापित किया जाएगा, लेकिन ऐसे समय में न सिर्फ हिमाचल, बल्कि पूरे देश से और मोक्षथीकाओं की जरूरत है।

छोटे-छोटे प्रयास, छोटी-छोटी मदद, जो इस क्षेत्र की महिलाओं, पुरुषों एवं युवा लोगों के लिए रोजगार, आवासीय रिहायशी, घर की अन्य जरूरतें, जैसे, बिस्तर, बर्तन, कपड़े, चूल्हे, साधारण फर्नीचर आदि का प्रबंध कर सकें। मुख्यमंत्री व उनकी टीम से भी गुजारिश रहेगी कि मदद करने वालों के लिए सभी अखबारों में क्यू आर कोड छापें, ताकि देश के किसी भी कोने से मदद आ सके। हिमाचल के सभी फोन में मदद के लिए कालर ट्यून और राहत कोष का नंबर कम से कम एक महीने तक प्रसारित होने दें। देखने वाली बात यह भी है कि पहाड़ी क्षेत्र होने के नाते, हर कुछ सालों के बाद इस तरह की प्राकृतिक त्रासदी आती रही है, लेकिन उसके बावजूद पहाड़ी नदी नालों के पास घर बनाने के लोगों के मिजाज में कोई कमी नहीं आई है।

हर बारिश में प्रशासनिक हाय तौबा के बाद सब कुछ ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है, जबकि आज कल तकनीकी युग में आपदा वाले स्थानों का चिन्हीकरण पहले से हो सकता है, मिटी के परीक्षण से जमीन की स्थिति, पानी के कटाव और पहाड़ में कितनी जमीन पर खेती एवं आवासीय मकान न बनाए जाएं पूरी साइनटिफिक तरीके से किया जा सकता है। हर वर्ष की बरसात की इस आपदा से निपटने के लिए स्थायी आशियानों उपाय करने की जरूरत है, वरना यूं ही मानवीय नुकसान होता रहेगा और मोक्षथीकाओं की गुल्लकें टूटती रहेंगी।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## पाठकों के पत्र...

**अनंत** ज्ञान जैसा जाना माना दैनिक समाचार पत्र सार्वजनिक समस्याएं प्रमुखता से प्रकाशित कर रहा है यानी दूसरे शब्दों में कहें तो समाज की ऊंची आवाज है जो दीवारें छान रही है। अनंत ज्ञान मीडिया इसी तरह आगे बढ़ता रहे, हम आपके साथ हैं यानी कल तक फौज की रायफल थामी थी, अब कलम के सिपाही हैं। सार्वजनिक समस्या की बात करें, तो वह यह है कि गांव महादेव के यहां प्राथमिक स्कूल है जिसका पूरा नाम राजकीय प्राथमिक पाठशाला मंदिर महादेव है के लिए दी गई पानी की आपूर्ति पाइप महीनों से टूटी पड़ी है और पानी हर रोज व्यर्थ में सड़क पर बहता रहता है, क्योंकि इसकी सुध नहीं ली जा रही है जिससे पानी की बर्बादी लगातार हो रही है, जबकि शिक्षा विभाग तथा जल शक्ति विभाग को इस सुधार के लिए कारगर कदम उठाना चाहिए था, मगर अभी तक इस दिशा में किसी भी किस्म की कार्यवाही अमल में नहीं लाई जा सकी है। उपायुक्त मंडी को चाहिए कि पाइप ठीक करवाने का कार्य मजबूती से करवाना चाहिए, ताकि व्यर्थ बह रहे पानी का सिलसिला और अधिक चलने में विराम लगे।



**भीम बसेडू राजपूत**
**महादेव, मंडी**
**मो.9816129019**

**अनंत** ज्ञान सभी को अच्छा लग रहा है। पूरे राज्य की विस्तृत खबरें हमें पढ़ने को मिल रही है। जिला मुख्यालय सोलन में पुराने डीसी कार्यालय से शामती तक सड़क बहुत तंग है। पैदल चलने वाले मुश्किल से निकलते हैं। फुटपाथ बनाने के लिए दो-तीन वर्ष पूर्व एसडीएम मैडम ने अच्छा काम किया। टीम के साथ अवैध कब्जों पर निशान लगाए गए, लेकिन उनकी बदली के बाद काम ठप हो गया। मरीज के टेस्ट होने से ही वह ठीक नहीं हो जाता उसे दवा भी देनी पड़ती है। इस रोड का भी कुछ यही हाल है। सीएम भी मेले पर पधारे थे, उन्होंने भीड़ देखी। अब इस फुटपाथ का भी कार्य तुरंत शुरू हो। रोज 2000 से ज्यादा बच्चे व अन्य लोग इस सड़क से गुजरते हैं। कई दुर्घटना के शिकार भी हुए हैं, क्योंकि इस सड़क पर यातायात ज्यादा है। निर्माण अतिशीघ्र हो। सड़क भी कई जगह धंस रही है। इस फुटपाथ की उम्मीद है। जनहित के इस मुद्दे पर तुरंत कार्रवाई होगी। अनंत ज्ञान परिवार यूं ही आगे बढ़ता रहे।



**मुकेश विग, सोलन।**

**मैं** जिला ऊना के गांव पंचायत धुंदला के गांव ननावीं का स्थायी निवासी हूं। किसान होने के साथ-साथ गांव का जिम्मेदार नागरिक भी हूं। सड़कों की स्थिति में लगातार सुधार हो रहा है। महोदय हमारे क्षेत्र में अधिकांश लोग कृषि कार्य पर निर्भर हैं। यहां लावारिस जानवरों के साथ जंगली जानवरों की समस्या भी प्रमुख है। हमारे गांव धुंदला के साथ लगते गांव ननावि, रकड़, मलांगड, जमासनी, ,उपरला धुंदला, बेरी, जखोला पहाड़ी क्षेत्र हैं। जंगली जानवरों खासकर बंदरों, सूअरों और नील गाउओं की समस्या से सब परेशान हैं। बेरोजगारी भी प्रमुख समस्या है। इन सभी समस्याओं को दूर करने के लिए अनंत ज्ञान समाचार पत्र के माध्यम से प्रयास किया गया है। अखबार का डिजिटल संस्करण पढ़ता हूं। डिजिटल संस्करण काफी रोचक लगा है। अखबार की प्रति लेने के लिए बंगाणा उपमंडल मुख्यालय भी जाना पड़ता है। अनंत ज्ञान समाचार पत्र क्षेत्र के कई आसपास के गांवों में हॉकर्स के पास उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। आपसे आग्रह है कि ननावि, ,मलांगड, जमासनी, उपरला धुँदला,बेरी, जखोला में अगर कोई व्यवस्था हो जाए तो इन रूट पर समाचार पत्र पहुंचाने की व्यवस्था की जाए,कहीं कहीं समाचार पत्र पहुंचता तो है किंतु गांवों तक नहीं पहुंचता है। इसके अलावा समाचार पत्र में शिमला मुख्यालय से अधिकांश समाचार और रोजगार संबंधी समाचार और जानकारी होनी चाहिए। महोदय हमारे क्षेत्र में लावारिस और जंगली जानवरों, खासकर बंदरों की समस्या विकराल हो चुकी है। यहां मक्की और गेहूं की प्रमुख फसलें होती हैं, लेकिन कुछ मौसम की मार और रही कसर लावारिस जानवरों द्वारा पूरी कर दी जाती है। यहां कृषि के कार्य से जुड़े लोग भी अधिक हैं। यहां लोग कृषि से जुड़े हैं इसलिए किसानों की समस्याएं भी हैं। इन समस्याओं को दूर करने के लिए अनंत ज्ञान समाचार पत्र के माध्यम से प्रयास किया गया है। हमारी जानकारी पर कुछ समाचार प्रकाशित हुए भी हैं। अब तक आपका डिजिटल संस्करण नियमित पढ़ता हूं। कभी- कभी प्रिंट भी मिल जाता है।



**रजनीश कुमार**
**मो. 7014258297**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### चलती कार पर गिरा पेड़, एक व्यक्ति घायल

**कविता, अनंत ज्ञान, पधर।** नेशनल हाईवे-154 पर नारला के समीप सोमवार को एक चलती कार पर अचानक पेड़ गिर गया है। जिस कारण कर में सवार एक व्यक्ति को चोटें आई हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और राहत व बचाव कार्य शुरू किया। जानकारी के मुताबिक वाहन संख्या एचपी 29 बी 7071 जो मंडी से जोगिंदनगर की ओर जा रहा था, उस पर अचानक पहाड़ी से एक बड़ा पेड़ गिर गया। इस दुर्घटना में वाहन के पिछले हिस्से को काफी नुकसान पहुंचा है। वाहन में उस समय कुल पांच लोग सवार थे, जिनमें से एक व्यक्ति घायल हो गया। घायल व्यक्ति को मौके से ही प्राथमिक उपचार हेतु अस्पताल ले जाया गया। जहां से उसे नेरचौक मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। फिलहाल घायल का इलाज चल रहा है। पुलिस ने मौके पर मौजूद लोगों के बयान दर्ज किए हैं और मामले की जांच जारी है।

### भारी बारिश के चलते वाहन पासिंग रद्द

**भीम बसेड़ू, अनंत ज्ञान, महादेव।** भारी बारिश के कारण सोमवार को बीबीएमबी कॉलोनी सुंदरनगर में प्रस्तावित वाहन पासिंग रद्द करनी पड़ी। एसडीएम सुंदरनगर अमर नेगी ने जिला परिवहन अधिकारी मंडी, मोटर वाहन निरीक्षक मंडी एवं सहायक लोक संपर्क अधिकारी सुंदरनगर को इस संबंध में सूचित किया है। एसडीएम ने बताया कि क्षेत्र में भारी वर्षा के चलते सुरक्षा कारणों से यह निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि 22 जुलाई को प्रस्तावित ड्राइविंग टेस्ट भी मौसम पर निर्भर रहेगा। यदि बारिश का दौर यूं ही चलता रहा तो ड्राइविंग टेस्ट भी रद्द किया जा सकता है। खबर लिखे जाने तक जब एसडीएम सुंदरनगर से इस संबंध में बात की, तो उन्होंने कहा कि सोमवार शाम तक मौसम की स्थिति के आधार पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

### प्रधानाचार्य को सेवा विस्तार, जताया आभार

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** आदर्श पाठशाला बीएसएल प्रोजेक्ट सुंदरनगर के प्रधानाचार्य डॉ. एमआर गौतम को सेवा विस्तार दिए जाने पर विद्यालय में अध्ययनरत 800 छात्र-छात्राओं के अभिभावकों ने प्रसन्नता व्यक्त की है। अभिभावक शिक्षक संघ (पीटीए) के प्रधान वीरेंद्र ठाकुर ने बीबीएमबी अध्यक्ष मनोज त्रिपाठी, सदस्य (सिंचाई), एवं मुख्य अभियंता बीबीएमबी चंडीगढ़ विजेंद्र नारा का विशेष रूप से आभार प्रकट किया है। वीरेंद्र ठाकुर ने कहा कि डॉ. एमआर गौतम का शैक्षणिक व प्रशासनिक नेतृत्व अत्यंत प्रभावशाली रहा है।

### पंचमुखी महादेव लांगणा में भक्तों की भीड़

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** सावन के पहले सोमवार को उपमंडल जोगिंदनगर के पंचमुखी महादेव लांगणा मंदिर में भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखी गई, जो भगवान शिव के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे। पूरे दिन मंदिर में 'बम-बम भोले' और 'हर-हर महादेव' के जयकारे गूंजते रहे, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर स्थानीय विधायक प्रकाश राणा अपनी पत्नी के साथ पंचमुखी महादेव मंदिर पहुंचे और विशेष पूजा-अर्चना की। उन्होंने प्रदेश और क्षेत्र की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। विधायक ने इस दौरान भक्तों से बातचीत भी की और सावन के पावन अवसर पर सभी को शुभकामनाएं दीं।

### रोपरी की कृष्णा देवी को सौंपी बीमा राशि

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** उपतहसील भदरोता के अंतर्गत राज्य सहकारी बैंक शाखा चंदेश ने कृष्णा देवी पत्नी स्व. जगदीश चंद गांव रोपरी डाकघर गैहरा तहसील सरकाघाट जिला मंडी को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत 200000 रुपए की बीमा राशि सौंपी। इससे पूर्व कृष्णा देवी को स्वर्गीय जगदीश चंद द्वारा अपने बचत खाते से चलाई गई प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत भी 2,00,000 रुपए की बीमा राशि प्राप्त हो चुकी है। शाखा प्रबंधक कुलदीप कुमार ने बताया कि स्वर्गीय जगदीश चंद ने अपने बचत खाते से प्रधानमंत्री जीवन सुरक्षा बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा के तहत बीमा लिया हुआ था। स्वर्गीय जगदीश चंद की दुर्घटना से मृत्यु होने पर परिजनों ने संबंधित शाखा को सूचित किया। बैंक कर्मियों ने परिवार के सदस्यों को बीमा के बारे में अवगत करवाया और उन्हें बीमा क्लेम से संबंधित दस्तावेज जमा करवाने के लिए कहा। इसके बाद कृष्णा देवी को बीमा राशि दी गई।

### गैहरा में बैंकिंग योजनाओं की जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक शाखा मढ़ी द्वारा ग्राम गैहरा सकलाना पंचायत में एक दिवसीय डिजिटल फाइनेंशियल लिटरेसी कैंप आयोजित किया गया। इस मौके पर शाखा प्रबंधक जोगा चंद ने उपस्थित ग्रामीणों को डिजिटल बैंकिंग, बैंक धोखाधड़ी से बचाव तथा सामाजिक सुरक्षा योजनाओं जैसे सशक्त महिला ऋण योजना, सपनों का संचय योजना, व अटल पेंशन योजना के बारे में जानकारी दी। कैंप के दौरान अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना व प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के नए खाते भी खोले गए। विशेष भागीदारी मात्रा आशापुरी महिला स्वयं सहायता समूह, गैहरा की महिलाओं द्वारा की गई। प्रमुख प्रतिभागियों में मधु देवी, ज्योति देवी, मनोज कुमार, मीरा देवी तथा अन्य ग्रामीण सम्मिलित रहे।

### 101 लीटर दूध की खीर का लगाया भंडारा

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** पवित्र सावन माह में सोमवार को माता नैणा मंदिर डबरोग परिसर पर माता नैणा की असीम कृपा और शिव भोलेनाथ की अनुकंपा तथा गांव डबरोग के सहयोग से खीर भंडारे का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें 101 लीटर दूध की खीर राहगीर व श्रद्धालुओं में वितरित की गई। इस अवसर पर सतीश शर्मा, नेकराम, राम लाल शर्मा, चुनी लाल, डॉ. सुमन, डॉ. मनोज सुमन (धनू) जगदीश चंद, राकेश, प्रकाश, पारस व अन्य गांव वासी मौजूद रहे। मुख्य रूप से खीर भंडारे के लिए सामग्री अनीश शर्मा, सुनील शर्मा, मनोज व मंदिर नैणा माता कमेटी द्वारा दी गई।

### नौणू में 70 किलो खीर का लगाया भंडारा

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** ग्राम पंचायत रोपडी के वार्ड में युवक मंडल के सदस्यों द्वारा 70 किलो दूध की खीर का भंडारा लगाया गया। इस कार्य में स्थानीय ग्रामीण रसील राणा, अशोक कुमार, राजेंद्र कुमार, ज्ञानचंद, विजय ठाकुर, राजू लांडा, शाहिद व छोटे-छोटे बच्चों ने इस आयोजन में अपनी भूमिका निभाई।

### फौजी ढाबा नारला का पुन: शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, पधर।** मंडी-पठानकोट राष्ट्रीय राजमार्ग पर वर्षों से स्वाद और परंपरा की पहचान बना फौजी ढाबा नारला अब नए स्थान पर एक बार फिर ग्राहकों की सेवा में है। फोरलेन निर्माण के चलते पुराने स्थान से हटाया गया यह प्रतिष्ठित ढाबा अब एनएच से लगभग 100 मीटर पीछे, पधर की ओर बाईं दिशा में स्थानांतरित कर दिया गया है। सावन मास के दूसरे सोमवार को ढाबे का विधिवत उद्घाटन उपमंडलाधिकारी पधर सुरजीत ठाकुर ने किया। उद्घाटन समारोह में पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष द्रंग बामन देव ठाकुर, पंचायत समिति द्रंग के उपाध्यक्ष कृष्ण भोज, एचपीएमसी बोर्ड ऑफ डायरेक्टर जोगिंदर गुलेरिया, वरिष्ठ समाजसेवी एमएल चंदेल, कामेश्वर चौहान, युवा कांग्रेस अध्यक्ष अक्षय वर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# चंडीगढ़-मनाली एनएच बंद, हजारों वाहन फंसे

## 4 और 9 मील 11 घंटे बाद हुआ बहाल और दवाडा, जलोगी, बनाला व पनारसा में सड़क बंद

बालक राम, अनंत ज्ञान

**पंडोह।** चंडीगढ़-मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग रविवार आधी रात्रि को 4 मील के पास पत्थर गिरने के कारण बंद हो गया था। जो सोमवार को 10 घंटे के बाद 11 बजे थोड़ी देर के लिए खुला, मगर वर्षा लगातार होने से पुलिस ने ऐतिहातन पत्थर गिरने के कारण बंद कर दिया। बीच-बीच में पुलिस की निगरानी में एक एक करके वाहनों को इस डैंजरस प्वाइंट से सुरक्षित पार किया गया। मगर तभी 9 मील और पंडोह डैम के साथ डयोड में भी पहाड़ी से पत्थर गिरने और सड़क मार्ग के 5-6 फुट धंसने से सड़क मार्ग बंद हो गया। इससे इन डैंजरस प्वाइंट से मलबा हटाना जोखिम भरा हो गया है। दोपहर 2.30 बजे वर्षा थमते ही सड़क मार्ग को 9 मील और 4 मील के पास पंडोह तक वाहनों की आवाजाही के लिए खोल दिया गया। मगर फंसे हुए वाहन अपने-



चंडीगढ़-मनाली राष्ट्रीय उच्च मार्ग पर मलबा हटाती जेसीबी मशीन।

अपने सुरक्षित स्थानों पर ही खड़े रहे। क्योंकि कुल्लू के लिए सड़क मार्ग डयोड, दवाडा, जलोगी, शनि मंदिर व पनारसा के पास भारी भूस्खलन के कारण बंद था। जो खबर लिखे जाने तक भी बंद ही है। सबसे डैंजरस प्वाइंट दवाडा का रहा जहां एका एक पहाड़ी से पत्थर गिरने शुरू हुए और चंद मिनटों में मानों सारा पहाड़ ही घिर गया। यह भूस्खलन फोरलेन के फ्लाईओवर के साथ हुआ है। पंडोह पुलिस चौकी प्रभारी अनिल ने बताया कि उनकी एक टीम देर रात से ट्रैफिक व्यवस्था बनाने में लगी रही। मंडी से पंडोह तक सड़क मार्ग सुचारू है। मगर पंडोह से कुल्लू के लिए अभी इंतजार करना होगा।

### महादेव में भारी बारिश से कई सड़कें और रास्ते बंद

**भीम बसेड़ू, अनंत ज्ञान, महादेव।** क्षेत्र में पिछले 24 घंटों से लगातार रुक-रुक कर हो रही भारी बारिश ने जनजीवन पूरी तरह से अस्त-व्यस्त कर दिया है। लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के चलते लोगों को अपने घरों में ही दुबकना पड़ा, जबकि बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा और रोजमर्रा की गतिविधियां बुरी तरह प्रभावित हुईं। बारिश के कारण सड़कों, खेतों और खलिहानों में पानी भर गया है। नालियां, नाले और खड्डें उफान पर हैं, जिससे जलभराव की स्थिति गंभीर हो गई है। सुंदरनगर-चाय का डोहरा बस रूट सहित नालनी, रोहांडा और करसोग जैसे इलाकों में सड़कों के बंद होने की स्थिति बन गई है। इस वजह से लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

## देहवी खड्ड में बहा युवक, रतोग पुल के पास मिला शव

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** मंडी जिले के सुंदरनगर उपमंडल में सोमवार को एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जब देहवी खड्ड के तेज बहाव में एक 20 वर्षीय युवक बह गया। घंटों की खोज के बाद शाम को उसका शव रतोग पुल के पास बरामद हुआ।

मृतक की पहचान रोहित निवासी गांव जंदरेहड़ू तहसील सुंदरनगर के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार रोहित अपनी बुआ के घर से लौटते समय देहवी खड्ड पार कर रहा था। इसी दौरान वह बह गया। सूचना मिलते ही डैहर पुलिस चौकी की टीम मौके पर पहुंची और बीबीएमबी सुंदरनगर के दमकल कर्मियों व स्थानीय लोगों के सहयोग से खोज अभियान शुरू किया। कुछ घंटों की मशक्कत के बाद शव रतोग पुल के पास मिला और उसे बाहर निकाला गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल सुंदरनगर भेजा गया है। डीएसपी सुंदरनगर भारत भूषण ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि मामले की जांच जारी है।

## पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए प्रभावी अभियोजन सुनिश्चित करें वकील: महेंद्र



निदेशक अभियोजन हिमाचल प्रदेश महेंद्र सिंह चौहान ने सेवानिवृत्ति से पूर्व मंडी का दौरा किया।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

**माननीय** निदेशक अभियोजन हिमाचल महेंद्र सिंह चौहान ने सेवानिवृत्ति से पूर्व मंडी जिले का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने मंडी शहर एवं आसपास के क्षेत्रों में जिले के न्यायिक कार्यों का निरीक्षण किया व विभिन्न न्यायिक अधिकारियों से मुलाकात की। मंडी आगमन पर जिला मंडी की ओर से जिला न्यायवादी मंडी विनोद भारद्वाज ने उनका अभिनंदन किया। इस दौरान संयुक्त निदेशक अभियोजन संजीव कटोच, जिला न्यायवादी धर्मशाला एनएस चौहान, जिला न्यायवादी जितेंद्र गोस्वामी, जिला न्यायवादी (पीटीसी डरोह) कपिल व जिला न्यायवादी (विजिलेंस) उदय सिंह सम्मिलित हुए। इसके अतिरिक्त जिला पुलिस मंडी की ओर से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सागर चंद ने भी उनका स्वागत किया।

महेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि समय-समय पर कानूनों में हो रहे संशोधनों तथा विभिन्न न्यायालयों के महत्वपूर्ण निर्णयों से अवगत रहकर सभी पीड़ितों को न्याय दिलाने हेतु प्रभावी अभियोजन सुनिश्चित किया जा सकता है।

## नवोदय पंडोह की एलुमनी एसोसिएशन आपदा पीड़ितों के पुनर्वास के लिए देगी 3 लाख

**बालक राम, अनंत ज्ञान, पंडोह।** मंडी जिला में आई बरसाती आपदा से प्रभावित सराज और धर्मपुर क्षेत्रों के पीड़ितों की मदद के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय पंडोह की एलुमनी एसोसिएशन ने मानवता का परिचय दिया है। एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री राहत कोष में तीन लाख रुपए देने का निर्णय लिया है। एसोसिएशन के अध्यक्ष संदीप शर्मा, जो भारतीय वन सेवा में हैं, ने कहा कि यह समय एकजुटता दिखाने का है। महासचिव सचिन ठाकुर ने बताया कि संस्था जरूरतमंद विद्यार्थियों की शिक्षा से लेकर आपदा राहत तक में सक्रिय भूमिका निभा रही है। अब तक 20 से अधिक छात्रों को 30 लाख रुपए से अधिक की मदद दी जा चुकी है।

प्रेस सचिव चमन लाल ने बताया कि इस सप्ताह एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री को तीन लाख रुपये का चेक सौंपेगा। इस मौके पर एसोसिएशन के वित्त सचिव वीर सिंह, वरिष्ठ उप प्रधान डॉक्टर अभिलाषा राव, हर्ष शर्मा, लतेश पलटा, कानूनी सलाहकार राम गुलाम, संयुक्त सचिव लोकेश, मोनिका भार्गव, वूमेन सेल अध्यक्ष वनिता शर्मा, उप प्रधान सारिका सूद, इंदु धीमान आदि भी उपस्थित थे।

## आईआईटी मंडी के 2 वैज्ञानिकों को फंडामेंटल फिजिक्स ब्रेकथ्रू पुरस्कार

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

**भारतीय** प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मंडी के स्कूल ऑफ फिजिकल साइंसेज के डॉ. प्रभाकर पालनी और डॉ. अमल सरकार को उनकी अंतरराष्ट्रीय टीम के साथ प्रतिष्ठित फंडामेंटल फिजिक्स ब्रेकथ्रू पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार उन्हें सीईआरएन के एटीएलएएस, एएलआईसीई और सीएमएस प्रयोगों में 2015 से 2024 के दौरान किए गए महत्वपूर्ण शोध कार्य के लिए प्रदान किया गया है।

पुरस्कार की 3 मिलियन डॉलर की राशि सीईआरएन एंड सोसाइटी फाउंडेशन को पीएचडी और समर छात्रों के अनुसंधान अनुदान के लिए दान कर दी गई है। डॉ. अमल और डॉ. प्रभाकर द्वारा स्थापित



'एक्सपेरिमेंटल पार्टिकल फिजिक्स ग्रुप' ने 2024 में सीईआरएन के सीएमएस सहयोग में आधिकारिक भागीदारी हासिल की, जो भारत के लिए बड़ी उपलब्धि है। यह सम्मान आईआईटी मंडी की अनुसंधान शक्ति और वैश्विक वैज्ञानिक सहयोग में उसकी बढ़ती भूमिका को दर्शाता है।

## त्रासदी से प्रदेश की जनता त्रस्त व लोक निर्माण मंत्री विदेश दौरे में मस्त: राणा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

**भाजपा** की वरिष्ठ नेता एवं प्रवक्ता अजय राणा ने कांग्रेस सरकार के लोक निर्माण मंत्री के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए कहा हिमाचल एवं मंडी जिला पिछले 21 दिन से भारी बारिश और त्रासदी के दौर से गुजर रहा है, पर हिमाचल प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री एवं उनकी मित्र मंडली विदेश दौरे पर गए हैं। इस त्रासदी के दौर में हिमाचल की जनता त्रस्त है व मंत्री विदेश दौरे में मस्त हैं। राणा ने कहा कि ऐसी क्या नौबत आ गई की मंत्री और उनकी मित्र मंडली को विदेश दौरे की आवश्यकता पड़ गई? त्रासदी ग्रस्त क्षेत्रों में सड़क बंद, पानी गायब, बिजली गुल और लोक निर्माण विभाग में 500 करोड़ से अधिक का नुकसान, पर विभाग में के मंत्री स्वयं गायब है।



यह चिंताजनक परिस्थितियों है, इस दौर में सरकार के मंत्री विक्रमादित्य सिंह को जनता के बीच होना चाहिए था पर इसके बजाय उन्होंने विदेश दौरे को प्राथमिकता दी यह हिमाचल प्रदेश के लिए दुर्भाग्यपूर्ण बात है।

अजय राणा ने कहा कि शिमला स्मार्ट सिटी के पैसे से गए घूमने, प्रोजेक्ट समापन की ओर तो क्या सीखने गए मंत्री और उनके मित्र। स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट का पैसा जनता को सुविधा एवं व्यवस्था देने को इस्तेमाल किया जाता है, पर इस प्रोजेक्ट से वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए किसी भी प्रकार के राहत प्रदेश को नहीं पहुंचाई गई। जब इस प्रोजेक्ट का कार्य पूरा होने जा रहा है तो विदेश दौरे पर जाकर लोक निर्माण मंत्री एवं उनके मित्रों ने क्या सीख लिया ? ऐसा कौन सा कद्दू में तीर मार दिया।

## बीमार पंकज टांडा रेफर, इलाज का पूरा खर्च वहन करेंगे जीवन

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर की बदेहड़ पंचायत के गंभीर रूप से बीमार युवक पंकज को सोमवार को बेहतर इलाज के लिए टांडा मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। पंकज की हालत में आंशिक सुधार आने के बाद चिकित्सकों ने उसे टांडा भेजने का निर्णय लिया, जहां विशेषज्ञ डॉक्टरों की देखरेख में उसका समुचित इलाज किया जाएगा। बता दें कि पिछले शुक्रवार को कांग्रेस नेता जीवन ठाकुर ने पंकज के घर पहुंचकर उसकी स्थिति का जायजा लिया और तुरंत फार्मासिस्ट के साथ मिलकर इलाज की व्यवस्था की। सोमवार को उन्होंने खुद की देखरेख में पंकज को टांडा भेजा, जहां मेडिकल कॉलेज में एमआरआई सहित आगे की सभी जांचे और उपचार किए जाएंगे। जीवन ने स्पष्ट किया कि पंकज के इलाज से संबंधित समस्त खर्च वे स्वयं वहन करेंगे।

## हस्तरेखा विशेषज्ञ कैप्टन पंडित लेखराज शर्मा 'महर्षि पराशर सम्मान' से सम्मानित

अभिषेक, अनंत ज्ञान

**जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर वासियों के लिए गर्व का क्षण तब आया जब शहर के प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य और श्री शारदा ज्योतिष निकेतन के निदेशक कैप्टन पंडित लेखराज शर्मा को अखिल भारतीय सरस्वती ज्योतिष मंच द्वारा आयोजित 74वें राष्ट्रीय ज्योतिष सम्मेलन में प्रतिष्ठित 'महर्षि पराशर सम्मान' से नवाजा गया।

यह भव्य कार्यक्रम रविवार को धर्मशाला में आयोजित हुआ, जिसमें देशभर से कई ज्योतिषाचार्य, हस्तरेखा विशेषज्ञ और विद्वान शामिल हुए। सम्मान समारोह में कैप्टन पंडित लेखराज शर्मा को यह उपाधि मंच के संस्थापक पंडित राजीव शर्मा, विख्यात ज्योतिषाचार्य अनिल वत्स, 'लाल धागे वाले' के नाम से प्रसिद्ध जय प्रकाश शर्मा और लाल किताब विशेषज्ञ पंडित



हस्तरेखा विशेषज्ञ कैप्टन पंडित लेखराज शर्मा को सम्मानित करते हुए।

जीडी विशिष्ट के करकमलों द्वारा प्रदान की गई। इस दौरान उनके ज्योतिषीय योगदान, समाज सेवा और वर्षों की साधना को अत्यंत सराहनीय बताया गया। इस अवसर पर कैप्टन पंडित लेखराज शर्मा ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए गंभीर चिंता व्यक्त की कि आज के युग में ज्योतिष विषय दिन-प्रतिदिन विलुप्ति की कगार पर पहुंच रहा है। उन्होंने कहा अगर यही स्थिति रही तो आने वाले समय में लोगों का इस प्राचीन और वैज्ञानिक ज्ञान प्रणाली से विश्वास उठ जाएगा। यह केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि अनुभव आधारित विज्ञान है, जिसे हमें सहेज कर आगे की पीढ़ियों को सौंपना चाहिए। उन्होंने सरकार से यह मांग की कि ज्योतिष विषय को राष्ट्रीय शिक्षा नीति में एक वैकल्पिक विषय के रूप में शामिल किया जाए।

इस सम्मान को लेकर जोगिंद्रनगर क्षेत्र में खुशी और गर्व की लहर है। अनेक सामाजिक, धार्मिक व सांस्कृतिक संगठनों ने उन्हें बधाई देते हुए इसे पूरे नगर के लिए सम्मान की बात बताया है। स्थानीय लोगों ने उम्मीद जताई कि कैप्टन शर्मा जैसे विद्वानों की मेहनत से ज्योतिष शास्त्र को एक बार फिर समाज में सम्मान का स्थान मिलेगा।

## आपदा पीड़ितों व कैंसर मरीजों को दिए 1.55 लाख

रितेश चौहान, अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** पिछले दिनों धर्मपुर के स्याठी गांव में मध्य रात्रि को आसमान से बरसी प्रलयकारी आपदा, जिसने पूरे गांव को अपनी गोद में जमींदोज कर दिया, पलक झपकते ही गांव के 19-20 परिवार, जैसे तैसे जान बचाने में तो सफल रहे, परंतु इस आपदा में पूरी तरह बेघर हो गए। दुख की इस घड़ी में क्षेत्र के लोग बढ़ चढ़कर मानवता का परिचय देकर पीड़ितों का यथासंभव सहयोग कर रहे हैं।



सामाजिक संस्था के सदस्य प्रभावितों को राहत राशि प्रदान करते हुए।

इसी क्रम में सामाजिक संस्था ज्योति कलश टिहरा सेवा परमो धर्म की अपनी वचनबद्धता को दोहराते हुए संस्था के अध्यक्ष ई. सूरम सिंह की अध्यक्षता में 95,000 की राशि पीड़ितों के व्यक्तिगत बैंक खातों में हस्तांतरित की। संस्था के इस पुनीत कार्य में सदस्य संरक्षक नरेंद्र अत्री, अध्यक्ष यस, हिमाचल व अमित ठाकुर व परिवार का विशेष योगदान रहा। संस्था के सम्मानित सदस्य रमेश पालसरा, राजेंद्र सिंह, राजेंद्र ठाकुर, पीपी शर्मा, रामनाथ ने सदस्य संरक्षक नरेंद्र अत्री की मौजूदगी में आपदा पीड़ितों से उनके अस्थाई आश्रय स्थल स्याठी, मंदिर में भेंट की उनका दुख दर्द साझा किया। साथ ही संस्था ने टिहरा में इसी क्षेत्र के तीन विभिन्न कैंसर पीड़ितों को 20-20 हजार की सहयोग राशि जारी कर, आपदा प्रभावितों व कैंसर पीड़ितों को कुल 1.55 लाख की मदद की।

इस मौके पर सुषमा ठाकुर, तनिहार पंचायत प्रधान पूर्ण चंद, रेखा देवी आदि गणमान्य मारने मौजूद रहे।

## उबाल कर पीएं पानी: डॉ. गोपाल

**अनंत ज्ञान, करसोग।** खंड चिकित्सा अधिकारी करसोग डॉ. गोपाल चौहान ने बताया कि मानसून सीजन के दौरान जलजनित रोगों का खतरा बढ़ जाता हैं, जिससे लोगों को सतर्क रहने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि बारिश और बाढ़ के बाद पानी दूषित हो जाता हैं और पानी के दूषित होने से जल जनित रोगों का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने बताया कि दूषित पानी का प्रयोग करने से उल्टी, दस्त और बुखार आदि होना स्वाभाविक है, लेकिन बचाव व इलाज के अभाव में यह रोग जानलेवा भी हो सकते हैं। उन्होंने स्वास्थ्य खंड करसोग के सभी लोगों से आग्रह किया है कि मॉनसून सीजन के दृष्टिगत साफ सफाई का विशेष ध्यान रखें। उन्होंने बताया कि पीने के पानी को कम से कम 10 मिनट तक अवश्य उबाल लें और फिर ठंडा होने पर पेयजल के रूप में, उस उबले हुए पानी का ही प्रयोग करें।

## पानी के बिल एक साथ देने पर मंडी जिले में जन आक्रोश: एनके पंडित

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

**जलशक्ति** विभाग द्वारा सालभर के पानी के बिल एक साथ भेजे जाने को लेकर मंडी जिले में भारी जन आक्रोश देखने को मिल रहा है। मंडी कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता एनके पंडित ने सोमवार को मीडिया से बातचीत करते हुए जनता की इस नाराजगी को जायज बताया और इसे वापस लेने की मांग की।



पंडित ने कहा कि जलशक्ति विभाग द्वारा एकमुश्त वर्षभर के बिल थमाने का निर्णय जनता पर अनावश्यक आर्थिक बोझ डालने जैसा है।

**कहा- विभाग इस निर्णय पर करे पुनर्विचार**

उन्होंने इसे 'तुगलकी फरमान' करार देते हुए कहा कि इससे लोगों में भारी असंतोष पनप रहा है। एनके पंडित ने कहा कि विभाग को इस निर्णय पर पुनर्विचार करना चाहिए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से अपील की है कि इस फैसले को व्यवहारिक दृष्टिकोण से देखा जाए और जनता की समस्याओं को समझते हुए उचित समाधान निकाला जाए। साथ ही पंडित ने हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू तथा जल शक्ति मंत्री मुकेश अग्निहोत्री से भी अनुरोध किया कि वे विभाग को निर्देश दें कि इस निर्णय पर पुनर्विचार किया जाए। एनके पंडित ने यह भी स्पष्ट किया कि वे इस मुद्दे पर मंडी की जनता के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं और जनता के हितों की रक्षा के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे।

## दलितों के उत्थान को विशेष पैकेज भेजे केंद्र: राही

### कहा- केंद्रीय टीमें भेजने से नहीं होगा हित, पैसा देकर ही होगा प्रदेश का भला

अनंत ज्ञान, भंगरोटू

**अखिल** भारतीय दलित पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग परिषद के महासचिव एवं राज्य प्रवक्ता चमन राही ने कहा कि लघु बचत योजना बोर्ड के चेयरमैन प्रकाश करड को एक ज्ञापन सौंपा है। उनसे कहा कि आपकी गांधी परिवार के साथ नजदीकियां हैं व आप लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी से मिलकर केंद्र सरकार पर दबाव बनाएं, ताकि हिमाचल को दलितों के लिए विशेष घटक योजना के अंतर्गत आपदा राहत राशि तुरंत मिल सके।



लघु बचत योजना बोर्ड के चेयरमैन को आपदा प्रभावित क्षेत्रों की सूची सौंपते हुए चमन राही।

चमन राही ने कहा कि केंद्र सरकार चुनाव को देखते हुए बिहार व गुजरात के लिए विशेष घटक योजना के तहत राशि भेज रही है, जबकि हिमाचल को इसकी सबसे अधिक जरूरत है। संविधान में आपदा के दौरान दूसरे राज्यों का पैसा भी आपदा प्रभावित क्षेत्रों को भेजने का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय टीमें भेजने से हिमाचल का हित नहीं होगा, पैसा देकर ही हिमाचल का भला होगा।

मंडी जिला के थुनाग, धर्मपुर और करसोग में बहुत नुकसान हुआ है, ऐसे में राहत राशि भी तुरंत मिलनी चाहिए। राही ने कहा कि पिछली बार की आपदा में भी केंद्र सरकार ने भरपूर मदद नहीं की थी। इसलिए इस बार केंद्र सरकार पर दबाव की नीति अपनाई जाए। चमन राही ने कहा कि आपदा में प्रभावित हुए लोगों में 70 प्रतिशत लोग कमजोर तबके व दलित समुदाय के हैं। ऐसे में केंद्र सरकार दलित समुदाय के लिए विशेष पैकेज दे। उन्होंने कहा कि विपक्ष के नेता जयराम दिल्ली जाकर दलित समुदाय की पैरवी करे और उनके लिए विशेष पैकेज का प्रावधान करवाएं।

**विमोचन** फार्मेसी शिक्षा को मिलेगा नया दृष्टिकोण, जटिल विषयों को सरल रूप में प्रस्तुत करती है पुस्तक

## अभिलाषी में फार्मास्युटिक्स की नवीनतम पुस्तक का विमोचन

अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान

**मंडी।** अभिलाषी विश्वविद्यालय में एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक मील का पत्थर स्थापित हुआ जब डीन स्कूल ऑफ फार्मेसी डॉ. (प्रो.) देव प्रकाश दहिया की नवीनतम कृति 'फार्मास्युटिक्स' का विमोचन किया गया। यह पुस्तक फार्मेसी शिक्षा के क्षेत्र में एक क्रांतिकारी योगदान है। यह पुस्तक तीन प्रतिभाशाली लेखकों डॉ. (प्रो.) देव प्रकाश दहिया, आंचल संख्यान और योगेश गौतम की संयुक्त मेहनत का परिणाम है।

लेखकों का कहना है कि इस पुस्तक को लिखने का निर्णय बुद्धिजीवियों के साथ चर्चा और फार्मेसी व्यवसाय के पाठ्यक्रम में हो रहे बदलावों की आवश्यकता को





अभिलाषी विश्वविद्यालय में फार्मास्युटिक्स की नवीनतम पुस्तक का विमोचन करते हुए गणमान्य।

देखते हुए लिया गया। इस पुस्तक का मुख्य उद्देश्य फार्मेसी के सभी पाठ्यक्रमों के छात्रों के लिए सभी बुनियादी विषयों को एक स्थान पर उपलब्ध कराना है, वहीं जटिल विषय को आकर्षक और सरल भाषा में प्रस्तुत करना, स्पष्टता और नवीनतम जानकारी पर फोकस करना इस पुस्तक की विशिष्टताएं है। फार्मास्युटिक्स स्वाभाविक रूप से एक जटिल विषय है, जिसमें दवाओं के डिजाइन, विकास, उत्पादन और नियंत्रण शामिल है।

यह पुस्तक निश्चित रूप से फार्मेसी शिक्षा के क्षेत्र में एक नया मानदंड स्थापित करेगी और आने वाली पीढ़ियों के छात्रों के लिए एक अमूल्य संसाधन साबित होगी।

इस पुस्तक के विमोचन के अवसर पर अभिलाषी विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. आर.के. अभिलाषी, प्रो. चांसलर डॉ. एल.के. अभिलाषी, वाइस चांसलर प्रोफेसर एच.के. चौधरी, रजिस्ट्रार डॉ. कपिल कपूर, जीनीयस एजुकेशन सोसाइटी की चेयरपर्सन डॉ. नर्वदा अभिलाषी, अभिलाषी एजुकेशन सोसाइटी की वाइस चेयरपर्सन डॉ. प्रोमिला अभिलाषी, सचिव नरेंद्र कुमार ने प्रकाशन के लिए लेखकों की विशेष सराहना की और उन्हें भविष्य की उपलब्धियों के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

# स्वां और सहायक नदियां उफान पर, जनजीवन अस्त-व्यस्त

## डीसी ने लोगों को आपात स्थिति की जानकारी तुरंत देने की दी सलाह



बढ़ूही के समीप खड्ड में आई बाढ़। प्रशासन लोगों को आपदा के मद्देनजर हर पाल जागरूक कर रहा हैद्ध

**अनंत ज्ञान टीम, ऊना/ बढ़ूही/ बंगाणा**

जिलेभर में रविवार देर शाम से हो रही बारिश के कारण स्वां और उसकी सहायक नदियां उफान पर हैं। कई जगह भूस्खलन होने के कारण रास्ते बंद हैं। चारों ओर जनजीवन अस्त-व्यस्त है।

ऊना जिले के डीसी जतिन लाल ने समस्त लोगों से अपील की है कि वे नदी नालों के समीप न जाएं, कभी भीबाढ़ का खतरा हो सकता है। उधर, तलमेहड़ा से बंगाणा मार्ग भी बरसात से प्रभावित हुआ है। उपायुक्त ने किसी भी नुकसान अथवा आपात स्थिति की जानकारी तुरंत संबंधित पंचायत और पटवारी को करने की सलाह दी है।

उधर, उपमंडल बंगाणा क्षेत्र के कार्यवाहक एसडीएम अमित शर्मा ने सभी क्षेत्र वासियों से आग्रह किया है कि रविवार देर रात से लगातार हो रही भारी बारिश से खड्डों व नालों का जलस्तर बढ़ने लगा है, इसलिए सभी लोग खुद अपने बच्चों तथा पालतू पशुओं को खड्डों व नालों में न जाने दें। पानी का तेज बहाव कब आ जाए, कहा नहीं जा सकता है। इसलिए खड्डों-नालों सहित अन्य स्थानों पर न जाएं।

## घढ़थोली गांव में बारिश से भारी नुकसान

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**



भारी बारिश से डंगा गिरा, रिंकू की पशुशाला ध्वस्त, मकान को भी खतरा उत्पन्न।

उपमंडल बंगाणा की पलाहटा पंचायत के अंतर्गत घढ़थोली गांव में भारी बारिश ने तबाही मचा दी। बीती रात क्षेत्र में लगातार हो रही मूसलधार बारिश के कारण रिंकू पुत्र मंगत राम की पशुशाला के पीछे बना डंगा अचानक ढह गया। डंगे के गिरने से उनकी पशुशाला पूरी तरह से ध्वस्त हो गई और कई मवेशियों के घायल होने की आशंका जताई जा रही है। वहीं, रिंकू का रिहायशी मकान भी अब खतरे की जद में आ गया है। मकान की दीवारों में दरारें आने लगी हैं और किसी भी समय बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

इतना ही नहीं, गांव का संपर्क मार्ग भी मलबा गिरने से पूरी तरह बंद हो गया है, जिससे स्थानीय लोगों की आवाजाही ठप हो गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र मार्ग बहाल करने और प्रभावित परिवार की मदद की मांग की है। इस आपदा से दुखी रिकू ने अपनी समस्या को जिला पार्षद सदस्य कृष्ण पाल शर्मा के समक्ष रखा। रिंकू ने बताया कि वह पहले से ही आर्थिक तंगी से जूझ रहा है और अब पशुशाला के टूट जाने से उसका जीवनयापन और कठिन हो गया है। पशुओं के चारे और रहने की व्यवस्था करना भी मुश्किल हो गया है। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए जिला पार्षद सदस्य कृष्ण पाल शर्मा ने तुरंत पटवारी से फोन पर संपर्क साधा और मौके की रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि प्रशासन को शीघ्र रिपोर्ट भेजी जाएगी ताकि प्रभावित परिवार को फौरी राहत प्रदान की जा सके। कृष्ण पाल शर्मा ने आश्वासन दिया कि वह खुद भी मामले की निगरानी करेंगे और जिला प्रशासन से अनुरोध करेंगे कि पीड़ित को जल्द से जल्द आर्थिक सहायता, पशुओं की देखभाल और डंगे की मरम्मत हेतु मदद उपलब्ध करवाई जाए, साथ ही उन्होंने लोक निर्माण विभाग से अपील की कि गांव की लिंक रोड को शीघ्र बहाल किया जाए ताकि गांव का संपर्क फिर से सुचारु हो सके।

स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने भी प्रशासन से अपील की है कि ऐसे आपदा प्रभावित क्षेत्रों में समय रहते स्थायी समाधान के लिए कदम उठाए जाएं, ताकि हर बार बारिश के मौसम में लोगों को ऐसी त्रासदी का सामना न करना पड़े।

## न्यूज़ ब्रीफ

### दियोली में कब्रिस्तान के विरोध में डीसी को सौंपा ज्ञापन

**सुरेश कुमार, अनंत ज्ञान, पंडोगा।** दियोली में कब्रिस्तान विवाद बढ़ता जा रहा है। दियोली पटवारी द्वारा कुछ लोगों के हस्ताक्षर करवा कर इस विवाद को सुलझाने का दावा किया गया था, लेकिन अब यह विवाद और भी बढ़ गया है। हिंदू पक्ष के लोगों ने करीब 500 लोगों का हस्ताक्षरित पत्र उपायुक्त ऊना को सौंपा है जिसमें कहा गया है कि मुस्लिम पक्ष के पास गांव दियोली में पहले से ही 26 कनाल भूमि उपलब्ध है, ऐसे में हिंदू घरों के मध्य और मंदिर के पास कब्रिस्तान बनाने का क्या औचित्य है। कब्रिस्तान के लिए प्रस्तावित भूमि गांव की प्राइम जमीन है, इसे गांव हित की किसी भी ऐसी लोकहितकारी योजना के लिए प्रयोग किया जाए, जिसका उपयोग हर कोई कर सके। दियोली पटवारी द्वारा जबरन ग्रामवासियों से हस्ताक्षर करवाने के मामले की जांच की मांग की गई है। हिंदू पक्ष के निर्मल सिंह, मलकियत सिंह, अमन ठाकुर, रोहित कौशल, सन्नी ठाकुर, मनीष ठाकुर, मलकियत ठाकुर, इकबाल सिंह, विधि चंद, जनक ठाकुर, अश्वनी भारद्वाज, संजीव, दिनेश ,राजीव आदि ने बताया कि प्रशासन समय रहते यदि इस मामले पर पीछे न हटा तो पूरे मामले पर पटवारी, प्रधान, तहसील, एसडीएम गगरेट व उपायुक्त ऊना के खिलाफ उच्च न्यायालय में जाएंगे।

### सेवा संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने डीसी से की मुलाकात

**अनंत ज्ञान, ऊना।** बाबा दीप सिंह अकाली फौज सेवा संगठन के अध्यक्ष बलवंत सिंह की अगुवाई में प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधीश ऊना के माध्यम से मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह व राज्यपाल को ज्ञापन भेजा है। इसमें उन्होंने बताया है कि पंजाब में धर्म ग्रंथों की बेअदबी को लेकर कैबिनेट में उम्र कैद तक की सजा का प्रावधान किया गया है एवं हिमाचल में भी धर्म ग्रंथों के साथ कई बार छेड़छाड़ हो चुकी है। उन्होंने कहा कि हिमाचल सरकार भी पंजाब सरकार की तर्ज पर कैबिनेट में उम्र कैद तक की सजा पास करे ताकि शरारती तत्वों में भय का माहौल बना रहे और हिमाचल में शांति बनी रहे इस अवसर पर सरदार चंचल सिंह, भाग सिंह, भाग सिंह, गुरमीत सिंह, हरदीप सिंह, गुरमीत सिंह, रोहित सिंह, जगपाल सिंह, चंदन सिंह, राजेश सिंह, हरदीप सिंह, विक्रम सिंह, अमरीक सिंह, सुखजीत सिंह, सुखदेव सिंह, गुरदीप, गुरबचन, गुरप्रीत सिंह शेट्टी सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### एनएसएस के लिए पहला नामांकन सत्र आयोजित

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय बंगाणा में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के अंतर्गत प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए वर्ष 2025 का पहला नामांकन सत्र आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में नवप्रवेशित छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय रूप से जुड़ने की रुचि दिखाई। इस अवसर पर महाविद्यालय के एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर सिकंदर नेगी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को एनएसएस की मूल भावना, उद्देश्य एवं उसके माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की दिशा में किए जाने वाले कार्यों की जानकारी दी। कार्यक्रम में एनएसएस स्वयंसेवी तनु ठाकुर ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। महाविद्यालय प्रशासन ने सभी भागीदारों को शुभकामनाएं दीं और सफल आयोजन के लिए कार्यक्रम समन्वयकों की सराहना की।

### प्रधानाचार्यो-मुख्याध्यापकों की पदोन्नति सूची हो जारी

**अनंत ज्ञान, ऊना।** हिमाचल प्रदेश मुख्याध्यापक एवं अधिकारी संवर्ग जिला इकाई ऊना की बैठक संघ के जिला अध्यक्ष नरेश शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का प्रारंभ जिला महासचिव विवेक दत्ता ने सभी साथियों का स्वागत किया। सर्वप्रथम शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार की ऊंची छलांग पर शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर एवं शिक्षा सचिव राकेश कंवर के प्रयासों में सभी साथियों के सहयोग की सराहना की गई। संघ सदस्यों द्वारा इस बात पर हैरानी व्यक्त की गई कि शिक्षा की गुणवत्ता को केंद्र में रखकर सोचने वाली सरकार दो वर्ष से प्रधानाचार्यों एवं मुख्याध्यापकों की पदोन्नति में इतना विलंब क्यों कर रही है। संघ ने एक स्वर में सरकार से इन पदोन्नति सूचियों को शीघ्र जारी करने का आह्वान किया। इससे उन सभी शिक्षकों में नव ऊर्जा का संचार होगा, वहीं, दूसरी ओर शिक्षा की और गुणवत्ता में भी सुधार होगा। इस समय प्रधानाचार्यों के लगभग 800 तथा मुख्याध्यापकों के 230 पद रिक्त चल रहे हैं। संघ सरकार से इन पदों पर शीघ्र ही पदोन्नतियों की मांग करता है। संघ सरकार के वर्ष में दो बार परीक्षाओं के आयोजन के फैसले पर पुनर्विचार करने का आह्वान करता है। संघ का मानना है कि इससे शिक्षा की गुणवत्ता में और कमी आएगी तथा शैक्षणिक सत्र भी प्रभावित होगा। इस अवसर पर नरेश ठाकुर, दिलबाग सिंह, नरेश जसवाल, देवेंद्र सिंह चौहान, सुधीर गौतम, संजय धीमान, अशोक बैंस, एसके धीमान, रविंद्र धीमान, अनिल बक्शी, चंदन भारद्वाज, अनिल राणा एवं अन्य साथी उपस्थित रहे।

## बढ़ूही क्षेत्र में झमाझम बारिश से किसानों के चेहरे खिले

**अनंत ज्ञान, बढ़ूही।** रविवार रात से बढ़ूही क्षेत्र में लगातार हो रही झमाझम बारिश ने लोगों को भीषण गर्मी से बड़ी राहत दी है। बीते दो दिन से पड़ रही प्रचंड गर्मी के कारण लोग बेहाल थे, लेकिन करीब 12 दिनों के लंबे इंतजार के बाद बारिश की फुहारों ने वातावरण को ठंडक दी और लोगों के चेहरों पर मुस्कान लौटा दी। रातभर जारी रही तेज बारिश के चलते सोमवार सुबह बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा। लगातार बारिश के चलते लोग अपने घरों से बाहर निकलने से बचते नजर आए। दुकानों के शटर गिरे रहे और आम दिनों की तरह बाजारों में चहल-पहल नहीं देखी गई।

बारिश के कारण क्षेत्र के नदी-नाले उफान पर आ गए हैं। इससे निचले क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति पैदा हो सकती है। इस बीच, किसानों के लिए यह बारिश संजीवनी बनकर आई है। लंबे समय से सूखे की स्थिति का सामना कर रहे किसानों को अब राहत मिली है। खासकर मक्की की फसल के लिए यह बारिश बेहद लाभकारी मानी जा रही है। स्थानीय किसान अब अपनी फसल से बेहतर उत्पादन की उम्मीद कर रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में खेतों में पानी भरने से मिट्टी की नमी में सुधार आया है, जिससे आगामी कृषि कार्यों में सुविधा होगी। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार अगले 24 घंटों में भी भारी बारिश की संभावना बनी हुई है।

## टकारला सड़क पर दरकी पहाड़ी, यातायात ठप



**हीना पठानिया, अनंत ज्ञान, बढ़ूही।** उपमंडल अंब के तहत पंचायत टकारला की मुख्य सड़क पर भारी बारिश के कारण पहाड़ी दरक गई, जिससे उप्पर टकारला को जाने वाली सड़क पूरी तरह से बंद हो गई है। यह सड़क टकारला, अंबोटू, बासुणी, बागड्डू, चकसराय, रिपोह मिसरां सहित कई गांवों को आपस में जोड़ती है। लगातार हो रही बारिश से सड़क किनारे की पहाड़ी अचानक दरक गई, जिससे मलबा सड़क पर आ गिरा और वाहनों की आवाजाही पूरी तरह ठप हो गई। लोगों ने खतरे को देखते हुए इस मार्ग पर आना-जाना फिलहाल बंद कर दिया है। करीब 500 से 700 ग्रामीणों को रोजाना आवाजाही में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। गनीमत यह रही कि जब पहाड़ी दरकी, उस समय न तो कोई वाहन और न ही कोई व्यक्ति सड़क से गुजर रहा था, वरना बड़ा हादसा हो सकता था।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द मलबा हटाकर सड़क बहाल की जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके। लोक निर्माण विभाग के जेई वरिंदर वर्मा सूचना मिलते ही मौका पर पहुंचे। उन्होंने क्षतिग्रस्त सड़क का निरीक्षण किया और कहा जल्दी ही सड़क से मलबा हटा दिया जाएगा ताकि आवाजाही सुचारु रूप से चलती रहे।

## रिद्धि लखनपाल को बैडमिंटन प्रतियोगिता में बढ़िया प्रदर्शन करने पर किया सम्मानित

**संजीव जसवाल, अनंत ज्ञान,**



रिद्धि लखनपाल को पुरस्कार प्रदान करते डीसी जतिन लाल।

**पंजावर।** गगरेट क्षेत्र की होनहार बेटी रिद्धि लखनपाल ने ऊना में आयोजित 49वीं जिला बैडमिंटन प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए लड़कियों की एकल श्रेणी में अंडर-15, अंडर-17, अंडर-19 और वरिष्ठ वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर चारों श्रेणियों में अपना परचम लहराया, जिससे न केवल गगरेट बल्कि पूरे जिले का गौरव बढ़ा। रिद्धि की इस ऐतिहासिक जीत पर जिलाधीश ऊना जतिन लाल ने उसे विशेष रूप से पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

रिद्धि के पिता रोहित लखनपाल, जो स्वयं राष्ट्रीय स्तर के बैडमिंटन खिलाड़ी रह चुके हैं, ने बेटी की सफलता पर खुशी जताते हुए गगरेट क्षेत्र में खेल सुविधाओं की कमी को लेकर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि गगरेट में न तो कोई खेल मैदान है और न ही बैडमिंटन कोर्ट, जिससे खिलाड़ियों को अभ्यास के लिए अन्य स्थानों का सहारा लेना पड़ता है। विशेषकर बेटियों को बाहर भेजना अभिभावकों के लिए एक बड़ी चुनौती होती है।

## सीएम हिमाचल के हक दिलाने में हो रहे सफल : देवी लाल

**मुकेश कुमार, अनंत ज्ञान, हरोली।** प्रदेश सोशल मीडिया के पूर्व संयोजक देवी लाल सांडिल ने कहा कि आज तक प्रदेश मे जितनी भी पूर्व मे सरकारें रही, किसी ने भी हिमाचल के हक को लेकर गंभीरता नहीं दिखाई, लेकिन वर्तमान मुख्यमंत्री ने जिस दिन से पद की शपथ ली, उसी दिन से ही हिमाचलवासियों को उनका हक दिलाने के लिए प्रयास शुरू कर दिए हैं। देवी लाल ने कहा कि कड़छम वांगतू जल विद्युत परियोजना व ओबरॉय ग्रुप द्वारा फाइव-स्टार वाइल्ड फ्लावर के मालिकाना हक का केस सुप्रीम कोर्ट में लंबित था, इन दोनों मामलों में मुख्यमंत्री द्वारा योजनाबद्ध तरीके से सुप्रीम कोर्ट में हक दिलाने का जो कार्य किया गया, उसके लिए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू बधाई के पात्र हैं कि उनकी सरकार ने सुप्रीम कोर्ट मे हिमाचल का पक्ष जोरदार तरीके से रखा।

## पंजोआ सेक्शन में बिजली व्यवस्था चरमराई

**विवेक शर्मा, अनंत ज्ञान**

- दो कर्मचारी संभाल रहे 55 ट्रांसफार्मरों की जिम्मेदारी

**अंब।** ऊना जिले के उपमंडल अंब के अंतर्गत आने वाले बिजली विभाग के सबडिवीजन नैहरी के पंजोआ सेक्शन में बिजली व्यवस्था पूरी तरह लड़खड़ाई हुई है। यहां पंचायत कुठेहड़ा खैरला, पंजोआ लडोली, बेहड़ जसवां और त्याई पंचायत के कुछ क्षेत्रों में कुल 55 ट्रांसफार्मरों की जिम्मेदारी मात्र दो कर्मचारियों पर है।

वर्तमान में पंजोआ सेक्शन में केवल एक लाइनमैन और एक असिस्टेंट लाइनमैन ही तैनात हैं, जबकि विभागीय नियमों के अनुसार कम से कम 12 कर्मचारियों की आवश्यकता है। इसमें 3 लाइनमैन, 3 असिस्टेंट लाइनमैन और 6 टी-मेट शामिल होने चाहिएं ताकि ट्रांसफार्मरों का संचालन, रखरखाव और मरम्मत कार्य प्रभावी ढंग से हो सकें।

बीती रात क्षेत्र में मामूली सी बारिश होते ही बिजली बंद हो गई, जिसका पता करने पर बताया गया कि तकनीकी खराबी के कारण पूरे पंजोआ सेक्शन में बिजली आपूर्ति रातभर ठप है। इसके चलते लोगों को अंधेरे में रात गुजारनी पड़ी और गर्मी के चलते परेशानियों का सामना करना पड़ा। स्थानीय निवासी प्रशासन से खासे नाराज दिखे और उनका कहना है कि सिर्फ दो कर्मचारियों से इतने बड़े क्षेत्र की बिजली व्यवस्था संभालना नामुमकिन है। अगर विधायक के गृह क्षेत्र में यह व्यवस्था है तो अन्य क्षेत्रों की क्या स्थिति हो सकती है।

सरकार प्रदेश में व्यवस्था परिवर्तन कर के बेहतर स्थिति बनाने की बात कर रही थी, जबकि सब उल्टा हो गया है। सरकार व्यवस्था में बदलाव लाकर आम जनता को ही परेशान कर रही है। विभाग द्वारा गर्मी का मौसम शुरू होते ही रखरखाव के नाम पर कट लगाने शुरू कर दिए जाते हैं। जो सर्दियां शुरू होने तक निरंतर जारी रहते हैं लेकिन विभाग से रखरखाव का कार्य पूरा नहीं हो पाता। विभाग द्वारा लगभग 6 महीने त जनता को खूब परेशान किया जाता है। स्थानीय लोगों ने बिजली विभाग से मांग की है कि पंजोआ सेक्शन में तुरंत अतिरिक्त स्टाफ की नियुक्ति की जाए ताकि क्षेत्र की बिजली आपूर्ति व्यवस्था पटरी पर लौट सके।

लोगों का कहना है कि वर्तमान स्थिति में नियमित रखरखाव, फॉल्ट रिपेयरिंग और लाइन की सुरक्षा कार्य पूरे नहीं हो पा रहे हैं, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

### क्या बोले अधिकारी

इस संबंध में कनिष्ठ अभियंता प्रदीप कुमार ने बताया कि फॉल्ट बड़ा है, जिसे दिन में चेक कर सही किया जाएगा। फिलहाल हमारी टीम प्रयासरत है लेकिन हमारे पास स्टाफ की भारी कमी है, जिससे बिजली बहाली में देर हो रही है।

इस संबंध में अधिशाषी अभियंता पुनीत कुमार ने भी कर्मचारियों की भारी कमी स्वीकारते हुए कहा कि हमारे अधीनस्थ अधिकतर सेक्शन में स्टाफ की कमी है। सरकार से मांग की गई है कि जल्द से जल्द कर्मचारियों की भर्ती की जाए ताकि बिजली व्यवस्था सामान्य रूप से चलाई जा सके।

## ध्यौमेश्वर मंदिर तलमेहड़ा में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, गूंजे 'जय भोलेनाथ' के जयकारे

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**



शिवलिंग पर जल चढ़ाते शिव भक्त।

उत्तर भारत के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल ध्यौमेश्वर मंदिर तलमेहड़ा में सावन मास के सोमवार को श्रद्धा और आस्था का भव्य संगम देखने को मिला। हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्राचीन शिवलिंग पर जलाभिषेक कर भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया। सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें मंदिर परिसर में देखी गईं और 'हर-हर महादेव' तथा 'जय भोलेनाथ' के जयकारों से पूरा रामगढ़ धार क्षेत्र गूंज उठा।

सदाशिव मंदिर ट्रस्ट के चेयरमैन प्रवीण शर्मा ने बताया कि सावन मास को ध्यान में रखते हुए मंदिर कमेटी द्वारा पहले से ही सभी तैयारियां कर ली गई थीं। श्रद्धालुओं की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए मंदिर तक पहुंचने के लिए विशेष प्रबंध किए गए थे। जलाभिषेक, पूजा-अर्चना और दर्शन के लिए समर्पित व अनुभवी पुजारियों की टीम तैनात की गई थी। वहीं, मंदिर परिसर में भंडारे की विशेष व्यवस्था भी की गई, जिसमें भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य अर्जित किया।

सावन मास के प्रथम रविवार की संध्या को मंदिर परिसर में विशेष जागरण का आयोजन किया गया, जिसमें प्रसिद्ध भजन गायक उमंग शर्मा और 'हिमाचली मुंडा' ने भोलेनाथ की महिमा का संगीतमय वर्णन किया। जागरण के दौरान श्रद्धालु पूरी रात भगवान शिव की भक्ति में झूमते नजर आए।

## वन मैप स्वीकृति में आ रही अड़चनों का मौके पर ही होगा समाधान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

- नगर निगम में हर सोमवार को लगेगा विशेष शिविर
- नक्शा अप्रूवल प्रक्रिया को नागरिक हितैषी बनाने की दिशा में अहम पहल

नगर निगम ऊना ने भवन निर्माण से जुड़ी नक्शा स्वीकृति प्रक्रिया को सरल, समयबद्ध और नागरिक हितैषी बनाने की दिशा में एक अहम पहल की है। अब प्रत्येक सोमवार को नगर निगम में विशेष शिकायत निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा जिसमें भवन स्वीकृति से संबंधित समस्याओं का मौके पर समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। यह शिविर प्रत्येक सोमवार प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक नगर निगम ऊना के संयुक्त आयुक्त कार्यालय में आयोजित किया जाएगा।

नगर निगम आयुक्त एवं अतिरिक्त उपायुक्त महेंद्र पाल गुर्जर ने इस संबंध में आदेश जारी करते हुए बताया कि यह शिविर प्रणाली को अधिक पारदर्शी, जन-सुलभ और प्रभावी बनाने की दिशा में एक ठोस प्रयास है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे अपनी समस्याओं को लेकर तय समय पर शिविर में पहुंचें और इस सुविधा का लाभ उठाएं। इस क्रम में सोमवार को गुर्जर ने नगर निगम अधिकारियों और जिले के निजी आर्किटेक्ट्स के साथ एक बैठक भी की।

बैठक के दौरान भवन नक्शा स्वीकृति प्रक्रिया एवं संबंधित एसओपी की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने आर्किटेक्ट्स से नियमों का पालन करते हुए योजनाएं तैयार करने और आवेदन पत्रों में सभी आवश्यक दस्तावेज सुनिश्चित करने को कहा। गुर्जर ने निगम अधिकारियों को निर्देश देते कहा कि भवन नक्शों की जांच के दौरान यदि कोई त्रुटि पाई जाती है, तो सभी आपत्तियां एकमुश्त दर्ज की जाएं, ताकि नागरिकों को बार-बार कार्यालय के चक्कर न काटने पड़ें। उन्होंने नक्शा अप्रूवल से जुड़े आवेदनों का समयबद्ध निपटारा सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

उन्होंने बताया कि हर सोमवार लगने वाले शिविर के दौरान प्राप्त प्रत्येक शिकायत की निगरानी संयुक्त आयुक्त स्वयं करेंगे और तकनीकी या वास्तुशिल्पीय जटिलताओं के समाधान के लिए आवश्यकतानुरूप विशेषज्ञों से परामर्श लिया जाएगा।

बैठक में नगर निगम के संयुक्त आयुक्त मनोज कुमार, जिला राजस्व अधिकारी अजय कुमार, नगर निगम के अन्य अधिकारी एवं जिले के निजी आर्किटेक्ट्स उपस्थित रहे।

## अमरीश राणा ने राज्यपाल को लिखा पत्र-जेल में हो सकता है बड़ा षड्यंत्र

**सुखविंद्र सागर, अनंत ज्ञान**

**घनारी।** स्टोन क्रशर पर तोड़फोड़ मामले में आरोपित अमरीश राणा ने न्यायिक हिरासत के दौरान जेल से राज्यपाल हिमाचल प्रदेश को पत्र लिखकर मांग की है कि उसके साथ जेल में षड्यंत्र हो सकता है इसलिए उसके मामले में अलग से प्रबंध किए जाएं। अमरीश राणा ने लिखा है कि कांग्रेस के दो बड़े नेता उसके साथ षड्यंत्र कर रहे हैं और उसका नाम फिरौती मामले में जबरन जोड़ना चाहते हैं।

अमरीश राणा ने मांग की है जब भी उसे पेशी पर ले जाया जाए या फिर स्वास्थ्य जांच के लिए जेल से बाहर ले जाया जाए, तब उसे क्रॉस बेड़ी में ही जेल से बाहर निकाला जाए ताकि उस पर भागने का आरोप न लगे। पत्र में अमरीश राणा ने जिक्र किया है कि पुलिस उस पर भागने का आरोप लगाकर उसे जान से मार सकती है या फिर उसपर झूठे मामले बनाकर उसे फिरौती मामलों में जोड़ सकती है। अमरीश राणा ने ये भी आरोप लगाए की जेल में रहते हुए उसने कई समाजिक विषयों पर कार्य किया है और उसे अच्छे आचरण के कारण ही जेल से बाहर भेजा गया जो कि कुछ लोगों को रास नहीं आया। अब यही लोग पुलिस द्वारा की गई जांच को प्रभावित कर रहे हं और सही साक्ष्य जांच में शामिल नहीं कर रहे हैं।

राणा ने लिखा कि उसके पास जो मोबाइल है, उसमें कई राज छिपे हुए हैं, उसकी सीडीआर रिपोर्ट और वीडियो उसके बेगुनाह होने का सबूत हैं जो कि एक पेन ड्राइव में भरकर जांच अधिकारी को दिए हैं, लेकिन उन्हें न्यायालय में प्रस्तुत नहीं किया गया। अमरीश राणा ने यह भी मांग की है कि इस पूरे प्रकरण में शामिल लोगों का नार्को टेस्ट किया जाए। फिलहाल अमरीश राणा स्टोन क्रशर मामले में आरोपित है और न्यायिक हिरासत में जेल में बंद है। जमानत के लिए जल्द ही अमरीश राणा याचिका लगाने जा रहा है जिसमें अब नए साक्ष्य रखकर अदालत के समक्ष पेश किए जाएंगे।

**मंथन** कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने खंड विकास भवन बंगाणा में की समीक्षा बैठक

## विकास और संगठन की मजबूती पर दिया जोर

**राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान**



बैठक के बाद कार्यकर्ताओं के साथ कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा।

**बंगाणा।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा ने खंड विकास भवन बंगाणा में बैठक का आयोजन किया। यह बैठक जिला पार्षद वार्ड मुच्छाली की सभी पंचायतों के जन प्रतिनिधियों, बीडीसी सदस्यों, जिला पार्षद सदस्य और कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में संपन्न हुई। इस अवसर पर विवेक शर्मा ने अपने एक वर्ष के विधायकी कार्यकाल की उपलब्धियों पर चर्चा की और साथ ही क्षेत्रीय विकास योजनाओं की समीक्षा भी की। बैठक के दौरान विवेक शर्मा ने क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों का विस्तृत जायजा लिया।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के नेतृत्व में हम ने बीते एक वर्ष में कुटलैहड़ विस क्षेत्र में जनहित से जुड़ी कई योजनाओं को गति मिली है। चाहे वे सड़कें हों, जल जीवन मिशन की योजनाएं, शिक्षा संस्थानों का सुदृढ़ीकरण हो या स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार, सभी क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों से भी फीडबैक ली ताकि क्षेत्रीय विकास कार्यों में जन सहभागिता और पारदर्शिता बनी रहे। विवेक शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार और कांग्रेस संगठन की मजबूती एक-दूसरे से जुड़ी हुई है।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे घर-घर जाकर लोगों से संवाद स्थापित करें, उनकी समस्याएं सुनें और सरकार की योजनाओं की जानकारी दें। उन्होंने जोर देकर कहा कि संगठन का हर कार्यकर्ता सरकार और जनता के बीच की एक मजबूत कड़ी है और यदि यह कड़ी मजबूत होती है तो विकास की रफ्तार और भी तेज होगी। आगामी पंचायत चुनावों को लेकर भी बैठक में चर्चा हुई।

विधायक ने प्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि वे पंचायत स्तर पर संगठनात्मक ढांचे को सशक्त करें और उन मुद्दों पर विशेष ध्यान दें जो आम जनता की प्राथमिकताएं हैं। बैठक के दौरान विधायक विवेक शर्मा ने स्थानीय नागरिकों की समस्याएं भी सुनीं। जनता द्वारा उठाए गए मुद्दों में मुख्य रूप से सड़क मरम्मत, पेयजल संकट, राशन वितरण में आ रही दिक्कतें, वृद्धावस्था पेंशन में देरी और स्थानीय स्कूलों में आधारभूत ढांचे की कमी जैसे विषय शामिल थे। उन्होंने मौके पर ही अधिकारियों को निर्देश जारी करते हुए कहा कि जन समस्याओं के समाधान में कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बैठक में जिला पार्षद सदस्य सत्या देवी, देसराज मोदगिल, केवल कृष्ण शर्मा, विभिन्न पंचायतों के प्रधान, उपप्रधान, सदस्य, कांग्रेस कार्यकर्ता और स्थानीय गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने विधायक विवेक शर्मा की कार्यशैली की सराहना करते हुए क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों और जन समस्याओं को लेकर उनके सक्रिय प्रयासों की प्रशंसा की। इस अवसर पर विधायक विवेक शर्मा ने विश्वास जताया कि आने वाले समय में कुटलैहड़ विस क्षेत्र को राज्य के सबसे विकसित क्षेत्रों में शामिल करने की दिशा में काम किया जाएगा।

## मणिमहेश लंगर कमेटी कल लगाएगी लंगर

**अनंत ज्ञान, गगरेट।** शिवभक्तों की सेवा में इस बार भी मणिमहेश लंगर कमेटी बग्गा में 23 अगस्त से बग्गा में लंगर का संचालन करेंगे जोकि निरंतर 31 अगस्त तक चलेगा।

**अदालती नोटिस**
**व अदालत नायव-तहसीलदार एंव कार्यकारी दण्डाधिकारी तहसील पालमपुर जिला काँगड़ा हि.प्र.।**
मुकद्दमा न.- 76/NT/2025
तारीख पेशीः 07.08.2025
**अंकिता अवस्थी पुत्री अनील कुमार अवस्थी निवासी गांव चुधरेहड, डाक घर सलियाना, तहसील पालमपुर, जिला काँगड़ा हि.प्र.।**
**बनाम**
**आम जनता**
अंकिता अवस्थी पुत्री अनील कुमार अवस्थी निवासी गांव चुधरेहड, डाक घर सलियाना, तहसील पालमपुर, जिला काँगड़ा हि.प्र. ने इस कार्यालय में प्रार्थना पत्र पेश किया है कि प्रार्थी का जन्म गांव चुधरेहड, डाक घर सलियाना, तहसील पालमपुर जिला काँगड़ा में दिनांक 25.11.1993 को हुआ है, लेकिन सम्बन्धित ग्रांम पंचायत मौलीचक, के अभिलेख में दर्ज न है।
अतः अब इश्तहार द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस बारे किसी व्यक्ति को कोई भी एतराज हो तो वह दिनांक 07.08.2025 को अधोहस्ताक्षरी की अदालत में प्रातः 11:00 बजे हाजिर होकर अपनी आपती दर्ज करवा सकता है। बाद गुजरने मियाद कोई भी उजर या एतराज काविले समायत न होगा तथा प्रार्थी के जन्म पंजीकरण के आदेश ग्रांम पंचायत मौलीचक, को पारित कर दिये जायेंगे।
आज दिनांक 09.07.2025 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी किया गया।
**कार्यकारी दण्डाधिकारी पालमपुर**

**अदालती नोटिस**
**व अदालत नायव-तहसीलदार एंव कार्यकारी दण्डाधिकारी तहसील पालमपुर जिला काँगड़ा हि.प्र.।**
मुकद्दमा न.- 78/NT/2025
तारीख पेशीः 08.08.2025
**रमीता देवी पुत्री हिरदू राम हाल पत्नी मेहर सिंह निवासी गांव आसनपट्ट, डाक घर लाहला, तहसील पालमपुर, जिला काँगड़ा हि.प्र.।**
**वनाम**
**आम जनता**
रमीता देवी पुत्री हिरदू राम हाल पत्नी मेहर सिंह निवासी गांव आसनपट्ट, डाक घर लाहला, तहसील पालमपुर, जिला काँगड़ा हि.प्र. ने इस कार्यालय में प्रार्थना पत्र पेश किया है कि प्रार्थी का जन्म गांव आसनपट्ट, डाक घर लाहला, तहसील पालमपुर, जिला काँगड़ा हि.प्र. में दिनांक 10.03.1976 को हुआ है, लेकिन सम्बन्धित ग्रांम पंचायत दराटी, के अभिलेख में दर्ज न है।
अतः अब इश्तहार द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस बारे किसी व्यक्ति को कोई भी एतराज हो तो वह दिनांक 08.08.2025 को अधोहस्ताक्षरी की अदालत में प्रातः 11:00 बजे हाजिर होकर अपनी आपती दर्ज करवा सकता है। बाद गुजरने मियाद कोई भी उजर या एतराज काविले समायत न होगा तथा प्रार्थी के जन्म पंजीकरण के आदेश ग्रांम पंचायत दराटी, को पारित कर दिये जायेंगे।
आज दिनांक 09.07.2025 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी किया गया।
**कार्यकारी दण्डाधिकारी पालमपुर**

# देवनीति की आड़ में राजनीति कर गुमराह कर रहे दोगले लोग : सुंदर ठाकुर

**कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**कुल्लू।** कुल्लू के विधायक सुंदर सिंह ठाकुर ने कहा कि कुछ लोग अपनी राजनीतिक जमीन खो चुके हैं, ऐसे में अब यह दोगले लोग देवनीति की आड़ में राजनीति कर रहे हैं।

यह बात सोमवार को उन्होंने ढालपुर में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कही। बिजली महादेव रोपवे निर्माण पर चल रहे विरोध को लेकर कुल्लू के विधायक सुंदर ठाकुर ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इस मुद्दे पर दोगले लोग अपनी राजनीति चमकाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि कोई इस प्रोजेक्ट का विरोध करना चाहता है, तो हिमाचल में विरोध न करें, बल्कि दिल्ली के जंतर-मंतर में जाकर अपना विरोध जताएं। उन्होंने कहा है कि जिन लोगों ने पहले रोपवे को एनओसी दी। वहीं, लोग आज इसका विरोध कर रहे हैं। ऐसे में दोगली राजनीति के चलते यह घाटी की जनता को भी गुमराह कर रहे हैं। बिजली महादेव रोपवे परियोजना को लेकर स्पष्ट रूप से कहा है कि यह परियोजना केंद्र सरकार की है और राज्य सरकार केवल इसमें सहयोगी है। उन्होंने ग्रामीणों द्वारा आंदोलन करने की सलाह देते हुए कहा कि इस परियोजना की जिम्मेदारी केंद्र सरकार की है, राज्य सरकार इसमें सिर्फ सहायता कर रही है। सुंदर ने कहा कि पहले इस रोपवे की लंबाई 3.2 किमी थी, जिसे अब घटाकर 2.3 किमी कर दिया गया है, ताकि यह मंदिर क्षेत्र के करीब न पहुंच सके और स्थानीय धार्मिक और भावनात्मक संवेदनाओं का सम्मान हो सके। उन्होंने कहा कि विरोध करने वाले कुछ लोग देवता की आड़ में राजनीति कर रहे हैं और वास्तव में विकास विरोधी रुख अपना रहे हैं। उन्होंने कहा कि जहां तक पर्यावरण की बात है और रोपवे के लिए काटे जा रहे पेड़ों का हवाला दिया जा रहा है, लेकिन यह कैसे भूला जा सकता है कि भाजपा के शासनकाल में 1344 पेड़ काटे गए थे, जबकि इस प्रोजेक्ट के लिए सिर्फ 203 पेड़ काटे जाने हैं।



पत्रकार वार्ता को संबोधित करते कुल्लू के विधायक सुंदर सिंह ठाकुर साथ हैं अन्य।

### अब क्यों हो रहा विरोध?

**उन्होंने** विरोधियों पर निशाना साधते हुए कहा कि आज तक यह विरोध क्यों नहीं हुआ, जब इस कार्य के लिए बाकायदा पंचायत द्वारा एनओसी दी जा रही थी और रही बात देववाणी की, तो इससे पहले भी क्षेत्र में स्थानीय देवी द्वारा टेलीकॉम टावर लगाने और ट्रांसमिशन लाइंस के नहीं लगाने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन उस समय तो किसी को देववाणी पर इतनी चिंता करते हुए नहीं देखा गया, लेकिन आज विरोधियों द्वारा देव-वाणी को इतना अधिक महत्व देने का तात्पर्य समझ में नहीं आ रहा।

## लगातार बारिश के बीच मनाली-लाहौल में हालात सामान्य

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** लगातार जारी बारिश के बीच मनाली व लाहौल में हालात सामान्य हैं। तांगलांगला, बारालाचा, निकाला, शिंकुला की ऊंची चोटियों में बर्फ की सफेद चादर बिछ गई है। तापमान में भारी गिरावट से मौसम भी कूल-कूल हो गया है। मौसम विभाग द्वारा रेड अलर्ट जारी किया गया है। हालांकि, बारिश का दौर जारी है, लेकिन हालात सामान्य हैं। मौसम की बेरुखी से पर्यटन नगरी मनाली में पर्यटन कारोबार भी ठंडा है। ऊंची चोटियों में बर्फ के फाहे गिर रहे हैं, लेकिन शिंकुला, बारालाचा, कुंजम दरों में वाहनों की आवाजाही सुचारु है। मनाली की ऊंची चोटियों मकर वेद, शिखर वेद, हनुमान टिब्बा सहित लाहौल के लेडी आफ केलंग, चंद्रभागा (सीबी) रेंज, छोटा व बड़ा शीघ्री ग्लेशियर में बर्फ के फाहे गिरे हैं। दूसरी ओर बारिश से बंद सड़कों के कारण पर्यटक मनाली नहीं पहुंच पा रहे हैं। हालात देखकर मनाली आने से अपने आप को रोक रहे हैं। पर्यटन कारोबारियों को अब दशहरा सीजन में ही कारोबार होने की उम्मीद है। डीसी लाहौल-स्पीति ने बताया कि सभी सड़कों में वाहनों की आवाजाही सुचारु है।

# कुल्लू जिले में बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त

**अनंत ज्ञान टीम, कुल्लू/आनी**

जिला कुल्लू में भारी बारिश से जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त है। नदी-नालों का जहां जलस्तर बढ़ गया है। वहीं, जगह-जगह भूस्खलन के कारण सड़कें अवरुद्ध हुई हैं।

जिले के सैंज, बंजार, आनी व अन्य क्षेत्रों में कई जगह डंगे धंस गए हैं, तो कहीं पर जलस्तर बढ़ने से लोगों को खतरा पैदा हो गया है। आनी क्षेत्र में रविवार रात से लगातार हो रही भारी बारिश से जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हुआ है। सैंज-आनी-ओट राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-305) पर खनाग के झेड़ नामक स्थान पर सड़क धंस जाने से मार्ग पूरी तरह बाधित हो गया है। इससे आनी का जिला मुख्यालय कुल्लू से संपर्क कट गया है। इसके अलावा कई ग्रामीण सड़कें अवरुद्ध हो गई हैं। एचआरटीसी ने हालात देखते हुए दोपहर बाद जब्जी रूटों पर बस सेवाएं रोक दी, जबकि भूस्खलन के कारण कई बागवानों के सेब के बागीचों को भारी नुकसान पहुंचा, जबकि सेब के सैकड़ों पेड़ भूस्खलन की चपेट में आ गए। बखनाओं पंचायत के शिकारी गांव के साथ नौतोड़ गांव में भारी भूस्खलन होने के कारण जहां जमीन और सेब के पौधे बह गए, वहीं ख्याल चंद के मकान के आगे और पीछे भारी भूस्खलन होने के कारण मकान को खतरा हो गया है।



मकान में दरारें आना शुरू हो गई हैं, जिसे खाली करवा दिया गया, जबकि ख्याल चंद का परिवार अपने छोटे भाई के दर में शरण ले रहा है। मनसा राम के मकान को भी खतरा बना हुआ है। इस भूस्खलन से खनेरी गांव को खतरा बना हुआ है। गांव वालों को सुरक्षित स्थान में चले जाने की हिदायत दी गई है। वहीं, बैहना पंचायत के मुंगरी गांव के जोगेंद्र सिंह के मकान के आगे का डंगा ढह गया है, जिससे मकान को खतरा बन गया है। जोगेंद्र सिंह ने कहा कि उसके डंगे में 30 जून की रात को बादल फटने के बाद दरारें आ गई थी, जबकि इन्हें ढकने के लिए पंचायत के माध्यम से प्रशासन से तरपाल की मांग की गई थी। इसी के साथ ही आनी-बश्ता सड़क मार्ग भी निगाली कैंची, भेरड़ नाले के पास बंद हो गया है। आनी-चवाई मार्ग बाली ओल में बंद हो गया है।

ग्रामीण क्षेत्रों में भी जगह-जगह भूस्खलन की घटनाएं सामने आ रही हैं, जिससे लोगों की आवाजाही ठप हो गई है। प्रशासन ने भारी बारिश के चलते आनी और निरमंड उपमंडल में सभी आंगनबाड़ी केंद्रों, आईटीआई, कॉलेज और अन्य शिक्षण संस्थानों में सोमवार को एहतियातन अवकाश घोषित कर दिया है। क्षेत्र में नदी-नाले उफान पर हैं, जिससे खतरे की स्थिति बनी हुई है। एसडीएम आनी लक्ष्मण सिंह कनेट और एसडीएम निरमंड मनमोहन सिंह ने लोगों से सतर्क रहने और अनावश्यक रूप से नदी-नालों के पास न जाने की अपील की है। उधर, जिला प्रशासन ने लोगों से नदी-नालों के किनारे न जाने की हिदायत दी है। साथ ही जरूरी होने पर ही सफर की भी सलाह दी है।

# मौसम खराब, श्रीखंड यात्रा एक दिन के लिए स्थगित

## श्रीखंड यात्रा पर मौसम साफ होने तक जो जहां है वहीं रहें, ट्रस्ट ने लिया निर्णय

**जितेंद्र गुप्ता, अनंत ज्ञान**

**आनी।** एसडीएम निरमंड मनमोहन सिंह ने कहा कि खराब मौसम के चलते सोमवार को श्रीखंड यात्रा फिलहाल एक दिन के लिए रोकी गई है।

श्रीखंड महादेव यात्रा ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं एसडीएम निरमंड मनमोहन सिंह ने बताया कि यात्रा पर निकले श्रद्धालुओं को जहां हैं, वहीं रहने के निर्देश दिए गए हैं। रविवार रात से ही क्षेत्र में भारी बारिश हो रही है। इसके चलते श्रीखंड महादेव यात्रा का रास्ता, जहां फिसलन भरा हो गया है। वहीं, रास्ते मे पड़ने वाले कई नालों, झरनों में भी पानी का बहाव बढ़ गया है। इस कारण यात्रा को करना जोखिम भरा हो सकता है। वहीं, एसडीएम मनमोहन सिंह ने बताया कि ऊंचाई वाले क्षेत्रों में अधिक ठंड हो गई है, ऐसे में बारिश में भीगने से अत्यधिक ठंड लगने के कारण यात्रियों को हाइपोथर्मिया का खतरा बढ़ जाता है। सोमवार सुबह कुछेक रजिस्ट्रेशन के बाद इन सभी कारणों को ध्यान में रखते हुए ही श्रीखंड यात्रा पर मौसम के साफ होने तक ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन बंद कर दी गई है, जबकि यात्रियों को भी जहां है वहीं रहकर, प्रशासन द्वारा स्थापित पड़ावों, सुरक्षित जगहों पर रुकने के निर्देश दिए गए हैं। 20 जुलाई तक बेसकैंप में एकत्र आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार करीब 300 महिलाओं समेत 7 हजार श्रद्धालु ऑनलाइन और ऑफलाइन पंजीकरण करवाकर यात्रा पर निकल चुके हैं।



श्रीखंड महादेव के दर्शनों के लिए यात्रा पर जाते हुए भोले के भक्त।

### ट्रस्ट करता है सुरक्षा, स्वास्थ्य सुविधाओं का इंतजाम

**18570** फुट की ऊंचाई पर स्थित श्रीखंड महादेव यात्रा बेहद कठिन यात्रा है। यात्रियों की सुरक्षा के लिए यात्रा के दौरान सिंहगाड में बेस कैंप बनाया गया है, जहां हर यात्री का मेडिकल चैकअप करने के बाद ही पंजीकरण किया जाएगा। इस के अलावा थाचड़ू, कुंशा, भीमडवारी व पार्वतीबाग में कैंप स्थापित किए गए हैं। इनमें रेस्क्यू टीम, मेडिकल टीम, पुलिस और होमगार्ड की टीम आदि तैनात की गई हैं। इसमें सैक्टर मजिस्ट्रेटों और उनके साथ पुलिस अधिकारी, अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतारोही संस्थान मनाली, जलशक्ति, वन विभाग, स्वास्थ्य विभाग आदि के प्रभारियों की नियुक्ति की गई है। इन पड़ावों में विशेष रूप से मेडिकल स्टाफ, रेवेन्यू और रेस्क्यू टीम तैनात हैं। यह सारी टीमें किसी भी मुश्किल में यात्रियों की सहायता करेंगी। इस वर्ष चंडीगढ़ के एक श्रद्धालु की श्रीखंड महादेव के दर्शनों से लौटते समय तबीयत बिगड़ गई थी, जबकि उसे अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही उसकी मौत भी हो गई थी।

## वाहन दुर्घटनाग्रस्त, एक की मौत, दो घायल

**अनंत ज्ञान, सैंज।** जिला कुल्लू की सैंज घाटी के धारा देउरी शैंशर में सोमवार को एक वाहन दुर्घटनाग्रस्त हुआ है। इस घटना में जहां वाहन में सवार तीन लोगों में से एक की मौके पर मौत हो गई है, जबकि दो व्यक्ति घायल हैं, जिन्हें उपचार के लिए क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू रेफर किया गया है। पुलिस की जानकारी के अनुसार सोमवार को थाना सैंज के अंतर्गत धारा देउरी शैंशर में एक निजी गाड़ी आल्टो कार नंबर एचपी49 4711 अनियंत्रित होकर ढांक से नीचे गिर गई। वाहन में 3 व्यक्ति सवार थे। इनमें आमिर सिंह (25) पुत्र मोती राम गांव गुढ़ारी(शैंशर) तहसील सैंज जिला कुल्लू, निरत सिंह पुत्र शिव चंद गांव शरडी डाकघर मझाण तहसील सैंज जिला कुल्लू और मोती सिंह (27) पुत्र भाग चंद गांव शुगाड़ तहसील सैंज जिला कुल्लू शामिल हैं। इनमें से आमिर सिंह की मौके पर मौत हो गई। इसके शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है, जबकि दो अन्य घायलों का उपचार क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में चल रहा है। उधर, एएसपी कुल्लू संजीव चौहान ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि इस घटना में एक युवक की मौत हुई है, जबकि दो घायल हुए हैं। उन्होंने बताया कि घटना के कारणों की जांच जारी है।

## पानी के बिलों को लेकर जनता को गुमराह कर रहे विधायक : अमित सूद

# भाजपा ने सरकार के खिलाफ किया प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की सरकार जब से सत्ता में आई है, तब से वह तानाशाही रवैया अपना रही है, न तो सरकार चुने हुए प्रतिनिधियों की सुन रही है और न ही जनता को विश्वास में लिया जा रहा है। इन्हीं सभी मुद्दों को लेकर जिला कुल्लू के मुख्यालय ढालपुर में जिला कुल्लू भाजपा के द्वारा धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। वहीं, प्रदेश सरकार के खिलाफ भी रोष व्यक्त किया गया।

इसमें जिला कुल्लू भाजपा के अध्यक्ष अमित सूद विशेष रूप से उपस्थित रहे। जिला कुल्लू भाजपा के अध्यक्ष अमित सूद ने कहा कि कुल्लू शहर में जो पानी के बिलों में बढ़ोतरी की गई है, उसे लेकर भी स्थानीय विधायक जनता को गुमराह कर रहे हैं। अमित सूद ने विधायक पर सवालिया निशान लगाते हुए कहा कि पानी के बिलों में जो बढ़ोतरी की गई है। वह पिछले साल सितंबर माह में की गई है, ऐसे में जब स्थानीय विधायक को इस बारे में पता था, तो वह उस दौरान सरकार से बात करते और बढ़े हुए पानी के बिलों में संशोधन की बात करते, अब वह अपने सोशल मीडिया के माध्यम से कह रहे हैं कि उन्होंने इस बारे सरकार से बात की है और लोग पानी के बिल न भरें। कुल्लू के विधायक अपनी मनमर्जी कर रहे हैं और इसमें स्थानीय लोगों को भी विश्वास में नहीं लिया जा रहा है। अमित सूद ने कहा कि वर्तमान सरकार के अढ़ाई वर्षों के कार्यकाल में पर्यटन नगरी कुल्लू में सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है और बस स्टैंड के आस पास गंदगी तथा बदबू कुल्लू की सुंदरता पर दाग लगा रही है। वहीं, ढालपुर मैदान में किसके कहने पर यह खुदाई की जा रही है उसकी जानकारी भी किसी को नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि ढालपुर मैदान में सौंदर्यकरण के नाम पर मनमाने तरीके से खुदाई की जा रही है, इसकी जानकारी पार्षद तक को नहीं है, जो गंभीर मुद्दा है और भ्रष्टाचार को उजागर कर रहा है। जिला अध्यक्ष अमित सूद ने खेद प्रकट करते हुए कहा कि अब कृषि और बागवानी सीजन में पूरे जिले में सड़कों की हालत जर्जर हो चुकी है, लेकिन लोक निर्माण विभाग अभी तक इनकी सुध लेने में असमर्थ साबित हो रहा है और लोगों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।



डीसी कुल्लू को विभिन्न मांगों के संबंध में ज्ञापन सौंपते भाजपा प्रतिनिधिमंडल के सदस्य।

## न्यूज ब्रीफ

### राज ठाकुर बने पार्वती वैली छात्र संगठन के प्रधान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** पार्वती वैली छात्र संगठन की बैठक सोमवार को ढालपुर में हुई। इसमें सभी छात्र मौजूद रहे। इस मौके पर नई कार्यकारिणी का भी गठन किया गया। इसमें सर्वसम्मति से राज ठाकुर को पार्वती वैली छात्र संगठन का प्रधान बनाया गया। वहीं, साहिल ठाकुर को चैयरमेन, अखिल ठाकुर को उपप्रधान, नितिन ठाकुर महासचिव, संजना ठाकुर कार्यक्रम अधिकारी, अखिल ठाकुर कोषाध्यक्ष, चित्रा और शुभम को सहसचिव, शिवांश पंडित को वाइस चैयरमेन, तो नितिन ठाकुर को सोशल मीडिया को-आर्डिनेटर बनाया गया।

### 23 छात्रों को डिप्लोमा व फोटो फ्रेम देकर नवाजा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** कार सेवा दल संस्था की ओर से संचालित निशुल्क सिलाई प्रशिक्षण केंद्र, गुरुद्वारा साहिब अखाड़ा बाजार के 3 सत्र पूर्ण होने पर प्रशिक्षु छात्राओं के लिए सोमवार को एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मौहल स्थित नेचर पार्क में आयोजित हुआ। इसमें संस्था के सभी सदस्यों व अभिभावकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। समारोह में इस वर्ष प्रशिक्षण पूरा कर चुकीं 23 प्रशिक्षु छात्राओं को डिप्लोमा प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। छात्राओं द्वारा इस मौके पर रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। अध्यक्ष मनदीप सिंह ने बताया कि इस साल कुल्लू शहर के अलावा अन्य दूर गांव लगवैली, खराहल घाटी, आनी, पांगी की 23 महिलाओं ने सिलाई-कढ़ाई-बुनाई का प्रशिक्षण दिया। उन्होंने बताया कि यह महिलाएं अपने गांव में सिलाई का रोजगार करना चाहती हैं, संस्था उन्हें रोजगार खोलने में भी मदद करेगी। संस्था के पदाधिकारियों ने इस अवसर पर प्रशिक्षु छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि कार सेवा दल समाज सेवा के ऐसे कार्यों के लिए हमेशा प्रतिबद्ध रहेगा।

### नप मनाली कर रही कानून की अवहेलना

**अनंत ज्ञान, मनाली।** नगर परिषद मनाली द्वारा आम कानून की अवहेलना व तानाशाही इनकी घटिया मानसिकता है। यह बात स्ट्रीट वैंडर्स एंड वर्कर्स वेलफेयर एसोसिएशन की अध्यक्ष जमुना देवी व महासचिव अवनीश भरवाल द्वारा जारी संयुक्त ब्यान में कही। उन्होंने कहा कि नगर परिषद मनाली के कार्यकारी अधिकारी व प्रधान द्वारा खुलेआम कानून की अवहेलना व तानाशाही इनकी घटिया मानसिकता दर्शाता है। आज मनाली के सैकड़ों स्ट्रीट वैडरस का भविष्य अभूतपूर्व संकट से गुजर रहा है। मनाली के इतिहास में पहली बार प्रशासन द्वारा अवैध रूप से सामान की संयुक्त रूप से लूटपाट की जा रही है। संगठन द्वारा जब इसकी शिकायत उच्च न्यायालय में की तो गत माह नगर परिषद को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया, लेकिन नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी व प्रधान न तो न्यायलय में हाजिर हुए और न ही इनके अधिवक्ता द्वारा कोई जवाब दिया गया, जो कि कानून की सीधे-सीधे अवहेलना है। आज भी प्रशासन द्वारा आए दिन स्ट्रीट वैंडर्स को व्यक्तिगत रूप से धमकी दी जा रही है कि आप को यहां नहीं रहने दिया जाएगा, जबकि ये स्ट्रीट वैडर्स अपने परिवार सहित कई वर्षों से यहां रह रहे हैं। इस अवसर पर संगठन के उपप्रधान केसंग, सचिव सुमित्रा देवी, कोषाध्यक्ष डीआर नेगी, राजकुमार, पद्मा देवी, पारूल, नीता सहित कई अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### जॉब ट्रेनी भर्ती नीति के विरोध में किया प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला कुल्लू द्वारा सोमवार को प्रदेश सरकार की 'जॉब ट्रेनी' नई भर्ती नीति के विरोध में जिला स्तरीय धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। यह विरोध-प्रदर्शन दोपहर 12:30 बजे कुल्लू कॉलेज के मुख्य द्वार से आरंभ होकर डीसी ऑफिस के बाहर संपन्न हुआ। परिषद ने इस नीति को युवाओं के साथ धोखा बताते हुए कहा कि 'जॉब ट्रेनी' जैसी अवधारणाएं शिक्षित युवाओं की योग्यता व सम्मान के विपरीत हैं। यह नीति न केवल रोजगार की गारंटी से दूर है, बल्कि यह भविष्य की स्थिरता और सुरक्षा के हर मापदंड पर विफल साबित होती है। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि सरकार एक ओर युवाओं को रोजगार देने के वादे करती है, वहीं दूसरी ओर उन्हें कम वेतन, अनुबंध आधारित और अस्थायी नियुक्तियों के सहारे भ्रमित किया जा रहा है। परिषद द्वारा प्रमुख रूप से रखी विभिन्न मांगों में जॉब ट्रेनी नीति को तुरंत प्रभाव से रद्द किया जाए, सभी रिक्त पदों पर नियमित और स्थायी नियुक्ति प्रक्रिया शुरू की जाए। रोजगार नीतियों को पारदर्शी, स्पष्ट और भविष्य-निर्माण के योग्य बनाया जाए।

# सेब बागवानों को राहत, परिवहन किराये में नहीं कोई बढ़ोतरी : प्रेम

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

फलोत्पादक मंडल और महालक्ष्मी टाटा 407 यूनियन पतलीकूहल की संयुक्त बैठक में सेब परिवहन के किराये को लेकर चर्चा हुई।

मंडल के प्रधान प्रेम शर्मा की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में यह सहमति बनी कि इस वर्ष सेब परिवहन किराये में कोई बढ़ोतरी नहीं की जाएगी। महालक्ष्मी टाटा 407 यूनियन ने पिछले वर्ष के किराये 115 रुपए प्रति कार्टन की दर पर ही सेब का परिवहन करने का निर्णय लिया है। यह फैसला सेब उत्पादकों के लिए एक बड़ी राहत के तौर पर देखा जा रहा है। प्रेम शर्मा ने बताया कि इससे पहले ट्रक यूनियन ने भी सेब परिवहन में किराया न बढ़ाने पर अपनी सहमति दी थी। उन्होंने महालक्ष्मी टाटा 407 यूनियन का धन्यवाद करते हुए कहा कि यूनियन ने मंडल के तर्कों पर विचार करते हुए बागवानों के हित में पिछले वर्ष की दरों को ही स्वीकार किया है। शर्मा ने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी मंडल और परिवहन यूनियनें मिलकर कार्य करती रहेंगी। शर्मा ने कहा कि इस निर्णय से बागवानों को बढ़ती लागतों से राहत मिलेगी और परिवहन किराये में स्थिरता से उन्हें अपनी उपज की बेहतर कीमत हासिल करने में भी मदद मिलेगी। बैठक में कुल्लू फलोत्पादक मंडल के महामंत्री रीमन सिंह ठाकुर, उपप्रधान सुभाष नेगी, कोषाध्यक्ष राकेश ठाकुर, परिवहन उपसमिति के चेयरमैन ओम प्रकाश और सदस्य दिनेश नेगी, भगत राम, देवी सिंह राणा, थरवन लाल, मेहर चंद नेगी, योग राज, प्रेम चंद पुजारी, हरी चंद, अभिनव प्रेम, जोगिंद्र, लाल चंद, देवी सिंह मौजूद रहे। महालक्ष्मी टाटा 407 यूनियन की ओर से चेयरमैन लोत राम, महासचिव विरेंद्र, और सदस्य सुरेश कुमार, मनोज चौहान, तथा चंद्र भान भी उपस्थित थे।



फलोत्पादक मंडल व महालक्ष्मी टाटा-407 यूनियन पतलीकूहल के पदाधिकारी चर्चा करते हुए।

## नग्गर में खुला अत्याधुनिक जिम

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** ऐतिहासिक गांव नग्गर के बस स्टैंड के समीप अति आधुनिक जिम सोमवार को विधिवत रूप से शुरू हो गया है। इसमें सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं।

इसका उद्घाटन पूर्व विधायक गोविंद सिंह ठाकुर ने रिबन काट कर किया। इस मौके पर गोविंद ने सभी लोगों से अपील की कि वे भी इस जिम में मेंबर शिप लें और सेहत को बेहतर बनाए क्योंकि आज के समय में लोग अपने आप को स्वस्थ महसूस करने के लिए जिम में पसीना बहा रहे हैं। इससे लोग अपने शरीर को फिट रख सकें। वहीं, इस जिम के संचालक हीरा लाल ठाकुर ने बताया कि इस तरह का जिम नग्गर में पहली बार खुला है, जिसमें सभी तरह की मशीन लगाई गई हैं, जो कि जिम में होनी चाहिए। इस मौके पर कुंदन लाल, मेघ सिंह, भागेश शर्मा, संत कुमार शर्मा, नरेंद्र शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# ट्रिनिटी स्कूल में योग साधना व सुदर्शन क्रिया सिखाई गई




ट्रिनिटी स्कूल मौहल में शिविर के दौरान योगाभ्यास करते हुए प्रतिभागी।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

आर्ट ऑफ लिविंग कुल्लू द्वारा ट्रिनिटी स्कूल मौहल में पांच दिवसीय योग साधना शिविर का सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस शिविर में योग साधना के अतिरिक्त विश्व विख्यात सुदर्शन क्रिया भी सिखाई गई। साथ में प्रतिभागियों ने पुरातन शास्त्र ज्ञान पर भी चर्चा की।

शिविर में ट्रिनिटी स्कूल मौहल के प्रधानाचार्य सहित कई वरिष्ठ प्रशिक्षकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। आर्ट ऑफ लिविंग के वरिष्ठ प्रशिक्षक सुंदर ने बताया कि सभी प्रतिभागियों ने शिविर के अनुभव को साझा किया और भविष्य में योग साधना तथा सुदर्शन क्रिया की विधियों को अपने जीवन में उतारने का भी संकल्प लिया। सभी प्रतिभागियों ने इस तरह के शिविर की प्रासंगिता को सराहा और सतत अभ्यासरत रहने का संकल्प लिया। इस शिविर में आर्ट ऑफ लिविंग संस्थान के वरिष्ठ प्रशिक्षक सुंदर ठाकुर, सोनम डोल्मा तथा सरिता शर्मा संचालक रहे तथा वरिष्ठ स्वयंसेवक डॉली ठाकुर, दे चिन डोल्मा, चेतन, मीडिया प्रभारी सुशांत शर्मा तथा ज्ञान शाशनी आदि सेवा में सम्मिलित रहे।

## 25 को बंद रहेगा कुल्लू का बाजार, रोपवे के विरोध में जनजागरण अभियान तेज



समिति के सदस्य ग्रामीणों से मिलकर रोपवे के विरोध में होने वाले प्रदर्शन बारे जागरूक करते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

बिजली महादेव रोपवे के विरोध में चलाया गया जन जागरण अभियान तेज हो गया है। गांव-गांव में जाकर लोगों को इस रोपवे के लगने से होने वाले नुकसान के बारे में जागरूक किया जा रहा है। साथ ही इसके विरोध में 25 जुलाई को होने वाले धरने-प्रदर्शन में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील लोगों से की जा रही है।

इसी कड़ी में बिजली महादेव संघर्ष समिति कुल्लू शहर के व्यापारियों से मिली और बिजली महादेव रोपवे के विरोध में 25 जुलाई को कुल्लू के बाजार को बंद रखने का निर्णय लिया, ताकि स्थानीय दुकानदार भी रोपवे विरोध समिति के समर्थन में आयोजित प्रदर्शन में शामिल हो सकें। इसी मुद्दे को लेकर बिजली महादेव रोपवे विरोध समिति के सदस्यों द्वारा रामशिला से लेकर ढालपुर तक दुकानदारों के साथ मुलाकात की और उनसे आग्रह किया कि वे 25 को दोपहर दो बजे तक अपनी दुकानों को बंद रखें, ताकि सरकार को भी इस बात की जानकारी मिल सके कि कुल्लू की जनता बिजली महादेव रोपवे का बिलकुल समर्थन नहीं कर रही है। बिजली महादेव रोपवे विरोध समिति के अध्यक्ष सुरेश नेगी ने बताया कि 25 को होने वाले विरोध-प्रदर्शन के लिए ग्रामीण स्तर पर भी जन जागरण अभियान चलाया जा रहा है। इसके अलावा विभिन्न संगठनों का भी उन्हें समर्थन मिल रहा है। इस विषय में कुल्लू के दुकानदारों से भी आग्रह किया गया और स्थानीय दुकानदारों ने भी उनका समर्थन किया है। इससे पूर्व भी जब रोपवे के विरोध में प्रदर्शन हुआ था, उस समय भी कुल्लू शहर के व्यापारियों ने संघर्ष समिति का समर्थन करते हुए अपनी दुकानें बंद रखी थी। इसी कड़ी में इस बार भी बाजार बंद रखने बारे दुकानदारों से अपील की जा रही है।

**समाधान** जिला स्तर पर मंडे रिव्यू मीटिंग का आयोजन, डीसी लाहौल-स्पीति ने की अध्यक्षता

# जिले में दो मक डंपिंग साइट का किया चयन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

डीसी लाहौल-स्पीति किरण भड़ाना ने सोमवार को जिला स्तर पर मंडे रिव्यू मीटिंग की अध्यक्षता की।

बैठक का उद्देश्य प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के साथ-साथ जिला वासियों की शिकायतों एवं समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी और उत्तरदायी समाधान सुनिश्चित बनाना है। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के माध्यम से किए जा रहे विकास कार्यों के लिए जारी की गई राशि की उपयोगिता के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस योजना के तहत चल रहे विकास कार्यों में प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने खंड विकास अधिकारी को केलांग से आगे प्रमुख पर्यटक स्थलों पर स्वच्छ भारत मिशन के तहत सार्वजनिक शौचालय निर्माण करने के लिए कहा और शौचालयों के संचालन के लिए सुलभ इंटरनेशनल के साथ एमओयू करने के निर्देश दिए। अटल टनल के उत्तरी छोर पर व्यवसायिक गतिविधियों को व्यवस्थित करने बारे भी चर्चा की। उन्होंने उद्योग विभाग से जिले में स्फूर्ति योजना के तहत जिले के किसी एक क्षेत्र का कलस्टर बनाकर इच्छुक और मेहनती महिलाओं को सहायता पहुंचाना सुनिश्चित बनाने को कहा, ताकि अन्य क्षेत्र के लोग उनसे प्रेरित होकर कलस्टर बनाकर इस योजना का लाभ उठाकर अपनी आर्थिकी को सुदृढ़ करने की दिशा में आगे बढ़ें। उन्होंने बताया कि जिले में दो मक डंपिंग साइट का चयन कर लिया गया है और इस दिशा में अन्य कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने पर्यटकों की सुरक्षा के लिए नदी-नालों में जाने के लिए बने संपर्क मार्गों पर चेतावनी सूचक बोर्ड स्थापित करने के लिए सर्बंधित विभाग को निर्देश दिए। उन्होंने पशुपालन विभाग को संबंधित क्षेत्र के एसडीएम के साथ समन्वय स्थापित करके जिले में आवारा कुतों की नसंबदी के कार्य को करने के निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में हिम उर्जा विभाग व बिजली बोर्ड के अधिकारियों को प्रधानमंत्री सूर्या घर योजना के बारे में आमजनता को जागरूक करने के निर्देश दिए, ताकि अधिक से अधिक लोग इस योजना का लाभ उठा सकें। उन्होंने खंड विकास अधिकारी को आगामी ग्राम सभा में इस योजना के बारे में लोगों को जानकारी देने के लिए भी कहा। इसके अतिरिक्त बैठक में तीरंदाजी प्रतियोगिताओं, ईको पर्यटन पार्कों और स्थलों को विकसित करना, त्रिलोकीनाथ मंदिर के परिसर का सौंदर्यीकरण, जिप लाइन व पैरागलाइडिंग, एमआरएफ बिलिंग, बसों के संचालन, समाजिक सुरक्षा पेंशन वितरण, कृषि सहित अन्य विभिन्न मुद्दों के बारे में भी चर्चा की गई और डीसी द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में एसडीएम केलांग आकांक्षा शर्मा, एसडीएम अलीशा चौहान, वन मंडल अधिकारी अनिकेत वानवे, पुलिस उपअधीक्षक रश्मी शर्मा, उपनिदेशक बागवानी मीनाक्षी शर्मा, जिला कल्याण अधिकारी खुशविंद्र ठाकुर, जिला कृषि अधिकारी मुंशी राम ठाकुर, प्रबंधक उद्योग राजेश शर्मा, खंड विकास अधिकारी डॉ. विवेक गुलेरिया सहित विभिन्न संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



मंडे रिव्यू मीटिंग की अध्यक्षता करती हुई डीसी लाहौल-स्पीति व उनके साथ अन्य अधिकारी।

## न्यूज ब्रीफ

### युवक की नदी में छलांग की धमकी से मचा हड़कंप

अनंत ज्ञान, नाहन। पांवटा साहिब में सोमवार सुबह एक चौंकाने वाली घटना सामने आई, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई। एक युवक ने अपने माता-पिता से कहा कि वह बाता नदी में छलांग लगाने जा रहा है। परिजनों ने उसे समझाने की बहुत कोशिश की, लेकिन वह घर से भाग गया। कुछ समय बाद नदी किनारे उसके कपड़े और जूते पड़े मिले, जिससे परिजन घबरा गए। उन्होंने बिना समय गवाए स्थानीय प्रशासन को सूचना दी। सूचना मिलते ही तहसीलदार ऋषभ शर्मा, पुलिस टीम और गोताखोर मौके पर पहुंचे और युवक की तलाश में रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। अभी तक युवक का कोई सुराग नहीं मिला है, लेकिन प्रशासन ने रेस्क्यू अभियान को जारी रखने की बात कही है। तहसीलदार ऋषभ शर्मा ने बताया कि यह भी जांच की जा रही है कि क्या युवक ने वास्तव में आत्मघाती कदम उठाया है या फिर यह परिजनों को डराने या किसी मानसिक तनाव का नतीजा है। स्थानीय लोगों से भी सहयोग की अपील की गई है, ताकि अगर किसी ने युवक को आसपास देखा हो तो प्रशासन को तुरंत जानकारी दे सके।

### एनएच-707 लोगों के लिए बना परेशानी का सबब

अनंत ज्ञान, नाहन। प्रदेश के सिरमौर जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-707 एक बार फिर लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। पांवटा साहिब से शिलाई, गुम्मा होते हुए शिमला को जोड़ने वाला यह अहम मार्ग सतौन और उत्तरी गांव के पास भारी भूस्खलन की चपेट में आ गया है, जिससे आवाजाही पूरी तरह ठप हो गई है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो इस आपदा की भयावहता को साफ तौर पर दिखा रहे हैं। सड़क के बंद होने से शिलाई क्षेत्र के सौ से अधिक गांवों का जिला मुख्यालय से संपर्क टूट गया है, जिससे स्थानीय लोगों की दिनचर्या पर गहरा असर पड़ा है। इस आपदा से सबसे ज्यादा प्रभावित टमाटर उगाने वाले किसान हो रहे हैं। हर साल ये किसान दिल्ली और अन्य बड़े शहरों की मंडियों में अपनी उपज बेचते हैं, लेकिन इस बार फसल खेतों में ही सड़ रही है। सड़क बंद होने से दफ्तर जाने वाले कर्मचारी, स्कूली बच्चे और अस्पताल जाने वाले मरीज भी बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग पर कार्यरत निर्माण कंपनियां सड़क को बहाल करने की कोशिश में जुटी हैं, लेकिन लगातार हो रही बारिश राहत कार्यों में बड़ी बाधा बन रही है।

### पद्मावती कॉलेज की खुशी ने एम्स दिल्ली में पाया स्थान

अनंत ज्ञान, नाहन। माता पद्मावती कॉलेज ऑफ नर्सिंग, नाहन की पूर्व जीएनएम तृतीय वर्ष (बैच 2021-2024) की मेधावी छात्रा खुशी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एम्स दिल्ली में पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग पाठ्यक्रम में 24वां रैंक हासिल किया है। एम्स जैसे देश के प्रतिष्ठित और अत्यधिक प्रतिस्पर्धात्मक संस्थान में चयन पाना किसी भी छात्रा के लिए सपना होता है। इस सपने को खुशी ने अपनी मेहनत, समर्पण और आत्मविश्वास के बल पर साकार किया है। देशभर से हजारों उम्मीदवारों में से टॉप 25 में स्थान प्राप्त करना वास्तव में एक असाधारण उपलब्धि है। खुशी की इस सफलता ने न केवल उनके परिवार को गौरवान्वित किया है, बल्कि माता पद्मावती कॉलेज ऑफ नर्सिंग का भी नाम रोशन किया है। उनकी यह उपलब्धि वर्तमान और आने वाली सभी छात्राओं के लिए एक प्रेरणा है कि कठिन परिश्रम और सही मार्गदर्शन से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। कॉलेज की उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षण व्यवस्था और सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण ने इस सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### एबीवीपी ने छात्र संघ चुनाव बहाल करने की मांग की

अनंत ज्ञान, सोलन। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सोलन इकाई द्वारा प्रदेश के विद्यार्थियों की विभिन्न महत्वपूर्ण मांगों को लेकर कॉलेज के प्रधानाचार्य के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। परिषद ने छात्रों के लोकतांत्रिक अधिकारों, शैक्षणिक सुधारों और सुरक्षा से जुड़े कई विषयों को उठाया। एबीवीपी सोलन इकाई अध्यक्ष हिमांशु राज घेजटा और इकाई मंत्री चिराग ने कहा कि ज्ञापन में प्रमुख रूप से निम्नलिखित मांगें रखी गईं। इसमें छात्रों का लोकतांत्रिक अधिकार छात्र संघ चुनाव बहाल किया जाए। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को जल्द प्रभावी रूप से लागू किया जाए। शैक्षणिक संस्थानों का राजनीतिक दलों से तटस्थीकरण हो। संस्थानों में आधारभूत सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण किया जाए। छात्रावासों में मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था हो। छात्राओं की सुरक्षा के लिए परिसर में सीसीटीवी, महिला स्टाफ की नियुक्ति व मजबूत सुरक्षा प्रबंध किए जाएं। आपदा में क्षतिग्रस्त भवनों की जल्द मरम्मत कर छात्रों को सुरक्षित शिक्षा माहौल प्रदान किया जाए।

# आपदा से नहीं लिया सबक, बंद पड़ीं नालियां व नाले

## सोलन शहर में बरसात से निपटने के इंतजाम नाकाफी, हाउसिंग कॉलोनी में गिरा डंगा

आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो

सोलन। सोलन शहर में जमीनी स्तर पर बरसात से निपटने के इंतजाम नहीं दिख रहे हैं। पिछले वर्ष आपदा झेल चुके सोलन शहर की अधिकतर नालियां और नाले मिट्टी से अटे होने के चलते बंद पड़े हैं। बरसात की स्थिति में बंद नालियां और नालों की तरफ पानी रिहायशी क्षेत्रों की तरफ मुड़ कर घरों में घुसने का खतरा रहता है। ऐसे में जान-माल का खतरा रहता है। पिछले दिनों से हो रही बारिश के कारण वार्ड क्षेत्रों के नाले ओवर फ्लो हो गए हैं।

वहीं, नालियां बंद होने के कारण सड़कों पर पानी एकत्र हो रहा है। सड़क किनारे नालियां बंद होने के चलते बारिश का पानी सभी से सड़क के रास्ते लोगों के घरों की तरफ रुख कर रहा है। भारी बारिश की स्थिति में लोगों को नुकसान की आशंका भी सताने लगी है। बारिश के कारण बंद पड़े नालों के आपपास पानी व मलबा एकत्र हो रहा है, जो कि खतरे की दस्तक है। आपदा के खास इंतजाम नहीं होने के चलते लोगों को अपने स्तर पर भी नालियों को साफ करना पड़ रहा है। बावजूद इसके नगर निगम अभी तक पुख्ता इंतजाम नहीं कर पाया है। बारिश से हाउसिंग कॉलोनी वार्ड-14 में बने खेल मैदान का डंगा गिर गया। यहां पानी के जल निकासी का इंतजाम न होने से मैदान को खतरा हो गया है।



बारिश के चलते हाउसिंग कॉलोनी में गिरा डंगा।

बरसात से निपटने के लिए निगम की नालियों और नालों की निकासी सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। नालियां बंद और जलभराव की शिकायत मिलते ही कर्मचारियों को मौके पर भेजा जाता है।
**उषा शर्मा, मेयर, नगर निगम सोलन।**

### अवैध डंपिंग से रहता है खतरा

बरसात की स्थिति में अवैध डंपिंग से नालों के रास्ते आसपास के रिहायशी क्षेत्रों में मिट्टी एकत्र हो जाती है। इससे कई बार नाले के पानी का रूख घरों की तरफ मुड़ जाता है। आमतौर पर बारिश के कारण नगर परिषद के वार्ड 7,8,10,12,14,15 व वार्ड-16 में सड़कों व नालों को खासा नुकसान झेलना पड़ता है। वार्ड-16 के रबोन में फोरलेन का पानी रिहायशी क्षेत्र की तरफ बहने से खतरा बन रहा है। इसी तरह नानक विला के नजदीक सड़क में बारिश के कारण पानी जमा होकर लोगों के घरों तक पहुंच जाता है। धोबीघाट रोड में भी बारिश का पानी घरों की तरफ मुड़ जाता है। बावजूद इसके इन क्षेत्रों में बरसात से निपटने के इंतजाम नहीं हैं। शहर के कथेड़ व न्यू कथेड़ में सड़क से निचली तरफ बने मकानों में बारिश का पानी घुसने का खतरा रहता है। वहीं, वार्ड-14 की हाऊसिंग कॉलोनी की सड़कों में निकासी नालियां बंद होने से बारिश का पानी सड़कों पर एकत्र हो रहा है यदि समय रहते नालियों की सफाई नहीं की, तो आने वाली बरसात में सड़कों को खासा नुकसान होगा।

### बारिश में बंद हो जाते हैं नाले

शहर में रेलवे लाइन व हाईवे की तरफ बहते नाले हमेशा गंदगी से अटे रहते हैं। नियमित साफ-सफाई न होने से बारिश की स्थिति में नाले ब्लॉक हो जाते हैं। इसके चलते नालों का गंदा पानी लोगों के घरों में घुस जाता है। बावजूद इसके नालों के चैनालाइज के लिए आज तक ठोस योजना नहीं बन पाई। शहर में इस समय करीब एक दर्जन से अधिक नाले बह रहे हैं। इसमें अधिकांश खुले पड़े हैं। योजना के तहत नालों को कवर कर आसपास के घरों तक सड़क व पार्किंग की सुविधा प्रदान की जानी है। आवासीय कॉलोनियों के आसपास खुले में बह रहे नाले लोगों के लिए खतरा बन चुके हैं। साथ ही इसके आसपास की पेयजल पाइप लाइनों में भी गंदा पानी घुलने का खतरा रहता है। धोबीघाट, डीसी ऑफिस से सरदार मोहल्ला की तरफ जाता नाला, माल रोड से कथेड़ की तरफ बहता नाला, मोहन कॉलोनी का नाला, गंज बाजार का नाला, चंबाघाट का नाला, माल रोड से कलीन, सन्नी साइड से कलीन का नाला, लक्कड़ बाजार का नाला, शूलिनी कॉलोनी का नाला, चौक बाजार का नाला, रेलवे स्टेशन से बस स्टैंड तक जाता नाला इस समय काफी प्रदूषित हो चुके हैं।

## नाहन में 4 अगस्त को कैंपस इंटरव्यू

अनंत ज्ञान, नाहन। जिला रोजगार अधिकारी सिरमौर जगदीश कुमार ने बताया कि जिला रोजगार कार्यालय नाहन की ओर से मैसर्ज प्लासिड इंडिया प्राइवेट लि. गांव ओगली, यमुना नगर रोड, कालाअंब में 10 पद हेल्पर तथा 5 पद जूनियर आपरेटर व शिक्षु के पदों को भरा जाना है।

इसके लिए रोजगार कार्यालय नाहन में 4 अगस्त को भर्ती शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इन पदों के लिए आयु सीमा 18 से 35 वर्ष रखी गई है तथा शैक्षणिक योग्यता 10वीं, आईटीआई (वेल्डर, इलेक्ट्रीशियन, मैकेनिक) रखी गई है। कंपनी द्वारा कार्य अनुभव के आधार पर न्यूनतम वेतन 11250 रुपए दिया जाएगा। रोजगार अधिकारी ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी अपने साथ दो पासपोर्ट साइज फोटो, मूल प्रमाण-पत्र, बायोडाटा व अनुभव प्रमाण-पत्र यदि हो तो अवश्य साथ लाएं। उन्होंने बताया कि eemis.nic.in पोर्टल पर इच्छुक आवेदक ऑनलाइन तरीके से भी आवेदन कर सकते हैं।

## प्रो. अतुल खोसला शिक्षा के क्षेत्र में दुनिया की शीर्ष 200 आवाजों में शामिल

अनंत ज्ञान, सोलन

वैश्विक मान्यता के एक क्षण में, शूलिनी विवि के संस्थापक, अध्यक्ष और कुलपति प्रो. अतुल खोसला को लिंक्डइन द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में दुनिया की शीर्ष 200 आवाजों में सूचीबद्ध किया है। यह प्रतिष्ठित मान्यता दुनिया भर में शिक्षा के भविष्य को आकार देने वाले प्रभावशाली विचारकों का सम्मान करती है।



शूलिनी विवि के निर्माण में मदद करने के लिए सोलन आने के 15 साल और लिंक्डइन पर विचार नेतृत्व के एक दशक को चिह्नित करते हुए, प्रो. खोसला ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में दुनिया की शीर्ष 200 आवाजों में शामिल होना उनके लिए सम्मान की बात है। प्रो. खोसला ने कहा जब मैं शूलिनी के निर्माण में मदद करने के लिए सोलन आया था, तब से इस सबसे रोमांचक क्षेत्र में 15 साल हो गए हैं और लिंक्डइन पर लिखना शुरू किए 10 साल हो गए हैं। भारतीय उच्च शिक्षा के भविष्य के लिए अपनी भविष्यवाणियों को साझा करते हुए कहा कि उन्हें उम्मीद है कि वैश्विक विश्वविद्यालयों द्वारा भारत में परिसर स्थापित करने की एक लहर आएगी, जो भारतीय शैक्षणिक पारिस्थितिकी तंत्र को मौलिक रूप से प्रभावित करेगी। उन्होंने इस परिवर्तन को उच्च शिक्षा में भारत का मारुति सुजुकी क्षण बताया और सुझाव दिया कि जहां कुछ संस्थान संघर्ष कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि वे एक महत्वपूर्ण बदलाव की भविष्यवाणी कर सकते हैं, जहां भारतीय छात्र भारत में अध्ययन करना अधिक पसंद करेंगे और विदेशी छात्र भारतीय विश्वविद्यालयों को चुनना शुरू करेंगे।



एपीएमसी सोलन के चेयरमैन से मिलते हिमाचल किसान सभा सोलन के प्रतिनिधि।

## किसान सभा ने टमाटर व अन्य सब्जियों की बोली में पारदर्शिता लाने की मांग की

अनंत ज्ञान, सोलन

हिमाचल किसान सभा सोलन कमेटी का प्रतिनिधिमंडल विभिन्न मांगों को लेकर एपीएमसी के चेयरमैन से मिला।

इसमें मुख्यत: सब्जी मंडियों में टमाटर व अन्य फसलों की बोली पारदर्शी तरीके करवाने, जिला सोलन की सब्जी मंडियों में टमाटर व अन्य फसलों की गैर कानूनी काट पर पूर्ण प्रतिबंध लगाए जाने, प्रत्येक सब्जी मंडी में डिस्प्ले स्क्रीन लगाकर सब्जियों व फसलों के तय रेट दिखाए जाने की मांग की गई। किसान सभा सोलन जिले के सचिव प्यारे लाल वर्मा ने कहा कि सब्जी मंडी में सब्जियों की बोलियों में पूरी पारदर्शिता होनी चाहिए। इसी तरह एपीएमसी के कानून व नियमों को प्रत्येक मंडी में सख्ती से लागू किया जाए व प्रत्येक मंडी में एपीएमसी कर्मचारियों की जिम्मेदारी व जवाबदेही तय की जाए। सोलन की सभी सब्जी मंडियों में कोल्ड स्टोर की व्यवस्था उपलब्ध करवाने, सोलन सब्जी मंडी में लदानी, किसानों को एपीएमसी और ट्रांसपोर्टर की संयुक्त बैठक का आयोजन जल्द करवाया जाए।

## लोक निर्माण मंत्री के आश्वासन के बावजूद सागंना-सत्ताहन मार्ग ही हुआ बहाल: रावत

अनंत ज्ञान, नाहन

सिरमौर जिले में पिछले दो वर्षों से बंद पड़े सागंना-सत्ताहन मार्ग को लेकर भाजपा ने कांग्रेस सरकार पर तीखा प्रहार किया है।

सह मीडिया प्रभारी प्रताप रावत ने सरकार को 10 दिन का अल्टीमेटम देते हुए चेताया है कि यदि रास्ता बहाल नहीं हुआ, तो जनता सड़कों पर उतरने को मजबूर होगी। सांगना से सत्ताहन तक जाने वाला सड़क मार्ग पिछले दो वर्षों से भूस्खलन और स्लीप से बंद है। इस मार्ग पर स्थित गांवों के लोग, विशेषकर उपगांव सार के ग्रामीण, रोजमर्रा की आवश्यकताओं और बागवानी उत्पादों को दो किलोमीटर दूर सांगना तक पीठ पर ढोने को मजबूर हैं। भाजपा के सह मीडिया प्रभारी प्रताप सिंह रावत ने बताया कि वह स्वयं लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह से मिल चुके हैं। मंत्री ने अधीक्षण अभियंता नाहन को बहाली के आदेश दिए थे, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई काम नहीं हुआ।

रावत ने विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार पर भी तंज कसते हुए कहा कि वह जनता की समस्याएं सुनने के बजाए केवल कांग्रेस कार्यकर्ताओं की निजी परेशानियों पर ध्यान देते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस के नेता केवल राजनीतिक दिखावे तक सीमित हैं। रावत ने कहा कि यदि आगामी 10 दिनों में सड़क मार्ग की बहाली नहीं होती, तो स्थानीय लोग कांग्रेस सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय जनता अब और चुप नहीं बैठेगी और सरकार को उसकी जिम्मेदारी का अहसास करवाया जाएगा।

## सेब के पौधों का कटान प्रदेश सरकार की नीयत और नीति का प्रमाण: विवेक

अनंत ज्ञान, सोलन

भाजपा ने सेब बगीचों के कटान को लेकर प्रदेश सरकार को घेरा। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विवेक शर्मा ने कहा कि उच्च न्यायालय ने फलदार पौधों को वन भूमि से हटाने के आदेशों का पालन कर रही प्रदेश कांग्रेस सरकार अर्थव्यवस्था के साथ-साथ जन भावनाओं का गला भी घोट रही है।



कांग्रेस सरकार अगर सीपीएस के मामले में सुबह होने से पूर्व सर्वोच्च न्यायालय पहुंच सकती है, पालमपुर विश्वविद्यालय की भूमि अधिग्रहण के लिए सर्वोत्तम न्यायालय पहुंच सकती है, तो आखिर करोड़ों के सेब उत्पादन व अर्थव्यवस्था पर खामोश क्यों है। सर्वोत्तम न्यायालय ने भी वन भूमि पर अधिग्रहण को लेकर सख्त आदेश दिए हैं, लेकिन उस पर फलदार पौधों को लेकर सरकार अपने विवेक का उपयोग क्यों नहीं कर पा रही है। उच्च न्यायालय ने सरकार से फलदार पौधों की व्यवस्था पर सवाल पूछा, तो उत्तर में कांग्रेस सरकार ने 2 जुलाई 2025 को उच्च न्यायालय में हलफनामा दायर करके कहा था कि फॉरेस्ट विभाग वन भूमि पर लगे सेब बगीचों की व्यवस्था को व्यवस्थित करने में असमर्थ है और सेब का पौधा कोई वन्य प्रजाति का नहीं है। सरकार की नियत और नीति इस बात से प्रमाणित होती है कि जो सरकार हिमफैड को शराब बेचने के लिए अधिकृत कर सकती है नीति बना सकती है। आखिर वह आत्मनिर्भर हिमाचल की बात करने वाली सरकार सेब से उत्पन्न 13 फीसदी जीडीपी और 100 करोड़ की खड़ी सेब व नाशपाती की अर्थव्यवस्था को अधिग्रहण करके नीलामी क्यों नहीं करना चाहती। सरकारी भूमि पर फलदार पौधों को सरकार क्यों नहीं बेच सकती।

## चिकित्सा क्षेत्र को मिला राष्ट्रीय मंच पर सम्मान

अनंत ज्ञान, सोलन। भारत के सार्वजनिक स्वास्थ्य क्षेत्र में सोलन के प्रख्यात चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. दमन आहूजा को राष्ट्रीय स्वास्थ्य व परिवार कल्याण संस्थान की प्रतिष्ठित संस्थागत नैतिकता समिति के सदस्य के रूप में गत सप्ताह एक अत्यंत महत्वपूर्ण बैठक में आमंत्रित किया गया। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के इस शीर्ष संस्थान की नैतिकता समिति में सदस्यता राष्ट्रीय स्तर पर एक असाधारण सम्मान और गुरुतर जिम्मेदारी का प्रतीक है। डॉ. आहूजा ने बताया कि सत्रह अत्याधुनिक रिसर्च प्रपोजल को स्कॉलर्स द्वारा प्रस्तुत किया गया। इनमें किशोरों में मानसिक स्वास्थ्य परिवर्तन, युवाओं में व्यसन की बढ़ती महामारी, तपेदिक जैसे गंभीर संक्रामक रोगों पर आधारित गहन अध्ययन शामिल थे। संस्थागत नैतिक समिति ने निर्देशित किया कि शोध कार्य नैतिक मानदंडों के साथ-साथ तत्काल व्यावहारिक समाधान भी प्रस्तुत करें।

## जगदंबा रामलीला की बैठक में पुरानी कार्यकारिणी बहाल



जगदंबा रामलीला मंडल सोलन की बैठक में उपस्थित पदाधिकारी व सदस्य।

अनंत ज्ञान, सोलन

जगदंबा रामलीला मंडल सोलन की बैठक नरसिंह मंदिर प्रांगण में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता मंडल के निर्देशक हरीश मारवाहा ने की।

इस अवसर पर सर्वसम्मति से पुरानी कार्यकारिणी को बहाल किया गया और नए सदस्यों को भी कमेटी में शामिल किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि इस वर्ष रामलीला का आयोजन 20 सितंबर से किया जाएगा। इस निर्णय पर सभी सदस्यों ने सहमति जताई और तैयारियों को लेकर योजनाएं भी बनाईं। नई कार्यकारिणी में निर्देशक हरीश मारवाहा, सहनिर्देशक राकेश अग्रवाल, प्रधान धर्मेंद्र ठाकुर, उपप्रधान कुलदीप रावत, गुरशरण सिंह, मनीष मरवाहा, प्रदीप तंवर, महासचिव सुमित खन्ना, सचिव सचिन वर्मा, मनीष मरवाहा, साहिल मारवाहा, कोषाध्यक्ष कृष्णा ग्रोवर, मनोज गुप्ता, जगमोहन खन्ना, मीडिया प्रभारी तिलक राज, भूपेंद्र ठाकुर, संजय वर्मा शामिल हैं। बैठक में कई वरिष्ठ सदस्य व कलाकार उपस्थित रहे। इसमें हरेश जग्गी, विजेंद्र शर्मा, बाबू जय सहित अन्य गणमान्य लोग शामिल थे। रामलीला मंडल ने आगामी कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए सामूहिक प्रयास करने का संकल्प लिया। इस बार की रामलीला में पारंपरिक संस्कृति की झलक, नाट्य प्रस्तुति और सामाजिक संदेशों को विशेष रूप से उकेरने की योजना बनाई गई है।

## मछली पकड़ने गए व्यक्ति की करंट लगने से मौत

अनंत ज्ञान, सोलन। प्रताप राणा पुत्र वीर सिंह राणा निवासी गांव व डाकघर ब्योलिया, तहसील व जिला शिमला ने शिकायत दर्ज करवाई कि टेक बहादुर ने इसे फोन करके बताया कि शेर सिंह राणा को गंबरपुल खड्ड नजदीक धार सेरी गांव में बिजली का करंट लगा है। इस पर यह गंबर पुल खड्ड पहुंचा, जहां पर इसके बड़े भाई शेर सिंह राणा का शव नदी के किनारे पर पड़ा हुआ था। टेक बहादुर ने बताया कि वह शेर सिंह राणा, युवराज व प्रेमचंद मछलियां पकड़ने गंबर पुल खड्ड में गए थे तथा धारसेरी गांव से एक व्यक्ति के घर से खड्ड में करंट लगाने के लिए बिजली की तार जोड़ी थी। मच्छलियां पकड़ने के उपरांत यह लोग फारिग हुए, तो शेर सिंह राणा बिजली की तार को इकट्ठा करने लगा तार बीच से कटी हुई होने के कारण शेर सिंह राणा को करंट लग गया। इससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। इस सदंर्भ में पुलिस थाना धर्मपुर में अभियोग पंजीकृत कर आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। अभियोग में आगामी अन्वेषण जारी है।

## पौधरोपण से पहले की साफ-सफाई

अनंत ज्ञान, सोलन

सोलन की संस्था सभ्य रिफॉरेस्टर्स ने अपने दसवें वार्षिक पौधरोपण कार्यक्रम, जो कि 27 जुलाई (रविवार) से पूर्व संस्था के पूर्वनिर्धारित स्थान (समलेच), जहां पौधरोपण होना है, उसमें साफ-सफाई का कार्य पूरा किया। साफ-सफाई के कार्यक्रम में मुख्यत: नए पौधे लगाने, पुराने पौधों को संरक्षण, झाड़-झाड़ी की सफाई, सभ्य नागरिकों द्वारा फैलाए गए प्लास्टिक व अन्य कचरे को एकत्रित कर निष्पादन करने का कार्य किया गया। इसी दौरान आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा व नीति पर भी चर्चा हुई। इस कार्य में संस्था के प्रधान सहित मुख्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**अदालती नोटिस**
**व अदालत नायव तहसीलदार सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी पालमपुर जिला काँगड़ा हि.प्र.।**
किस्म मुकद्दमा- तकसीम
मुकदमा न. 57/NT/2022
तारीख पेशी 10.09.2025
**दिलावर सिंह बनाम मोहित आदि ।**
**नोटिस बनाम:-** 1. मोहित पुत्र विजेन्दर प्रसाद पुत्र दिनानाथ 2. रुचिता पुत्री विजेन्दर प्रसाद पुत्र दिनानाथ 3. कल्पना पत्नी विजेन्दर प्रसाद पुत्र दिनानाथ 4. वचन राणा पुत्र जगजीत सिंह पुत्र प्रताप चन्द 5. सरोज पुत्री जगजीत सिंह पुत्र प्रताप चन्द 6. सुनीता पुत्री जगजीत सिंह पुत्र प्रताप चन्द 7. कपिल पुत्र शक्ति देवी पत्नी राजू राम उपनाम चन्द किशोर पुत्र जगतम्वा प्रसाद 8. अजय पुत्र वृज भूषन महाल घुघर तहसील पालमपुर जिला काँगड़ा हि.प्र.।
**अनुवान मुकद्दमा:-** भूमि तकसीम खाता न. 774 खतौनी नम्वर 1259 खसरा नम्वर / कित्ता 3 रकवा तादादी 00-01-83 हैक्टेयर स्थित महाल घुघर तहसील पालमपुर जिला कांगड़ा हि.प्र. जमाबन्दी वर्ष 2012-13.
**ईश्तहार द्वारा-** उपरोक्त मुकद्दमा इस न्यायालय में विचाराधीन है। इसमें प्रतिवादीगणों को कई बार समन किये गये परन्तु साधारण तरीके से तामील न हो रही है। अतः अब इश्तहार द्वारा प्रतिवादीगणों उपरोक्त को सूचित किया जाता है कि इस केस बारे कोई भी एतराज पेश करना हो तो वह दिनांक 10.09.2025 को अधोहस्ताक्षरी की अदालत में हाजिर होकर पेश कर सकता है। गैर हाजरी की सूरत में एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।
आज दिनांक 11.07.2025 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी हुआ।
**सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी पालमपुर जिला काँगड़ा हि.प्र.।**

**अदालती नोटिस**
**व अदालत नायव-तहसीलदार एंव कार्यकारी दण्डाधिकारी तहसील पालमपुर जिला काँगड़ा हि.प्र.।**
मुकद्दमा न.- 77/NT/2025
तारीख पेशीः 08.08.2025
**सन्तोष कुमार पुत्र अजीत सिंह निवासी गांव व डाक घर डाढ, तहसील पालमपुर, जिला काँगड़ा हि.प्र.।**
**बनाम**
**आम जनता**
सन्तोष कुमार पुत्र अजीत सिंह निवासी गांव व डाक घर डाढ, तहसील पालमपुर, जिला काँगड़ा हि.प्र. ने इस कार्यालय में प्रार्थना पत्र पेश किया है कि प्रार्थी के पुत्र शिवम कुमार का जन्म गांव डाढ, तहसील पालमपुर जिला काँगड़ा हि.प्र. में दिनांक 15.04.1922 को हुआ है, लेकिन सम्बन्धित ग्रांम पंचायत डाढ, के अभिलेख में दर्ज न है।
अतः अब इश्तहार द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस बारे किसी व्यक्ति को कोई भी एतराज हो तो वह दिनांक 08.08.2025 को अधोहस्ताक्षरी की अदालत में प्रातः 11:00 बजे हाजिर होकर अपनी आपती दर्ज करवा सकता है। बाद गुजरने मियाद कोई भी उजर या एतराज काविले समायत न होगा तथा प्रार्थी के पुत्र के जन्म पंजीकरण के आदेश ग्रांम पंचायत डाढ, को पारित कर दिये जायेंगे।
आज दिनांक 09.07.2025 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी किया गया।
**कार्यकारी दंडाधिकारी पालमपुर**

## परेशानी: नेशनल हाईवे को छोड़कर कई संपर्क मार्ग लैंड स्लाइड से बाधित हुए

# सोलन व कंडाघाट में बारिश से जनजीवन प्रभावित

अनंत ज्ञान टीम, कंडाघाट/सोलन

जिला मुख्यालय सोलन सहित कंडाघाट उपमंडल में रविवार रात से भारी बारिश का क्रम जारी है। इससे जनजीवन खासा प्रभावित हुआ। नेशनल हाईवे को छोड़कर कई संपर्क मार्ग लैंड स्लाइड से बाधित हुए।

कंडाघाट उपमंडल में 15 सड़कें बंद रही। इससे जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया। बारिश के कारण यहां की वाकनाघाट-स्पाटू, कोट जखेड़, ममलीग-डूमैहर, सायरी -दाऊंटी, जठिया देवी सहित 15 सड़के बंद हो गई थी। लोक निर्माण विभाग कंडाघाट के एसडीओ शुभम अग्रवाल ने बताया कि इन सड़कों में से 13 को बहाल कर दिया है। ममलीग- डूमैहर और सायरी-दाऊंटी सड़क अभी बंद है। इसको बहाल करने का काम चल रहा है। इस बीच इन सड़कों के अभी भी बंद रहने के कारण समूचे सायरी, ममलीग और कनेहर क्षेत्र सहित सात पंचायतों का उपमंडल मुख्यालय से वाया डूमैहर सड़क संपर्क कटा हुआ है। बारिश के कारण एक तरफ आवाजाही प्रभावित हुई, तो दूसरी तरफ जनजीवन बेहद प्रभावित रहा। फसलों को खेतों से लाकर उन्हें मंडियों को भेजने में समस्या रही। पंचायतों और ग्रामीणों विकास विभाग के माध्यम से बनाई गईं सड़कें और पैदल रास्ते कई जगह बंद और क्षतिग्रस्त हुए। किसानों के खेतों को भी कई जगह क्षति हुई है। उपमंडल से बहने वाली अश्वनी, गिरि, गंबर खड्ड और सभी नाले उफान पर हैं। अभी भी क्षेत्र में बारिश का क्रम जारी है।

## फोरलेन सुरंग निर्माण को बनाई सड़क से लोग परेशान



कंडाघाट में फोरलेन सुरंग निर्माण के लिए निकाली सड़क से बिजली कॉलोनी व रेस्ट हॉउस की संपर्क सड़क तालाब में तब्दील।

प्रेम कुमार, अनंत ज्ञान

कंडाघाट। कंडाघाट में फोरलेन सुरंग निर्माण के लिए निकाली सड़क से बिजली कॉलोनी और रेस्ट हॉउस की संपर्क सड़क गड्डों और पानी के तालाब में बदल गई है। इससे लोगों को गंभीर परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। करीब दो सालों से एनएचआई और जिला प्रशासन व नगर पंचायत समस्या से अनजान बने हुए हैं।

कंडाघाट में नगर पंचायत कार्यालय के ठीक ऊपर बिजली कॉलोनी कंडाघाट और रेस्ट हॉउस संपर्क से एनएचआई ने फोरलेन सुरंग निर्माण स्थल के लिए सड़क निकाली है। इस सड़क के कारण बिजली रेस्ट हॉउस के पास की सड़क में भारी गड्डे पड़े हैं। इसके पहाड़ी पर खड़-उत्तराई वाली सड़क से भारी मात्रा में पानी इन गड्डों में भर जाता है। इससे सड़क पर वाहन चलाना और पैदल चलना मुश्किल हो जाता है।

यहां पर स्थानीय लोगों की आवाजाही के अतिरिक्त बिजली बोर्ड और लोक निर्माण विभाग के उपमंडलीय कार्यालय हैं। सड़क की ऐसी स्थिति इन कार्यालयों में आने वाले लोगों की बड़ी समस्या बनी हुई है। इस परेशानी को लोग करीब दो सालों से झेल रहे हैं। एनएचआई समस्या का समाधान नहीं कर रहा और प्रशासन इसकी तरफ ध्यान नहीं दे रहा है।

## पीड़ित परिवार की मदद को आगे आई हेल्पिंग पीपल संस्था

कृष्ण रघुवंशी, अनंत ज्ञान

अर्की। हेल्पिंग पीपल संस्था अर्की बेरल पंचायत के स्कोर गांव में पहुंचकर धर्मपाल और उनके परिवार से जाकर मिली और उनका कुशलक्षेम जाना।

संस्था के अध्यक्ष महेंद्र ठाकुर ने बताया कि धर्मपाल एक गरीब परिवार से संबंध रखता है और दूरदराज के क्षेत्रों में जाकर मजदूरी करके अपने परिवार का पेट पाल रहा था। धर्मपाल के परिवार में उसकी पत्नी, एक बेटी और दो छोटे बच्चे हैं। कुछ समय पहले धर्मपाल के गिरने से उसकी रीढ़ की हड्डी में चोट आई थी। इससे चलने-फिरने में धर्मपाल असमर्थ हो गया और लगभग चार वर्षों से बिस्तर पर है। धर्मपाल मजदूरी कर परिवार की आजीविका और परिवार की अन्य जरूरतें पूरी कर रहा था, लेकिन गिरने से मानो परिवार एक जगह ठहर सा गया हो। इसको देखकर संस्था धर्मपाल और उसके परिवार की सहायता के लिए आगे आई। महेंद्र ने बताया कि संस्था से धर्मपाल का कुशलक्षेम जान परिवार को राशन, बर्तन, कपड़े और 5100 रुपए की सहायता राशि प्रदान की। संस्था के मुख्य सलाहकार बालक राम शर्मा ने बताया कि घर का एकमात्र कमाने वाला सदस्य असहाय अवस्था में है। पत्नी सेवा में दिन-रात जुटी है और बच्चे अभी छोटे हैं। संस्था ने समाज के सभी सक्षम लोगों से अपील की है कि इस परिवार की सहायता के लिए आगे आएं, ताकि वे इस कठिन समय से उबर सकें।



हेल्पिंग पीपल संस्था के सदस्य स्कोर गांव में पहुंचकर धर्मपाल से मिले और कुशलक्षेम जाना।

**अदालती नोटिस**
**व अदालत नायव-तहसीलदार एंव कार्यकारी दण्डाधिकारी तहसील पालमपुर जिला काँगड़ा हि.प्र.।**
मुकद्दमा न.- 75/NT/2025
तारीख पेशीः 08.08.2025
**सुदर्शना देवी पुत्री जैमल राम निवासी गांव व डाक घर दराटी, तहसील पालमपुर, जिला काँगड़ा हि.प्र.।**
**बनाम**
**आम जनता**
सुदर्शना देवी पुत्री जैमल राम निवासी गांव व डाक घर दराटी, तहसील पालमपुर, जिला काँगड़ा हि.प्र. ने इस कार्यालय में प्रार्थना पत्र पेश किया है कि प्रार्थी का जन्म गांव दराटी, तहसील पालमपुर जिला काँगड़ा हि.प्र. में दिनांक 01.03.1971 को हुआ है, लेकिन सम्बन्धित ग्रांम पंचायत दराटी के अभिलेख में दर्ज न है।
अतः अब इश्तहार द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस बारे किसी व्यक्ति को कोई भी एतराज हो तो वह दिनांक 08.08.2025 को अधोहस्ताक्षरी की अदालत में प्रातः 11:00 बजे हाजिर होकर अपनी आपती दर्ज करवा सकता है। बाद गुजरने मियाद कोई भी उजर या एतराज काविले समायत न होगा तथा प्रार्थी के जन्म पंजीकरण के आदेश ग्रांम पंचायत दराटी, को पारित कर दिये जायेंगे।
आज दिनांक 09.07.2025 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी किया गया।
**कार्यकारी दंडाधिकारी पालमपुर**

**अदालती नोटिस**
**व अदालत नायव-तहसीलदार एंव कार्यकारी दण्डाधिकारी तहसील पालमपुर जिला काँगड़ा हि.प्र.।**
मुकद्दमा न.- 79/NT/2025
तारीख पेशीः 08.08.2025
**सुमीता शर्मा पत्नी सुधीर मिश्रा निवासी गांव चुधरेहड, डाक घर सलियाना, तहसील पालमपुर, जिला काँगड़ा हि.प्र.।**
**बनाम**
**आम जनता**
सुमीता शर्मा पत्नी सुधीर मिश्रा निवासी गांव चुधरेहड, डाक घर सलियाना, तहसील पालमपुर, जिला काँगड़ा हि.प्र. ने इस कार्यालय में प्रार्थना पत्र पेश किया है कि प्रार्थी के पुत्र आकर्षित मिश्रा का जन्म गांव चुधरेहड, डाक घर सलियाना, तहसील पालमपुर, जिला काँगड़ा हि.प्र. में दिनांक 27.09.2012 को हुआ है, लेकिन सम्बन्धित ग्रांम पंचायत मौलीचक, के अभिलेख में दर्ज न है।
अतः अब इश्तहार द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस बारे किसी व्यक्ति को कोई भी एतराज हो तो वह दिनांक 08.08.2025 को अधोहस्ताक्षरी की अदालत में प्रातः 11:00 बजे हाजिर होकर अपनी आपती दर्ज करवा सकता है। बाद गुजरने मियाद कोई भी उजर या एतराज काविले समायत न होगा तथा प्रार्थी के पुत्र के जन्म पंजीकरण के आदेश ग्रांम पंचायत मौलीचक, को पारित कर दिये जायेंगे।
आज दिनांक 09.07.2025 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी किया गया।
**कार्यकारी दंडाधिकारी पालमपुर**




## न्यूज ब्रीफ

### 137 चिकित्सा अधिकारियों को नियुक्ति पत्र जारी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए 137 नवचयनित चिकित्सा अधिकारियों को नियुक्तिपत्र जारी कर दिए हैं। इन सभी को राज्य के विभिन्न जिलों में नियुक्त किया गया है। अभ्यर्थियों को यह नियुक्ति पत्र बायोमैट्रिक और दस्तावेज सत्यापन के बाद जारी किए गए हैं। सोमवार को हरियाणा की स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री आरती सिंह राव ने नवनियुक्त डॉक्टरों को बधाई देते हुए कहा कि योग्य और समर्पित चिकित्सा अधिकारियों की नियुक्ति से न केवल ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा की पहुंच में सुधार होगा, बल्कि मौजूदा चिकित्सा कर्मचारियों पर बोझ भी कम होगा। यह कदम प्रत्येक नागरिक को समय पर, समान और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करने की हमारी सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। मंत्री राव ने कहा कि यह भर्ती अभियान लंबे समय से लंबित रिक्तियों को भरने की योजना का हिस्सा है। सरकार का प्रयास है कि कोई भी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी), सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) या सिविल अस्पताल पर्याप्त चिकित्सा कर्मचारियों के बिना संचालित न हो। उन्होंने बताया कि राज्यभर के सभी सिविल सर्जनों को ईमेल के माध्यम से नियुक्ति पत्र भेजे गए हैं, जहां से चयनित उम्मीदवार इन्हें प्राप्त कर सकते हैं। इन नवनियुक्तों को नारनौल, अंबाला शहर, भिवानी, सोनीपत, जींद, हिसार, पानीपत, करनाल, सिरसा, कुरुक्षेत्र, कैथल, झज्जर, फतेहाबाद, चरखी दादरी, यमुनानगर आदि जिलों के जिला नागरिक अस्पतालों (डीसीएच) में नियुक्त किया गया है।

### गुरुग्राम में तीन स्थानों पर ईडी के छापे

**अनंत ज्ञान, गुरुग्राम।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को गुरुग्राम में तीन स्थानों पर छापेमारी की। इस दौरान रामप्रस्थ ग्रुप के निदेशक एवं प्रमोटर संदीप यादव और अरविंद वालिया को गिरफ्तार किया गया। इन पर आरोप है कि उन्होंने घर खरीदारों से धोखाधड़ी की है। ईडी मनी लॉन्ड्रिंग की भी जांच कर रही है। ईडी ने यह कार्रवाई रामप्रस्थ प्रमोटर्स एंड डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड (आरपीडीपीएल) के खिलाफ चल रही जांच के तहत की गई। जिसमें कंपनी पर दो हजार से अधिक होमबायर्स से धोखाधड़ी का आरोप है। ईडी के अधिकारियों की टीमों ने दिल्ली और गुरुग्राम में तीन स्थानों पर छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान रामप्रस्थ ग्रुप के निदेशक एवं प्रमोटर संदीप और अरविंद वालिया को गिरफ्तार किया गया।

# प्रो. अशीम ने राज्य के 19वें राज्यपाल के रूप में ली शपथ

## पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद व हरियाणा के मुख्यमंत्री रहे मौजूद

जगदीश शर्मा, अनंत ज्ञान

**चंडीगढ़।** हरियाणा के नवनियुक्त राज्यपाल प्रो. अशीम कुमार घोष ने सोमवार को राज्य के 19वें राज्यपाल के रूप में शपथ ली। हरियाणा राजभवन में आयोजित समारोह में पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति श्री शील नागू ने प्रो. अशीम कुमार घोष को पद एवं निष्ठा की शपथ दिलाई।

राज्यपाल प्रो. अशीम कुमार घोष, एक प्रतिष्ठित शिक्षाविद और अनुभवी राजनेता हैं, जो लगभग चार दशकों तक कोलकाता के एक प्रतिष्ठित कॉलेज में राजनीति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष रहे। उन्होंने अकादमिक शोध और राजनीतिक विमर्श में सक्रिय योगदान सहित यूजीसी और आईसीएसएसआर परियोजनाओं पर भी काम किया है और उनके कई लेख प्रमुख प्रकाशनों में प्रकाशित हुए हैं। शपथ



ग्रहण समारोह में पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की गरिमामयी उपस्थिति रही। इनके अलावा राज्यपाल की धर्मपत्नी मित्रा घोष, मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी सुमन सैनी सहित राज्यपाल के परिवार के सदस्य भी उपस्थित रहे। समारोह में हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण, कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार, महीपाल ढांडा, डॉ. अरविंद शर्मा, श्याम सिंह राणा, रणबीर गंगवा, कृष्ण कुमार बेदी, श्रुति चौधरी, राज्य मंत्री राजेश नागर और गौरव गौतम, मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, राज्यपाल के सचिव अतुल द्विवेदी, विधायकगण, विश्वविद्यालयों के कुलपति और वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद रहे।

राज्यपाल प्रो. अशीम कुमार घोष ने शपथ ग्रहण समारोह में आए महानुभावों से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की और उनकी बधाई स्वीकार की। इस दौरान हरियाणा आर्म्ड पुलिस की स्पेशल टुकड़ी ने राज्यपाल को गार्ड ऑफ ऑनर दिया।

## जुर्माने का भुगतान नहीं कर रहे अधिकारी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा के अधिकारी राज्य के सूचना आयोग के लगाए जा रहे जुर्माने का भुगतान नहीं कर रहे हैं। करीब दो हजार मामलों में प्रशासनिक अधिकारियों से लगभग पौने दो करोड़ रुपए का जुर्माना वसूल किया जाना है। प्रशासनिक अधिकारी आयोग को मासिक आधार पर आदेशों के क्रियान्वयन की रिपोर्ट भी नहीं दे रहे हैं। इस पर राज्य सूचना आयोग ने हरियाणा सरकार से आपत्ति दर्ज कराई है।

हरियाणा के मुख्य सचिव कार्यालय को और से सोमवार को सभी प्रशासनिक सचिवों, विभागाध्यक्षों तथा बोर्ड एवं निगमों के साथ विश्वविद्यालयों को निर्देशित किया गया है कि वे मासिक रिपोर्ट नियमित रूप से भेजना सुनिश्चित करें। मुख्य सचिव कार्यालय ने प्रशासनिक अधिकारियों को 282 पेज की जो सूची भेजी गई है, उसमें 1952 केसों का विस्तार से जिक्र है और साथ ही सुनवाई की पूरी डिटेल के अलावा जुर्माने की राशि दर्ज की गई है। यह राशि एक करोड़ 72 लाख 33 हजार 833 है, जिसकी वसूली कराने के आदेश मुख्य सचिव कार्यालय ने जारी किए गए हैं।

# कैंप में 75 लोगों ने किया रक्तदान 15 ने ऑर्गन डोनेशन की ली शपथ



रक्तदान कैंप के दौरान मौजूद विभिन्न संगठनों के सदस्य और अन्य।

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़

सिटी ब्यूटीफुल के कई सामाजिक संगठनों ने एक मंच पर आकर शहर के सेक्टर-37 स्थित महाजन भवन में मैगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया। सामाजिक संगठन सर्वप्रिय, वरियर स्पोर्ट्स वेलफेयर एसोसिएशन, केतन गोयल फाउंडेशन, चंडीगढ़ रैन्डोन्यूर्स क्लब, एनए कल्चरल सोसायटी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने एक मंच पर आकर अलग-अलग विषयों से संबंधित शिविर का आयोजन किया।

इस अवसर पर बतौर मुख्यातिथि पहुंचे अब तक 120 बार रक्तदान करने वाले हिमांशु खोसला ने कहा कि रक्तदान से नया जीवन प्रदान करने में अहम भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर सर्वप्रिय की निदेशक आराधना ओझा, केतन गोयल फाउंडेशन के अध्यक्ष भवनीत गोयल, वरियर स्पोर्ट्स वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष दीपक पुरी, सीआरसी साइकलिंग क्लब के गौतम लाल, एन ए कल्चरल सोसायटी की निखार मिढ्ढा ने बताया कि करीब पांच घंटे चले कैंप में 75 लोगों ने जहां रक्तदान किया वहीं 15 लोगों ने ऑर्गन डोनेशन, 9 लोगों ने स्टेम सेल डोनेशन के लिए खुद को पंजीकृत किया। शिविर में 69 लोगों ने अपने पूरे शरीर का हेल्थ स्कैन करवाया और 50 से अधिक लोगों की आंखों की मुफ्त जांच की गई।

# एमसीएम की इशरूप नारंग ने अंतरराष्ट्रीय जूडो में रचा इतिहास

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़

मेहर चंद महाजन डीएवी महिला महाविद्यालय, अपनी छात्रा इशरूप नारंग की असाधारण उपलब्धियों पर गौरवान्वित है।

इशरूप एक अंतरराष्ट्रीय जूडो खिलाड़ी और बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा हैं, जिन्होंने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित जूडो प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन से न केवल कॉलेज बल्कि देश का नाम भी रोशन किया है। कोच विवेक ठाकुर के मार्गदर्शन में इशरूप ने कई शीर्ष खिताब अपने नाम किए हैं, जो उनकी अद्वितीय प्रतिभा और निरंतर परिश्रम का प्रमाण हैं, जिनमें स्वर्ण पदक- जूनियर एशियन कप 2025, ताइपेई, ताइवान, कांस्य पदक- जूनियर एशियन जूडो चैंपियनशिप 2024,



रिपब्लिक ऑफ कोरिया, स्वर्ण पदक-38वां नेशनल गेम्स 2024, उत्तराखंड, स्वर्ण पदक- सीनियर नेशनल जूडो चैंपियनशिप 2024, दिल्ली, स्वर्ण पदक- जूनियर नेशनल जूडो चैंपियनशिप 2024, उत्तराखंड कॉलेज की कार्यवाहक प्राचार्या नीना शर्मा ने इशरूप की उपलब्धियों पर प्रसन्नता व्यक्त करते कहा कि यह एमसीएम की उत्कृष्टता का प्रतीक है।

# डड्डूमाजरा का कचरा होगा साफ

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़



स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत एक ऐतिहासिक पहल करते हुए, नगर निगम चंडीगढ़ शहर को जीरो लैंडफिल मॉडल में परिवर्तित करने के अंतिम चरण में पहुंच चुका है। डड्डूमाजरा डंपसाइट पर तीसरे और अंतिम लिगेसी कचरा ढेर की बायोरेमेडिएशन प्रक्रिया लगभग पूरी हो चुकी है।

यह परियोजना 25 जनवरी, 2025 को शुरू की गई थी, और अब तक 70 से 75 प्रतिशत कचरे की प्रोसेसिंग सफलतापूर्वक हो चुकी है। यह उपलब्धि अत्यधिक वर्षा (पिछले छह महीनों में 45 से अधिक वर्षा वाले दिन) के कारण कार्य में बार-बार रुकावटों के बावजूद हासिल की गई है, जिससे हर बार दो से अधिक दिन काम बंद करना पड़ा। इन चुनौतियों के बावजूद, मशीनरी और जनशक्ति में 15 से 20 गुना तक वृद्धि कर कार्य को तेज किया गया है, जिससे कचरा प्रबंधन में नई मिसाल कायम हुई है। करीब 2.40 लाख मीट्रिक टन पुराने कचरे वाले इस अंतिम ढेर को दो प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों और मौजूदा एजेंसी की सहायता से दो शिफ्टों में तेजी से हटाया जा रहा है।

नगर निगम ने इस यात्रा में कई जटिल समस्याओं का समाधान सफलतापूर्वक किया है, जैसे रेडियोलॉजिकल कैरेक्टराइजेशन, लीचेट प्रबंधन, आग नियंत्रण और सुरक्षा मानकों का पालन। यह सब पर्यावरणीय मानकों और भारत सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा निर्धारित गैरेबज-फ्री सिटी स्टार रेटिंग प्रोटोकॉल के अनुरूप किया गया है। इस अंतिम प्रयास के साथ, चंडीगढ़ जल्द ही भारत का पहला पूर्ण रूप से लैंडफिल मुक्त शहर बनने की ओर अग्रसर है और एक सर्कुलर वेस्ट इकोनॉमी तथा पर्यावरणीय नेतृत्व का आदर्श प्रस्तुत करेगा।

इस परियोजना के बारे में बोलते हुए नगर आयुक्त अमित कुमार, आईएएस ने कहा कि यह केवल एक कचरा प्रबंधन की उपलब्धि नहीं, बल्कि चंडीगढ़ की स्थिरता और स्मार्ट शहरी विकास के प्रति प्रतिबद्धता की घोषणा है।

## हथियारों की सप्लाई करने वाला गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, पलवल।** जिला पुलिस की अपराध जांच शाखा (सीआईए) की टीम ने अवैध हथियारों की तस्करी के मामले में बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी पहले से पकड़े गए दो आरोपियों की निशानदेही पर की गई है। पुलिस का मानना है कि इस गिरफ्तारी से अवैध हथियारों की सप्लाई के एक संगठित नेटवर्क का पर्दाफाश होने की संभावना है।

19 जुलाई को छापेमारी के दौरान भाटिया कॉलोनी के तरुण और दुकड़िया मोहल्ला निवासी अमित को पकड़ा गया। तलाशी के दौरान दोनों के पास से दो देसी कट्टे और चार जिंदा कारतूस बरामद हुए। आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। पूछताछ के बाद दोनों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### वैष्णो देवी के रास्ते पर भूस्खलन, एक की मौत



**एजेंसी, जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में सोमवार सुबह वैष्णो देवी के पुराने रास्ते पर भूस्खलन हुआ, जिसमें 1 यात्री की मौत हो गई, 9 श्रद्धालु घायल हो गए। इधर, लेह की बुग्रा घाटी से एयरफोर्स ने फंसे 21 नागरिकों का रेस्क्यू किया। ये सभी बाढ़-बारिश और लैंडस्लाइड के कारण यहां फंसे हुए थे। (अनंत ज्ञान)

### राजस्थान में भारी बारिश से टूटी बांध की दीवार

**एजेंसी, जयपुर।** राजस्थान में जोरदार बारिश के बाद जयपुर सहित कई जिलों की लाइफलाइन कहे जाने वाले बीसलपुर बांध के ओवरफ्लो होने की स्थिति आ गई है। बांध से जयपुर, टोंक और आस-पास के क्षेत्रों की करीब एक करोड़ की आबादी की प्यास बुझाई जाती है। इसके अलावा यह खेती के काम के लिए भी पानी सप्लाई करता है। टोंक के बरवास उपतहसील क्षेत्र की छाण बास सूर्य पंचायत के इस्लामपुरा बांध की वाल टूट गई। इसके कारण निचले क्षेत्र में बने नया गांव के तालाब पर पानी का दबाव बढ़ गया है, जिसके टूटने की आशंका भी बढ़ गई है। वहीं निचले इलाकों में बसे गांवों में भी बाढ़ के जैसे हालात होने की आशंका है। ग्रामीणों से मिली सूचना पर शाम करीब 5 बजे सिविल डिफेंस टीम पहुंची और जायजा लिया। इसके बाद जल संसाधन विभाग की टीम भी पहुंची। (अनंत ज्ञान)

### वॉल स्ट्रीट जर्नल पर फिर भड़के डोनाल्ड ट्रंप

**एजेंसी, वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वॉल स्ट्रीट जर्नल (डब्ल्यूएसजे) की एक रिपोर्ट को झूठा और भ्रामक बताते हुए जोरदार हमला बोला है। यह रिपोर्ट कहती है कि ट्रंप को उनके ही ट्रेजरी सेक्रेटरी स्कॉट बेसेंट ने समझाया था कि फेडरल रिजर्व चेयरमैन जेरोम पॉवेल को हटाना शेयर बाजार के लिए नुकसानदायक होगा। ट्रंप ने इस खबर को सिरे से खारिज करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा, 'डब्ल्यूएसजे ने एक और झूठी स्टोरी छापी है कि ट्रेजरी सेक्रेटरी स्कॉट बेसेंट ने मुझे समझाया कि पॉवेल को हटाने से बाजार गिर जाएगा। किसी को मुझे समझाने की जरूरत नहीं, मैं खुद जानता हूं कि बाजार और अमेरिका के लिए क्या सही है। अगर मैं नहीं होता, तो बाजार आज रिकॉर्ड ऊंचाई पर नहीं होता, बल्कि कब का क्रैश हो गया होता।' (अनंत ज्ञान)

## देश-विदेश

# शराबबंदी वाले गुजरात के रिसॉर्ट में शराब पार्टी पर रेड

## नामी बिल्डर के रिजॉर्ट से 13 लड़के व 26 लड़कियां अरेस्ट

एजेंसी, अहमदाबाद

अहमदाबाद जिले के साणंद स्थित ग्लेड गोल्फ रिजॉर्ट में रविवार देर रात एक हाई-प्रोफाइल शराब पार्टी पर पुलिस ने छापा मारा। छापेमारी के दौरान पुलिस ने 13 लड़के और 26 लड़कियों को नशे की हालत में पकड़ा। देर रात ही सभी को मेडिकल के लिए सिविल अस्पताल ले जाया गया। इसके बाद सुबह करीब 3 बजे सभी को साणंद थाने लाया गया। साणंद पुलिस ने पूरे मामले में केस दर्ज कर सभी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस जांच में पता चला है कि यह हाई-प्रोफाइल शराब पार्टी शहर के नामी बिल्डर प्रतीक सांघी के बर्थडे पार्टी के मौके पर रखी गई थी। साणंद तालुका



के कई पुलिस थानों की टीम ने रात 12 बजे रिसॉर्ट पर छापेमारी की। करीब 50 संदिग्धों को हिरासत में लिया गया था। रात में ही मेडिकल टेस्ट कराया गया तो इनमें से 13 युवक और 26 युवतियां नशे में पाए गए। नशे में पकड़े गए ये सभी लोग बिल्डर प्रतीक सांघी की बर्थडे पार्टी में शामिल हुए थे। (अनंत ज्ञान)

## अमेरिका में 15 अगस्त को खालिस्तान फ्रीडम रैली निकालेंगे : पन्नू

**एजेंसी, वॉशिंगटन।** खालिस्तानी आतंकी सरगना गुरपतवंत सिंह पन्नू ने वीडियो जारी करके 15 अगस्त को अमेरिका खालिस्तान फ्रीडम रैली निकालने का ऐलान किया है। रैली अमेरिकी की राजधानी वॉशिंगटन डीसी में भारतीय दूतावास के बाहर निकाली जाएगी। इसके दो दिन बाद यहीं खालिस्तान के समर्थन में जनमत संग्रह किया जाएगा। वीडियो में पन्नू ने तिरंगा जलाने की भी धमकी देते हुए कहा- तुमने पाकिस्तान पर हमला किया और वह बच गया। हम हिंदुस्तान को तबाह कर देंगे। पन्नू कहता दिख रहा है कि 15 अगस्त सिख पंथ और पंजाब की आजादी का दिन नहीं है। 1950 का संविधान सिख धर्म को हिंदू धर्म का हिस्सा बताता है। (अनंत ज्ञान)

## संयुक्त राष्ट्र की खाद्य एजेंसी डब्ल्यूएफपी का आरोप

# इसराइल ने टैंक, स्नाइपर से किया फिलिस्तीनियों की भीड़ पर हमला



एजेंसी, दीर अल-बलाह

संयुक्त राष्ट्र की खाद्य एजेंसी ने डब्ल्यूएफपी इसराइल पर आरोप लगाया है कि उसने सोमवार को टैंक, स्नाइपर और अन्य हथियारों का उपयोग करके मदद मांगने वाले सहायता मांगने वाले फिलिस्तीनियों की भीड़ पर गोलीबारी की। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने इसे पिछले 21 महीनों के संघर्ष में सहायता मांगने वालों के लिए सबसे खौफनाक दिनों में से एक बताया है। विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) ने रविवार को एक बयान में उत्तरी गाजा में हिंसा की निंदा की। फलस्तीनी लोग भोजन लाने वाले ट्रकों के काफिले तक पहुंचने की कोशिश कर रहे थे। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि इस घटना में 80 लोग मारे गए।

वहीं, इसराइली सेना ने कहा कि उसने तत्काल खतरे को हटाने के लिए चेतावनी के लिए गोलियां चलाईं। सेना ने फलस्तीन की ओर से बताए गए मौत के आंकड़ों पर सवाल उठाए। (अनंत ज्ञान)

### गाजा में हालात खराब

**डब्ल्यूएफपी** आमतौर पर इसराइल के साथ अच्छे संबंध रखती है। हालांकि, उसने आरोप लगाया कि इसराइल ने भीड़ पर गोलीबारी की। यह आरोप चश्मदीदों और अन्य लोगों के उन बयानों पर आधारित है, जिसमें उन्होंने कहा कि इसराइल ने गोलीबारी की। भोजन और मदद पाने के दौरान हुई इस गोलीबारी से गाजा के लोगों की स्थिति और भी जटिल हो गई, क्योंकि वे खाने और दूसरी सहायता के लिए बेचैन हैं। पश्चिम एशिया में जारी युद्ध खत्म होने के कोई संकेत नहीं दिख रहे हैं। इसराइल और हमास अभी भी युद्धविराम की बातचीत कर रहे हैं, लेकिन कोई बड़ा परिणाम नहीं निकला है और यह साफ नहीं है कि कोई समझौता युद्ध को हमेशा के लिए रोक पाएगा या नहीं।

# सेंसेक्स 443 अंक चढ़कर 82,200 के स्तर पर बंद

एजेंसी, मुंबई

हफ्ते के पहले कारोबारी दिन 21 जुलाई को सेंसेक्स 443 अंक चढ़कर 82,200 पर बंद हुआ। दिन के निचले स्तर से सेंसेक्स करीब 700 अंक की रिकवरी हुई। उधर, निफ्टी में भी 122 अंक की तेजी रही। यह 25,091 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 18 में तेजी और 12 में गिरावट रही।

वहीं, निफ्टी के 50 शेयरों में से 28 में तेजी, 21 में गिरावट रही व एक बिना




बदलाव के बंद हुआ। एनएसई के मेटल, प्राइवेट बैंकिंग, फाइनेंशियल सर्विसेज और ऑटो सेक्टर्स में तेजी रही। (अनंत ज्ञान)

## सोना और चांदी में उछाल

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में सोमवार को बढ़त रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 24 कैरेट सोने का दाम 653 बढ़कर 98,896 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी की कीमत 765 रुपए बढ़कर 1,13,465 प्रति किलोग्राम हो गई है। इससे पहले चांदी 1,12,700 रुपए पर थी। 14 जुलाई को चांदी ने 1,13,867 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था।

# ट्रंप ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया बराक ओबामा की गिरफ्तारी का एआई वीडियो

## लोगों ने की आलोचना, बोले-यह लोकतंत्र के लिए खतरनाक

एजेंसी, वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया पर पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा की गिरफ्तारी का एआई से बना वीडियो पोस्ट किया है। इस वायरल वीडियो में दिखाया गया है कि बराक ओबामा को एफबीआई एजेंट व्हाइट हाउस के ओवल ऑफिस में गिरफ्तार कर रहे हैं। वीडियो में ओबामा को ट्रंप के पास बैठे दिखाया गया है। इसके बाद 3 एफबीआई एजेंट्स आते हैं। एजेंट्स ओबामा का कॉलर पकड़कर उन्हें धक्का देकर नीचे गिरा देते हैं और उनके हाथों में हथकड़ियां



लगाते हैं। पास में ही बैठे ट्रंप यह सब देखकर मुस्कुरा रहे हैं। वीडियो के अंत में ओबामा जेल की पोशाक में एक सेल के अंदर नजर आते हैं।

इसे लेकर ट्रंप की ओर से कोई सफाई नहीं दी गई है कि यह वीडियो फर्जी है। उन्होंने यह नहीं बताया कि यह सिर्फएक काल्पनिक दृश्य है। इस वीडियो की वजह से ट्रंप की खूब आलोचना हो रही है। कई लोगों ने इसे 'उकसाने वाला' बताया और कहा कि एक राष्ट्रपति का इस तरह के फर्जी वीडियो शेयर करना लोकतंत्र के लिए खतरनाक हो सकता है। (अनंत ज्ञान)

## राजनीति

## उपराष्ट्रपति की पार्टियों से एक-दूसरे पर निजी हमले न करने की अपील

# टकराव की राजनीति छोड़ विकास की बात करें

एजेंसी, नई दिल्ली

राज्यसभा सभापति और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को कहा कि एक फलता-फूलता लोकतंत्र निरंतर कटुता के हालात बर्दाश्त नहीं कर सकता। उपराष्ट्रपति ने राजनीतिक पार्टियों से एक-दूसरे पर सार्वजनिक तौर पर निजी हमले न करने की अपील की। उन्होंने जोर देकर कहा कि बातचीत और चर्चा ही संघर्ष के बिना आगे बढ़ने का रास्ता है। उन्होंने राजनीतिक पार्टियों से तनाव कम करने करने की अपील की।

जगदीप धनखड़ ने सोमवार को संसद के मानसून सत्र की शुरुआत



धनखड़ ने बातचीत और चर्चा करने पर दिया जोर

में राज्यसभा में अपने संबोधन के दौरान ये बातें कहीं। उपराष्ट्रपति का यह बयान इस मायने में भी अहम है क्योंकि विपक्ष ऑपरेशन सिंदूर, पहलगाम आतंकी हमले और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयान आदि जैसे मुद्दों पर सरकार से जवाब मांग रहा है और सदन में इन मुद्दों पर चर्चा की मांग कर रहा है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि एक फलता-फूलता लोकतंत्र लगातार कटुता बर्दाश्त नहीं कर सकता। राजनीतिक तनाव घटना चाहिए। टकराव राजनीति का सार नहीं है। राजनीतिक दल अलग-अलग तरीकों से समान लक्ष्य पाने के प्रयास कर सकती हैं, लेकिन कोई भी राष्ट्र के हितों का विरोध नहीं करता। (अनंत ज्ञान)

### आपसी सौहार्द बढ़ाएं

राज्यसभा सभापति ने सभी राजनीतिक दलों से सौहार्द और आपसी सम्मान को बढ़ावा देने और एक दूसरे के खिलाफ अभद्र भाषा या व्यक्तिगत हमलों से बचने का आग्रह किया। धनखड़ ने कहा, 'आंतरिक लड़ाई हमारे दुश्मनों को मजबूत बनाती है और हमें बांटती है। भारत की ऐतिहासिक ताकत संवाद और विचार-विमर्श में निहित है, हमारी संसद को मार्गदर्शन करना चाहिए।' सदन में 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकवादी हमले और 12 जून को अहमदाबाद में एयर इंडिया विमान दुर्घटना में मारे गए लोगों को भी श्रद्धांजलि दी।

## जापान में पीएम शिगेरु इशिबा की पार्टी हारी

**एजेंसी, टोक्यो।** जापान के वर्तमान प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा की लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी और उसके सहयोगी दल ने देश के उपरी सदन में अपना बहुमत खो दिया है। यहां उन्हें हार का सामना करना पड़ा। हालांकि उन्होंने साफ कर दिया है कि वह प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा नहीं देंगे। जापानी संसद के उच्च सदन में कुल 248 सीटें हैं। इशिबा के गठबंधन के पास पहले से 75 सीटें थीं। बहुमत बनाए रखने के लिए उन्हें इस चुनाव में कम से कम 50 नई सीटों की जरूरत थी, लेकिन उन्हें केवल 47 सीटें ही मिल पाईं। इनमें से अकेले लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी को 39 सीटें मिली हैं। एक सीट का नतीजा अभी आना बाकी है। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### भारत अक्तूबर-नवंबर में शतरंज विश्व कप की करेगा मेजबानी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत इस साल 30 अक्तूबर से 27 नवंबर तक शतरंज विश्व कप की मेजबानी करेगा और इस प्रतियोगिता के लिए मेजबान शहर की घोषणा उचित समय पर की जाएगी। विश्व में शतरंज की सर्वोच्च संस्था फिडे ने सोमवार को यह घोषणा की। इस टूर्नामेंट में 206 खिलाड़ी प्रतिष्ठित खिताब और 2026 फिडे कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के क्वालीफिकेशन स्थान के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। भारत ने पिछली बार 2002 में हैदराबाद में इस टूर्नामेंट की मेजबानी की थी। तब विश्वनाथन आनंद ने खिताब जीता था। आगामी प्रतियोगिता में खिलाड़ी नॉकआउट प्रारूप में प्रतिस्पर्धा करेंगे, जहां प्रत्येक राउंड में हारने वाला खिलाड़ी बाहर हो जाएगा। फिडे ने कहा, ''विश्व कप में शीर्ष तीन स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी 2026 के कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए सीधे क्वालीफाई करेंगे।'' मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश, विश्व कप 2023 के उपविजेता आर प्रज्ञानानंद और वर्तमान में विश्व में पांचवें नंबर के खिलाड़ी अर्जुन एरिगैसी उन स्टार खिलाड़ियों में शामिल हैं जो इस पर प्रतियोगिता में भाग लेंगे। फिडे के सीईओ एमिल सुतोव्स्की ने कहा, ''हम फिडे विश्व कप 2025 को भारत में आयोजित करने को लेकर बेहद उत्साहित हैं, क्योंकि यह एक ऐसा देश है जहां शतरंज के प्रति काफी जुनून है।'' (अनंत ज्ञान)

### वीनस विलियम्स कोर्ट पर लौटने के लिए तैयार, चाहती हैं सेरेना भी करे वापसी

**एजेंसी, वाशिंगटन।** वीनस विलियम्स एक साल के बाद पहली बार टेनिस कोर्ट पर लौटने के लिए तैयार हैं और उनकी दिली इच्छा है कि उनकी छोटी बहन सेरेना भी वापसी करें। वीनस डीसी ओपन से टेनिस कोर्ट पर वापसी करेंगी। दूसरी तरफ सेरेना का हाल में एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें वह रैकेट घुमाती दिख रही हैं। वीनस से जब इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, ''मैं अपनी टीम से कहती रहती हूं कि अगर वह यहां होती तो बहुत अच्छा होता। हमने शुरू से काफी कुछ साथ में किया है और इसलिए मुझे निश्चित तौर पर उसकी कमी खलती है।'' उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा,''लेकिन अगर वह वापसी करती है तो मुझे पूरा विश्वास है कि वह आप सबको अवगत कर देगी।'' (अनंत ज्ञान)

### बैडमिंटन एशिया जूनियर मिश्रित टीम चैंपियनशिप में भारत हारकर बाहर

**एजेंसी, सोलो (इंडोनेशिया)।** भारत की जूनियर टीम को सोमवार को यहां बैडमिंटन एशिया जूनियर मिश्रित टीम चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में पूर्व चैंपियन जापान से 104-110 से करीबी हार का सामना करना पड़ा। इस प्रतियोगिता के बेहद करीबी मुकाबले में भारत ने पहले मैच में 11-9 से मिली हार के बाद शानदार वापसी की। भार्गव राम अरिगेला और विश्वा तेज गोब्बुरू की लड़कों की युगल जोड़ी ने भारत को बढ़त दिलाई। वेन्नाला कलागोटला और रेशिका उथयासूरियन की लड़कियों की जोड़ी ने भी जीत हासिल की। इससे भारत 33-26 से आगे हो गया। रेशिका ने भव्या छाबड़ा के साथ मिलकर भारत की बढ़त को 44-35 कर दिया जबकि रौनक चौहान ने टीम को अच्छी स्थिति में पहुंचा दिया था। भारत ने मुकाबले के अधिकांश समय बढ़त बनाए रखी, लेकिन 2023 के चैंपियन जापान ने अंतिम पांच मैच जीतकर बढ़त बना ली। भारत ने हॉन्गकॉन्ग, चीन, संयुक्त अरब अमीरात और श्रीलंका पर जीत के साथ ग्रुप डी में शीर्ष स्थान हासिल किया था। इस प्रतियोगिता की व्यक्तिगत चैंपियनशिप 23 जुलाई से शुरू होगी। (अनंत ज्ञान)

### यूजनी बूचार्ड का बेहतरीन अंदाज

**यूजनी** बूचार्ड ने टेनिस से संन्यास लेने की घोषणा कर दी है। अपने करियर में उन्होंने कई ऊंचाइयां छुईं, जिसमें वर्ल्ड रैंकिंग में नंबर-5 तक पहुंचना और विंबलडन 2014 के फाइनल में जगह बनाना शामिल है।



**पहला टी20 मैच** ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को तीन विकेट से हराया

# मिचेल ओवेन और कैमरन ग्रीन ने दिलाई जीत

**एजेंसी, किंग्स्टन (जमैका)**

ऑस्ट्रेलिया जमैका के किंग्सटन में खेले गए पहले टी20 में वेस्टइंडीज को तीन विकेट से हरा दिया। वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में आठ विकेट गंवाकर 189 रन बनाए। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने कैमरन ग्रीन और मिचेल ओवेन के अर्धशतक की बदौलत 18.5 ओवर में जीत हासिल की। ओवेन का यह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू मैच था। उन्होंने एक विकेट भी लिया। इस जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज पर पांच मैचों की टी20 सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। सीरीज का अगला मुकाबला 22 जुलाई को इसी मैदान पर खेला जाएगा।



सीरीज का अगला मुकाबला आज

वहीं इस मैच में ओवेन ने 27 गेंद पर छह छक्कों की मदद से 50 रन बनाए। उन्होंने कैमरन ग्रीन के साथ पांचवें विकेट के लिए 40 गेंदों पर 80 रन की साझेदारी की, जिससे ऑस्ट्रेलिया ने लक्ष्य हासिल कर लिया। ग्रीन ने 26 गेंदों पर दो चौके और पांच छक्कों की मदद से 51 रन की पारी खेली। बेन ड्वारशुइस और शॉन एबॉट पांच-पांच रन बनाकर नाबाद रहे।

वेस्टइंडीज की टीम ने पहले बल्लेबाजी थी आमंत्रित किए जाने के बाद आठ विकेट पर 189 रन बनाए। उसकी शुरुआत अच्छी रही, लेकिन अंतिम नौ गेंदों पर पांच रन पर चार विकेट गंवाने के कारण वह 200 रन का आंकड़ा पार नहीं कर सकी।

ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज बेन ड्वारशुइस ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 36 रन देकर चार विकेट लिए। इस दौरान उन्होंने चार गेंदों में तीन विकेट हासिल किए। जेसन होल्डर ने उनकी हैट्रिक नहीं बनने दी, लेकिन वह अगली गेंद पर आउट हो गए। वेस्टइंडीज के शीर्ष चार बल्लेबाजों ने अच्छी शुरुआत की। रोस्टन चेज ने 32 गेंदों पर नौ चौके और दो छक्के की मदद से 60 रन बनाए। उन्होंने कप्तान शाई होप के साथ दूसरे विकेट के लिए 91 रन की साझेदारी की।

होप ने 39 गेंदों में चार चौके और तीन छक्कों की मदद से 55 रन बनाए। उनके अलावा शिमरोन हेटमायर ने 19 गेंदों में दो चौके और तीन छक्कों की मदद से 38 रन का योगदान दिया। ऑस्ट्रेलिया की ओर से ड्वारशुइस के अलावा एबॉट, कूपर कोनोली, नाथन एलिस और ओवेन को एक-एक विकेट मिला। 190 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए जेक फ्रेजर मैकगर्क ने दो रन बनाए। फिर कप्तान मिचेल मार्श 17 गेंद में तीन चौके की मदद से 24 रन बनाकर आउट हुए। जोश इंगलिस ने आठ गेंद में एक चौका और दो छक्के की मदद से 18 रन की पारी खेली। ग्लेन मैक्सवेल 11 रन और कूपर कोनोली 13 रन बना सके। वेस्टइंडीज की ओर से होल्डर, अल्जारी जोसेफ और गुडाकेश मोती ने दो-दो विकेट लिए। अकील हुसैन को एक विकेट मिला। (अनंत ज्ञान)

#### ओवेन टी-20 डेब्यू मैच में अर्धशतक बनाने वाले तीसरे बल्लेबाज

**मिचेल** ओवेन ने अपने पहले ही टी-20 इंटरनेशनल मैच में 27 गेंदों पर 50 रन बनाए। इसके साथ ही वह रिकी पॉन्टिंग और डेविड वॉर्नर के बाद टी-20 डेब्यू पर अर्धशतक बनाने वाले तीसरे ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज बन गए। उनकी शानदार पारी के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार भी मिला।

#### किंग और शे होप ने वेस्टइंडीज को दी अच्छी शुरुआत

**ब्रैंडन** किंग और शाई होप ने वेस्टइंडीज को अच्छी शुरुआत दी। दोनों ने पहले विकेट के लिए 32 रन जोड़े। किंग 12 गेंदों पर 18 रन बना कर आउट हो गए। उनकी पारी का अंत स्पिनर कूपर कॉनॉली ने अपनी पहले ही गेंद पर आउट करके किया।

### भारतीय टीम ने कोर्फबॉल चैंपियनशिप प्रतियोगिता में हासिल किया 5वां स्थान



एशिया कोर्फबॉल चैंपियनशिप प्रतियोगिता से वापस पहुंचे टीम कोच व खिलाड़ी।

**अनंत ज्ञान, जाहू**

चीन के लेशान में 15 से 20 जुलाई तक हुई एशिया कोर्फबॉल चैंपियनशिप प्रतियोगिता में भारतीय टीम का शानदार प्रदर्शन रहा है, जिसमें भारतीय टीम ने अच्छे खेल की बदौलत प्रतियोगिता में 5वां स्थान हासिल किया है। इस प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश के खिलाड़ियों ने उम्दा प्रदर्शन करके अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी बनने का गौरव हासिल किया है।

एशिया चैंपियनशिप प्रतियोगिता से वापिस लौटे भारतीय टीम के कोच विनोद ठाकुर ने बताया कि भारतीय टीम में 12 खिलाड़ियों में से पहली बार हिमाचल प्रदेश के छह खिलाड़ियों ने भाग लिया है, जोकि हिमाचल प्रदेश के कोर्फबॉल खेल के इतिहास में पहली बार हुआ है।

उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश के तीन खिलाड़ियों साक्षी ठाकुर, हर्ष राणा व किनसक ठाकुर (बिलासपुर )ने भारतीय टीम में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करके अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है, जबकि रिधिमा जसवाल (बिलासपुर), नव्या (शिमला) और मिली शलूनी विश्वविद्यालय (सोलन) ने भी भारतीय टीम का प्रतिनिधत्व किया है। उन्होंने कहा कि इस चैंपियनशिप प्रतियोगिता में चाइना ताइपाई विजेता तथा मलेशिया की टीम उप विजेता बनी है। इसके अलावा थाईलैंड तृतीय, हांगकांग चौथे स्थान पर रहा है। भारतीय टीम ने चाइना को हराकर पांचवां स्थान हासिल किया है।

भारतीय टीम में शामिल खिलाड़ियों का स्वदेश पहुंचते ही उनके अभिभावकों को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया तथा उनके खेल प्रतिभा की सराहना की। हिमाचल प्रदेश कोर्फबॉल विकास एवं अनुशासन समिति के अध्यक्ष बीआर सुमन ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर खुशी जाहिर करते हुए भारतीय टीम के कोच विनोद ठाकुर व खिलाड़ियों को बधाई दी है तथा भविष्य में अच्छे खेल प्रदर्शन को जारी रखने की उम्मीद जताई है।

## फ्रीस्टाइल शतरंज ग्रैंड स्लैम में अर्जुन छठे और प्रज्ञानानंद सातवें स्थान पर रहे

**एजेंसी, लास वेगास**



अमेरिका के ग्रैंडमास्टर लेवोन अरोनियन ने जीता खिताब

भारतीय स्टार अर्जुन एरिगैसी और आर प्रज्ञानानंद यहां फ्रीस्टाइल शतरंज ग्रैंड स्लैम में क्रमशः छठे और सातवें स्थान पर रहे, जबकि अमेरिका के ग्रैंडमास्टर लेवोन अरोनियन ने खिताब जीता। अरोनियन ने टूर्नामेंट के फाइनल में हमवतन हंस मोके नीमन को 1.5-0.5 से हराया। विश्व के नंबर एक खिलाड़ी नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन ने अमेरिका के हिकारू नाकामुरा को हराकर तीसरा स्थान हासिल किया। अर्जुन को अमेरिका के फैबियानो कारूआना से 0-2 से हार का सामना करना पड़ा, जबकि प्रज्ञानानंद ने एक अन्य अमेरिकी वेस्ली सो को 1.5-0.5 से हराकर इस प्रतियोगिता में अंतिम आठ प्रतिभागियों में सातवां स्थान हासिल किया।

अरोनियन ने टूर्नामेंट जीतने पर 200000 डॉलर जबकि अर्जुन ने 40000 डॉलर की पुरस्कार राशि हासिल की। प्रज्ञानानंद ने भी सुनिश्चित किया कि वह ज़्यादा पीछे न रहें और अंतिम राउंड में जीत के बाद कुल 30000 डॉलर की राशि अपने नाम की। (अनंत ज्ञान)

## सिनर, जोकोविच, ड्रेपर ने कैनेडियन मास्टर्स से वापस लिए नाम

**एजेंसी, दिल्ली**

विंबलडन के विजेता और विश्व के नंबर 1 टेनिस खिलाड़ी इटली के जैनिक सिनर ने कोहनी की चोट के चलते अगले सप्ताह से टोरंटो में शुरू हो रहे 'नेशनल बैंक ओपन- 2025' से नाम वापस ले लिया है। चार बार के चैंपियन 38 साल के नोवाक जोकोविच ने भी कमर की चोट के कारण टूर्नामेंट से हटने का फैसला किया है। सिनर ने पिछली बार 2023 में टोरंटो में आयोजित कैनेडियन मास्टर्स 1000 में ट्रॉफी उठाई थी। ब्रिटेन के जैक ड्रेपर भी टूर्नामेंट से हट गए हैं।



टूर्नामेंट के आयोजकों ने कहा कि यानिक सिनर और नोवाक जोकोविच विंबलडन के ठीक बाद हो रहे नेशनल बैंक ओपन 2025 से हटने के लिए मजबूर हैं। जैक ड्रेपर भी चोट के कारण हट गए हैं। वहीं, सिनर ने कहा कि मैं टोरंटो में नेशनल बैंक ओपन में शामिल न हो पाने से बहुत निराश हूं, खासकर, कनाडा में खेलने की मेरी यादें बहुत प्यारी हैं। दो साल पहले टोरंटो में वह खिताब जीतना मेरे लिए एक बेहद खास पल की शुरुआत थी, लेकिन अपनी टीम से बात करने के बाद, मुझे अब थोड़ा संभलना होगा। इस साल की खिलाड़ियों की सूची में कार्लोस अल्काराज शीर्ष (नंबर 2) पर हैं। यह स्पेनिश खिलाड़ी, जो अभी भी अपनी पहली नेशनल बैंक ओपन ट्रॉफी जीतने की कोशिश में है, वर्तमान में पांच ग्रैंड स्लैम चैंपियनशिप और सात मास्टर्स 1000 खिताब जीत चुका है।

2021 के बाद पहली बार, तीन कनाडाई खिलाड़ी एटीपी के शीर्ष 40 में शामिल हैं और उन्हें नेशनल बैंक ओपन के मुख्य ड्रॉ में सीधे प्रवेश मिलेगा। रिचमंड हिल के डेनिस शापोवालोव, जिन्होंने लॉस काबोस में जीत हासिल की थी, भी आठवीं बार नेशनल बैंक ओपन में प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार हैं। (अनंत ज्ञान)

## आईसीसी ने टेस्ट प्रणाली पर विचार विमर्श के लिए कार्य समिति की गठित

**एजेंसी, लंदन**

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने टेस्ट क्रिकेट में दो स्तरीय प्रणाली शुरू करने की संभावना तलाशने के लिए अपने नए मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजोग गुप्ता की अध्यक्षता में आठ सदस्यीय समिति का गठन किया है। समिति का गठन आईसीसी की सिंगापुर में हुई वार्षिक आम बैठक के दौरान अध्यक्ष जय शाह और गुप्ता के नेतृत्व में किया गया था। गुप्ता को इस महीने की शुरुआत में सीईओ नियुक्त किया गया था।

'द गार्डियन' की एक रिपोर्ट के अनुसार, पैनल के अन्य सदस्यों में इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रिचर्ड गोल्ड और क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी टॉड ग्रीनबर्ग भी शामिल हैं। रिपोर्ट में कहा गया है, ''कोई भी बदलाव विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के अगले चक्र के लिए किया जाएगा, जो 2027 से 2029 तक चलेगा। इसमें मौजूदा नौ टीम के प्रारूप के बजाय छह-छह के दो डिवीजन का प्रस्ताव है।'' समिति को इस साल के आखिर तक आईसीसी को अपनी सिफारिशें पेश करनी होगी। गोल्ड और ग्रीनबर्ग के समिति में शामिल होने का मतलब है कि नई दो-स्तरीय प्रणाली लागू होने की पूरी संभावना है, क्योंकि सीए और ईसीबी इसके प्रमुख समर्थक रहे हैं। इस बीच सिडनी मार्निंग हेराल्ड के अनुसार क्लब स्तर की अंतरराष्ट्रीय टी20 प्रतियोगिता चैंपियंस लीग अगले साल से फिर से शुरू हो सकती है। आईसीसी इस प्रतियोगिता को फिर से शुरू करने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रही है। इसको लेकर चर्चा जारी है जिसमें भारत, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के क्रिकेट बोर्ड महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

चैंपियंस लीग को इससे पहले आखिरी बार 2014 में भारत में आयोजित किया गया था, जिसमें चेन्नई सुपर किंग्स ने बेंगलुरु में हुए फाइनल में कोलकाता नाइट राइडर्स को हराकर खिताब जीता था। उस प्रतियोगिता में भारत की तीन, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका की दो-दो तथा पाकिस्तान, वेस्टइंडीज और न्यूजीलैंड की एक-एक टीम ने भाग लिया था। इस प्रतियोगिता को चेन्नई सुपर किंग्स और मुंबई इंडियंस ने दो-दो, जबकि ऑस्ट्रेलिया की न्यू साउथ वेल्स और सिडनी सिक्सेस ने एक-एक बार जीता है। (अनंत ज्ञान)

### एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट के लिए टीम को भारत नहीं भेजना चाहता पाकिस्तान

**एजेंसी, कराची।** पाकिस्तान हॉकी महासंघ (पीएचएफ) ने खेल की वैश्विक नियामक संस्था एफआईएच को सूचित किया है कि सुरक्षा चिंताओं के कारण उसके लिए अगले महीने होने वाले एशिया कप के लिए अपनी टीम को भारत भेजना मुश्किल होगा। पीएचएफ के प्रमुख तारिक बुगती ने कहा कि उन्होंने एफआईएच और एशियाई हॉकी महासंघ (एएचएफ) को पत्र लिखकर टीम को भारत भेजने को लेकर अपने फैसले से अवगत करा दिया है।

उन्होंने कहा, ''हमने उन्हें सूचित किया है कि मौजूदा परिदृश्य में हमारी टीम को भारत में खेलते समय सुरक्षा संबंधी खतरों का सामना करना पड़ सकता है। हमने उन्हें बता दिया है कि हमारे खिलाड़ी एशिया कप के लिए भारत जाने के इच्छुक नहीं हैं।'' एशिया कप विश्व कप के लिए क्वालीफाइंग टूर्नामेंट भी है। पीएचएफ प्रमुख ने कहा कि अब इस प्रतियोगिता और पाकिस्तान के मैचों के बारे में निर्णय लेने की जिम्मेदारी एफआईएच और एएचएफ पर है। उन्होंने कहा, ''हमने उनसे पूछा है कि हमें बताएं कि क्या गारंटी है कि हमारे खिलाड़ी भारत में सुरक्षित रहेंगे और टूर्नामेंट पर ध्यान केंद्रित कर पाएंगे।''

पाकिस्तान सरकार ने अभी तक इस मुद्दे पर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है, लेकिन हाल ही में एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने कहा था कि टीम भारत नहीं जाएगी। (अनंत ज्ञान)

**मैनचेस्टर टेस्ट के दो दिन पहले भारत को दो बड़े झटके**

## नीतीश रेड्डी पूरी सीरीज और अर्शदीप अगले मैच से बाहर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय क्रिकेट टीम फिलहाल इंग्लैंड दौरे पर हैं और टेस्ट सीरीज खेल रही है। भारत की टीम 5 मैचों की सीरीज में 1-2 से पिछड़ी हुई है। दोनों टीमों के बीच चौथा टेस्ट 23 जुलाई बुधवार से खेला जाएगा। चौथे टेस्ट की शुरुआत से पहले टीम इंडिया के लिए एक बड़ी और बुरी खबर निकलकर सामने आ रही है। दरअसल, तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह चौथे टेस्ट से और नितीश कुमार रेड्डी चोट के कारण पूरी सीरीज से बाहर हो गए हैं। बीसीसीआई की तरफ से इस बात की पुष्टि करते हुए अपडेटेड स्क्वॉड का ऐलान कर दिया गया है। चौथा टेस्ट भारतीय टीम के लिए 'करो या मरो' जैसा है। ऐसे में दोनों प्लेयर्स का टीम में न होना टीम के लिए नुकसान दायक साबित हो सकता है।

नितीश रेड्डी को लेकर आधिकारिक बयान बीसीसीआई ने कहा कि, 'ऑलराउंडर नितीश कुमार रेड्डी बाएं घुटने की चोट के कारण बाकी दो टेस्ट मैचों से बाहर हो गए हैं। नितीश जल्द ही भारत लौट जाएंगे, टीम उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना करती है।' वहीं बीसीसीई ने अर्शदीप को लेकर दिए गए अपने आधिकारिक बयान में कहा कि, 'अर्शदीप सिंह इंग्लैंड के खिलाफ मैनचेस्टर में होने वाले चौथे टेस्ट मैच से बाहर हो गए हैं। बेकेनहैम में एक ट्रेनिंग सेशन



के दौरान नेट्स पर गेंदबाजी करते समय उनके बाएं अंगूठे में चोट लग गई थी। बीसीसीआई की मेडिकल टीम उन पर नजर बनाए हुए हैं। माना जा रहा था कि जसप्रीत बुमराह की गैरमौजूदगी में अर्शदीप को चौथे टेस्ट में डेब्यू का मौका मिल सकता है। अब प्लान के विपरीत बुमराह चौथे टेस्ट में खेले। (अनंत ज्ञान)

#### टीम इंडिया का अपडेटेड स्क्वॉड

शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (उपकप्तान और विकेटकीपर), यशस्वी जयसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, रवींद्र जडेजा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, कुलदीप यादव, अंशुल कंबोज।

## सलामी बल्लेबाज जेसन रॉय के लिए बंद हुए टीम के दरवाजे

**एजेंसी, दिल्ली**

इंग्लैंड क्रिकेट टीम में पिछले दस साल में बड़ा बदलाव हुआ है। इस दौरान इंग्लैंड ने वनडे और टी20 का विश्व कप भी जीता। इस बदलाव की वजह रही बल्लेबाजी।



पूर्व में एक टेस्ट टीम के रूप में चर्चित इंग्लैंड में पिछले 10 सालों में विस्फोटक बल्लेबाजों की एक फौज आई, जिसने उनके क्रिकेट शैली को पूरी तरह बदल दिया। इन बल्लेबाजों में एक नाम जेसन रॉय का भी है। रॉय ने अपना आखिरी अंतरराष्ट्रीय मुकाबला करीब ढाई साल पहले खेला था, जिसके बाद से इंग्लैंड टीम के दरवाजे उनके लिए बंद हो गए हैं। आज 21 जुलाई को वह अपना 35वां जन्मदिन मना रहे। जेसन रॉय एक विस्फोटक सलामी बल्लेबाज हैं और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी क्षमता साबित कर चुके हैं। लेकिन, इयोन मोर्गन की कप्तानी में डेब्यू करने वाले इस खिलाड़ी को उसकी क्षमता के मुताबिक मौका नहीं मिल सका। जेसन कभी इंजरी की वजह से बाहर हुए तो कभी उन्हें किसी दूसरे खिलाड़ी की वजह से ड्रॉप कर दिया गया। एक समय लगता था कि वह लंबी रेस के घोड़े हैं। हालांकि फॉर्म में निरंतरता की कमी और लगातार मौके न मिलना उनके करियर के लिए झटका था। (अनंत ज्ञान)

**अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच** भारत को करना होगा इंग्लैंड की कड़ी चुनौती का सामना

## खिलाड़ियों को बड़ी पारी खेलने की होगी जरूरत

**एजेंसी, चेस्टर ली स्ट्रीट (ब्रिटेन)**

भारतीय टीम को लॉर्ड्स की चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में अपने गलत शॉट चयन के कारण दूसरे मैच में हार झेलनी पड़ी थी और अब यहां मंगलवार को होने वाले तीसरे और अंतिम महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में उसे इंग्लैंड की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा।

भारत ने बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन से पहला मैच चार विकेट से जीता था, लेकिन शनिवार को लंदन में खेले गए बारिश से प्रभावित दूसरे मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा, जिससे तीन मैचों की शृंखला अंतिम वनडे से पहले 1-1 से बराबरी पर है। यह शृंखला दोनों टीमों के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि विश्व कप दो महीने बाद शुरू होने वाला है। वनडे का यह प्रतिष्ठित महिला टूर्नामेंट 30 सितंबर से शुरू होगा, जिसकी मेजबानी श्रीलंका और भारत के पांच शहर करेंगे। भारत की ऑलराउंड ताकत तथा कुछ खिलाड़ियों की अच्छी फॉर्म के कारण उम्मीद की जा रही थी कि वह दूसरे मैच में ही



शृंखला अपने नाम कर देगा लेकिन खराब शॉट चयन और परिस्थितियों के अनुकूल ढलने में असमर्थता ने उसकी योजनाओं पर पानी फेर दिया और 29 ओवर के मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए वह आठ विकेट पर 143 रन ही बना सका। भारतीय गेंदबाज भी असफल रहे और इंग्लैंड के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों ने काफी ओवर शेष रहते आसानी से लक्ष्य हासिल कर लिया। अब निर्णायक मुकाबले से पहले भारतीय टीम को कुछ विभागों में खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर विचार विमर्श करना होगा। उप-कप्तान स्मृति मंधाना और दीप्ति शर्मा को छोड़कर भारत के अन्य बल्लेबाज सोफी एक्लेस्टोन, एम अर्लट और लिंसी स्मिथ जैसे गेंदबाजों के सामने संघर्ष करते हुए नजर आए और उसके गेंदबाज भी अपेक्षानुरूप प्रदर्शन नहीं कर पाए। एक्लेस्टोन की सटीक गेंदबाजी के कारण भारतीय बल्लेबाजों को विशेषकर स्पिनरों के खिलाफ संघर्ष करना पड़ा और वे चेस्टर ली स्ट्रीट में धीमी गति के गेंदबाजों के खिलाफ निश्चित रूप से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद करेंगे।

भारत को अगर शृंखला जीतनी है तो भारत मंधाना, कप्तान हरमनप्रीत कौर, जेमिमा रोड्रिग्स, प्रतीका रावल और हरलीन में से कम से कम दो खिलाड़ियों को बड़ी पारी खेलने की जरूरत होगी। निचले क्रम में रिचा घोष और दीप्ति को उन्हें सहयोग देना होगा। जहां तक इंग्लैंड का सवाल है तो वह शृंखला के पहले मैच के बाद की तुलना में काफी बेहतर स्थिति में है। गेंदबाजी में एक्लेस्टोन तथा अर्लट और बल्लेबाजी में एमी जोन्स, टैमी ब्यूमोंट तथा कप्तान नैट साइवर ब्रंट से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी। (अनंत ज्ञान)

#### संभावित टीमें

**भारत टीम :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), प्रतीका रावल, हरलीन देयोल, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेटकीपर), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), तेजल हसब्निस, दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, श्री चरणी, शुचि उपाध्याय, अमनजोत कौर, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़, सयाली सतघरे।

**इंग्लैंड टीम :** नैट साइवर-ब्रंट (कप्तान), एम अर्लट, टैमी ब्यूमोंट, लॉरेन बेल, माइया बाउचियर, एलिस कैप्सी, केट क्रॉस, एलिस डेविडसन-रिचर्ड्स, चार्ली डीन, सोफिया डंकले, सोफी एक्लेस्टोन, लॉरेन फाइलर, एमी जोन्स, एम्मा लैम्ब, लिंसी स्मिथ।

**मैच भारतीय समयानुसार शाम 5:30 बजे शुरू होगा।**

### हॉकी टीम को नीदरलैंड से 2-8 से मिली हार

**एजेंसी, आइंडहोवन (नीदरलैंड)।** भारत ए पुरुष हॉकी टीम ने यूरोप दौरे में अपना अभियान नीदरलैंड के खिलाफ 2-8 से हार के साथ समाप्त किया। युवा भारतीय मिडफील्डर राजिंदर सिंह और फॉरवर्ड सेल्वम कार्थी ने रविवार को खेले गए यूरोप दौरे के अंतिम मैच में भारतीय टीम की तरफ से गोल दागे। भारत ए पिछले सप्ताह नीदरलैंड के खिलाफ अपना पिछला मैच 0-3 से हार गया था। भारत ए ने आठ जुलाई को दौरा शुरू किया और पांच यूरोपीय टीमों के खिलाफ कुल आठ मैच खेले। भारतीय टीम ने नीदरलैंड और बेल्जियम जैसी कुछ शीर्ष टीमों के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए तीन शहरों की यात्रा की।

भारत ए के कोच शिवेंद्र ने कहा, ''भले ही इस यूरोपीय दौरे के दौरान हमें जीत की तुलना में अधिक हार मिली, लेकिन हमारा मुख्य उद्देश्य अनुभव हासिल करना था जिसका इन खिलाड़ियों को फायदा मिलेगा।'' (अनंत ज्ञान)